अलवर	16 20	17 34	कोटा	16 17	17 43	तिरुपति	16 23	- -	पालमपुर	16 21	17 13	मण्डी (हि.प्र)	16 22	17 13	संगरूर	16 21	17 20
अलीगढ	16 22	17 32	कोहिमा	16 40	- -	थानेसर	16 20	17 22	पिलानी	16 17	17 28	मथुरा	16 20	17 34	सरहिन्द	16 20	17 18
अल्मोड़ा	16 25	17 25	खन्ना	16 20	17 18	त्रिवेन्द्रम् (के)	16 22	- -	पुंछ	16 20	17 00	मन्दसोर	16 15	17 47	सहारनपुर	16 22	17 22
अहमदाबाद	16 10	17 49	खुर्जा	16 21	17 30	दतिया	16 21	17 41	पुणे	16 14	18 03	मसूरी	16 23	17 18	सागर	16 21	17 48
आगरा	16 21	17 35	गंगटोक	16 34	- -	दरभंगा	16 31	- -	पुरी	16 30	- -	महेन्द्रगढ	16 23	17 30	सांगानेर	16 16	17 35
आबू	16 10	17 43	गया	16 29	- -	दार्जिलिंग	16 33	- -	प्रतापगढ (उ.प्र)	16 26	17 40	मालेरकोटला	16 19	17 20	सिरसा	16 15	17 24
इटावा	16 22	17 34	गुड़गांव	16 20	17 29	दिल्ली	16 20	17 29	प्रयाग	16 25	17 43	मुंगेर	16 31	- -	सीकर	16 15	17 34
इन्दौर	16 16	17 50	गुरदासपुर	16 19	17 12	देवास (म.प्र)	16 16	17 50	फरीदकोट	16 15	17 18	मुजफ्फर नगर	16 22	17 25	सूरत	16 11	17 55
इम्फाल	16 40	- -	गुआहाटी	16 37	- -	देवप्रयाग	16 23	17 22	फरीदाबाद	16 21	17 29	मुम्बई	16 12	18 02	सोलन	16 22	17 18
उज्जैन	16 16	17 50	गोरखपुर	16 38	- -	देहरादून	16 23	17 21	फाजिल्का	16 13	17 18	मुरादाबाद	16 24	17 27	हमीरपुर (उ.प्र.)	16 24	17 40
उदयपुर (रा)	16 13	17 45	ग्वालियर	16 21	17 38	द्वारिका	16 02	17 50	फिरोजपुर	16 17	17 17	मेरठ	16 21	17 28	हमीरपुर (हि.प्र.)	16 21	17 15
ऊधमपुर (का)	16 20	17 05	चण्डीगढ़	16 21	17 19	धनबाद	16 30	- -	बंगलोर	16 22	- -	मैसूर	16 21	- -	हरिद्वार	16 23	17 22
ऊना	16 20	17 14	चम्बा	16 24	17 10	धर्मशाला	16 10	17 21	बदायूं	16 23	17 32	मोगा	16 18	17 18	हाथरस	16 21	17 34
कठुआ (का)	16 20	17 10	चित्तौड़गढ	16 14	17 42	धूरी	16 20	17 19	बाड़मेर	16 09	17 39	रतनगढ	16 14	17 30	हापुड़	16 21	17 28
कन्नौज	16 24	17 36	चीरापूंजी	16 37	- -	नवलगढ़	16 18	17 31	बिजनौर	16 22	17 25	रतलाम	16 15	17 49	हांसी	16 18	17 28
कपूरथला	16 18	17 14	चेन्नई	16 24	- -	नागपुर	16 21	- -	बिलासपुर(म.प्र)	16 25	- -	राजकोट	16 08	17 51	हिसार	16 17	17 27
करनाल	16 20	17 22	छपरा	16 30	- -	नाथद्वारा	16 13	17 43	बिलासपुर(हि.प्र.)	16 22	17 15	रांची	16 29	- -	हैदराबाद	16 22	- -
कलकत्ता	16 32	- -	जबलपुर	16 23	17 50	नाभा	16 21	17 20	बीकानेर	16 11	17 30	रामपुरबुशहर	16 22	17 15	होशंगाबाद	16 19	17 50
कांगड़ा	16 21	17 12	जम्मू	16 18	17 10	नारनौल	16 20	17 31	बीजापुर	16 18	18 10	रामेश्वरम्	16 26	- -	होशियारपुर	16 20	17 15
कांचीपुरम्	16 36	- -	जयपुर	16 16	17 35	नालागढ़	16 21	17 18	बुलन्दशहर	16 21	17 30	रिवाड़ी	16 19	17 30			
काठियावाड़	16 12	17 52	जालन्धर	16 18	17 17	नाहन	16 22	17 20	बूंदी	16 15	17 41	रीवा	16 25	- -			

ग्रस्तास्त खग्रास चन्द्रग्रहण (17 अक्तू., सन् 2005ई.)

भारत के प्रमुख-प्रमुख नगरों में चन्द्रोदयकाल (भा.स्टैं. टा.)

[जहां चन्द्रोदय 17 घं. 3 मि. (भा. स्टैं. टा.) के बाद होगा वहां यह ग्रहण ग्रस्तोदय होगा। किन्च जहां चन्द्रोदय 18 घं. 02 मि. के बाद होगा, वहां यह ग्रहण नहीं दीखेगा।]
ध्यान रहे- जहां यह ग्रहण ग्रस्तोदय होगा वहां ग्रहण का पर्वकाल चन्द्रोदय के समय ही प्रारम्भ होगा, अतः वहां चन्द्रोदय होने पर ही स्नान-दान-जप करना चाहिए।]

नगर	चन्द्रोदय काल घं. मि.	नगर	चन्द्रोदय काल घं. मि.	नगर	चन्द्रोदय काल घं. मि.	नगर	चन्द्रोदय काल घं. मि.	नगर	चन्द्रोदय काल घं. मि.	नगर	चन्द्रोदय काल घं. मि.	नगर	चन्द्रोदय काल घं. मि.
अकोला	17 49	कटनी	17 32	ग्वालियर	17 39	दतिया	17 38	पानीपत	17 41	भागलपुर	17 03	रोहतक	17 43
अगरतला	16 47	कटुआ (का.)	17 43	चण्डीगढ	17 42	दरभंगा	17 05	पालमपुर	17 40	भिवानी	17 44	लखनऊ	17 27
अजमेर	17 52	कन्नौज	17 31	चम्बा	17 41	दार्जिलिंग	16 55	पाली	17 58	भीनमाल	18 03	लुधियाना	17 43
अनन्तनाग (का.)	17 44	कपूरथला	17 45	चित्तौडगढ	17 55	दिल्ली	17 41	पिलानी	17 48	भुज(गु.)	18 16	वडोदरा (गु.)	18 03
अनूपशहर (उ.प्र)	17 36	करनाल	17 41	चूरू	17 50	देवबन्द	17 37	पुंछ	17 50	भुवनेश्वर	17 15	विजयवाडा	17 37
अमरावती (म.)	17 44	कलकत्ता	16 59	चीरापूंजी	16 43	देवरिया	16 51	पुणे	18 03	भोपाल	17 44	विशाखापतनम्	17 25
अमरोहा (उ. प्र.)	17 35	कांगड़ा	17 41	चेन्नई	17 42	देवास (म.प्र.)	17 51	पुरनिया	16 59	मण्डी (हि.प्र.)	17 38	शाहदरा	17 39
अमृतसर	17 46	कांचीपुरम्	17 43	छतरपुर	17 34	देवप्रयाग	17 34	पुरी	17 12	मथुरा	17 39	शिमला	17 38
अमेठी (उ.प्र.)	17 24	काठियावाड	18 12	छपरा	17 10	देहरादून	17 35	पोरबन्दर	18 19	मदुरै	17 20	शिलांग	16 41
अम्बाला	17 40	कानपुर	17 29	जबलपुर	17 33	द्वारिका	18 19	प्रतापगढ (उ.प्र.)	17 23	मन्दसोर	17 53	श्रीनगर (का.)	17 45
अयोध्या	17 21	कारगिल	17 39	जम्मू	17 46	धनबाद	17 05	प्रयाग	17 23	मसूरी	17 35	संगरूर	17 44
अर्की (हि.प्र.)	17 39	कालका	17 39	जयपुर	17 48	धर्मशाला	17 40	फरीदकोट	17 49	महेन्द्रगढ	17 44	सरहिन्द	17 42
अलवर	17 45	काशी	17 20	जामनगर	18 16	धूरी	17 44	फरीदाबाद	17 40	मारवाड जं.	17 57	सहारनपुर	17 38
अलीगढ	17 37	किशनगढ (रा.)	18 09	जालन्धर	17 46	नरैना	17 55	फाज़िल्का	17 52	मालेरकोटला	17 44	सागर	17 38
अल्मोडा	17 30	कुराली (पं.)	17 41	जालोर	18 03	नवलगढ	17 49	फिरोज़पुर	17 48	मिर्ज़ापुर	17 21	सांगानेर	17 48
अहमदाबाद	18 06	कुरुक्षेत्र	17 41	जोरहाट	17 32	नागपुर	17 40	फुलेरा	17 51	मुंगेर	17 04	सिरसा	17 48
आगरा	17 39	कुल्लू	17 38	जींद	17 44	नागौर	17 56	बंगलोर	17 52	मुज़फ्फर नगर	17 37	सीकर	17 50
आजमगढ	17 18	कैथल	17 42	जैसलमेर	18 08	नाथद्वारा	17 43	बदायूं	17 33	मुम्बई	18 07	सूरत	18 06
आबू	18 02	कोटखाई	17 38	जोधपुर	18 00	नाभा	17 47	बलिया	17 14	मुरादाबाद	17 33	सूरतगढ	17 53
आरा (बि.)	17 13	कोटा	17 50	झरिया	17 05	नारनौल	17 46	बाड़मेर	18 07	मेरठ	17 38	सोलन	17 39
इटारसी	17 43	कोयम्बटूर	17 58	झांसी	17 39	नालागढ	17 40	बांसवाड़ा	17 57	मोगा	17 47	हमीरपुर (उ.प्र.)	17 31
इटावा	17 35	कोहिमा	16 31	झालरापाटन	17 47	नाहन	17 39	बिजनौर	17 35	रतनगढ	17 51	हमीरपुर (हि.प्र.)	17 41
इन्दौर	18 51	खन्ना	17 46	झालावाड	17 58	नासिक	18 02	बिलासपुर (म.प्र.)	17 26	रतलाम	17 54	हरिद्वार	17 34
इम्फाल	16 34	खुर्जा	17 38	झुंझुनु	17 48	नीमच	17 54	बिलासपुर (हि.प्र.)	17 39	राजकोट	18 13	हाथरस	17 39
उज्जैन	17 52	गंगटोक	16 53	टोंक	17 53	नैनीताल	17 31	बीकानेर	17 57	रांची	17 10	हापुड	17 38
उदयपुर (रा.)	17 59	गया	17 11	डिब्रूगढ	16 27	पंचकूला	17 39	बीजापुर	17 58	रामपुरबुशहर	17 37	हांसी	17 45
उन्नाव	17 29	गाजियाबाद	17 40	डीडवाना	17 53	पंजिम	18 06	बुलन्दशहर	17 38	रामेश्वरम्	17 49	हिसार	17 46
ऊधमपुर (का.)	17 45	गुडगांव	.17 40	डूंगरपुर	17 58	पटना	17 09	बून्दी	17 50	रायपुर (म.प्र.)	17 28	हैदराबाद	17 45
ऊना	17 41	गुरदासपुर	17 44	तिरुपति	17 44	पटियाला	17 42	वृन्दावन	17 40	रिवाड़ी	17 43	होशंगाबाद	17 43
एटा	17 36	गुआहाटी	16 41	थानेसर	17 40	पठानकोट	17 42	बठिण्डा	17 49	रीवां	17 28	होशियारपुर	17 43
कटक	17 11	गोरखपुर	17 15	त्रिवेन्द्रम (के.)	17 59	पाण्डिचेरी	17 43	भरतपुर	17 41	रोपड	17 42		

भारत के विभिन्न नगरों में सूर्यग्रहण (29 मार्च 2006 ई.)

का स्पर्श–मोक्षकाल(प्रारम्भ–समाप्तिकाल) (भा.स्टैं.टा.)

(जिस नगर का मोक्षकाल नहीं दिया गया है, वहां सूर्य ग्रस्त ही अस्त होगा।)

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण समाप्ति घं. मि.	नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण समाप्ति घं. मि.	नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण समाप्ति घं. मि.	नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण समाप्ति घं. मि.	नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण समाप्ति घं. मि.	नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मि.	ग्रहण समाप्ति घं. म.
अकोला	17 00	17 35	करनाल	16 31	18 04	चूरू	16 32	18 02	धर्मशाला	16 26	18 07	बाड़मेर	16 31	17 52	राजकोट	16 40	17 41
अगरतला	17 55	– –	कलकत्ता	17 02	17 46	छतरपुर	16 46	17 53	धूरी	16 29	18 04	बिजनौर	16 34	18 04	रामपुरबुशहर	16 29	18 06
अजमेर	16 35	17 56	कागडा	16 27	18 07	छपरा	16 48	17 55	नवलगढ़	16 33	18 00	बिलासपुर(हि.प्र.)	16 28	18 06	रिवाड़ी	16 34	18 01
अमरावती (म.)	16 58	17 45	काठियावाड	16 41	17 40	जबलपुर	16 53	17 46	नाथद्वारा	16 39	17 50	बीकानेर	16 30	18 00	रीवां	16 49	17 52
अमरोहा (उ.प्र.)	16 35	18 03	कानपुर	16 43	17 58	जम्मू	16 24	18 07	नाभा	16 29	18 04	बुलन्दशहर	16 35	18 02	रोपड़	16 30	18 05
अमृतसर	16 25	18 06	कालका	16 29	18 06	जयपुर	16 35	17 58	नारनौल	16 34	18 00	बून्दी	16 39	17 53	रोहतक	16 33	18 02
अमेठी (उ.प्र)	16 46	17 57	काशी	16 48	17 55	जाम नगर	16 38	17 41	नालागढ़	16 29	18 05	वृन्दावन	16 37	18 00	लखनऊ	16 42	17 59
अम्बाला	16 31	18 05	किशनगढ (रा)	16 25	17 59	जालन्धर	16 27	18 06	नाहन	16 30	18 05	बठिण्डा	16 29	18 04	लुधियाना	16 28	18 05
अयोध्या	16 43	17 58	कुराली (प)	16 29	18 05	जींद	16 32	18 03	नीमच	16 40	17 51	भरतपुर	16 36	18 00	वड़ोदरा (गु.)	16 45	17 45
अर्की (हि.प्र.)	16 29	18 05	कुरुक्षेत्र	16 30	18 04	जैसलमेर	16 27	17 56	नैनीताल	16 35	18 04	भागलपुर	16 51	– –	शिमला	16 30	18 06
अलवर	16 36	18 00	कुल्लू	16 28	18 07	जोधपुर	16 33	17 55	पचकूला	16 30	18 06	भिवानी	16 32	18 02	श्रीनगर (का.)	16 22	18 10
अलीगढ	16 36	18 00	कैथल	16 30	18 04	झांसी	16 44	17 54	पटना	16 49	17 55	भीमनाल	16 35	17 49	संगरूर	16 30	18 04
अल्मोड़ा	16 34	18 04	कोटखाई	16 30	18 05	झालावाड़	16 39	17 50	पटियाला	16 31	18 04	भुज(गु)	16 35	17 44	सरहिन्द	16 30	18 05
अहमदाबाद	16 41	17 45	कोटा	16 39	17 52	झुंझुनु	16 32	18 00	पठानकोट	16 26	18 07	भोपाल	16 48	17 47	सहारनपुर	16 32	18 04
आगरा	16 38	17 49	कोहिमा	16 53	– –	टोंक	16 36	17 55	पानीपत	16 32	18 03	मण्डी (हि.प्र.)	16 28	18 06	सागर	16 49	17 51
आबू	16 35	17 50	खन्ना	16 29	18 04	डीडवाना	16 32	17 59	पालमपुर	16 28	18 07	मथुरा	16 36	18 00	सांगानेर	16 34	17 58
आरा (बि)	16 50	17 55	खुर्जा	16 35	18 01	डूंगरपुर	16 41	17 48	पाली	16 35	17 54	मन्दसौर	16 41	17 49	सिरसा	16 29	18 03
इटारसी	16 51	17 43	गंगटोक	16 47	18 01	थानेसर	16 31	18 04	पिलानी	16 32	18 02	मसूरी	16 31	18 05	सीकर	16 34	17 58
इटावा	16 40	17 58	गया	16 51	17 53	दतिया	16 42	17 54	पुंछ	16 21	18 10	महेन्द्रगढ	16 34	18 01	सूरतगढ़	16 28	18 02
इन्दौर	16 48	17 43	गाजियाबाद	16 34	18 02	दरभंगा	16 48	17 56	पुरनिया	16 50	– –	मालेरकोटला	16 29	18 05	सोलन	16 30	18 06
उज्जैन	16 46	17 45	गुड़गाव	16 34	18 03	दार्जिलिंग	16 48	18 00	प्रतापगढ़	16 45	17 56	मिर्जापुर	16 49	17 54	हमीरपुर (उ.प्र.)	16 44	17 56
उदयपुर (रा)	16 37	17 50	गुरदासपुर	16 26	18 07	दिल्ली	16 34	18 02	प्रयाग	16 47	17 54	मुंगेर	16 50	17 55	हमीरपुर (हि.प्र.)	16 28	18 06
उन्नाव	16 43	17 57	गुआहाटी	16 54	– –	देवबन्द	16 32	18 04	फरीदकोट	16 26	18 05	मुजफ्फर नगर	16 33	18 04	हरिद्वार	16 33	18 04
ऊधमपुर (का)	16 24	18 08	गोरखपुर	16 45	17 58	देवरिया	16 45	17 58	फरीदाबाद	16 34	18 02	मुरादाबाद	16 35	18 03	हाथरस	16 37	18 00
ऊना	16 27	18 06	ग्वालियर	16 40	17 56	देवास (म.प्र.)	16 47	17 45	फाजिल्का	16 26	18 04	मेरठ	16 33	18 03	हापुड़	16 34	18 03
एटा	16 38	18 00	चण्डीगढ	16 29	18 06	देवप्रयाग	16 34	18 04	फिरोजपुर	16 26	18 05	मोगा	16 27	18 05	हांसी	16 31	18 02
कठुआ (का)	16 25	18 07	चम्बा	16 26	18 08	देहरादून	16 32	18 04	फुलेरा	16 34	17 57	रतनगढ़	16 31	18 00	हिसार	16 30	18 02
कन्नौज	16 40	18 00	चित्तौड़गढ	16 38	17 50	द्वारिका	16 35	17 43	बदायूं	16 37	18 01	रतलाम	16 45	17 45	होशियारपुर	16 27	18 06
कपूरथला	16 28	18 06															

शनि की साढेसाती (बृहत्कल्याणी), ढैया (लघुकल्याणी) और गुरु–राहु का गोचरफल (सं. 2062 वि.)

जन्मकुण्डली मे शनैश्चर का शुभग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अंतर शुभ चल रहा हो, तो ढैया और साढेसाती का अशुभफल कम होता है। यदि चन्द्र, शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हो तो साढेसाती व ढैया महान् अशुभ, चिंता, अवनति, धनहानि, झगडा, कार्य मे विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु–पीडा आदि का कारण बनती है। यदि जन्मकुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश हो तो भी ढैया, साढेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है। यदि जन्म में शनि लग्नेश, पंचमेश, नवमेश होकर 3, 6, 11 में स्थित हो तो सुख–सम्पत्ति मिलती है, व्यापारादि में लाभ होता है। शनि के अष्टकवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ, कम रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित होता है। शान्त्यर्थ--सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्टान्न, गुलगुले आदि बनाकर गरीबों को, भैंसे या कुत्ते को दें या बन्दरों को गुड–चने डालते रहें। अष्टगंध से शुभमुहूर्त में बना हुआ शनियंत्र धारण करना विशेष शांतिप्रद है।

साढेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का अशुभ फल इस प्रकार है–

मेष राशि वालों को बीच के अढाई वर्ष खराब हैं। वृश को पहिले अढाई वर्ष, मिथुन को अंत के अढाई वर्ष, कर्क को बीच के अढाई वर्ष, सिंह को पहिले 5 वर्ष उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष खराब हैं। कन्या को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। तुला को आखिर के अढाई वर्ष, वृश्चिक को अंतिम 5 वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। धनु को प्रारंभ के अढाई वर्ष, मकर को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी पहिले अढाई वर्ष विशेष खराब हैं। कुंभ को आदि एवं अन्त के पांच वर्ष, विशेषतः अन्त के अढाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। मीन को पूरे साढेसात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के अढाई वर्ष विशेष अशुभफल देने वाले होते हैं। नोटः– नीचे दिए गए कोष्ठकों में जिन राशियों का निर्देश नहीं किया गया है, उन राशि वाले जातकों के लिए मिथुन/कर्कराशिस्थ शनि की कालावधि में साढेसाती या ढैया नहीं है,– यह समझ लें।

विगत सं. 2061 वि. में 13 जनवरी सन् 2005 ई. को 15 घं. 8 मि. पर शतभिषा नक्षत्र एवं कुम्भस्थ चन्द्र के समय शनि (वक्रस्थिति में) पुनः मिथुन राशि में प्रविष्ट हुआ है, जो कि सं. 2062 वि. में 26 मई (सन् 2005 ई.) प्रातः 7 घं 25 मि. तक मिथुन राशि में ही रहेगा।

मिथुन–राशिस्थ शनि की साढेसाती, ढैया का फल (संवत् के प्रारम्भ से 26 मई 2005 ई. तक)

राशि	ढैया या साढेसाती	पाद	साढेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
वृष	साढेसाती	ताम्र	पाद	उतरती	धनलाभ, कार्य में तरक्की, स्त्री–पुत्रसुख, सम्पत्ति लाभ एवं शारीरिक–सुख।
मिथुन	साढेसाती	रजत	हृदय	– –	व्यापार वृद्धि, धनधान्य सम्पत्ति लाभ, प्रभावक्षेत्र बढ़े, मानसम्मान प्राप्ति, मांगलिक कार्य हों।
कर्क	साढेसाती	लौह	मस्तक	चढ़ती	निजीजन एवं कुटुम्ब में विरोध, क्लेश–रोगमय, धनहानि हो।
वृश्चिक	ढैया	लौह	– –	– –	निजीजन एवं कुटुम्ब में विरोध, क्लेश–रोगमय, धनहानि हो।
मीन	ढैया	लौह	– –	– –	निजीजन एवं कुटुम्ब में विरोध, क्लेश–रोगमय, धनहानि हो।

संवत् 2062 वि. में 26 मई (2005 ई.) को मूल नक्षत्र एवं धनुस्थ चन्द्र के समय 7 घं 25 मिनट (भा. स्टैं. टा.) पर शनि कर्कराशि में प्रवेश करेगा, जोकि संवत्सर के अन्त तक कर्क राशि में ही विचरण करेगा।

कर्क–राशिस्थ शनि की साढेसाती, ढैया का फल (26 मई 2005 ई. से संवत् 2062 वि. के अन्त तक)

राशि	ढैया या साढेसाती	पाद	साढेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
मिथुन	साढेसाती	ताम्र	पाद	उतरती	सुख सम्पति लाभ, व्यापार में प्रगति, स्त्री–पुत्र सुख, धन-धान्य समृद्धि, शारीरिक–सुख
कर्क	साढेसाती	सुवर्ण	हृदय	– –	निजीजन विरोध, शत्रु बढ़ें, गृह क्लेश, अनेक-विध रोगों से परेशानी, वृथा व्यय, धननाश।
सिंह	साढेसाती	रजत	मस्तक	चढ़ती	व्यवसाय में वृद्धि, प्रभाव–वृद्धि, मान–सम्मान बढ़े, धन-धान्य सम्पदा सुख, मांगलिक कार्य हों।
धनु	ढैया	सुवर्ण	– –	– –	निजीजन विरोध, शत्रु बढ़ें, गृह क्लेश, अनेक-विध रोगों से परेशानी, वृथा व्यय, धननाश।
मेष	ढैया	रजत	– –	– –	व्यवसाय में वृद्धि, प्रभाव बढ़े, मान सम्मान प्राप्ति, धन- धान्य वृद्धे, सम्पदा सुख, मांगलिक कार्य हों।

गुरु के संचार का फल

विगत सं. 2061 वि. में 27 अगस्त सन् 2004 ई. को उ.षा. नक्षत्र एवं मकर राशिस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव 23 घं. 36 मि. पर कन्या राशि में प्रविष्ट हुए थे जो कि संवत् 2062 वि. में 28 सितम्बर (2005 ई.) तक कन्या राशि में ही रहेंगे।

कन्या–राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(संवत् के प्रारम्भ से 28 सितम्बर, 2005 ई. तक के लिए।)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	रोग	सुख	धनहानि	शरीरकष्ट	धनलाभ	भय	आधि–व्याधि	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान

संवत् 2062 वि. में 28 सितम्बर (2005 ई.) को 5 घं. 36 मिनट (भा.स्टैं.टा.) पर पुष्य नक्षत्र एवं कर्कराशिस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव तुलाराशि में प्रविष्ट होकर संवत् के अन्त तक तुला राशि में ही रहेंगे।

तुला–राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(28 सितम्बर, 2005 ई. से सं. 2062 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीर कष्ट	धनलाभ	भय	आधि–व्याधि	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश

राहु के संचार का शुभाशुभ फल

गत सं. 2061 वि. में 25 मार्च 2005 ई. को उ.फा. नक्षत्र एवं कन्या राशिस्थ चन्द्र के समय राहु 5 घं. 43 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर मीन राशि में प्रविष्ट होगा जो कि संवत् 2062 वि. के अन्त तक मीन राशि में ही रहेगा।

मीन–राशिस्थ राहु का शुभाशुभ फल

(संवत् 2062 वि. के प्रारम्भ से अन्त तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	विनाश	धनलाभ	कलह	दुःख	धननाश	राजभय	महासुख	धनक्षय	अपमान	सौभाग्य	कलह	भय

अथ नवग्रह स्तोत्रम्

जपाकुसुम संकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम् ।
तमोऽरिं सर्वपापघ्नं प्रणतोऽस्मि दिवाकरम् ।।
दधिशंखतुषाराभं क्षीरोदार्णव संभवम् ।
नमामि शशिनं सोमं शम्भोर्मुकुटभूषणम् ।।
धरणीगर्भसंभूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम् ।
कुमारं शक्तिहस्तं च मंगलं प्रणमाम्यहम् ।।
प्रियङ्गु कलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम् ।
सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम् ।।
देवानां च ऋषीणां च गुरुं काञ्चन–सन्निभम् ।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम् ।।
हिमकुन्द – मृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम् ।
सर्वशास्त्रप्रवक्तारं भार्गवं प्रणमाम्यहम् ।।
नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम् ।
छायामार्तण्डसंभूतं तं नमामि शनैश्चरम् ।।
अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम् ।
सिंहिकागर्भसंभूतं तं राहुं प्रणमाम्यहम् ।।
पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम् ।
रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम् ।।
इति व्यासमुखोद्‌गीतं यःपठेत्सुसमाहितः ।
दिवा वा यदि वा रात्रौ विघ्नशांतिर्भविष्यति।।
नर–नारी–नृपाणां च भवेत् दुःस्वप्ननाशनम् ।
ऐश्वर्यमतुलं तेषामारोग्यं पुष्टिवर्धनम् ।।

शनिजन्य नेष्टफल शान्त्यर्थ शनैश्चर स्तोत्र

पिप्पलाद उवाच–

"ॐ नमस्ते कोण–संस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते रौद्र – देहाय नमस्ते चांतकाय च । नमस्ते यम–संज्ञाय नमस्ते सौरये विभो ।।
नमस्ते मन्द – संज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च।।"

इस स्तोत्र को प्रातः पढ़ने से साढेसाती व ढैया की दुःखद, पीड़ा नहीं होती, अनुभूत है।

आकाशी कौंसिल का विचार (सं. 2062 वि.)

(संसार की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का ग्रहगोचर के आधार पर सर्वेक्षण)

विमृश्य ग्रह–संस्थितिं मुनिवचः सिद्धान्तयित्वा स्फुटम्, शास्त्रं शाकुनकं विचार्य नितरामालोच्य सत्संहिताः।।
राष्ट्रे राज–समाज–धर्म विषये ह्युदभाविनी या स्थितिः, सा शम्भोः कृपया यथामति मया प्रागेव निर्णीयते।।

- ✓ संवत् का राजा शनि एवं मन्त्री बुध होने से राजनैतिक असन्तोष बढ़े, दलित मजदूर वर्ग में मंहगाई से शासनवर्ग के प्रति टकराव की भावना, राजनैतिक हत्याकाण्ड, उग्रवादजन्य पीड़ा से काश्मीर आदि क्षेत्र अशान्त।
- ✓ 'विलम्बी संवत्सर' में प्रगतिप्रद योजनाओं में विलम्ब, वातावरण अशान्त, राजनीतिज्ञों में विरोध, विशिष्ट रोगों से जनता परेशान, कुछ भाग अकालग्रस्त।
- ✓ 25 मई तक पूर्वी भारत एवं तत्पश्चात् दक्षिणी भारत में अनेकत्र प्राकृतिक प्रकोप (भूकम्प–तूफान एवं यानदुर्घटना आदि) से भारी जनधनहानि।
- ✓ जुलाई 2005 ई. से फरवरी 2006 ई. तक शनि–मंगल की पोजीशन सत्तारूढ़ यू. पी. ए. सरकार के घटकतत्त्वों में असन्तोष बनाए, प्रधानमन्त्री का भारी राजनैतिक दलदल में से निकलना कठिन।
- ✓ एक ही महीने (आश्विन) में 3 एवं 17 अक्तूबर को सूर्य–चन्द्र ग्रहण का घटित होना अघटित राजनैतिक घटनाओं को जन्म देगा, राजनैतिक परिप्रेक्ष्य में उथल–पुथल, कहीं प्राकृतिक प्रकोप भूकम्प आदि से भारी हानि।
- ✓ कार्तिक शुक्लपक्ष (2 से 15 नवं. तक) त्रयोदश दिनात्मक (13 दिन का) होने से विश्व के प्रतिष्ठित नेताओं के लिए भारी संकटपूर्ण रहे, कहीं सीमाप्रान्तों पर घोर अशान्ति, भूस्खलन, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप, यानदुर्घटना।
- ✓ दशाधिकारियों में शनि की पोजीशन से इस वर्ष मंहगाई को बढ़ावा, डीज़ल–पैट्रोल एवं जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में अप्रत्याशित मंहगाई का संकेत।
- ✓ प्रधानमन्त्री जी की विवेकपूर्ण नीति से पड़ौसी देशों के साथ नए समीकरण बनें एवं भारत गरिमा प्राप्त करे।

"यद्भासा भासते सर्वं भू-नीर-गगनस्थितम्।
शिवाय सिद्धरूपाय तस्मै ज्योतिष्मते नमः।।"

समस्त–ब्रह्माण्ड के रहस्यों की स्पष्ट एवं उन अगम्य गूढ़ रहस्यों का विशकलन कर देने वाली एकमात्र मनुष्य की बुद्धि ही है– "एकमेव मतिर्बीजमनल्पा कल्पना ह्यतः।" भास्कराचार्य के कथनानुसार एवं प्रागैतिहासिक चिन्तन से यह बात स्पष्टतः सामने आती है, कि –प्राणीमात्र, विशेषतः मनुष्य की प्राकृतिक वस्तुओं के अन्वेषण, चिन्तन एवं उत्कण्ठाजन्य प्रवृत्ति से ही ग्रह–नक्षत्र आदि अनन्त रहस्यमय पिण्डों के बारे में रहस्योद्घाटन की जिज्ञासा पैदा हुई और परिणामतः 'ज्योतिषशास्त्र' का उद्गम हुआ है।

मनुष्य की सर्वप्रथम दृष्टि सूर्य एवं चन्द्र पर ही पड़ी। जिससे प्रभावित होकर इन्हें देवत्त्व प्रदान कर दिया गया । ज्योतिषशास्त्र में कालात्मा सूर्य सभी ग्रहों का प्रधान माना गया है। क्योंकि, विश्व में स्थावर एवं जंगम सभी सूर्य से ही भासमान एवं जीवन्त हैं। ग्रह, पृथ्वी, जलवायु, आकाश किंवा समस्त भूचक्र का भेद सूर्य क़ो ही ज्ञात है। ऋग्वेद की यह ऋचा भी इसी रहस्य का उद्घाटन करती है –

" चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः।
आप्रा द्यावा पृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य–आत्मा जगतस्तस्थुषश्च।।"

अतः यह बात भी नितांत सत्य है, कि सूर्य की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तर होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः स्पष्ट है, कि– आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है। इस तथ्य को वैज्ञानिक विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।

यथार्थ बात तो यह है, कि– ज्योतिष शायद सबसे पुराना विषय है और एक अर्थ में सबसे ज्यादा उपेक्षित भी। उपेक्षित इसलिए कि फलितशास्त्र, में शोध के लिए शासन उपेक्षा भाव लिए है। मनुष्यजाति के इतिहास की जितनी भी खोज हो सकी है, उसमें ऐसा कोई भी समय नहीं था जबकि, ज्योतिष मौजूद न रहा हो। इसलिए इसे पुरातनतम भी माना गया है।

विज्ञान 'कार्य–कारण के सिद्धांत पर' ही आधारित है। परन्तु आज भी असंख्य

घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। सिद्धांतों के व्यभिचारमात्र से शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्य-सिद्धांतों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

ऋग्वेद में पचानवें हजार वर्ष पूर्व ग्रहनक्षत्रों का वर्णन उपलब्ध है। महर्षियों द्वारा प्रस्फुरित इस शास्त्र पर गुरु-शिष्य परम्परया चिंतन व संशोधन-संवर्धन होते रहे हैं। प्रत्येक ग्रह जब अपनी गति स्थिति में अंतर लाता है, तभी विश्व का घटनाचक्र प्रभावित होता देखा गया है। इस पृथ्वी पर जो कुछ भी घटित होता अनुभव करते हैं, वह सब ग्रहों के वक्र-मार्ग आदि का ही परिणाम है। इस ग्रहगणितजन्य संकेत के आधार पर ही अपनी मति के अनुसार विश्व में जो भी प्रतिवर्ष घटित होता है, '' श्रीमार्त्तण्डपंचांग '' के माध्यम से प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हैं और यह इस प्रकाशन का 78वां गौरवपूर्ण वर्ष प्रारम्भ हो रहा है।

श्री वि. संवत् 2062 की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं की भविष्यवाणी प्रस्तुत करने से पहिले हम अपने विद्वान्-प्रबुद्ध पाठकों का आभार व्यक्त कर देना उचित समझते हैं, जिन्होंने लगातार 77 वर्षों तक हमारी भविष्यवाणियों का सही मूल्यांकन करके हमें आज 78वें वर्षप्रवेश पर भी इस बारे में कुछ लिखने को प्रोत्साहित किया है। पाठको ! आपका यह पंचांग अपनी सर्वांगशुद्ध गणित एवं आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों के लिए भारत में ही नहीं, विदेशों में भी विश्रुत हो चुका है।

आपके इस लोकप्रिय पंचांग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक अव्यभिचरित भविष्यवाणियों में साधारणवर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य गण्यमान्य प्रतिष्ठित-ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पंचांग अपनी सफल आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पंचांग-गणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में ही नहीं, विदेशों में भी लोकप्रिय है और भारत में अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है।

भारत-पाक विभाजन, बंगलादेश का अस्तित्व में आना; श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीलालबहादुर शास्त्री, श्रीमती इन्दिरागांधी के शासन का अंत एवं मृत्यु की सूचना; भारत-पाक युद्ध; भारत-चीन युद्ध; विदेश में घटित होने वाले महत्त्वपूर्ण घटनाचक्र; समय-समय पर भारत की राजनीति में विशेष परिवर्तनों एवं अन्य घटनाचक्र की सूचना एवं ऐतिहासिक भूकम्प आदि की अव्यभिचरित भविष्यवाणियों के लिए यह पंचांग सम्पूर्ण भारत किंवा विदेशों में भी ख्यातनामा हो चुका है।

सं. 2062 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर भावी घटनाओं पर विचार करने से पूर्व सभी स्तब्ध कर देने वाली भविष्यवाणियों की चर्चा करना तो स्थानाभाव के कारण संभव नहीं है, लेकिन गत तीन-चार वर्षों की कुछ भविष्यवाणियों की चर्चा करना प्रासंगिक समझते हैं, ताकि फलितशास्त्र की प्रामाणिकता को स्थापित किया जा सके।

(1) गुजराल सरकार के गिर जाने की भविष्यवाणी –

''संयुक्त मोर्चा की कुण्डली के अनुसार इस वर्ष सत्तारूढदल (संयुक्त मोर्चा) में संवत् के पूर्वार्ध में ही विशेष परिवर्तन आने के योग हैं। नवम्बर '97 से संयुक्त मोर्चा पर अन्य प्रभावी दलों के प्रहार प्रारम्भ होंगे। घटकदलों में एकता कमजोर होगी और कांग्रेस द्वारा समर्थन छलावा सिद्ध होगा। संवत् 2055 वि. के प्रारम्भिक मास गुजराल सरकार के लिए ऐतिहासिक घटना वाले सिद्ध होंगे।''

''श्री गुजराल जी की शपथ ग्रहणकालीन कुण्डली में शनि-मंगल का षडष्टकयोग एवं कर्मेश गुरु की नीच राशि में स्थिति 7 जनवरी 1998 ई. से पूर्व इनके लिए विषम परिस्थितियों को जन्म देने वाली है। इस अवधि में संयुक्त मोर्चा सरकार की गतिविधि पर विशेष आक्षेप होंगे। कुछ पार्टियां अपनी अस्मिता को बनाए रखने के लिए स्वतंत्र सिद्धांतों के कारण विमुख होने लगेंगी। कांग्रेस अपनी कई शर्तें समक्ष रखेगी और इस प्रकार संवत् के पूर्वार्ध से भी पहिले ही गुजराल सरकार संकट को पार करने में असमर्थ अनुभव करेगी। कदाचित् शनि के मीन में आने पर (7 जनवरी के बाद) यह सरकार चलती है तो 4 अप्रैल से 14 मई तक तथा 16 नवम्बर से संवत् के अंत तक का समय सत्तारूढ़ पार्टी के लिए तथा प्रधाननेताओं के लिए विशेष घटनापूर्ण किंवा सत्ता से विलग होने वाला सिद्ध होगा।''

इस भविष्यवाणी की सत्यता पर हमें देश-विदेश से अनेकों पत्र प्राप्त हुए हैं और आज फलितज्योतिष पर आस्था न रखने वाले व्यक्ति भी ज्योतिषशास्त्र की प्रामाणिकता को स्वीकार करने लगे हैं। यह 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' के लिए गौरव की ही बात है।

(2) 16 अप्रैल सन् 1999 ई. को **भाजपा सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित,**– भारत में एक आश्चर्यजनक परिवर्तन की भविष्यवाणी, पढ़ें – सं. 2056 वि. में पृ. 31, कॉलम 1, पंक्ति 2 के बाद –

भविष्यवाणी :– **''गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार संवत् के आरम्भ में ही संवत् का रक्षामंत्री .... 22 अगस्त तक चलेगा,– यह समय केन्द्रीय शासनसत्ता के सामने विशेष समस्याओं को लाकर खड़ा कर देगा और सरकार को 16 अप्रैल 1999 ई. तक इन समस्याओं को सुलझाना कठिन हो जाएगा, भारत की राजनीति में अचिन्तित घटनाचक्र चलेगा। राजनीतिक पार्टियों में नए समीकरण बनेंगे। तोड़-फोड़-जोड़ की नीति प्रबल होगी और सत्तारूढ़दल के घटक (सहायक) दल छिटकने लगेंगे, कोई आश्चर्य नहीं यदि इस अवधि में कोई विशेष राजनीतिक परिवर्तन हो जाए।''**

भारत की जनता 16/17 अप्रैल को भाजपा सरकार के गिर जाने से अवाक् रह गई। इस प्रकार भारत में एक विशेष राजनैतिक परिवर्तन आया।

(3) 12-10-99 ई. को नवाज़शरीफ का तख्ता पलट–

भविष्यवाणी :–'' पाकिस्तान में नवाज़शरीफ जी के खिलाफ बगावत होकर संवत् 2057 वि. के प्रारम्भ से पूर्व ही सत्ता से च्युत हो जाने का योग है। ....लोकतंत्र खतरे में पड़ेगा, सेना का अधिक दबदबा संभव है।''

(पढ़ें– श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. 2057 वि., पृ. 24 कॉलम 2)।

(4) लोकसभा निर्वाचन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा को सरकार बनाने का अवसर मिला।

भविष्यवाणी:– ''निर्वाचनकालीन गोचरग्रहस्थिति के अनुसार 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा' सरकार बनाने की स्थिति में आ सकेगी।'' (सं. 2057 वि., पृ. 28, कॉलम 1)।

(5) सं. 2057 वि. के पंचांग में की गई भविष्यवाणियों के आकलन करने पर 26 जनवरी 2001 ई. को गुजरात में आने वाले भूकम्प का उल्लेख आश्चर्य चकित कर देने वाला था–

भविष्यवाणी :– "13 दिसम्बर को मंगल तुला में आकर 2 फरवरी सन् 2001 ई. तक शनि के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। उसके बाद 3 फरवरी से संवत् के अंत तक शनि–मंगल का समसप्तकयोग बना रहता है। यह ग्रहस्थिति विश्व में अघटित घटनाचक्र का आभास कराती है। किसी राष्ट्रविशेष में भूकम्प, जलप्लाव आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि होगी।" (देखें– श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. 2057 वि., पृ. 24, कालम 1)।

(6) " आत्मघाती उग्रवादियों द्वारा अमेरिका पर 'विश्व का सबसे बड़ा हवाई हमला –विश्व स्तब्ध"

भविष्यवाणी :– "वर्षेश चन्द्र का शुक्र के साथ समभाव है, लेकिन वर्ष के मंत्री शुक्र का वर्षेश चन्द्र के साथ शत्रुभाव होने से संकेत मिलता है, विश्व के राष्ट्रसमुदाय में से किसी देश का कोई राजनीतिज्ञ अपनी हठधर्मिता एवं अविमृश्यकरिता से विश्व के किसी देश–विशेष की शान्ति को भंग करेगा, जिससे विश्व का घटनाचक्र प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगा। इस वर्ष मुस्लिम– समुदाय का कोई राष्ट्र अपनी कुनीति के कारण .... देशों में युद्ध का सूत्रपात करेगा; अपने उग्रवादी–समुदाय द्वारा मुस्लिमराष्ट्र प्रच्छन्नरूप से कुछ राष्ट्रों में वातावरण को अशांत करेंगे।"– (श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. 2058 वि. पृ., 24, कॉलम 1, लाईन 12 से 18 तक); साथ ही श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. 2058 वि. के पृ. 24 पर और भी स्पष्ट किया गया था –

"इस वर्ष गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के कुछ मुस्लिमराष्ट्रों में आन्तरिक क्रान्ति, अशांति एवं युद्ध की संभावना भी बनती है। जगत् लग्न कुण्डली में केन्द्र में क्रूरग्रह होने से मेष, वृष, मिथुन, कन्या, कुम्भ, मीन प्रभावराशि वाले देशविशेष प्राकृतिक प्रकोप एवं राजनैतिक घटनाक्रम किंवा हत्याकाण्ड, विस्फोट, ज्वालामुखी विस्फोट आदि की घटनाओं के लिए विशेष चर्चित रहेंगे। पाक, जापान, चीन, रूस, अफगानिस्तान, अमेरिका, कम्बोडिया, इराक, ईरान, साइप्रस, पोलैण्ड, आयरलैण्ड, नॉर्वे आदि राष्ट्रों में विशेष घटनाएं घटित होंगी।"

ठीक, उपरोक्त भविष्यवाणी के अनुसार अफगानिस्तानी लाडेन आदि उग्रवादियों के संकेत पर आत्मघाती उग्रवादियों द्वारा विमानों से अमेरिका के दो टावर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर एवं पैंटागन (सैनिक मुख्यालय) पर हमला कर देने से अरबों रुपए की सम्पत्ति का नाश एवं लगभग 25 हजार से भी अधिक व्यक्ति कालकवलित हो गए।

(7) 'मुस्लिम–देश' – शीर्षक में पाकिस्तान आदि मुस्लिमराष्ट्रों की जो स्थिति ग्रहस्थिति के अनुसार लिखी थी, तदनुसार ही घटनाचक्र चल रहा है;–(पढ़ें– श्रीमार्त्तण्डपंचांग सं. 2058 वि., पृ. 26, कॉलम 2 पर) ।

भविष्यवाणी:– "26 अगस्त से 17 अक्तूबर तक मंगल–शनि का षडष्टकयोग एवं 4 अप्रैल 2002 ई. से संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति मुस्लिमराष्ट्रों के लिए विशेष भयावह प्रतीत होती है। ग्रहस्थिति के अनुसार पाकिस्तान में उदारवादी लोकतंत्र की स्थापना शीघ्र संभव नहीं है। .... गोचरग्रहस्थिति के अनुसार पाकिस्तान को 13 दिसम्बर 2001 ई. से 23 जून 2002 ई. तक भारी दुर्घटनाओं, राजनीतिक उलझनों एवं प्रशासनिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद यहां प्रशासनिक परिवर्तन होंगे। अफगानिस्तान ...... में आतंकवाद पनपेगा एवं पड़ौसी देशों के लिए भी संकट पैदा होगा।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता पाठक स्वयं अनुभव कर रहे हैं, आगे भी उल्लिखित भविष्यवाणी के अनुसार ठीक इसी प्रकार घटित होता अनुभव हो रहा है।

(8) 'राजधानी एक्सप्रैस दुर्घटना ग्रस्त'– ' वर्ष की भीषणतम दुर्घटना'– (पंजाब केसरी– 10 सितं.)

भविष्यवाणी:–" शनि–शुक्र दोनों 10/11 अक्तूबर से 20 नवम्बर तक एक साथ वक्री चलते रहते हैं। जुलाई से 14 नवम्बर तक सभी ग्रह राहु–केतु के मध्य ही संचरण कर रहे हैं। इस प्रकार चल रहा 'कालसर्पयोग' राजनीतिज्ञों में वैमनस्य, पश्चिम भूभाग पर अशान्ति, यानदुर्घटना में भारी जनधनहानि के योग बनाएगा।"

ठीक, 9 सितं. की रात्रि में हावड़ा से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रैस दुर्घटना ग्रस्त हो गई; 125 मरे और 200 से अधिक घायल हुए। इन दिनों अमेरिका–इराक में संघर्ष से पश्चिमी भूभाग अशान्त भी रहा।

संवत् 2059 एवं 2060 वि. के पंचांग से कुछेक आश्चर्यजनक भविष्यवाणियां उद्धृत की जा रही हैं, जिनकी सत्यता से 'श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' की लोकप्रियता को चार चांद लगे हैं।

(प) 1 फरवरी, सन् 2003 ई. को अमेरिका का "कोलम्बिया अन्तरिक्ष शटल यान" दुर्घटना का शिकार। भारतीय मूल की श्रीमती कल्पना चावला सहित सभी सातों अन्तरिक्ष यात्री मारे गए।"

भविष्यवाणी :– (देखें– 'श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2059 वि.– पृ. 43, कालम 1, पर पंक्ति 9 पर लिखी पंक्तियां)– " जनवरी 2003 से फरवरी के मध्य कहीं.......यानदुर्घटना में ... भारी विनाश के साथ कहीं वरिष्ठ व्यक्तियों की मृत्यु से शोक व्याप्त हो।" (इसी बात की स्पष्ट पुष्टि पृष्ठ 46 पर, कालम 2 में दूसरे संदर्भ की अन्तिम पंक्तियों में पढ़ें;–" माघी अमा 1 फरवरी (2003) शनिवारी होने से किसी प्रतिष्ठित गण्यमान्य व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा।" – श्रीमती कल्पना चावला के निधन से भारत एवं सम्पूर्ण विश्व शोकग्रस्त हो गया – इस भविष्यवाणी को पढ़कर अमेरिका के पाठक भी स्तब्ध रह गए।

(ii) भविष्यवाणी :– (श्री मार्त्तण्डपंचांग सं. 2059 वि. पृष्ठ 43 कालम 2, सदर्भ 3) " 23 फरवरी 2003 से शनि–मंगल का षडष्टकयोग 3 जून, '03 तक चलेगा। इस समय चीन, अमेरिका, इराक, भारत, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान एवं कुछ अन्य राष्ट्रों में सीमाप्रान्तों पर सैनिक हलचल एवं राजनैतिक परिवर्तन व राजनीतिक हत्याकाण्डों से वातावरण अशान्त रहेगा। कहीं सत्ता–हस्तान्तरण किंवा यानदुर्घटना में जनधनहानि के समाचार मिलेंगे।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता के प्रमाण निम्नांकित हैं :–

(अ) 14 मार्च को सर्विया के प्रधानमन्त्री की बेलग्रेड में गोली मारकर हत्या (राजनीतिक हत्याकाण्ड)।

(ब) 30 मार्च को अमेरिका और मित्रदेशों द्वारा इराक पर आक्रमण तथा युद्ध प्रारम्भ (विशेष ऐतिहासिक घटना)।

(स) 9 अप्रैल को इराक में 24 वर्षों से चला आ रहा सद्दाम हुसैन का शासन खत्म हुआ। राजनीतिक परिवर्तन एवं सत्ता–हस्तान्तरण से स्पष्टतः अमेरिका के हाथ में बागडोर चली गई।

(ये उल्लिखित भविष्यवाणी की सत्यता के स्पष्ट उदाहरण हैं।)

(iii) भविष्यवाणी :– श्री मार्त्तण्ड पंचांग (सं. 2060 वि.) पृष्ठ 28, कॉलम 1, स्टैंज़ा 4 में पढ़ें–

"मई–मध्य में (16 मई के लगभग) कहीं भूकम्प, प्राकृतिक प्रकोप व दुर्घटना में जानी–माली नुक्सान किंवा चान्द्रमास ज्येष्ठ में पांच शनिवार होने से कहीं अग्निकाण्ड, बमविस्फोट, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो, पूर्वोत्तर के मध्यवर्ती देशों में कहीं भारी हानि के योग हैं।"

22 मई, 2003 ई. को साइबेरिया में भूकम्प से 11 हजार व्यक्ति मरे; यह दुःखद घटना, उल्लिखित भविष्यवाणी में लिखित भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि, जानी–माली नुक्सान को सत्यापित कर रही है।

(iv) अमेरिका के पूर्वी हिस्से में भीषण चक्रवाती तूफान से भारी तबाही की भविष्यवाणी (पढ़ें–सं. 2060 वि. के 'श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' के पृ. 32, स्टैंजा 5 में–)

" सितम्बर मास में कहीं प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि का योग बनेगा।"

संक्षेपेण सं. 2061 वि. की सफल भविष्यवाणियों की चर्चा कर देना प्रासंगिक होगा।

(1) "तात्पर्य यह है, कि– मंगलग्रह कम्युनिस्ट एवं माओवादी संगठन का प्रतिनिधि है। विदेशों में एवं भारत में प. बंगाल, बिहार, आन्ध्रप्रदेश, तामिलनाडु, नागालैण्ड, पूर्वी उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, मिजोरम, त्रिपुरा आदि में कुछ देशद्रोही, नक्सली आन्दोलन को तीव्रता मिलेगी, लेकिन सूर्य (प्रधान शासक) एवं बृहस्पति (बुद्धिजीविवर्ग का मालिक) अपनी कुशल नीति से इन आन्दोलनों को कुचलने हेतु विशेष रणनीति बनाएंगे; जिससे सीमाप्रान्तों पर उग्रवाद–दमनार्थ विशेष योजनाएं बनें। अधिक खर्च देश–गौरवार्थ ही होगा।

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग– सं. 2061 वि. पृ. 25, कॉलम 2, अन्तिम स्टैंजा)

स्पष्ट है– कि 'माओवादी' आतंकवादियों के बढ़ रहे प्रभाव से सरकार विशेष प्रबन्धन के लिए विवश है।

(2) नेपाल में पनप रहा माओवाद पड़ौसी देशों को भी परेशान करेगा। परिणामस्वरूप राजनैतिक हत्याकाण्ड, बम विस्फोट आदि भी कई बार अशान्ति का कारण बनेंगे। (श्रीमार्त्तण्ड पंचांग– सं. 2061 वि. पृ. 26, कॉलम 2, अन्तिम पंक्तियां)।

पाठक जानते हैं कि –नेपाल में भयकर रूप से पसर रहा माओवाद भारत व नेपाल के प्रतिवेशी राष्ट्रों के लिए भी सिरदर्द बन रहा है। पड़ौसी राष्ट्र इस दृष्टि से भारी चिन्तित हैं।

(3) "शनि–मंगल एवं प्लूटो की स्थिति के मुताबिक उग्रवाद एक भयंकर अन्तर्राष्ट्रीय समस्या के रूप में विश्व के प्रतिष्ठित देशों को चिन्तित करेगा; समस्या का हल सहज संभव नहीं। यह उग्रवाद की समस्या संवत् के अन्तिम 4/5 मासों में विशेष उग्ररूप धारण कर सकती है।"

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग– सं. 2061 वि. पृ. 26, कॉलम 1, अन्तिम पंक्तियां)

अमेरिका–रूस–नेपाल–ब्रिटेन–भारत आदि राष्ट्र इस भयानक उग्रवादरूपी महामारी से स्पष्टतः चिन्तित हैं; आज शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों के समक्ष यही एक बड़ी समस्या उभरी हुई है, जिसके हल के लिए सम्मेलन होते रहते हैं।

(4) "27 अप्रैल को मंगल मिथुन राशि में आकर शनि के साथ राशि–सम्बन्ध बना लेगा। यह शनि–मंगल का सम्बन्ध 13 जून तक चलेगा। इस अवधि में भयंकर अग्निकाण्ड, उग्रवादजन्य उन्माद से किसी देश से भयंकर विनाश का समाचार मिलेगा।"

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग– सं. 2061 वि. पृ. 27, कॉलम 2,)

(A) स्पष्ट है, कि– 24 अप्रैल को थाईलैण्ड में 100 से अधिक उग्रवादियों को सुरक्षाबलों ने मार दिया था।

(B) पाकिस्तान में 7 मई को खचाखच भरी मस्जिद में आत्मघाती बमविस्फोट से 13 लोगों की मृत्यु तथा 200 से अधिक लोग घायल हुए।

(C) 9 मई को आतंकवादी बमविस्फोट में चेचन्या के राष्ट्रपति अखमद केडीरोव सहित 31 लोगों की मृत्यु हुई। राजधानी के एक स्टेडियम में विजय दिवस समारोह के समय यह दुःखद घटना हुई।

(D) 17 मई को इराकी कौंसिल के प्रधान ABDEL ZAHRAA OTHMAN की आत्मघाती बम्ब ब्लास्ट में मृत्यु हुई।

(5) " 5 मई को गुरु मार्गी होगा, उच्च सूर्य पर गुरु की विशेष दृष्टि भी होगी।....... देश में सुभिक्ष, शुभ समाचार, नई योजना एवं शासनपद्धति से जनमानस आश्वस्त रहे।"

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग– सं. 2061 वि. पृ. 154, लोकभविष्य)

इस भविष्यवाणी की सत्यता के परिणामस्वरूप 6 मई को चीन के नए मानचित्र से सिक्किम को भारत का प्रान्त दिखाया गया; चीन के मानचित्र से सिक्किम गायब रहा।

(6) "लगभग 4 जून से 2 जुलाई तक बुध का अतिचार....... या प्रतिष्ठित व्यक्ति का निधन हो।" (श्रीमार्त्तण्ड पंचांग– सं. 2061 वि. पृ. 21, 6–7 पंक्ति)

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति (प्रतिष्ठत व्यक्ति) श्री रीगन का 6 जून को निधन हुआ।

(7) "श्रावण चान्द्रमास में (3 से 31 जुलाई तक) पांच शनिवार हैं।.......कहीं अग्निकाण्ड से जनधनहानि के योग बनते है।"

(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग– सं. 2061 वि. पृ. 32, कॉलम 1)

एतदनुसार तामिलनाडु के कुम्भकोणम् शहर के एक स्कूल में 16 जुलाई को भयंकर अग्निकाण्ड में 87 बच्चे जल गए।

(8) " भारत का जलवायु एवं वर्षा" शीर्षक के अन्तर्गत सं. 2061 वि. के पंचांग पृ. 33, कॉलम 2 में लिखा था– "जुलाई 3 से 5 एवं 10 जुलाई को.......आसाम आदि में भारी वर्षा से हानि होगी।"

तदनुसार 10 जुलाई को आसाम, अरुणाचलप्रदेश एवं बिहार में भयंकर बाढ़ से स्थिति विषम हो गई, परिणामस्वरूप जानमाल–रक्षार्थ सेना की मदद लेनी पड़ी।

(9) सं. 2061 वि. में भाजपा एवं एन. डी. ए. (N.D.A.) सरकार की नाटकीय तख्तापलट की भविष्यवाणी– " 6 मई से 27 मई तक शुक्र, मंगल, शनि की एक साथ मिथुनराशि में स्थिति देश की शासनसत्ता को घोर चक्रव्यूह में फंसा सकती है। कहीं सत्तापरिवर्तन एवं घोर आन्तरिक, साम्प्रदायिक अशान्ति से परेशानियों का सामना सत्तारूढ़ दल को करना पड़ेगा।"

तदनुसार चौहदवीं लोकसभा के परिणामों के अनुसार 13 मई, 2004 ई. को N.D.A. को 185, कांग्रेस को 220 तथा अन्य दलों को 134 सीटें प्राप्त हुईं। श्री अटलबिहारी वाजपेयी महोदय ने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति जी को सौंप दिया।

(10) भाजपा एवं सम्मान्य भूतपूर्व प्रधानमन्त्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मांङ्ग के आधार पर की गई भविष्यवाणी आश्चर्यजनक रूप से सटीक सही सिद्ध हुई है, (पढ़ें– श्रीमार्त्तण्ड पंचांग– सं. 2061 वि., पृ. 31, कॉलम 2 पर) –

"गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भाजपा का नेतृत्व अटल जी ही करेंगे। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार आगामी वर्ष में भाजपा को आशानुरूप सफलता प्राप्त होती मालूम नहीं देती। .... सहयोगी दल ही भाजपा का विरोध करके धर्मनिरपेक्ष नए किसी मोर्चे का निर्माण हो जाएगा, जो कि– सत्ता का भागीदारी न होने देगा। "

गतवर्ष (18 सितम्बर 2003 ई. को) की गई इस भविष्यवाणी ने राजनीतिज्ञों एवं अन्य पाठकों को फलित ज्योतिष की सत्यता को स्वीकार करने पर विवश कर दिया एवं पंचांग के प्रशंसकों ने हमें जो मान प्रदान किया है, उसके लिए हम आभारी हैं। ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार राजग के कुछ घटक निर्वाचन से पूर्व ही छंट गए। नए धर्मनिरपेक्ष मोर्चे का निर्माण हुआ और पार्टी से जनता के मोहमंग ने छण्क्०ग को सत्ता से अलग कर दिया।

(11) कांग्रेस पार्टी की कुण्डली पर विचार करते हुए सं. 2061 वि. के पंचांग में पृ. 34, कॉलम 2 पर आगामी 'त्रिशंकु' लोकसभा की घोषणा सुस्पष्ट कर दी गई थी एवं कांग्रेस पार्टी के सत्ता हथियाने की भविष्यवाणी भी कम आश्चर्यजनक नहीं थी–

"श्रीमती प्रियंका बडेरा सक्रिय राजनीति में यदि पदार्पण करती हैं तो कांग्रेस कुछ सीटें अधिक पा सकेगी। लेकिन, स्वतन्त्ररूप से सरकार बनाने का दावा फिर भी नहीं बन पाएगा। प्रान्तीय किंवा छोटे दलों का सहयोग लोकसभा निर्वाचन में निर्णायक सिद्ध होगा। अगली लोकसभा के परिणाम त्रिशंकु संसद के रूप में ही सामने आएंगे। ....ग्रहगोचर के अनुसार एक तीसरा राजनीतिक दलीय ध्रुवीकरण सामने आएगा; उसका सहयोग ही कांग्रेस या भाजपा को सत्ता में ला सकेगा। कांग्रेस अन्य क्षेत्रीय–पार्टियों से तालमेल करके सत्ता हथियाने में सफल हो सकती है।"

इस भविष्यवाणी के अनुसार 'लोकसभा त्रिशंकु' ही बनी एवं नए मोर्चे के निर्माण से कांग्रेस सत्ता हथियाने में सफल रही।

इस प्रकार प्रतिवर्ष अनेकों आश्चर्यचकित कर देने वाली अव्यभिचरित भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय 77 वर्षों से आपके इस लोकप्रिय पंचांग को प्राप्त होता आ रहा है। सभी सफल भविष्यवाणियों का उल्लेख/चर्चा स्थानाभाव के कारण यहां संभव नहीं।

पाठको ! श्रीमार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गई या की जा रही भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनता जनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के भी आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

संवत् 2062 वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

ज्योतिष के अनुसार ब्रह्माण्ड के सभी क्रियाकलाप ग्रहों द्वारा नियन्त्रित हैं। आकाश में जो भी ग्रहनक्षत्र हैं, उनसे यह पृथ्वी किंवा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड अप्रभावित नहीं रहते– यह ज्योतिष का एक मूलभूत सिद्धांत है। ग्रहों की प्रभाव–परिधि में ही विश्व का घटनाचक्र अहर्निश चलता रहता है। महाकवि श्रीहर्ष ने इस सिद्धान्त की सत्यता को स्पष्टतः स्वीकारा है–

"अवश्यभव्येष्वनवग्रह–ग्रहा यया दिशा धावति वेधसःस्पृहा।
तृणेन वात्येव तयानुगम्यते जनस्य चित्तेन भृशावशात्मनः।। ' '– *(नैषधचरित)*

जिस तरह पृथ्वी पर लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण–कर्म–स्वभाव–योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों पर पड़ता है, इसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती आकाशी कौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट–फेर एवं अघटित घटनाएं होती हैं, उन्हें अपनी तुच्छमति के अनुसार त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा लिखित ग्रन्थों के अनुसार वि. सं. 2062 के घटनाचक्र के बारे में कुछ लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

इस वर्ष (संवत् 2062 वि.) की ग्रहपरिषद् में 7 पद क्रूरग्रहों को प्राप्त हुए हैं, तीन पार्षद ग्रह सौम्य हैं। इस असन्तुलित ग्रहपरिषद् में तीन अधिकारक्षेत्रों का स्वामी शनि एवं तीन अधिकारक्षेत्र मंगल के पक्ष में गए हैं– दोनों महाक्रूर हैं। किसान, दलित एवं असन्तुष्ट वर्ग के प्रतिनिधि ये युद्धप्रिय दोनों ग्रह ग्रहपरिषद् में विशिष्ट–स्थानों के अधिपति हैं। शनि संवत्सर का राजा है। रोग–विशेष से जनजीवन त्रस्त होगा। राजनीतिज्ञों में परस्पर वैमत्य किंवा कुछ देशों में उग्रवादजन्य छद्मयुद्ध से शासक एवं जनसाधारण परेशान रहे। क्योंकि, इस वर्ष 25 मई तक शनि की दृष्टि पूर्वदिशा की तरफ रहेगी, तत्पश्चात् संवत् के अन्त तक शनि की दृष्टि दक्षिण दिशा की तरफ रहेगी, अतः पूर्वी एवं दक्षिणी भूभाग पर किंवा कुछ पूर्वी एवं दक्षिणी प्रान्तों में कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से अधिक जनधनहानि के योग स्पष्टतः दिखाई देते हैं। किसी देश–विशेष में अकाल की स्थिति, प्राकृतिक प्रकोप किंवा युद्धजन्य विनाशभय से जनता अपना स्थान छोड़कर दूसरे स्थान पर आश्रय लेने को विवश रहे।

इस ग्रहपरिषद् में संवत् का प्रधानमन्त्री पद बाल एवं कमजोर ग्रह बुध को प्राप्त हुआ है। शनि, बुध को मित्रभाव से देखता है। बुध अपने प्रभाव एवं गतिविधि को

ठीक ढंग से नहीं निभा पाएगा और शनि की नीति के अनुकूल ही कार्य करने को विवश होगा। शनि, सस्येश एवं नीरसेश भी है, अतः किसानवर्ग भारी परेशानी में रहे। अमेरिका आदि देश भारी शस्त्रास्त्र–विक्रय करेंगे, महगाई से साधारणजन दब जाएगा।

युद्धप्रिय मंगल वर्षा–पानी का स्वामी होने से कहीं भयंकर सूखा, कहीं भयंकर बाढ़ से जनधनहानि होगी। तापमान में अधिकता से जनता में परेशानी व मृत्युदर अधिक रहे। फल–फूल आदि का स्वामित्व भी मंगल–ग्रह को प्राप्त है। एड्स, हृद्रोग, टी.बी., पीलिया, हैपेटाइटस आदि रोगों का प्रसार अधिक होगा। त्वचा रोग भी बढ़ेंगे। वृक्षों में फल–फूल की पैदावार कम होगी। किन्हीं दो देशों में युद्धमय वातावरण से अशान्ति रहे–" **नृपतयो बहु विग्रहकारकाः"–**

इस वर्ष मंगल को सबसे महत्त्वपूर्ण पद सेनानायक (दुर्गेश) का प्राप्त हुआ है। शनि राजा एवं दुर्गेश मंगल– ये दोनों विश्व में कहीं मुस्लिमराष्ट्र में भयंकर युद्धाग्नि प्रज्वलित करेंगे। ग्रहपरिषद् के ये दोनों महत्वपूर्ण पार्षद " **युद्धदौ शनि–माहेयौ तथा दुर्भिक्षकारकौ** "– प्रमाणानुसार अपनी प्रकृति के अनुसार कहीं विशिष्टव्यक्ति की हत्या से विश्व के राष्ट्रों को स्तब्ध करेंगे। कहीं शस्त्रभण्डारण की प्रवृत्ति को बल देंगे। परमाणु शस्त्रास्त्र निर्माण गुप्तरूप से चलेगा।

इस वर्ष का धान्येश गुरु होने से धान्यसंग्रह किंवा धान्यभंडारण अधिक होगा। इस वर्ष का रसेश चन्द्र शुभ है। इस वर्ष कोष–खजाने का मालिक शुक्र है। विश्व के समृद्ध देशों की प्रभुसत्ता को कुछ चोट पहुंचेगी। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए विकासशील देशों की समस्याओं पर विचार–समाधानार्थ समृद्ध देशों को आगे आना होगा।

इस ग्रहपरिषद् में शनि–मंगल के पदों को दृष्टि में रखते हुए स्पष्ट आभास होता है, कि– यान्त्रिकीकरण की तरफ बड़े देशों की प्रवृत्ति अधिक रहेगी। विश्व में मारक शस्त्रास्त्रों का प्रयोग करके प्रमुख देश कहीं उग्रवाद को दबाने का प्रयास करेंगे, लेकिन यह समस्या विश्वव्यापी अनुभव होने लगेगी। शान्तिभंग की आशंका यत्र–तत्र बनी रहेगी।

इस वर्ष शनि–मंगल का समसप्तक एवं दशम–चतुर्थ सम्बन्ध विश्व के प्रमुख राष्ट्रों के शासकों को चिन्तातुर रखेगा। कहीं अग्निकाण्ड से भारी जनधनहानि, कहीं भूकम्प से विनाशलीला का दृश्य उपस्थित करेगा। इस वर्ष सीमाप्रान्तों पर अवांछित तत्त्वों से अशान्ति, कहीं सैन्यसंघर्ष रहे। मुस्लिमराष्ट्रों में कहीं आन्तरिक घोर अशान्ति किंवा हत्याकाण्ड से प्रमुखदेश चिन्तित रहेंगे।

सं. 2062 वि. की गोचर ग्रहस्थिति एवं जगत् लग्नकुण्डली के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं पर एक नजर

जगत्लग्न कुण्डली में योजना एवं खर्च खाने का स्वामी मंगल उच्च है। नवमेश सूर्य भी योजना स्थान में उच्च है। यह ग्रहस्थिति विश्व के बहुचर्चित प्रमुख देश भारत, इंग्लैण्ड, अमेरिका आदि में विशेष राजनैतिक सम्बन्ध स्थापित होने का संकेत देती है। उग्रवाद के खिलाफ विशेष सन्धियां होंगी। आतंकवाद के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रयत्न होंगे। समृद्ध देश विकासशील देशों के साथ रक्षा, परमाणु, अन्तरिक्ष कार्यक्रम एवं उच्च तकनीक वाले व्यापारिक–क्षेत्र में सहयोग देने के लिए वचनबद्ध होंगे।

जगत् लग्न कुण्डली

10 मं. | 8 | 11 | 9 | 7 | 12 रा. बु. | गु. 6 के. | सू. | 3 | 1 शु. | श. | 5 | 2 चं. | 4

वर्षकुण्डली में मृत्युस्थान का स्वामी चन्द्रमा, शत्रुस्थान में उच्च होकर बैठा है। लेकिन उच्चस्थ चन्द्र पर बृहस्पति की विशेष दृष्टि है। अतः वृषराशि से सम्बन्धित देश विशेषतः इराक में अमेरिका द्वारा स्थापित शासनसत्ता का इस वर्ष भारी विरोध होगा, लाखों की संख्या में विद्रोही सक्रिय रहेंगे। ईरान में भी उग्रवादियों का खात्मा अमेरिका या अन्य कोई भी देश अभी न कर सकेगा। यह विद्रोह–विष प्रमुख देश–विशेष के प्रधान नेताओं के लिए सिरदर्द बना रहेगा। ऐसा जगत् लग्नगत ग्रहस्थिति से स्पष्ट है। ईरान में गुप्त रणनीति किंवा सशस्त्र संघर्ष से सत्ता में बदलाव की स्थिति बनेगी– ऐसा ग्रह गोचर से ज्ञात होता है। अमेरिका एवं इजराइल **'परमाणु अप्रसार सन्धिवार्ता'** को सामने रखकर ईरान पर युद्ध भी थोप सकते हैं; यह शनि–मंगल के दृष्टिसम्बन्ध में इस वर्ष संभावित है। प्रभावराशि कन्या वाले मुस्लिमराष्ट्र पाकिस्तान एवं अन्य मुस्लिमराष्ट्र अफग़ानिस्तान, बंगलादेश, सीरिया, इराक, इजराइल, श्रीलंका किंवा पश्चिम एशिया के कुछ देशों में इस वर्ष रक्तपात की सम्भावना को गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार नकारा नहीं जा सकता।

संवत् का राजा शनि होने से मुस्लिमराष्ट्रों में आन्तरिक अशान्ति पनपेगी। इराक, ईरान, अफग़ानिस्तान, लीबिया, फिलिस्तीन, इज़राइल आदि देशों में उग्रवादजन्य अशान्ति इस वर्ष उग्ररूप धारण करेगी। 13 अप्रैल से उच्चस्थ सूर्य एवं शुक्र पर मंगल की विशेष नजर है और शनि की सूर्य की राशि सिंह पर विशेष दृष्टि है; यह ग्रहस्थिति प्रतिष्ठित देशों के महानायकों के लिए कहीं भयंकर चिन्ताजनक हालात को जन्म देगी।

चान्द्रमास चैत्र में पांच शनिवार होने से कहीं प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो, कहीं अग्निकाण्ड से जानी व माली नुक्सान किंवा किसी प्रतिष्ठित देश के नेतृत्व में नाटकीय परिवर्तन हो।

22 अप्रैल से कुम्भराशिस्थ मंगल की गुरु पर विशेष दृष्टि पड़ेगी। 5 मई को शुक्र भी मंगल की दृष्टि में आ जाएगा। दक्षिण–पूर्व एशिया के इस्लामीकरण को मद्देनज़र रखते हुए कुछ कट्टरपंथी आतंकवादी भारी विनाशकारी वारदात कर सकते हैं। इन दिनों राहु–बुध का बृहस्पति के साथ समसप्तक योग कहीं दुर्भिक्ष का संकेत देता है; कहीं वरिष्ठ नेता लोग परेशानी में रहेंगे– " **क्रूराणां सह सौम्यैश्च यदि स्यात् समसप्तकम्। अनावृष्टिस्तदा ज्ञेया लोकपीड़ा महत्यपि।।"**

14 मई को ज्येष्ठसंक्रान्ति शनिवारी है। ज्येष्ठसंक्रान्ति के दिन मेदिनीग्रह प्लूटो वृश्चिक राशि में आ जाएगा। सूर्य–शुक्र पर प्लूटो एवं मंगल की विशेष दृष्टि रहेगी। इस समय बुध अतिचारी है। इस्लामी कट्टरवाद यूरोप, अमेरिका और एशिया के कोने–कोने में व्याप्त होने का भय शासकों के समक्ष भारी चिन्ता का विषय रहेगा। सिंगापुर, मलेशिया, इण्डोनेशिया,

फिलिपीन्स, बंगलादेश, नेपाल, पाकिस्तान और भारत में इस्लामी आतंकवादियों की गतिविधियां तीव्रता पकड़ेंगी, हत्याकाण्ड होंगे। आत्मघाती हमलों से जनधनहानि के भी योग हैं।

ध्यान दें– 8 नवम्बर, सन् 2004 ई. को शनि वक्री हुआ था, 13 जनवरी, सन् 2005 ई. को वक्री शनि फिर मिथुनराशि में आ गया और 22 मार्च, सन् 2005 ई. को शनि फिर मार्गी होकर, 26 मई, सन् 2005 ई. को फिर से कर्कराशि में दाखिल होगा। शनि का इस प्रकार आगे–पीछे चलना प्रतिष्ठित नेताओं एवं प्रतिष्ठित देशों के लिए भयावह स्थिति को जन्म देगा। कहीं किसी प्रधान नेता की आकस्मिक हत्या व मृत्यु से शोक व्याप्त होगा। कहीं सीमाप्रान्तों पर अशान्ति का वातावरण बने।

3 जून को मंगल मीन राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा। गुरु के साथ मंगल का समसप्तकयोग बनेगा। मीन जलराशि है। 5 जून को गुरु मार्गी होगा। कहीं भारी वर्षा से आगे हानि होगी। इन दिनों कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि के भी संकेत मिलते हैं। 8 जून को बुध मिथुन में आएगा। 14 जून को मिथुनसंक्रान्ति मंगलवारी है, शुक्र पहले ही मिथुन राशि में है। 21/22 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में मंगलवार को प्रवेश करेगा। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति व शासक की शस्त्राघात–विस्फोट आदि से हत्या का दुःखद प्रयास होगा। कुछ अवांछनीय घटनाएं घटित होंगी।

24 जून से 17 जुलाई तक शनि–मंगल–शुक्र– तीनों कर्क राशि में संचार करेंगे। 5 जुलाई को शनि अस्त होगा एवं 6 जुलाई को बुध–शुक्र दोनों आश्लेषा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे। 23 जुलाई को बुध वक्री होगा एवं 29 जुलाई को वक्री बुध अस्त हो जाएगा। अतः जून–जुलाई मास विश्व की राजनीति में अघटित घटनाओं को जन्म देंगे। अफगानिस्तान, अमेरिका, भारत, चीन, पाकिस्तान, ब्रिटेन में कुछ विशेष उलझनें पेश होंगी। कहीं किसी विशिष्ट व्यक्ति के निधन का समाचार मिलेगा। कहीं सत्तापरिवर्तन भी संभव है।

18 जुलाई को मंगल मेष राशि में आकर 5 फरवरी, सन् 2006 ई. तक मेष राशि में ही रहेगा। 18 जुलाई, 2005 ई. से 5 फरवरी, 2006 ई. तक शनि–मंगल का दशम–चतुर्थ दृष्टिसम्बन्ध लगातार चलता रहेगा। यह समय विश्वव्यापी घटनाचक्र में अभूतपूर्व कठिन परिस्थिति वाला सिद्ध होगा। 9 अगस्त तक शनि अस्त रहेगा। 19 जुलाई से 1 अगस्त तक परस्पर शत्रुग्रह शनि–सूर्य पुष्य नक्षत्र में ही चलेंगे। इस समय कुछ धार्मिक व राजनैतिक समस्याएं हल होती नजर आएंगी। लेकिन अगस्त–सितम्बर में मानव बम्ब या आतंकवादजन्य दुःखद घटना से वातावरण अशान्त हो उठेगा। सऊदी अरब में ओसामा बिन लादेन के समर्थक यत्र–तत्र शान्ति भंग करेंगे।इस समय आतंकवाद दुनिया की प्रमुख समस्या अनुभव होगी, समाधानार्थ नई–नई योजनाएं बनेंगी, एतदर्थ सम्मेलन भी होंगे। शनि–मंगल का परस्पर दृष्टिसम्बन्ध समृद्ध देशों एवं यावनराष्ट्रों के लिए बहुत भयावह है। इस समयावधि में भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से भारी जनधनहानि के योग भी बन रहे हैं। कहने का तात्पर्य यह है, कि– अगस्त से संवत् के अन्त तक का समय अघटित घटनाचक्र को लेकर उपस्थित होगा। कहीं आतंकवाद की साया से भयावह परिणाम मिलेंगे, कहीं दो देशों में किसी प्रभावशाली देश के निर्देश पर युद्धाग्नि से विनाशलीला देखने को मिलेगी। कही किसी प्रमुख व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा।

यूरोप के देश

कुण्डली नं. 1 के अनुसार शुक्र, मंगल, बुध, प्लूटो वृश्चिकराशि में चल रहे हैं। शनि की अष्टमभावस्थ राहु पर नीच दृष्टि है। ग्रहस्थिति के अनुसार यूरोपीय देशों में आन्तरिक अशान्ति बढ़ेगी। मंहगाई जोर पकड़ेगी। ब्रिटेन में संवत् प्रारम्भ होने से पहले ही टोरी पार्टी का शासन हो जाएगा।

ब्रिटेन की वर्तमान शासनसत्ता में जनवरी, 2005 ई. तक परिवर्तन होने का संकेत ग्रहस्थिति से मिलता है। कुछ देशों में युद्ध व किसी देश में प्राकृतिक आपदा या आतंकवाद से अशान्ति एवं जनधनहानि होगी। शनि–मंगल के परस्पर दशम–चतुर्थ दृष्टिसम्बन्ध की अवधि में (18 जुलाई, सन् 2005 ई. से 5 फरवरी, सन् 2006 ई. तक) यूरोपीय देशों के शासक आतंकवाद पर नकेल डालने में विवशता अनुभव करेंगे। इस बीच कार्तिक शुक्ल पक्ष त्रयोदश दिनात्मक पक्ष है। इस समय गुरु अतिचारी भी चल रहा है। अतः 3 अक्तूबर से आगे का समय राजनीतिज्ञों के लिए और भी भयावह स्थिति को जन्म देगा। 15/16 नवम्बर के लगभग भयंकर प्राकृतिक आपदा से भारी जानी–माली नुक्सान होने का संकेत मिलता है।

6 दिसम्बर को प्लूटो धनुराशि में आएगा, मंगल–बुध दिसम्बर में मार्गी हो रहे हैं। 15 दिसम्बर को सूर्य भी धनुराशि में आ जाता है। कुछ देशों में शान्तिप्रस्ताव पारित होंगे। 24 दिसम्बर को शुक्र वक्री होगा। यूरोपीय कुण्डली नं. 2 की ग्रहस्थिति के अनुसार 31 दिसम्बर, सन् 2005 ई. को शनैश्चरी अमावस कहीं भूकम्प, तूफान, यानदुर्घटना से यूरोप में हानि का संकेत देती है।

14 जनवरी को मकरराशिस्थ सूर्य पर शनि की दृष्टि पडेगी। यह समय यूरोप के कुछ राष्ट्रों एवं राष्ट्रनायकों के लिए भयावह है, सुरक्षाप्रबन्धों को सुव्यवस्थित करना होगा।

किसी व्यक्ति का पदरिक्त होने का योग है।

7 फरवरी, सन् 2006 ई. से आगे प्लूटो की स्थिति, मंगलवारी चैत्रसंक्रान्ति, बृहस्पति–बुध–शनि का वक्रकाल– ये सब यूरोप के लिए यानदुर्घटना किंवा आतंकवादजन्य दुर्घटनाओं से अशान्तिकारक हैं– सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश की जन्मकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार पुनः पदाप्ति का योग कठिन होते हुए भी सफलता मिलेगी। क्योंकि, शनि कर्मस्थान को नीच दृष्टि से देख रहा है, पुनरपि भाग्येश–कर्मेश गुरु एवं मंगल (दोनों) विशेष दृष्टि से भाग्यस्थान को देख रहे हैं, अतः इन्हें सफलता प्राप्त होगी। जन्माङ्ग में विपरीत कालसर्पयोग राजनीतिक जीवन में भारी आपदाओं एवं चुनौतियों का संकेत देता है। सप्तमेश शनि लग्न में है– यह गोचर में भी कर्कस्थ ही है, अतः यह वर्ष जीवन की सुरक्षा के लिए विशेष चिन्तनीय है। शनि–मंगल के दशमचतुर्थ दृष्टिसम्बन्ध के समय जुलाई, सन् 2005 ई. से फरवरी, सन् 2006 ई. तक समय विशेष सावधानी का है।

मुस्लिम राष्ट्र

मुस्लिम देशों की नववर्ष कुं.

5 | 3 श. | 6 गु. | 4 | 2 | 7 के. | 1 रा. | बु. 10 शु. सू. | 8 | 12 | म. 9 | 11 चं.

1 मुहर्रम से एक दिन पूर्व चन्द्रदर्शन वाले दिन 10 फरवरी (सन् 2005 ई.) गुरुवार को सूर्यास्त के समय 18 घं. 2 मि. पर सिंह लग्न में मुस्लिम नववर्ष का उदय होता है। 11 फरवरी (सन् 2005 ई.) शुक्रवार को यकम मुहर्रम होने से मुस्लिम नववर्ष (सन् 1426 हिजरी) का राजा शुक्र ही है। मुस्लिमराष्ट्रों की नववर्ष कुण्डली में लग्नेश चन्द्रमा अष्टमस्थान (मृत्युस्थान) में शत्रुक्षेत्री है। धनेश सूर्य तृतीयेश (सहयोगी मुस्लिमराष्ट्रों का स्वामी) बुध, चतुर्थेश एवं आयेश (मित्र देशों का स्वामी एवं आयस्थान का स्वामी) शुक्र– ये तीनों सप्तम (मृत्युभाव) में स्थित हैं। ग्रहस्थिति से स्पष्ट ज्ञात होता है, कि– अफ्रीकन देश, अफगानिस्तान, टर्की, इराक, पाकिस्तान अदि देशों की आर्थिक स्थिति कमज़ोर होगी, समृद्धराष्ट्रों के संकेत पर चलना इन देशों की विवशता होगी।

मुस्लिमराष्ट्रों की नीति एवं इस्लामीकरण की प्रवृत्ति किंवा उन्माद से ये देश अलग–थलग पडते मालूम देंगे। लेकिन अमेरिका आदि राष्ट्र इनकी विवशता का लाभ राजनैतिक दृष्टि से उठाएंगे एवं आर्थिक तोषणनीति इन्हें अन्दरूनी तौर पर कमजोर कर देगी। सीरिया, ईरान, इराक, सऊदी–अरब किंवा कुछ अन्य मुस्लिमराष्ट्रों के साथ कुछ समृद्ध देश कठोर नीति अपनाएंगे। परिणामस्वरूप यावनराष्ट्रों में ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति सन् 2007 ई. से 2009 ई. तक अमेरिका आदि के लिए भयावह स्थिति को पैदा कर देगी। पश्चिमी देशों एवं पश्चिमी एशिया के मुस्लिम देशों में संघर्ष की स्थिति से अचानक वातावरण अशान्त बन सकता है। इजराइल और फिलिस्तीन में शनि–मंगल के समसप्तकयोग के कारण परस्पर संघर्ष की स्थिति बन जाने के योग हैं। मुस्लिमराष्ट्रों की नववर्ष कुण्डली में शनि–मंगल का परस्पर दृष्टिसम्बन्ध एवं जुलाई, 2005 ई. से फरवरी, 2006 ई. के मध्य शनि–मंगल का दशम–चतुर्थदृष्टिसम्बन्ध मुस्लिमराष्ट्रों बंगलादेश, पाकिस्तान, इराक, ईरान, फिलिस्तीन आदि में कहीं प्रधान नेता की हत्या का सफल प्रयास हो सकता है। इस अवधि में प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि भी सम्भव है। शनि–मंगल की पोजीशन के अनुसार मुस्लिमराष्ट्र विशेष की गणतन्त्र के रूप में चल रही तानाशाही–शासनसत्ता में नाटकीय परिवर्तन आ सकता है। गोचर ग्रहस्थिति से इस बात का भी संकेत मिलता है, कि– कहीं प्रधान नेता की हत्या हो एवं उग्रवादी मुखिया ओसामा बिन लादेन भी इस वर्ष अपने आपको गुप्तावस्था में न रख सकेंगे।

अफगानिस्तान, ईरान, इराक एवं सऊदी–अरब की कुण्डलीगत ग्रहस्थिति के अनुसार अमेरिका के खिलाफ गुप्तरूप से अन्दरूनी विध्वंसक कार्रवाई का संचालन होगा; जिससे जनधनहानि का संकेत किंवा प्रधान नेता के लिए भी विशेष संकटापन्न स्थिति का आभास हो रहा है।

संवत् 2062 वि. की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं भारत सरकार में घटित होने वाले घटना चक्र का आकलन

" संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता । एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाए, तो विराट् ब्रह्माण्ड एक क्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक विस्फोट से अनन्त प्रकृति अग्नि–ज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे।" इस प्रकार समस्त घटनाचक्र एवं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को संचालित करने वाला ग्रहपुञ्ज प्रकृति किंवा ईश्वर के अनुशासित कार्यक्रम का एक निदर्शन है, जो कि– गोचर ग्रहगति के संकेतानुसार हमें प्रतिवर्ष कुछ लिखने को प्रेरित करता है। इसी ग्रहगति के संकेत पर हमने संवत् 2061 वि. के श्रीमार्तण्ड पंचांग में पृ. 29, कॉलम दो के प्रारम्भ में ही स्पष्ट घोषणा की थी, कि– लोकसभा निर्वाचन निर्धारित समय से पूर्व ही होंगे और सत्तारूढ़ दल के घटकतत्त्व बिखरेंगे एवं नए सिरे से पार्टियों का ध्रुवीकरण होगा। परिणामस्वरूप, लोकसभा के परिणाम आश्चर्यजनक होंगे। यह घोषणा निम्नांकित शब्दों में की गई थी–

" गत संवत् 2060 वि. के अन्तिम कुछ मासों पर विहंगम दृष्टि डालने से ज्ञात होता है, कि– मकरसंक्रान्ति (14 जनवरी, 2004 ई.) एवं अमावस वाले दिन (21 जनवरी, 2004 ई.) को बुधवार होने से खप्परयोग बन रहा है। ....प्रधान नेतृत्व एवं केन्द्रीय सरकार के घटकदलों में तालमेल न होने से सत्ता–घटकदल छिटकते प्रतीत होंगे। राजनीतिक दृष्टि से सत्तासंघर्ष की पुनः परीक्षा का समय नजदीक आता मालूम देगा। 13 फरवरी, 2004 ई. को पुनः खप्परयोग बन रहा है, साथ ही मार्च के प्रथम सप्ताह में शनि वक्री होगा एवं बुध अतिचारी चलेगा– यह ग्रहस्थिति राजनैतिक दलों में परस्पर वैमत्य से नए सिरे से पार्टियों का ध्रुवीकरण कराएगी। सत्तारूढ़ गठबन्धन कमजोर एवं छिन्न–भिन्न होता नजर आएगा। परिणामस्वरूप, आगामी लोकसभा के गठबन्धन भिन्न होकर परिणाम आश्चर्यजनक होंगे। लोकसभा चुनाव समय पर न होकर राजनैतिक दृष्ट्या आगे–पीछे कराने पर राजनीतिक दलों की मजबूरी बन जाएगी।

इस भविष्यवाणी की सत्यता फलित–शास्त्रियों के लिए गर्व की बात है।

गत संवत् 2061 वि. की जनवरी से मार्च तक की ग्रहस्थिति पर विहंगम दृष्टिपात करने पर 29 जनवरी, सन् 2005 ई. से मंगल–प्लूटो का राशिसम्बन्ध एवं 11 मार्च, सन् 2005 ई. तक शनि–मंगल का समसप्तकयोग, गुरु–शनि का वक्रत्त्व, शनि–मंगल का षडष्टकयोग देश एवं देश की सरकार के समक्ष भारी चुनौतियां लाकर खड़ा कर देगा। शासनतन्त्र एक ऐसे चक्रव्यूह में खड़ा होगा, जहां से निकलना भारी संकटपूर्ण प्रतीत होता है।

संवत् 2061 के अन्तिम चरण की यह सारी ग्रहस्थिति संवत् के अन्तिम मासों में अघटित घटनाओं को जन्म देगी। कुछ प्रतिष्ठित व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त होंगे। भयंकर प्राकृतिक आपदा, भूकम्प आदि से भारी कष्ट, जनधनहानि का संकेत मिलता है। सीमाप्रान्तों पर सैन्यबल को सतर्क रखना होगा। उग्रवादी इस अवधि में भारी विनाशकारक योजनाओं से जनमानस को त्रस्त कर सकते हैं।

यह संवत् 2061 के अन्तिम चरण पर दृष्टिपात था। अब संवत् 2062 वि. की ग्रहस्थिति की समीक्षा करना उचित समझते हैं।

संवत् 2062 वि. में ग्रहपरिषद् का राजा शनि हैं। भारत की जनता में नानाविध रोग (एड्स, टी.बी., हाईपोटाईटस बी एवं हृद्रोग) अधिक पनपेंगे। सत्तरूढ़ दल एवं प्रतिपक्ष पार्टियां लोकसभा में परस्पर उलझेंगी। कहीं नेतृत्व परिवर्तन व सत्तापरिवर्तन के विफल प्रयास होंगे। भारत के उडीसा, आसाम, बंगाल, नागालैण्ड, त्रिपुरा, बिहार, झारखण्ड एवं जम्मू–काश्मीर आदि में उग्रवादी तत्त्वों के उपद्रव केन्द्रीय शासन के लिए सिरदर्द बनेंगे। कहीं सीमाप्रान्तों पर भयत्रस्त जनता स्थानान्तरण करने के लिए विवश हो जाएंगी–

"शनैश्चरे भूमिपतौ सकृज्जलं प्रभूत रोगैः परिपीड्यते जनः।
यद्वं नृपाणां गद–तस्कराग्नैर्भ्रमन्ति लोकाः क्षुधिताश्च देशान्।।"

इस संवत् का मन्त्री बालग्रह बुध होने से देश व संवत् के संचालन की प्रक्रिया राजा की प्रकृति एवं स्वभाव के अनुरूप ही रहेगी।

इस वर्ष शनिदेव को तीन पद एवं मंगल को मेघेश, फलेश एवं दुर्गेश– ये तीन पद प्राप्त हैं। अतः शनि–मंगल का इस ग्रहपरिषद् में विशेष प्रभाव है। शनि–मंगल दोनों शत्रु एवं समभाव रखते हैं। 25 मई तक शनि की दृष्टि पूर्व में एवं तत्पश्चात् संवत् के अन्त तक शनि की दृष्टि दक्षिणी गोलार्ध पर बनी रहेगी। संवत् का वाहन भैंसा है। स्पष्ट है, कि– इस वर्ष किसी वरिष्ठव्यक्ति व राजनीतिज्ञ की विस्फोट व यानदुर्घटना में मृत्यु होगी। कुछ विशिष्ट राजनीतिज्ञों के लिए इस संवत् की ग्रहस्थिति विशेष कष्टप्रद एवं राजनीतिक अस्थिरता का संकेत देती है। पूर्वी किंवा दक्षिणी प्रान्तों में कहीं भयंकर भूकम्प किंवा प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि का भी संकेत मिलता है।

गतवर्ष संवत् 2061 वि. के पंचांग में, पृ. 30, कॉलम 1, पंक्ति1 पर राजामन्त्री पद की समीक्षा करते समय स्पष्ट लिखा था कि– " इस वर्ष में मेघेश, फलेश एवं दुर्गेश तीन पदों का प्रतिनिधि चन्द्र होने से स्पष्ट संकेत मिलता है, कि – सं. 2061 में देश के संचालन एवं महत्वपूर्ण पदों पर स्त्रीवर्ग की प्रधानता रहेगी।"

देश का संचालन श्रीमती सोनिया गान्धी के निर्देश पर हो रहा है, – यह बात सर्वविदित ही है।

सं. 2062 वि. में त्रयोदश दिनात्मक पक्ष भी आ रहा है,– यह पक्ष 'विश्वघस्र पक्ष', नाम से भी जाना जाता है। यह त्रयोदश दिनात्मक पक्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष में होने से विशेष भयावह लिखा है। त्रयोदश दिनात्मक पक्ष एक ही पक्ष में दो तिथियों के क्षय से बनता है।

" एकत्र पक्षे द्वितिथि प्रपाते महर्धमन्नं जनमध्यवैरम्।"

अर्थात् जनजीवनोपयोगी खाद्य वस्तुओं (अनाज आदि) में भारी मंहगाई होने से जनता में असन्तोष भडकेगा। राजनीतिज्ञ–सत्ताधारी एवं विपक्षी नेताओं में भारी विचार वैमत्य हो, आम जनता एवं राजनीतिक पार्टियों में परस्पर विरोध से राजनैतिक अस्थिरता नजर आएगी। भविष्यफल भास्कर का वचन है–

" यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश दिनात्मकः।
भवेल्लोकक्षयो घोरो रुण्डमालायुता मही।।"

मेघमहोदय में इस त्रयोदश दिनपक्ष का फल इस प्रकार लिखा है–

" त्रयोदशदिनः पक्षो भवेद् वर्षाष्टकान्तरे।
तदा नगरभंगः स्यात् छत्रभंगो महर्घता।।"

" अनेकयुग साहस्रयाद् देवयोगात् प्रजायते।
त्रयोदशदिनैः पक्षस्तदा संहरते जगत्।।"

इस त्रयोदश दिनपक्ष का फल विश्व के राष्ट्रों के लिए भयावह परिस्थितियों वाला प्रतीत होता है। इस समय सूर्य तुलाराशि में है। शनि–मंगल की सूर्य पर दृष्टि भी है,अतः यह त्रयोदश दिनपक्ष पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, अमेरिका एवं भारत की शासनसत्ता एवं राजनीतिज्ञों को प्रभावित करेगा। कहीं सत्तापरिवर्तन, उग्रवादजन्य हिंसक घटनाओं से जनमानस त्रस्त होगा। कहीं किसी विशिष्टव्यक्ति की हत्या, निधन व नाटकीय घटना से सत्ता हस्तान्तरण होगा। काश्मीर क्षेत्र के लिए इस वर्ष समय विशेष उलझनपूर्ण रहेगा। इस समय सीमाप्रान्तों पर विशेष सतर्क रहना होगा। शत्रुदेश की गतिविधि अशान्ति का कारण बनेगी।

स्वतन्त्र भारत की जन्माङ्गगत ग्रहस्थिति के अनुसार–हर्षल, नेप्च्यून, प्लूटो आदि मेदिनीग्रह एवं शनि–राहु–गुरु ग्रहों के चार–वक्र–मार्ग के अनुसार भारत देश सशक्त

अर्थशास्त्रज्ञ एवं विवेकपूर्ण नीतिज्ञों के संरक्षण में अहर्निश प्रगतिपथ पर रहेगा। नेपाल में माओवाद, त्रिपुरा, आसाम, नागालैण्ड आदि में हिंसक घटनाओं में वृद्धि प्रधान नेताओं के लिए चिन्ता का विषय अवश्य रहेगा। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार प्लूटो का धनुराशि में संक्रमण देश में अनेक समस्याओं को हल करेगा। संवत् 2062 वि. के मध्य रामजन्मभूमि विवाद कुशल राजनीतिज्ञों की बुद्धिमत्ता से एव कानूनी देख-रेख के चलते शान्त हो इस समस्या का हल निकल आएगा। जुलाई 2005 ई. से फरवरी 2006 ई. तक का समय सत्तारूढदल के लिए काफी उलझनपूर्ण एवं अग्निपरीक्षा वाला है। नवम्बर-दिसम्बर 2005 ई. में किसी प्राकृतिक आपदा से भारी जनधनहानि होने का योग है। इस समय किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का निधन व हत्याकाण्ड से वातावरण अशान्त रहे। सीमाप्रान्तों पर चीन एवं पाकिस्तान की सीमापार-शत्रुगतिविधि से देश को सावधान रहना चाहिए।

स्वतन्त्र भारत के 58वें वर्षलग्न के अनुसार--

मुंथेश--शनि अष्टमभाव में सप्तमेश (केन्द्रेश) एवं व्ययेश शुक्र के साथ मेल कर रहा है- यह ग्रहस्थिति कमजोर मुद्रास्फीती का संकेत देती है। लेकिन वर्षलग्न में नवमेश चन्द्र एवं दशमेश सूर्य- दोनों नवम (भाग्यस्थान) में होने से भावी वर्षों में भारत की गौरव-गाथा का निर्माण करेंगे। दशमभाव में मंगल-गुरु-बुध, भारत को सशक्त, गरिमामय एवं वैभवशाली निर्माणकार्यों की तरफ प्रवृत्त करेंगे। सशक्त नेतृत्त्व भारत की आर्थिक स्थिति को सुदृढ बनाने के लिए योजनाएं बनाएगा। परमाणु-ऊर्जा (आयुध) क्षेत्र में विशेष प्रगतिप्रद योजनाएं बनेंगी।परमाणु-भट्ठी जैसी रचना से भारत का आत्मबल मजबूत होगा एवं देश सर्वतोभावेन आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ेगा। ऊर्जाविकास पर प्रमुख कार्य होंगे; जिससे देश महाशक्तियों की पंक्ति में आ खड़ा होगा। यद्यपि राजनयिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से देश के सामने अनेकों उलझनें उपस्थित होने वाली हैं, लेकिन प्रमुख नेता इन उलझनों को पार कर जाएंगे।

स्वतन्त्र भारत का 58 वां वर्ष
15 अग., 2004 ई.(14घं. 43 मि.)

9 | के. 7 | 10 | 8 | 6 | 5 | मुं. 11 | मं. बु. गु. | 12 | 2 | सू. चं. 4 | 1 रा. | श. शु. 3

स्वतन्त्र भारत के 59वें वर्षलग्नगत ग्रहस्थिति के अनुसार-

लग्नेश गुरु सप्तमभाव में स्थित है। यह लग्न एवं लग्नस्थ राहु को पूर्णदृष्टि से देख रहा है। लेकिन केन्द्रेश होकर गुरु के केन्द्रस्थ केतु के साथ सम्बन्ध बनाने से भारत की प्रभुसत्ता एवं गौरव में वृद्धि का संकेत मिलता है-- " यदि केन्द्रे त्रिकोणे वा निवसेतां तमोग्रहौ। नाथेनान्यतरेणापि सम्बधाद्योगकारकौ।।" वर्षलग्न में दूसरे भाव में स्थित द्वितीयेश एवं नवमेश मंगल की नवमस्थान पर विशेष दृष्टि है। नवम भावस्थ चन्द्र नीच होने से प्रधान नेतृत्त्व को भारी परेशानियों एवं विपक्ष से खडी की गई उलझनों से परेशान रहना होगा। पंचमभाव में सूर्य-शनि-बुध होने से एवं इन पर मंगल की विशेष दृष्टि होने से, साथ ही शनि-मंगल का दशमचतुर्थ दृष्टिसम्बन्ध होने से भारत सरकार को जुलाई 2005 ई. से फरवरी 2006 ई. तक भारी राजनीतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा; इस समय कम्युनिस्ट पार्टियां एवं कुछ अन्यदल सत्तारूढदल से पृथक् होते नजर आएंगे और स्थिति को संभालना कठिन हो जाएगा। प्रगतिप्रद योजनाएं कार्यान्वित होने में विलम्ब होगा। अन्ततः कुछ रद्दोबदल एवं समझौते के साथ स्थिति सम्भलेगी। भारत पुनः गौरवमय भविष्य की ओर बढ़ने लगेगा।

भारत का 56वां गणतन्त्र

भारतवर्ष का 56वां गणतन्त्र वर्षलग्न इस वर्ष 25 जनवरी को ही लगेगा। गणतन्त्र वर्षलग्न के अनुसार लग्नस्थ प्रबल मंगल की कर्कस्थ शनि पर विशेष-नीच दृष्टि है। शनि भी मंगल पर विशेषरूप से नीच दृष्टि लगाए बैठा है। मुंथेश गुरु केन्द्र में शत्रुक्षेत्री है- यह वर्ष गणतन्त्र की शासनसत्ता, सत्तारूढदल एवं प्रधाननेताओं के लिए कुछ कठिनपरिस्थितियों वाला है। चतुर्थभावस्थ शनि पर मंगल एवं मंगल पर शनि की दृष्टि होने से यह वर्ष सत्तरूढदल के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा। वर्षलग्न में दशमेश शनि दशमभाव को देख रहा है; अतः

विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में नए आयाम उपस्थित होंगे। किसी धार्मिक भावना या हिन्दु–मुस्लिम से सम्बन्धित किसी विषय को लेकर कुछ तत्त्व गणतन्त्र की छवि को चोट पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन दशमेश शनि की दशमभाव पर दृष्टि होने से स्थिति को सामान्य बना दिया जाएगा। इस वर्ष अनेक वर्षों से उलझी हुई किसी धार्मिक भावनात्मक समस्या का समाधान होता प्रतीत होता है, जिससे प्रधान नेता की छवि मुखरित होगी। केन्द्रस्थ भाग्येश गुरु की लग्नेश मंगल पर विशेष दृष्टि होने से भारत–गणतन्त्र का वर्चस्व विश्व में बढ़ेगा एवं **'सुरक्षा परिषद्'** की सदस्यता का भागीदारी हो जाएगा।

महामहिम श्री अब्दुलकलाम महाभाग– भारतीय गणतन्त्र के प्रधान महामहिम राष्ट्रपति श्री ए. पी. जे. अब्दुलकलाम महाभाग की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार कन्या का गुरु इनकी प्रतिष्ठा–गरिमा को महिमामण्डित रखेगा। जुलाई 2005 ई. के बाद संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति कुछ राष्ट्रीय उलझनों वाली है, एतदर्थ विशिष्ट विधिवेत्ताओं से सम्पर्क करना पड़ेगा। परमाणु ऊर्जा एवं शक्तिसम्पन्न राष्ट्रनिर्माण में इनकी भूमिका प्रशंसनीय रहेगी।

उपराष्ट्रपति महामहिम श्री भैरों सिंह शेखावत– जन्माङ्गगत ग्रहस्थिति एवं गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार सन् 2005 ई. के अन्तिम चरण से अढ़ाई वर्ष में इनकी कार्यशैली एवं प्रगतिप्रद विशेषताओं के कारण अच्छी प्रतिष्ठा बनेगी। कन्या–तुला में गुरु के आने पर इन्हें विशेष सम्मान पद प्राप्त होने का योग है। जुलाई, नवम्बर से फरवरी तक का समय इनकी राजनीतिक गतिविधि के लिए कुछ कठिन है। इन्हें विशेष विचारपूर्वक निर्णय लेने होंगे। यह समयावधि इनकी सेहत के लिए भी अनुकूल नहीं; स्वास्थ्य–सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा।

संवत् 2062 वि. की गोचर ग्रहस्थिति का भारत पर प्रभाव

भारत की प्रभावराशि मकर है। प्रभावराशि का स्वामी शनि इस संवत् का राजा है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार शनि मिथुनराशि में है एवं मकरराशि में स्थित उच्च–मंगल के साथ 22 अप्रैल तक षडष्टकयोग बना रहा है। संवत् का नाम **'विलम्बी'** है। इसका फल शास्त्रों में इसप्रकार लिखा है–

"विलम्बि वत्सरे भूपाः परस्परं विरोधिनः।
प्रजापीड़ा त्वनर्थत्त्वं तथापि सुखिनो जनाः।।"

उल्लिखित शनि–मंगल के षडष्टक एवं विलम्बी संवत्सर के फलस्वरूप देश के राजनीतिज्ञ, विभिन्न राजनैतिक दल एवं सत्तारूढदल में परस्पर असहयोग किंवा विरोध की भावना से देश–संचालन–व्यवस्था बाधित होगी। सत्तारूढदल के ही घटकतत्त्व विभिन्न सैद्धान्तिक मतभेदों के कारण स्वयं कई बार राष्ट्र के सुचारु संचालन में बाधक बन जाएंगे। प्रधाननेता विवशता की स्थिति में अपनी प्रतिभा के अनुरूप देश की प्रगति को गतिमत्ता न दे सकेंगे। राजनीति के कुचक्र में फंसा–फंसा देश व विपक्षीदल राजनीतिक परिवर्तन की मांग करेंगे। इस वर्ष की ग्रहस्थिति देश में राजनीतिक परिवर्तन–संवर्धन वाली प्रतीत होती है।

क्योंकि, चैत्र चान्द्रमास में पांच शनिवार हैं, अतः देश में कहीं भूकम्प–अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक प्रकोप, बमविस्फोट आदि उग्रवादजन्य आतंक से जनधनहानि के संकेत मिलते हैं–

"शनैश्च पंचकं दृष्ट्वा पाताले कंपते फणी।
ईशान–देश भंगश्च वह्निदाहो महर्घता।।"

संवत् के प्रारम्भ से ही गुरु कन्या राशि में वक्री पोजीशन में केतु के साथ है–केतु स्वभावतः वक्रस्थिति में ही रहता है। केतु–गुरु का राहु–बुध से समसप्तकयोग आगे देश में अनावृष्टि एवं अधिकतर भूभाग के सूखाग्रस्त होने का संकेत देता है–

" क्रूराणां सह सौम्यैश्च यदि स्यात् समसप्तकम्।
अनावृष्टिस्तदा ज्ञेया लोकपीड़ा–महत्यपि।। "

गुरु 5 जून तक वक्री स्थिति में रहेगा। इस बीच **14 मई (शनिवार) को सूर्य वृषराशि में प्रवेश करेगा।** इसी दिन वक्री प्लूटो वृश्चिकराशि में प्रविष्ट होगा। वृश्चिकराशि प्लूटो की अपनी राशि है। प्लूटो युद्धप्रिय मेदिनी ग्रह है। काश्मीर, नागालैण्ड,आसाम, प. बंगाल आदि में आतंकवादी सक्रिय होंगे। कहीं अग्निकाण्ड, बमविस्फोट आदि से हानि के भी योग हैं। लेकिन किसानवर्ग को शासन विशेष सुविधाएं प्रदान करेगा। अच्छे कृषिकर्म से देश में समृद्धि आएगी, महंगाई पर अंकुश लगाने वाले नियम बनेंगे। जड़ी–बूटियों के उत्पादन से विदेशी मुद्रा प्राप्त करने की योजनाएं बनेंगी। क्योंकि, इस दिन बुध उदित होगा और बुध अतिचारी भी है, अतः 23 मई के लगभग किसी प्राकृतिक प्रकोप से हानि के भी योग बनते हैं।

22 अप्रैल को मंगल शनि के क्षेत्र (कुम्भ राशि) में प्रवेश करेगा एवं 26 मई को शनि कर्कराशि में आकर मंगल के साथ 3 जून तक षडष्टकयोग बनाएगा। मंगलग्रह कम्यूनिस्ट एवं माओवादी संगठन का प्रतिनिधि ग्रह है और इस संवत् का दुर्गेश भी है, अतः कहीं उग्रवादजन्य भीषण ताण्डव से जनता को परेशानी में डाले एवं जनधनहानि भी होगी। प. बंगाल, बिहार, आन्ध्रप्रदेश, तामिलनाडु, नागालैण्ड, पू. उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, मिज़ोरम एवं त्रिपुरा आदि में देशद्रोही नक्सली कहीं आन्दोलन को तीव्र करेंगे। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार इस वर्ष बड़े देशों की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में भारी परिवर्तनों का संकेत मेदिनीग्रहों से मिल रहा है। परिणामस्वरूप, भारत की विदेशनीति में भी इस संवत् के मध्य से संवत् के अन्त तक विशेष परिवर्तन आने के संकेत मिलते हैं।

24 मई से 22 जून 2005 ई. तक (ज्येष्ठ चान्द्रमास मे) पांच मंगलवार होने से सीमाप्रान्तों पर कहीं अशान्ति, रक्तपात एवं किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त हो या सत्तापरिवर्तन हो–

"यत्र मासे महीसूनोर्जायन्ते पञ्चवासराः।
रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभंगस्तदा भवेत्।।"

15 जून तक बुध अतिचारी है। सूर्य–बुध–शुक्र– ये तीनों 14 जून से मिथुनराशि में हैं एवं इन पर मंगल की विशेष दृष्टि है। वर्षा एवं जलवायु के विपरीत रहने से तथा

प्रतिकूल तिजारती नीति के कारण जोरदार महंगाई होगी, जिसके कारण जनता में असन्तोष व्याप्त होगा –

"एकराशौ यदा ह्येते सौम्य–शुक्र दिनाधिपाः।
सर्वधान्य–महर्घत्त्वं मेघाः स्वल्पजलप्रदाः।।"

21 जून को सूर्य आर्द्रानक्षत्र में आएगा। मंगल–राहु भी जलराशि में गुरु से दृष्ट हैं, अतः महाराष्ट्र, उडीसा, बिहार आदि में कहीं भारी वर्षा से जनधनहानि के समाचार मिलेंगे। 23 जून से 6 जुलाई तक शुक्र–बुध एवं 5 जुलाई को अस्तंगत शनि–ये तीनों ग्रह कर्क (जलचर) राशि में पुष्यनक्षत्र में ही संचरण करेंगे। इसलिए कहीं भयंकर बाढ़, समुद्री–तूफान, यानदुर्घटना किंवा बादल फटने, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी, कहीं भयंकर सूखा रहने से क्षेत्र अकालग्रस्त घोषित करने पड़ेंगे।

16 जुलाई को कर्कराशिस्थ सूर्य का बुध–शनि के साथ राशिसम्बन्ध बनेगा। कर्कराशिस्थ शनि–बुध एवं सूर्य पर 18 जुलाई से मंगल की विशेष दृष्टि पड़ेगी। **ध्यान देने योग्य बात यह है, कि– 18 जुलाई, सन् 2005 ई. से 5 फरवरी, सन् 2006 ई. तक शनि–मंगल का दशम–चतुर्थ दृष्टिसम्बन्ध लगातार लगभग 6 महीने 20 दिन तक चलता रहेगा–** यह समयावधि भारत की शासनसत्ता, केन्द्रीय मन्त्रीमण्डल के समक्ष भारी समस्याओं को उपस्थित करेगी। मुस्लिम जनसंख्या–नियन्त्रणार्थ आवाज उठेगी। विश्वशान्ति स्थापनार्थ एवं एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लडने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संस्था सुरक्षापरिषद की निर्णयप्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और अधिक प्रतिनिधित्त्व प्रदान करने के लिए आवाज उठेगी, जिसका लाभ भारत को होगा।

जुलाई, सन् 2005 ई. से फरवरी, सन् 2006 ई. तक की ग्रहस्थिति के अनुसार भारत को अपनी सुरक्षा वयवस्था को सुदृढ करना होगा और पड़ौसी देशों से विशेष सावधान रहना होगा। क्योंकि, इन दिनों भारत विपरीत राजनैतिक परिस्थितियों से ग्रस्त अनुभव करेगा। पड़ौसी देशों में पनप रहा अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद भारत के सीमावर्ती प्रान्तों में एवं केन्द्र में भारी अवांछनीय घटनाओं को जन्म देगा। मादक पदार्थ, महजबी कट्टरवाद एवं वामपन्थी उग्रवाद से देश में अनेकत्र मृत्युकाण्ड होंगे। पाकिस्तान आतंकवादियों के लिए उपजाऊ क्षेत्र बन रहा है, नेपाल में पनप रहा माओवाद भारत में दक्षिणी भारत तक परेशानी का कारण बनेगा। भारत सरकार को इस परिप्रेक्ष्य में सख्त कदम उठाने होंगे, अन्यथा परिणाम घातक, गंभीर व दूरगामी सिद्ध होंगे।

18 जुलाई से 5 अगस्त तक गुरु अतिचारी रहेगा। बुध वक्री है। पश्चिमी एशिया, पाकिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान में भयंकर रक्तपात के समाचार मिलेंगे। इस वर्ष नेपाल से प्रचारित माओवाद की गतिविधि इतनी तीव्र हो सकती है, कि माओवादियों के मानवबम सीमावर्ती क्षेत्रों में भारी जनधनहानि का कारण बन सकते हैं। असम, नागालैण्ड में भी उल्फा विस्फोटों से जनजीवन अस्त–व्यस्त रहेगा।

जुलाई 2005 ई. से फरवरी 2006 ई. तक की गोचर ग्रहस्थिति के मुताबिक (विशेषतः 3 अक्तूबर से 7 दिसम्बर 2005 ई. की अवधि के अन्तर्गत तक त्रयोदश दिनात्मक पक्ष में) इस वर्ष सेनाधिकारी मंगल को वक्रत्त्व एवं गुरु का अतिचारी होना भारत में भयावह परिस्थितियों को जन्म देगा। इसी मध्य 22 नवम्बर को शनि का वक्र होना एवं 6 दिसम्बर को प्लूटो का धनुराशि में संचार भी अघटित घटनाओं को जन्म देगा। राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एक राष्ट्रव्यापी मंच बनाकर सत्तरूढदल के लिए सरदर्द बनेंगे। इस वर्ष नेपाल (भारत के सीमावर्ती मित्रदेश) के गृहयुद्ध की चपेट में आ जाने के योग हैं। यहां पूर्वसत्ताभोगी कोइराला की पार्टी राजशाही के उन्मूलन की प्रक्रिया में लगेगी। नेपाली कम्यूनिस्ट पार्टी मिली–जुली सरकार में भागीदार होने पर भी सिद्धान्त–भिन्नता नजर आएगी। राजशाही यहां खतरे में पड सकती है। इस प्रकार नेपाल की आन्तरिक अशान्ति से भारत का सीमाप्रान्त भी अशान्त हो उठेगा। कदाचित् कठिन परिस्थिति में नेपाल में अमेरिका का हस्तक्षेप होता है तो भारत की काश्मीर समस्या और कठिन रूप ले लेगी। अपने पडौसी देशों से सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय हितों को मद्देनजर रखते हुए अपने बल पर आतंकवाद का दलन करना होगा।

6 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2005 ई. तक शुक्र–मंगल एवं गुरु–राहु का समसप्तक योग चलेगा। शनि–मंगल का दशमचतुर्थ दृष्टिसम्बन्ध चल ही रहा है। पश्चिमी एवं दक्षिणी प्रान्तों में कहीं भारी दुर्भिक्ष से हानि होगी। कहीं यान–दुर्घटना, विस्फोट किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि का योग बनता है। इसी मध्य 27 सितम्बर से गुरु–मंगल का समसप्तकयोग शान्ति योजनाओं एवं देश में सुख–समृद्धिप्रद योजनाओं को बनाएगा।

17 अक्तूबर से 15 नवम्बर तक नीचस्थ सूर्य मंगल के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। प्राकृतिक प्रकोप से खडी फसलों को हानि होगी। उपभोग्य किंवा जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में अप्रत्याशित तेजी से जनसाधारण शासनतन्त्र से क्रुद्ध नजर आएगा। 3 नवम्बर से 15 नवम्बर तक त्रयोदश दिनपक्ष में भौमवती अमावस, मंगल वक्री एवं गुरु अतिचारी होने से एवं 29 अक्तूबर को गुरु–शुक्र का एक राशि आगे–पीछे चलना मुस्लिमराष्ट्र में कहीं भारी संघर्ष का संकेत देता है–

" यदा क्रूरग्रहो वक्री शुभश्चैवातिचारगः।
तदा भवति दुर्भिक्षं राज्ञां युद्धं परस्परम्।।"

इस समय भारत के पडौसी राष्ट्रविशेष में भी शासन में परिवर्तन, हत्याकाण्ड होंगे। इस अवधि में भारत के विशिष्ट राजनीतिज्ञों को भारी संकटापन्न स्थिति का सामना करना पड सकता है। काश्मीर आदि सीमाप्रान्तों पर सुरक्षा–प्रबन्ध सुदृढ़ रखने होंगे।

29 नवम्बर को शनि वक्री होकर संवत् के अन्त तक वक्री ही रहेगा। 24 दिसम्बर को शुक्र भी वक्री हो जाता है, 31 दिसम्बर को शनैश्चरी अमावस एवं 14 जनवरी को शनिवारी मकर संक्रान्ति होने से भारत के कुछ प्रान्तों में अराजकता एवं बिखराव से बचने का विकल्प ढूंढना सरकार के लिए कठिन हो जाएगा। वे राजनीतिक दल, जो आज राजनीतिक परिदृश्य पर प्रभावी हैं, वे भी संवत् के उत्तरार्ध में भारत में पनप रही अराजकता एवं उग्रवाद व आर्थिक विषमताओं को हल कर सकने में अशक्त अनुभव करेंगे।

2 से 25 मार्च, सन् 2006 ई. तक बुध, गुरु, शनि– ये तीनों ग्रह वक्री रहेंगे। इस मध्य 14 मार्च को चैत्र संक्रान्ति मंगलवारी है। जनता में रोगभय, उपद्रव, यानदुर्घटना किंवा प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का निधन, हत्या अथवा सत्तापरिवर्तन संभव है। प्रभु सर्वत्र शुभ ही शुभ करें– यही प्रार्थना है।

प्रमुख राजनैतिक दलों पर एक विहंगम दृष्टि

कांग्रेस– कांग्रेस पार्टी की कुण्डली में 27 अगस्त, सन् 2004 ई. को गुरुदेव के कन्याराशि में आने पर देश की सर्वोच्चसत्ता में आने का संकल्प पार्टी ने पूरा कर लिया है। क्योंकि, कर्मस्थान (केन्द्र) में गुरु की स्थिति महत्वपूर्ण मानी गई है। कांग्रेस पार्टी की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी की जन्माङ्गगत ग्रहस्थिति के अनुसार– भाग्येश बृहस्पति लगभग 12 वर्ष बाद भाग्यस्थान को 27 अगस्त, 2004 ई. से देखने लगा है। कर्मेश–मंगल छठे भाव में स्थित होकर विरोधी ग्रुप (पार्टी) को हतप्रभ करने वाला है एवं मंगल की भाग्यस्थान पर दृष्टि भी विशेष प्रभावक्षेत्र को बढाने वाली एवं कांग्रेस पार्टी की छवि को सुधारने वाली है। श्रीमती सोनिया गांधी के जन्माङ्ग में भाग्येश–गुरु की कर्मस्थान पर दृष्टि है एवं कर्मेश मंगल की भाग्यस्थान पर विशेष दृष्टि होने से ग्रहस्थिति लघुपाराशरी के अनुसार कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस अध्यक्षा के लिए विशेष गरिमामय छवि को बनाने वाली है–

" निवसेतां व्यत्ययेन तावुभौ धर्मकर्मणोः।
एकत्रान्यतरो वापि वसेच्चेद् योगकारकौ।।"

जन्माङ्ग श्रीमती सोनिया गांधी

5 · 3 चं. · ने. 6 · प्लू. 4 श. · 2 रा. सूरे. · शु. 7 गु. · 1 · बु. सू. 8 के. · 10 · 12 · 9 मं. · 11

ज.ता. 9–12–46 टा. 21–15(स्टैं.टा.)
TURIN (ITALY)

श्रीमती सोनिया गांधी जी के जन्माङ्ग में लग्नेश चन्द्र द्वादशस्थ है। यह जन्मकालिक मंगल से दृष्ट भी है, अतः शत्रुकृत चोट या कुनीति से सावधान रहना आवश्यक है, लेकिन लग्नेश गुरुदृष्ट होने से इन्हें विशेष मान–सम्मान प्राप्त होता रहेगा।

सम्माननीय डॉ. मनमोहन सिंह जी

इन्होंने शनिवार 22 मई, सन् 2004 ई. को देहली में सायं 5 घं 32 मि. पर प्रधानमन्त्री पद की शपथ ग्रहण की शपथ– ग्रहणकालीन ग्रहस्थिति आगे दे रहे हैं–

शपथग्रहणकालीन कुण्डली के अनुसार दशमभावेश चन्द्र शनि–मंगल एवं शुक्र तीन–तीन क्रूरग्रहों से आक्रान्त है। अतः गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार कांग्रेस पार्टी एवं प्रधान नेता के लिए जुलाई 2005 ई. से फरवरी सन् 2006 ई. तक की ग्रहस्थिति चुनौतीपूर्ण रहेगी। देश की आर्थिक स्थिति शोचनीय होगी। कांग्रेस सरकार कोई रास्ता तय नहीं कर पाएगी। एक अस्थिरता एवं अनिश्चय का दौर आ सकता है। भारत की अनुमानित विकास दर में कमी आएगी। कांग्रेस पार्टी एवं U. P. A. के लिए नवम्बर 2005 ई. से 5फरवरी 2006 ई. तक का समय विशेषतः कठिन है। इस अवधि में कुछ विपक्षी नेता नए समीकरण बनाकर देशहित को प्रमुख रखकर सत्तारूढ पार्टी कांग्रेस एवं U. P. A. के लिए सरदर्द बन सकते हैं।

शपथग्रहणकालीन कुण्डली में पंचमेश गुरु तृतीयभाव को विशेष दृष्टि से देख रहा है, अतः पार्टी के संगठन को मजबूत रखने की क्षमता बलवान् रहेगी। क्योंकि, शनि चतुर्थभाव अर्थात् पार्टीघटक तत्त्वों के भाव का स्वामी है एवं खलयुत है। अतः संवत् 2062 वि. का राजा शनि एवं सेनापति मंगल एकत्र चन्द्र के साथ होने से U. P. A. को एकीकृत रखना कठिन प्रतीत होता है।

सम्माननीय प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की शपथकालीन कुण्डली में उल्लिखित विषम ग्रहस्थितिजन्य कठिन परिस्थितियां प्रतीत होने पर भी एकयोग (पद–प्रतिष्ठताप्रद राजयोग) इन्हें अन्ततः सफल एवं यशस्वी अवश्य बनाएगा; वह है– त्रिकोणेश बुध का केन्द्र में राहु के साथ एकराशिसम्बन्ध। पाराशरी के अनुसार यह योग राजनैतिक दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। सभी उलझनों को पार करते हुए श्रद्धेय प्रधानमन्त्री अन्ततः अपनी पदप्रतिष्ठा को कायम रखने में सक्षम रहेंगे–

" यदि केन्द्रे त्रिकोणे वा निवसेतां तमोग्रहौ।
नाथेनान्यतरेणापि सम्बन्धाद् योगकारकौ।।"

सम्माननीय प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की जन्मङ्गगत ग्रहस्थिति के अनुसार मूलत्रिकोण का बुध उच्चस्थिति में सूर्य (भाग्येश) के साथ दशमभाव में बैठकर बुधादित्य योग बना रहा है। वर्तमान समय में राहु की महादशा में बुधान्तर चल ही रहा है। राहु तृतीय भाव में सर्वारिष्ट निवृतिकारक (सारी बाधाओं को दूर करने वाला) है–

"त्रिषडायगतो भौमः त्रिषडायगतः शनिः।
त्रिषडायगतो राहुः सर्वारिष्टान् निवारयेत्।।"

पाकिस्तान, अमेरिका, ब्रिटेन एवं अन्य राष्ट्रों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध एवं शान्ति–सम्बन्धी नीति के लिए इनके कार्य प्रशंसनीय रहेंगे। कर्मेश बुध उच्च होकर कर्मस्थान में ही नवमेश सूर्य के साथ राशिसम्बन्ध बना रहा है–"निवसेतां व्यत्ययेन तावुभौ

धर्मकर्मणोः। राजयोगावितिं प्रोक्तं विख्यातो विजयी भवेत्।।"– प्रमाणानुसार, राहु में बुधान्तर फरवरी 2007 ई. तक इन्हें (वक्री शनि एवं अस्त बुध होने से) वामपन्थी दलों द्वारा कार्यशैली में अनेक बाधाएं प्रस्तुत करने पर भी यह योग यशस्वी एवं सफलता की ओर अग्रेसर रखेगा एवं ये निष्पक्ष छवि बनाने में सफल रहेंगे। यथालब्ध कुण्डली के अनुसार ही यह लिखा गया है, सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

भारतीय जनता पार्टी– सं 2061 वि. में भाजपा की कुण्डली में अष्टमेश (मारकेश) एवं नवमेश (भाग्येश) शनि का आयेश एवं षष्ठेश (शत्रुभावेश) मंगल के साथ 17 अप्रैल, सन् 2004 ई. से 14 जून, सन् 2004 ई. तक एक साथ चलना इस पार्टी को सत्ता से अलग कर गया है– यह सर्वविदित है। 5 सितम्बर, सन् 2004 ई. से शनि कर्कराशि में आकर इस पार्टी के लिए मारकेश जैसी स्थिति पैदा कर रहा है। पार्टी के नायकों एवं पार्टी की छवि को विरोधी दल कमज़ोर करने का प्रयास करेंगे। लेकिन, कर्मेश गुरु केंद्रेश होने से यद्यपि नेष्टफलप्रदलिखा है, पुनरपि गुरु की गोचर में कर्मस्थान पर पूर्णदृष्टि है। इस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पुरानी राममन्दिर सम्बन्धी किंवा जनताजनार्दन से की गईं प्रतिज्ञाओं का स्मरण अवश्य कराएगा, पार्टी को पुनः सञ्जीवित करने व पार्टी कार्यकर्ताओं में पुनः जोश भरने का काम अवश्य करेगा। विपक्षीदल की भूमिका निभाते हुए सत्तारुढ़पार्टी को हर समय सतर्क रखने की भूमिका बरकरार रहेगी

गोचरग्रहस्थिति के अनुसार सितम्बर 2005 ई. से लेकर आगे डेढ़ वर्ष में यह पार्टी पुनः समर्थ पार्टी के रूप में उभरेगी, लेकिन आगामी राजनीतिक रणभूमि में पदार्पण करने के लिए नए समीकरण, नई नीतिनिर्माण करना अनिवार्य होगा। आगे भी अकेले रहकर सत्ता में आना भाजपा के लिए ही नहीं, किसी भी पार्टी के लिए संभव नहीं। आगामी निर्वाचनों के समय शनि सिंहराशि में होगा। हिन्दुत्व एवं मन्दिर आदि पुनः एक मुद्दा बनेंगे। उस समय गुरु तुला या वृश्चिक में रहकर इस पार्टी की प्रतिष्ठा को उजागर करेगा और पुनः सत्तापक्ष में खड़ा कर सकता है। भाजपा के प्रतिष्ठित एवं सम्मान्य पूर्वप्रधानमन्त्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी जी का स्वास्थ्य उन्हें राजनीति में सशक्त नेतृत्व प्रदान करने में रुचि न रहने देगा, स्वास्थ्य खराब रहेगा। 80 वर्ष आयु के लगभग तक भारत की राजनीति में रहकर भाजपा के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे, लेकिन राजनीति से सन्यास की तरफ प्रवृत्ति बलवती रहेगी। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार श्री वैंकैया, श्री अरुण जेटली, श्री प्रमोद महाजन एवं श्री आडवाणी इस पार्टी को चेतना प्रदान करने में समर्थ होंगे।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब–पंजाब की प्रभावराशि मीन है। मीन में राहु के साथ वक्र बृहस्पति का समसप्तक एवं गुरु पर मंगल की विशेष दृष्टि राजनैतिक दृष्टि से कुछ असन्तोष का वातावरण बनाती है। 26 मई को शनि कर्कराशि में आकर पंजाब की नामराशि कन्या को प्रभावित करेगा। 3 जून को मंगल मीनराशि में आकर यहां के कृषकवर्ग में असन्तोष एवं औद्योगिक क्षेत्र में ह्रास से शासकवर्ग के लिए चुनौतीपूर्ण वातावरण बनाएगा। पंजाब के प्रधान नेतृत्व में परिवर्तन की मांग सं. 2062 वि. के प्रारम्भ से पहले ही बल पकड़ेगी। कदाचित् यही स्थिति रही तो आगामी विधानसभा निर्वाचन में सत्तारूढ़दल को भारी हानि उठानी पड़ेगी। जुलाई 2005 ई. से 6 फरवरी 2006 ई. तक का समय रुलिंग पार्टी के लिए कठिन परिस्थितियों वाला है। कहीं विशिष्टव्यक्ति का पदरिक्त हो, जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में असन्तोष व्याप्त होगा।

हरियाणा–नामराशि मिथुन है। प्रभावराशि मीन है। मीनराशि का स्वामीग्रह गुरु 5 जून 2005 ई. तक वक्री रहेगा। इस प्रान्त के प्रधान यशस्वी मुख्यमन्त्री श्री ओमप्रकाश चौटाला महाभाग जी की जन्मराशि भी मिथुन ही है। संवत् के शुरु से ही गुरु वक्री एवं मीनरथ राहु भी वक्री चलेगा। प्रतिपक्षी विरोधी ग्रुप अधिक ज़ोर पकड़ सकता है। 26 मई को शनि मुख्यमन्त्री महोदय के योजनास्थान कर्कराशि में आकर 18 जुलाई 2005 ई. को मंगल के साथ विशेष राशि–सम्बन्ध बना लेगा। यह योग सन् 2006 ई. में फरवरी के प्रथम सप्ताह तक प्रभावी रहेगा। तात्पर्य यह है, कि– राजनैतिक दृष्टि से प्रधानशासक एवं सहयोगी वर्ग के लिए समय अनुकूल नहीं। इस अवधि में कांग्रेस पार्टी किसानवर्ग एवं जनता को विशेष प्रलोभन देकर अपने पक्ष में करने का भरसक प्रयास करेगी। प्रधान नेता को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना जरूरी है। इस संवत् में देश एवं जनता–हितार्थ नई योजनाएं, नए आयाम स्थापित करने का प्रयास कार्यान्वित होगा।

हिमाचल प्रदेश– इस प्रान्त की प्रभावराशि भी मीन ही है। नामराशि कर्क है। संवत् के प्रारम्भ में मीनस्थ राहु का मीनराशि के स्वामीग्रह गुरु के साथ समसप्तक इस प्रान्त के प्रधान नेता के लिए यश–मान–प्रतिष्ठाप्रद रहेगा। इस प्रान्त में गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारी औद्योगिक क्षेत्र का विकास होगा। यह प्रान्त निर्विवादरूप से औद्योगिक एवं पर्यटन की दृष्टि से खुशहाल होगा। केन्द्र से भारी मदद मिलेगी। सम्मान्य श्री वीरभद्रसिंह जी को इस प्रान्त के नागरिकों का सहयोग –स्नेह प्राप्त होता रहेगा। जुलाई से फरवरी 2006 ई. तक इस प्रान्त में प्राकृतिक आपदा (बादल फटना, भूकम्प, भूस्खलन किंवा यानदुर्घटना आदि) से भारी जनधनहानि का योग बनता है, भगवान् कृपादृष्टि रखें।

उत्तर प्रदेश–प्रभावराशि धनु है, नामराशि वृष है। 25 मई सन् 2005 ई. से पहिले श्री मुलायम सिंह जी अपना प्रभावक्षेत्र एवं राजनैतिक प्रभुत्त्व इस क्षेत्र पर स्थापित करने में सफल रहेंगे। जून 2005 ई. से जनवरी 2006 ई. तक इस प्रान्त में प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग बनते हैं। यहां अन्य पार्टी अभी फरवरी 2006 से पहिले विशेष प्रभाव नहीं बना पाएगी। औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति के योग हैं।

जम्मू–काश्मीर– प्रभावराशि तुला है। 23 जून 2005 ई. से शुक्र कर्कराशि में आकर शनि के साथ राशि–सम्बन्ध बनाएगा। 15 जुलाई 2005 ई. को सूर्य भी कर्कराशि में शनि के साथ मिलेगा। 18 जुलाई को मंगल मेषराशि में आकर लगातार 6 महीने से भी अधिक समय तक शनि के साथ दशम–चतुर्थ दृष्टिसम्बन्ध बनाए रखेगा। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार पाकप्रेरित आतंकवाद इस प्रान्त में भयंकर रूप धारण कर लेगा। सीमाप्रान्तों पर

सैन्यसंघर्ष बनने के योग हैं। भारत सरकार को इस तरफ से बहुत सतर्क रहना होगा। प्रधान नेता एवं मन्त्रीवर्ग के लिए यह 6 मास का समय किंवा यह वर्ष विशेष उलझनपूर्ण एवं खतरनाक है; उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड से जनमानस त्रस्त रहेगा।

भारत की जलवायु एवं वर्षा

सं 2062 वि. में बादल–वर्षा का स्वामी मंगल है एवं संवत् का राजा शनि है। दोनों क्रूर ग्रह हैं। शनि वर्षा में कमी का संकेत देता है। **"क्वचिदपि प्रचुरं जलमल्पकं क्वचिदपि प्रशमं बहुतापदम्"**– प्रमाणानुसार मंगल कहीं भयंकर बाढ़ एवं कहीं सूखा रहने का संकेत देता है। इस वर्ष **'नवमेघों'** में वायु नामक मेघ होने से भी बादल वायुवेग से दूरगामी होते रहेंगे। **चतुर्मेघों** में **'संवर्तक'** मेघ अच्छी वर्षा का संकेत देता है। इस वर्ष **जलस्तम्भ 37 प्रतिशत** होने से क्षीण है। इस वर्ष **रोहिणी का वास 'सन्धि'** में होने से वर्षा में अवरोध होगा। कहीं सूखा, कहीं खण्डवृष्टि हो। वर्षाविचार में आर्द्राप्रवेश कुण्डली का परिशीलन आवश्यक है। देखिए–

21/22 जून (सन् 2005 ई.) की मध्यरात्रि के बाद 27 घं. 19 मि. पर सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे। वर्षा पर्याप्त हो, जनता में सुभिक्ष होने से प्रगति का मार्ग प्रशस्त रहे।

आर्द्राप्रवेश कुण्डली

शु. सू. 3 बु.
1
श. 4
2
12 मं. रा.
5
11
गु. 6 के.
8
10
7
9 चं.

अब हम गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार वर्षाविचार लिख रहे हैं; जिन तारीखों में हमने वर्षा का निर्देश किया है, उन तारीखों मे वर्षा यत्र–तत्र होगी। स्थानविशेष के लिए वर्षा का विचार करने हेतु सूक्ष्म विचार की आवश्यकता होती है, जो कि– समयाभाव के कारण संभव नहीं है।

अप्रैल 10, 12, 13, 19, 22, 24, 25 और 27 को भूटान, सिक्किम, आसाम, बंगलादेश में खण्डवृष्टि के योग हैं।

मई 1, 2, 5, 8, 11, 13, 14, 16, 19, 20 को उत्तरप्रदेश के कुछ भागों में, पू. उड़ीसा, आसाम, महाराष्ट्र विशेषतः बम्बई, सिक्किम, भूटान में वर्षा के योग हैं। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। मई 25, 26, 29, 30 और जून 3 से 8 तक, 11, 14, 15 एवं 18 जून को भूटान, शिलांग, काठमण्डु में कहीं वायुवेग के साथ वर्षा हो। इसी बीच मई 23 से 26 तक हवा के ज़ोर के साथ हि. प्र., जम्मू–काश्मीर, पंजाब के तलहटी भाग में वर्षा के योग हैं।

जून 4 से 6 तक उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, आसाम, पंजाब, हरियाणा तथा हि. प्र. में भी (गुरु के मार्गी होने एवं शुक्र के आर्द्रा में आने पर) अच्छी वर्षा के योग हैं।

21 जून को सूर्य आर्द्रानक्षत्र में रात्रि के समय प्रवेश करेगा। इस समय मंगल–राहु भी जलराशि में ही हैं। अतः मुम्बई, उड़ीसा, आसाम, बिहार आदि में भयंकर बाढ़ किंवा अन्यत्र कहीं भयंकर सूखे की स्थिति बनेगी।

23 जून से 6 जुलाई तक शुक्र, बुध एवं अस्त शनि–ये तीनों कर्क (जल) राशि में चलेंगे। इस अवधि में कहीं भयंकर बाढ़ से जनधनहानि होगी, कहीं समुद्री तूफान, भूकम्प या बादल फटने आदि प्राकृतिक आपदाओं से जनधनहानि के योग बनेंगे।

जून 23 से 27 तक, **जुलाई** 5, 6, 8, 9, 16 से 21, 23, 24 एवं 27 से 29 जुलाई तक हि. प्रदेश, पंजाब, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, काश्मीर एवं समस्त उत्तरी भारत में बादल–वर्षा के योग हैं। इस समयावधि में राजस्थान, आन्ध्रप्रदेश, उडीसा, आसाम में कहीं भयंकर बाढ़ से जलथल होगा। एवं कहीं भयंकर सूखे का प्रकोप रहे।

नोट– 18 जुलाई को मंगल मेष में आकर शनि के साथ दशम–चतुर्थ दृष्टिसम्बन्ध बनाएगा। साथ ही शुक्र सिंहराशि में आकर 11 अगस्त तक सिंहराशि में ही रहेगा। सिंहराशिस्थ शुक्र वर्षा में रुकावट पैदा करेगा, बादल आएंगे और छंट जाएंगे, कहीं–कहीं मामूली बौछार हो।

अगस्त 2 से 7, 9, 10 को विशेषतः 12 से 17 अगस्त तक जम्मू–काश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हि. प्रदेश, दिल्ली एवं मध्यप्रदेश के अधिकांश भागों में वर्षा के योग हैं। दक्षिणी भारत में कहीं बाढ़ से निराशाजनक स्थिति बनेगी।

20 से 27 अगस्त तक एवं 30 अगस्त से 3 सितम्बर तक हि. प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली एवं जम्मू–काश्मीर आदि में वर्षा के योग हैं। इन दिनों कहीं आकाशी बिजली गिरने किंवा बाढ़ से भारी क्षति संभव है।

सितम्बर 6, 8, 11 से 18 एवं 22, 23, 26, 27, 29, 30, **अक्तूबर** 2 से 6, 10, 13, 17, 18, 21, 23, 25, 26, 28 एवं 30 अक्तूबर के लगभग उत्तर–पूर्वी लंका, हि. प्रदेश एवं चिरापूंजी में वर्षा के योग हैं। आसाम, बंगाल, नेपाल, भूटान में वर्षा एवं जम्मू–काश्मीर और हि. प्रदेश के उन्नतशिखरों पर वायुवेग के साथ वर्षा हो या हिमपात का प्रारम्भ हो। उत्तरी भारत में शीत अनुभव होने लगे।

नवं 6 एवं 12 से 15; **दिसम्बर** 2 से 6 एवं 9, 10, 15, 16, 17, 20, 21, 24 एवं 28 से 31 दिसम्बर तक उत्तरी भारत में भयंकर शीतलहर चलेगी एवं अनेकत्र धुन्द का वातावरण रहने से यानदुर्घटनाओं की सम्भावना होगी।

जनवरी (सन् 2006 ई.) 4, 8, 10, 11, 13, 14, 17 से 20, 24, 25, 28 एवं 31 जनवरी के लगभग वायुवेग के साथ कहीं वर्षा व बून्दाबांदी के योग हैं। काश्मीर, हि. प्रदेश में कहीं जोरदार हिमपात से हानि होगी। उत्तरी भारत ठिठुरेगा।

फरवरी (सन् 2006 ई.) में 1 से 5, 12, 13, 17 से 19 और 24, 25, 27 फरवरी को बंगाल, आसाम एवं बंगलादेश में कहीं बादलचाल, खण्डवृष्टि व बून्दाबांदी के योग हैं। **उत्तरीभारत में ज़ोरदार हवा चलेगी और मौसम में कुछ बदलाव आने लगेगा। तापमान बढ़ेगा।**

मार्च 2, 4, 5, 9, 10, 14, 17 एवं 19 से 22 तक, 24, 25 एवं 29 मार्च के लगभग उत्तरीभारत में गर्म हवा का बहाव अनुभव होगा। मध्यप्रदेश, बंगाल, भूटान, सिक्किम, आसाम में कहीं वायुवेग के साथ वर्षा होगी, लेकिन उत्तरीभारत में मौसम खुश्क रहेगा एवं तापमान ऊंचा उठेगा।

पाठको ! आतर्क्य भविष्य देखने की क्षमता तो इस कलियुग में कठिन ही है। पुनरपि, ज्योतिष विज्ञानदृष्ट्या एवं श्रीप्रभुकृपावशात् राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय, जो शुभाशुभ घटनाएं मेरी अल्पविषया मति में प्रस्फुरित हुईं हैं, आपके समक्ष उपस्थित कर दी हैं। आगे 'कर्तुमकर्तुमन्यथा कर्तुम् समर्थ' भविष्य के निर्धारक तो स्वयं प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल मायाशक्ति के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ की भविष्यलेखन में प्रवृत्ति बाल–चापल ही तो है–

"तत्त्वं चात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।"

शुभचिन्तक–
इन्दुशेखर शर्मा,
श्री मार्त्तण्ड भवन,
मु.पो. कुराली, रोपड़(पंजाब)।
PIN - 140 103
Phone- 0160. 2641 277 FAX- 0160.2641577

[लेख पूर्ण होने की तिथि– सितम्बर 6, सन् 2004 ई.]

आभार प्रदर्शन

हमारे परम सहयोगी मित्रवर ज्ञानी श्री करतार सिंह जी 'गढ'

(मालिक, कंवल फोटोस्टेट, चौक माता रानी, कुराली PH. 0160-2641274)

ज्ञानी श्री करतार सिंह जी विगत १३ वर्षो से हमारी 'शिरोमणि तिथपत्रिका' (पंजाबी) और 'श्री मार्त्तण्ड आलम जन्त्री' (उर्दू) के अनुवाद, पाण्डुलिपि-लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का श्रमसाध्य पूरा कार्य अत्यन्त आत्मीयभाव, तन्मयता, परिश्रम तथा निःस्वार्थभाव से करते चले आ रहे हैं; जिससे ये दोनों प्रकाशन प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर समृद्ध कलेवर में हमारे पाठकों को उपलब्ध होने लगे हैं। अब तक **श्रीमार्त्तण्डपंचांग** (हिन्दी) की ही संस्कार-समृद्धि की ओर हमारा अधिक झुकाव रहा । अत एव ज्योतिष से सम्बद्ध विशेष लेखमाला तथा अन्य ज्ञानवर्धक स्तम्भ हम इसी (हिन्दी) पंचांग में प्रकाशित करते रहे हैं। उर्दू एवम् पंजाबी की इन जन्त्रियों में ऐसे लेख एवम् स्तम्भों को समाविष्ट करने से, हम अनुवाद आदि के लिए समय की कमी के कारण, आज तक कतराते रहे हैं । लेकिन अब **प्रियमित्र ज्ञानी करतार सिंह** जी की हमसे निःस्वार्थ घनिष्ठता एवम् उर्दू-पंजाबी भाषाओं में इनकी प्रशस्य दक्षता के कारण इन दोनों प्रकाशनों को भी हम ऐसे लेख-स्तम्भों से श्री मार्त्तण्डपंचांग की ही भान्ति अलंकृत करने में अपने आप को समर्थ पा रहे हैं। विगत कुछ वर्षो से दिए जा रहे नए-नए आकर्षक, ज्ञानवर्धक विषयों से वर्धमान कलेवर वाली **'शिरोमणि तिथपत्रिका'** का श्रेय आपको ही है। इन उर्दू-पंजाबी जन्त्रियों के अनुवाद आदि के भारी उत्तरदायित्व को पूरी तरह निभाते हुए आप जैसे-तैसे समय निकालकर हिन्दी के श्रीमार्त्तण्डपंचांग की प्रूफ-रीडिंग आदि में भी हाथ बंटाने में हर्ष अनुभव करते हैं। अपने प्रति इस निःस्वार्थ सौहार्दातिशय के लिए हम सभी हृदय से ज्ञानी जी के ऋणी है । आप अपने व्यस्त जीवन के क्षणों में भी हमारे लिए प्रचुर पर्याप्त समय सहर्ष निकाल लेते है । आपके इस सौहार्दभरे स्पृहणीय सहयोग से हमारा प्रकाशन-कार्यभार काफी कुछ हल्का हुआ है। एतदर्थ हम आपके प्रति विनम्रतापूर्वक आभार प्रकट किए बिना सचमुच नहीं रह सकते।

आपका सहयोग भी हमारे लिए कम महत्त्वपूर्ण नहीं है

श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली के प्रबन्धक, हमारे पूज्य पिताजी के प्रियशिष्य, हमारे अनुजकल्प ***चि. प्रेमचन्द्र शर्मा;*** चि. ***श्रीकृष्णशर्मा,*** M.A. (संस्कृत), वेदाचार्य, साहित्याचार्य, ***चि. दिलबाग शर्मा*** सुपुत्र **श्री रामचन्द शर्मा, ग्राम एवं डा. सिनन्द (कैथल- हरि.) तथा नालाबलोग (पंचकूला) के निवासी** ***चि. सुरेशानन्द शर्मा,*** बी.ए., सुपत्र **श्री सुन्दरराम शर्मा** भी 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' (हिन्दी) की पाण्डुलिपि लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का काम बड़ी तत्परता, सावधानी, अपनापन और आदरभाव से करते हैं। इस पंचांग के प्रकाशनकार्य का हमारा भार इन युवाओं के स्वत्व भरे उत्साहपूर्ण सहयोग से हल्का हुआ है। एतदर्थ इनके निरन्तर प्रगतिमय, परमोज्जवल भविष्य के लिए हमारा इन्हें सस्नेह–आशीर्वाद है।

संपादकमण्डल

व्यापार-विमर्श

(संवत् 2062 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं में आने वाली तेजी एवम् मन्दी का मासिक विवरण)

लेखक :– इन्दुशेखर शर्मा-संयमी शर्मा,

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियंत्रण है, सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं ग्रह की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तुओं में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाजारों में घटा–बढ़ी होती है, जिसे हम ' तेजी–मंदी ' कहते हैं। व्यापारी 'तेजी–मन्दी'– इन दो शब्दों से अपने भाग्य को आजमाता है। परन्तु मनुष्य का भाग्य कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक आर्थिक स्थिति को कभी बिगाडता है तो कभी सुधारता है। रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य को समाज में कभी ऊपर उठाता है तो कभी नीचे गिराता है – " चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः "। कहने का तात्पर्य यह है कि, जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिए डूबा ही रहेगा–यह धारणा भ्रामक है। व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार–चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको कब शीघ्र उत्तम धनलाभ हो जाए। जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते, वे शीघ्र ही डूब सकते हैं । व्यापार तो किस्मत के सिकन्दर का ही प्रत्यक्ष साथ देता है। अतः किसी भी तरह का व्यापार करने से पहिले आप पत्राचार द्वारा या प्रत्यक्ष मिलकर ग्रहस्थिति पर विचार करा लें, विश्वास रखें, ग्रहस्थिति के आधार पर किए गए व्यापार से आप हानि में न रहेंगे। आप भारी हानि से भी बच सकते हैं।

जीवन में ग्रहस्थिति के प्रभाव का अध्ययन करने से यह निःसन्देह सत्य सिद्ध हो चुका है, जितना लाभ आपको होना है, उतना ही होगा, अधिक नहीं "यदस्मदीयं नहि तत्परेषाम्" अर्थात् जो मेरा है, वह मिलेगा ही, उसे और कोई नहीं ले सकता । अतः जीवन पर ग्रहों का संकेत समझकर ही व्यापार करना बुद्धिमत्ता है।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्याशित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है । हानिप्रद ग्रह से संबंधित वस्तु का व्यापार न करें। वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद हैं, उन ग्रहों के अधिकारक्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें, तभी आप लाभ ले सकेंगे।

हाजर एवं वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारिक जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां व्यापार–विमर्श में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेजी–मन्दी का मशवरा देते हैं, व्यापारियो ! निराश न हों । हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे ।

संवत् 2062 में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेप्च्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युति–प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि, इस साल व्यापार जगत् में विशेष लम्बे तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन्ज़ आएंगे। इस वर्ष गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन एवं रुई में विशेष लाभ के चांस हैं, तुरन्त फीस भेजकर टेलीफोन से सम्पर्क स्थापित करें । विदेशी व्यापारी पत्र द्वारा या टेलीफोन द्वारा सम्पर्क स्थापित करें, उत्तर मिलेगा। कहने का तात्पर्य है, कि– इस वर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं । अतः प्रत्यक्ष मिलकर या वर्षभर की फीस भेजकर टेलीफोन के जरिये समय–समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उतम लाभ प्राप्त करें। व्यापार–विमर्श लेख में जिस जगह हम ताजा मशवरा हासिल करने की बात लिखते हैं , वहां व्यापारी अगर प्रत्यक्ष मिलकर मशवरा लें, तो अच्छा रहे । 'व्यापार–विमर्श 'लेख में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को प्रतिवर्ष बाजारों के उतार–चढ़ाव से सावधान करते रहे हैं ।

सं. 2046 वि. में चना के व्यापारी हमारे परामर्श से भारी लाभ उठा चुके हैं । सरसों, तेल, तिलहन में तेजी से सं. 2048 वि. में तो जो व्यापारी हमारे संपर्क में रहे, लाखों का लाभ उठा गए। हमने तेल, सरसों, बिनौला, अलसी, सूरजमुखी, मूंगफली एवं रुई में अपने व्यापारियों को भयंकर तेजी बताई थी, उस साल व्यापारियों को हमारे परामर्श से छः गुणित लाभ प्राप्त हुआ। सं. 2049 वि. में तेल, घी एवं शेयरों के बाजार में जो उथल–पुथल हुई– उसका खुलासा हम निजी व्यापारियों को देते रहे हैं । सं. 2052–53 वि. में रुई एवं दालवाना के व्यापारी हमारे साथ मशवरा करके लाखों रुपये का लाभ प्राप्त कर चुके हैं ।

सं. 2054 वि. में सरसों के व्यापारी हमारे ताजा मशवरे से भारी हानि से बचे एवं गुड़ के व्यापारी लाखों कमा गए। सं. 2055 वि. में तेल के व्यापारी

24 अगस्त तक 5450/-- तेल के भाव में सौदा सैटल करके पूरा लाभ ले गए। सं. 2056-57 वि. में तेल, गुड़, सरसों, सोना-चांदी एवं अनाजों के व्यापारी हमारे मशवरे से विशेष लाभ प्राप्त कर चुके हैं । संवत् 2060 में वायदा व्यापारी एवं हाजर का काम करने वाले व्यापारी दालवाना, सरसों एवं ग्वार में पहले भयंकर तेजी से और बाद में आश्चर्यजनक लगातार मन्दे से भरपूर लाभ हमारे ताजा मशवरे से उठा चुके हैं। आगे भी व्यापारियों से अनुरोध है, कि- व्यक्तिगतरूप से आकर व्यापारिक जानकारी लेने में भारी लाभ ले सकेंगे। दूर-दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आएं या एक मास की फीस एक जिन्स के लिए 500 रु. भेजकर टेलीफोन से ही तेजी-मन्दी जान सकेंगे।

इस वर्ष हम अपने व्यापारियों (जिन्होंने 500 रु. प्रति मास प्रति जिन्स के हिसाब से फीस जमा करवाई है) को टेलीफोन पर सं. 2062 वि. में ग्रहों के वक्रमार्ग, युति, गति के अनुसार तेजी--मन्दी की विशेष लाइनों का संकेत देंगे, साथ ही सामयिक तेजी-मंदी का विवेचन भी करेंगे । व्यापारियों से निवेदन है, कि वे निम्नांकित हिदायतों को ध्यान में रखकर, अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए सम्पादक/लेखक जिम्मेदार न होंगे।

नोटः- वायदा व्यापार या हाजर सौदा के व्यापार की लाईन अगर लिखे या बताए गए विचार के विपरीत चले तो तुरन्त सौदा काटकर नुक्सान से बचें, तुरन्त प्रत्यक्ष मिलकर या टेलीफोन से ताजा मशवरा हासिल करें। नीचे लिखे 'वायदा व्यापारियों के लिए हिदायतें' को ध्यान में रखकर व्यापार करें। फिर भी किसी प्रकार के नुक्सान (हानि) की जिम्मेदारी हम नहीं लेते । अर्थात्- व्यापार में हानि होने पर हम जिम्मेदार न होंगे ।

-: वायदा व्यापारियों के लिए हिदायतें :-

(1) सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितना साधारणतया हानि उठाने का सामर्थ्य हो। (2) सदैव याद रखो, कि वायदा व्यापार में नुक्सान की लिमिट बांधकर काम करें, ज्यादा नुक्सान व घबराहट से बच जाओगे, कम नुक्सान में सौदा काट देना अक्लमन्दी है। (3) व्यापार करते समय ध्यान रहे- कि सबसे पहले अपने मन में व्यापारिक आधार के साथ-साथ ग्रहगति के आधार पर निर्णय कर लें कि यह समय इस वस्तु में मोटी तेजी का है या मोटी मन्दी का ? मन में यह धारणा बांधकर बाजार का रुख देखें। यदि व्यापार की लहर तेजी की चल रही हो तो हमारे परामर्श से तेजी का व्यापार करके लाभ उठावें।

(4) यदि योग भी मन्दे का हो और बाजार में मन्दे के मोटे कारण भी दिखाई देने लगें एवम् व्यापार के वक्त भी बाजार का रुख मन्दे का हो, तो ऐसी स्थति में हर बढ़े भाव में बचाव करते रहिए, थोड़ा सौदा काटकर नफा से सुलटते रहिए। (5) व्यापार की लहर तेजी की है या मन्दी की- यह जानने के लिए खास वस्तु के भावों को देखना चाहिए। यदि उस वस्तु में हर तीसरे-चौथे-आठवें दिन मन्दी के या तेजी के नए-नए भाव आते चले जाएं, जैसे-तीसरे दिन नया भाव मन्दी का आवे तो जान लो, कि उस वस्तु में अब मन्दे की लहर चल रही है, उछाल में बेच दें। (6) यदि मन्दी के भाव छूटते चले जाएं और तेजी के भाव तीसरे या चौथे दिन नए-नए बनते जाएं तो समझ लें कि तेजी की लहर चल रही है, ऐसे समय जब ग्रहचाल से भी तेजी नजर आए तो तेजी का व्यापार करके प्रायः लाभ उठाया जा सकता है। (7) बाजार के खिलाफ कभी काम न करें। मान लो, आपने तेजी का काम किया, उधर सौदा करते ही मन्दे की लहर चल रही है तो किसी भी समय तेजी का उछाल आते ही सौदा खत्म कर दो, बड़े नुक्सान से बच जाओगे।

हमेशा ग्रहयोग को आधार मानकर और बाजार के रुख को ध्यान में रखते हुए अपनी पाराशरी शुभदशा में व्यापार से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है। इसके विरुद्ध खोटी ग्रहस्थिति वाले व्यापारियों को वायदे का व्यापार भूलकर भी नहीं करना चाहिए, भारी हानि हो सकती है। सट्टा तो सितारे का साथी है, अतः समयानुसार पत्र द्वारा अपनी दशा के अनुसार हमारे सुझावों द्वारा लाभ उठा सकते हैं।

आगामी मास वायदा व्यापार में तेजी का रहेगा या मन्दे का-यह जानने के लिए अनुभूत प्रकार

(व्यापारी बन्धुओं की सुविधा के लिए यह अनुभूत विधान पहली बार दे रहे हैं;- व्यापारी इस विधि से लाभ उठा सकेंगे- हम प्रतिवर्ष व्यापारियों की सुविधा के लिए ऐसा ही अनुभूत प्रकार दिया करेंगे; आशा है, व्यापारी बन्धु लाभ लेंगे।)

व्यापारिक वस्तुओं में कब कितना उतार-चढ़ाव आएगा;- यह जानने के लिए हमने खास-खास ग्रहों की गति एवं गत्यन्तर के प्रभाव का परीक्षण किया है,- अनुभव में काफी आश्चर्यजनक सही परिणाम उपलब्ध हुए हैं। इस पर और चिन्तन की आवश्यकता है, कुछ वर्षों बाद इसका विश्लेषण हम आपके समक्ष प्रस्तुत करेंगे। लेकिन इस वर्ष व्यापारी बन्धुओं के हितार्थ मासिक तेजी-मन्दी जानने के लिए एक ''सौराष्ट्रीय विधि'' यहां लिख रहे हैं; जो कि अनुभव में बहुत हद तक सही उतरी है। यह विधि कुम्भ एवं मीन के चन्द्र (यानी पंचक नक्षत्र) के आधार पर ही स्थित है।

जिस महीने में जिस वस्तुविशेष की तेजी मन्दी जाननी हो, उस वस्तु के ऊँचे से ऊँचे और नीचे से नीचे भाव कुम्भस्थ चन्द्र से लेकर मीन के चन्द्र (अर्थात् पंचकों के प्रारम्भ से पंचकों के अन्त) तक सही-सही नोट कर लें। फिर उनमें जो ऊँचे से ऊँचा भाव हो, उस भाव में से पंचकों में नीचे से नीचे भाव को घटा कर अन्तर निकाल लें। यह अन्तर पंचकों में आए ऊँचे से ऊँचे भाव में जोड़ने पर जो भाव बने वही भाव उस मास में आगामी पंचकों की समाप्ति तक ऊँचे से ऊँचा भाव होगा। फिर वही अन्तर नीचे से नीचे भावों में से घटाने पर जो भाव प्राप्त होगा, वह उस मास में नीचे से नीचा भाव होगा।

यदि पंचकारम्भ में चन्द्रमा किसी वक्री व क्रूर ग्रहों से युत व दृष्ट हो तो उन ग्रहों के बलाबल के अनुसार जिन्स का भाव दोगुणा या तीनगुणा तक बढ़ जाता है। चन्द्रमा पंचकों में सौम्यग्रहों से युत व दृष्ट हो तो वही अन्तर द्विगुण-त्रिगुण नीचे भी आ सकता है-यह ध्यान कर लें।

संवत् 2062 वि. में ग्रहस्थिति के अनुसार तेजी-मन्दी

संवत् 2062 वि. में तेजी-मन्दी का सुविस्तृत विवरण देने से पहिले हम इस संवत् के नाम, वर्ष के राजा, मन्त्री, धान्येश, सस्येश एवं रसेश का व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ता है- संक्षेपेण यहां दिग्दर्शन करा देना प्रासंगिक समझते हैं।

संवत् 2062 वि. का नाम ' विलम्बी ' संवत्सर है।

"विलम्बि - वत्सरे भूपाः परस्परं विरोधिनः।
प्रजापीड़ा त्वनर्थत्वं तथापि सुखिनो जनाः।।"

अर्थात्- "देश में राजनीतिज्ञ परस्पर असहयोग किंवा विरोध का प्रदर्शन करें, राजनीतिक प्रक्रिया सुचारु रूप से न चले। प्रजा में असन्तोष, परेशानी एवं अनर्थकारी घटनाएं घटित हों, पुनरपि जनता सुख का अनुभव करे।" स्पष्ट है, कि- इस वर्ष राजनैतिक कुचक्र में फंसा व्यापार अवश्य प्रभावित होगा।

संवत् 2062 वि. का राजा शनि होने से वर्षा की कमी रहेगी। शासकों में परस्पर विचार न मिलें, परस्पर राजनीतिक अन्तर्द्वन्द चलता रहे। कहीं युद्ध की विभीषिका से अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हो। कहीं अकाल की स्थिति बने, जनता अपने घर छोड़कर अन्यत्र जाने के लिए विवश हो।

इस वर्ष का मन्त्री बालग्रह बुध है; जनता राजनीतिक वाद-विवाद में उलझे। जौ, चना, मसूर आदि अनाज मंहगे हों। इस वर्ष सस्येश शनि जौ, चना, दालवाना, गेहूं आदि फसलों में हानि का संकेत देता है। धान्येश गुरु चावल (धान) एवं जीरी की अच्छी उपज से राईस शैलर वालों के लिए शुभ संकेत देता है।

सं. 2062 में बादल-वर्षा का स्वामी मंगल है, जो कि कहीं वर्षा की भारी कमी एवं कहीं बाढ़ से भारी विनाश का संकेत देता है। दिशाविचार से आसाम -उड़ीसा, महाराष्ट्र आदि में भारी **बाढ़ से विनाश एवं अकाल की स्थिति** का संकेत मिलता है।

संवत् 2062 वि. में शरत्सस्य जातक कुण्डली के अनुसार सूर्य-शुक्र वृषराशिस्थ हैं, अतः मक्का, जीरी, गन्ना, चावल, मूंग, ज्वार, बाजरा, अरहर, कपास एवं तिल आदि की फसल अच्छी होगी; इनमें विशेष तेजी का संचार नहीं होगा।

ग्रीष्म सस्यजातक कुण्डली के अनुसार सूर्य से छठे मंगल, सप्तमभाव में उच्च चन्द्र है। मंगल के स्वराशिस्थ एवं गुरु से दृष्ट होने पर खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। गेहूं, जौ, चना, दालवाना एवं सरसों आदि तेलवाना की फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से हानि पहुंचेगी एवं उक्त वस्तुओं में मंहगाई से जनता में असन्तोष पैदा हो। **ध्यान दें-** शारदीय सस्य गेहूं (कणक), जौ, चना आदि की फसल बहुत अच्छी नजर आने पर भी झाड़ आधा पल्ले पड़ेगा; ऐसा ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है।

नवमेघ एवं चतुर्मेघ विचार से इस वर्ष कुछ भागों में वर्षा की भारी कमी अनुभव होगी, कहीं अकाल की स्थिति बनेगी। धान की फसल को विशेष हानि हो।

*ग्रहों के वक्रमार्ग, युति-प्रतियुति के अनुसार इस वर्ष चावल, गेहूं, चना, दालवाना, रुई, नरमा, ग्वार, मैंथा, मैंथा ऑयल, सोना-चान्दी एवं तेल, तिलहन में तेजी-मन्दी के भयंकर रिएक्शन आएंगे। हमारा व्यापारियों से अनुरोध है, कि- **टेलीफोन नं. 0160-2641277** पर समय निश्चित करके प्रत्यक्ष मिलें या **पांच सौ रु. (Rs-500/-)** प्रतिमास एक जिन्स के हिसाब से फीस जमा करवाकर टेलीफोन से तेजी-मन्दी के बारे में चांस प्राप्त करें।*

अप्रैल

मास के आरम्भ में अलसी, एरण्ड, सरसों, मूंगफली, लहसुन, गेहूं, जौ, चना, चावल तेज रहेंगे। रुई, कपास, चांदी, चन्दन, गुड़, खाण्ड एवं शक्कर

में कुछ मन्दे का वातावरण रहेगा। 3 अप्रैल को गुरु हस्त नक्षत्र के तीसरे चरण में प्रवेश करेगा। ध्यान दें,– इस समय गुरु केतु के साथ कन्याराशि में वक्री चल रहा है; केतु तो स्वभावतः वक्री ही रहता है। इस समय तिलहन में विशेष मन्दे का दौर चलेगा। शनि के पुनर्वसु के तीसरे चरण में आने पर एवं वक्री बुध के पूर्व में उदित होने पर 5/6 अप्रैल के लगभग रुई में मन्दे के बाद कुछ दिनों में अच्छी तेजी आने के आसार हैं। घी, तिल, लालमिर्च, गेहूं, चना आदि में तेजी का ही वातावरण रहेगा। इस समय तिलहन मे अचानक तेजी का रिएक्शन आ सकता है। 9 अप्रैल तक बाजार में मध्यममानेन तेजी का ही रुख रहेगा।

10 अप्रैल को रविवारी चन्द्रदर्शन एवं शुक्र का मेषराशि में प्रवेश जौ, चना, गेहूं आदि अनाज एवं घी में तेजी करे। सोना, चांदी में विशेष तेजी का झटका आएगा; गुड़, शक्कर, पाट, बारदाना आदि में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। तिल, तेल, सरसों एवं एरण्डी के तेल में कुछ मन्दा बने।

12 अप्रैल को बुध मार्गी होगा। बुध राहु के साथ मीन राशि में गुरु से दृष्ट है; इस पर शनि की दृष्टि भी है। रुई में पहले मन्दी होकर, तुरन्त तेजी बने। चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी; 8 दिन में गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज हों। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित चीजें मन्दी हों। रसकस मन्दे; सोना तेज रहे।

13 अप्रैल को सूर्य मेष राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। तेल, तिलहन, सोना, चांदी, लोहा–तांबा, लालचन्दन, नारियल, बादाम, रुई, घी, शक्कर, गुड़, खाण्ड, सुपारी, हींग, सूत, कपड़ा, मेथी, लौंग, इलायची में तेजी बनेगी। गेहूं, चावल, उड़द, मूंग, अरहर, चना, जौ, मटर आदि मन्दे हों।

14 अप्रैल को नेप्च्यून धनिष्ठा 1 में आएगा। इस समय मकर राशि में स्थित मंगल भी धनिष्ठा 1 में ही चल रहा है। नेप्च्यून ग्रह विशेषतः रुई, कपास, तेलवाना एवं गुड़–खाण्ड के बाजारों पर अपना विशेष प्रभाव दिखाता है। इस समय यह मंगल के सम्पर्क में है, अतः रुई, कपास, तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड एवं सोना–चांदी में विशेष तेजी करेगा। वायदा व्यापारी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

(14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक वायदा बाजार तेज रहेंगे।)

21 अप्रैल को शुक्र भरणी नक्षत्र में आकर तेल, तिलहन, सोना, चांदी, घी, लालमिर्च में मन्दा करे; अनाजों में घटाबढ़ी एवं रुई में तेजी करेगा।

22 अप्रैल को मंगल अपने शत्रुग्रह शनि की राशि कुम्भ में प्रवेश करेगा, बृहस्पति की दृष्टि से निकल जाएगा। इस समय रुई और चांदी के बाजारों में जोरदार उठा–पटक होगी। गेहूं आदि अनाजों किंवा गुड़, खाण्ड, सोने में तेजी होगी।

25 अप्रैल को शुक्र का उदय पश्चिम में होगा। घी, खाण्ड मन्दे होंगे। रुई, वस्त्र, सूत, सण, सोना, चांदी, तिल, चावल में तेजी बनेगी।

(22 से 26 अप्रैल तक बाजारों में तेजी का रुख रहेगा।)

27 अप्रैल को सूर्य भरणी में एवं बुध रेवती में आएगा। केसर, मजीठ, कुसुम्भ, लालचन्दन, गेरु, लालमिर्च, सोना, ताम्बा, मूंगा, पीतल के बर्तन, गेहूं, जौ, चना, चावल, मोठ, अलसी, रुई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी में तेजी। रसकस में कुछ मन्दा बने।

(27 से 30 अप्रैल तक वायदा बाजारों में तेजी का वातावरण रहेगा। लेकिन गुड़, खाण्ड, घी, तिल, तेल, सरसों के बाजार कदाचित् नीचे भी जा सकते हैं, ताजा मशवरा प्राप्त करें।)

मई

1 मई को मंगल शतभिषा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। अनाजों में कुछ मन्दा बनेगा; रुई, सोना, चांदी के भाव पहले मन्दे होकर बाद में शीघ्र ही तेज होंगे। **मन्दा आने पर खरीदें; तेजी आने पर अच्छा लाभ मिलेगा।**

2 मई को गुरु हस्त 2 में तथा शुक्र कृत्तिका में प्रविष्ट होगा। **ध्यान दें– गुरु वक्री ही चल रहा है।** रुई, गुड़, खाण्ड, अलसी, सरसों शक्कर, घी, तेल, सोना, चांदी, मोती, गेहूं, चना, चावल, हींग, हीरा, मणि आदि जवाहरात में मन्दा होगा। **इस समय तिलहन के व्यापारी मन्दे का काम करें तो अच्छा लाभ मिलेगा।**

5 मई को शुक्र वृष राशि में आकर बृहस्पति की नजर में आ जाएगा। इस समय बाजार के रुख को देखें; यदि तेजी का बाजार हो तो जोरदार तेजी चलेगी, यदि बाजार मन्दे में चल रहे हों तो जोरदार मन्दा बाजारों में चलेगा– यह विचारकर ही वायदा बाजार में काम करें। क्योंकि, अकेला बुध जोरदार मन्दा करता है, इस समय बृहस्पति की इस पर नज़र भी है। इस समय जोरदार मन्दा या जोरदार तेजी बनेगी। हमारा विचार इस समय मन्दे का है, फिर भी बाजार का रुख देखकर काम करें। शुक्र का सब से ज्यादा प्रभाव चांदी–सोने के बाजार पर अनुभव हुआ है, अतः रुई, कपास, सोना, चांदी, सूत, गुड़, खाण्ड, पाट, बारदाना एवं तिलहन में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। हमारे विचार से अच्छा मन्दा बाजारों में बनेगा। इस समय अनाजों में भी मन्दे का रुख रहेगा।

(1 से 7 मई तक बाजारों में मन्दा प्रधान रहेगा।)

8 मई को बुध अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में प्रवेश करके सूर्य के

साथ मेल करेगा। सूर्य के साथ बुध तेजी कारक हो जाता है। बुध बालग्रह होने से जैसे भी ग्रह के सम्पर्क में आता है, वैसा ही असर करना शुरु कर देता है। इस समय सूर्य के साथ इसकी तेजी की क्षमता बढ़ गई है। अफवाहों का प्रभावी ग्रह बुध ही माना जाता है। झूठी-सच्ची अफवाहों से बाजारों में घटाबढ़ी चलती है। रुई, कपास, तेलवाना, पाट, बारदाना, हल्दी के बाजारों पर इसका प्रभाव विशेषरूप से पड़ता है। मेष राशि का बुध गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूंग, मोठ में तेजी करेगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल एवं चान्दी में यद्यपि मन्दे का संकेत देता है, लेकिन सूर्य के साथ मेल होने से हम तेजी की ही धारणा रखते हैं। 9 मई चन्द्रवार को चन्द्रदर्शन सोना-चांदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दा; वस्त्र, सूत में तेजी करे एवं जूट व शेयरों में मन्दे के बाद तेजी बनाएगा। रुई में पहले मन्दा, फिर तेज़ी एवं अन्त में फिर मन्दा बने। मूंग, उड़द, मोठ एवं तिल में भी तेजी का ही रुख रहेगा।

11 मई को सूर्य कृत्तिका में दाखिल होगा। 15 दिन में घी, रुई, सोना, चान्दी, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल, राई एवं सरसों में तेजी बनेगी। 13 मई को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में आकर चान्दी-सोना आदि धातु; अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड, खाण्ड, दाख, छुहारा, नारियल, सुपारी एवं ऊन में मन्दा करेगा; अफीम तेज रहेगी।

14 मई को सूर्य वृषराशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा एवं इन पर बृहस्पति की दृष्टि भी रहेगी। ध्यान दें- 14 मई को ही वक्री प्लूटो ज्येष्ठा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में एवं वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगा। प्लूटो 21 वर्ष बाद राशि परिवर्तन करता है। वृश्चिक राशि का स्वामीग्रह मंगल है, प्लूटो में भी मंगल ग्रह जैसी ही विशेषताएं देखी जा रही हैं; मंगल भूमिपति एवं युद्धप्रिय है, **प्लूटो भी युद्धप्रिय एवं असाधारण घटनाओं को जन्म देता है। वृश्चिकराशि में प्लूटो भारत किंवा अन्यत्र अघटित घटनाओं को जन्म देगा, जिससे व्यापारजगत् प्रत्यक्षतः प्रभावित होगा। इस समय तेल, तिलहन, रुई, कपास, जूट, सोना-चांदी एवं शेयर बाजारों में जोरदार तूफान आएगा। बाजार तेजी की तरफ बढ़ने लगेंगे।** सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों आदि में तेजी बनेगी। प्लूटो के साथ सूर्य-शुक्र का समसप्तक अच्छी तेजी का संकेत देता है। ताजा मशवरा प्राप्त करें- उत्तम लाभ होगा।

16 मई को बुध भरणी में आएगा एवं 19 मई को नेप्च्यून वक्री होगा। चावल, गेहूं आदि अनाजों में 8 दिन में तेजी बनेगी। शनि के क्षेत्र में नेप्च्यून होने से रुई, कपास, तेलवाना, गुड़, खाण्ड में विशेष तेजी का योग है- सावधानी से काम करें।

20 मई को मंगल पू. भा. में आएगा। तिल, तेल, मूंगफली, एरण्ड, अलसी, नारियल, सुपारी, रुई, सूत, कपास एवं सोना-चांदी में तेजी बने। 23 मई को बुध अस्त होकर कृत्तिका नक्षत्र में प्रवेश करेगा। बुध मेषराशि में स्थित है, गुरु से पूर्ण दृष्ट है। अतः यह योग मन्दीकारक है। चान्दी, अनाज, घी, अफीम में खास घटाबढ़ी होकर मन्दी हो। अनाज में तेजी का रुख रहे। रुई में घटाबढ़ी होकर तेजी बने। (पहले तेज, बीच में मन्दी, अन्त में फिर तेजी बने।) सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो।

(नोट- 14 से 23 मई तक वायदा बाजारों में उत्तम-मध्यमरूप से तेजी चलेगी। मन्दा आने पर खरीदें, अच्छी तेजी में सौदा सैटल करके लाभ लेते रहें।)

24 मई को शुक्र मृगशिर नक्षत्र में आता है। गेहूं, चना, ज्वार में मन्दा; गुड़, खाण्ड एवं शक्कर में तेजी बनेगी।

25 मई को सूर्य रोहिणी में, बुध वृष में एवं यूरेनस शतभिषा 4 में प्रविष्ट होगा। **नोट करें- बुध अतिचारी है, सूर्य की सन्निधि में है एवं मंगल की इन पर विशेष दृष्टि भी है।** तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, वस्त्र, सण, सुपारी, मिर्च एवं रुई में तेजी रहे। चावल, खाण्ड, घी, लौंग एवं करयाणा में तेजी रहे।

26 मई को शनि पुनः कर्क राशि में आ रहा है। साथ ही राहु रेवती 3 में एवं केतु चित्रा 1 में प्रवेश करेगा। रुई, कपास, गुड, खाण्ड एवं अनाजों के भाव तेज रहेंगे। अलसी, तिल, तेल, तिलहन, सोना, चान्दी मन्दे रहें।

29 मई को शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, बारदाना, तिलहन, चान्दी में अच्छी घटाबढ़ी का योग है। अकेला शुक्र बाजारों को मन्दे की तरफ धकेलता है; अतः विचारपूर्वक काम करें। हमारे चिन्तन के अनुसार रुई, कपास, सूत, वस्त्र, पाट, बारदाना, एरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर एवं ग्वार आदि में काफी मन्दी बन सकती है। अलसी, गुड़, घी में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। गेहूं, जौ, चना, चावल में कुछ तेजी का रुख रहेगा।

30 मई को बुध रोहिणी में दाखल होगा। बुध अतिचारी है। 8 दिन में रुई, कपास, सूत, सोना, चान्दी, तिल, तेल, सरसों चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी दिखाई देगी। राई, तूअर, सण, ऊनी व रेशमी वस्त्र मन्दे होंगे। रुई मे तेजी के बाद मन्दा बने।

(नोट- 26 से 31 मई तक बाजारों में जोरदार मन्दे के अस्थायी रिएक्शन आ सकते हैं; मन्दे में खरीदें एवं तेजी में माल फरोख्त करके लाभ लेते रहें।)

जून

3 जून को मंगल मीन राशि में दाखल होगा। मीनराशि में राहु पहले ही स्थित है। इन पर वक्र बृहस्पति की दृष्टि भी है। रुई, सोना, इमारती लकड़ी तेज हों। चान्दी में घटाबढ़ी चले (पहले मन्दी, फिर तेज रहे)। 4 जून को शुक्र आर्द्रा में आकर गेहूं आदि अनाजों में अचानक मन्दा करेगा। 5 जून को गुरु मार्गी हो जाएगा और बुध मृगशिर नक्षत्र में पदार्पण करेगा। 8 दिन में रुई में मन्दे के बाद तेजी; चान्दी में घटाबढ़ी होकर मन्दी; गेहूं, तिल, सरसों एवं उड़द में मन्दे का रुख रहे। चावल, अलसी, सरसों, गुड़, तम्बाखू में तेजी बनेगी।

(1 से 5 जून तक बाजारों का रुख मन्दे का रहे, अतः यदि इस समय जोरदार मन्दी बने तो स्टॉक करें, आगे जल्दी ही अच्छा लाभ मिलेगा।)

7 जून को सूर्य मृगशिर में आकर रुई, सूत, रेशम, सण, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चान्दी, उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी एवं नारियल आदि में तेजी करेगा।

8 जून को बुधवारी चन्द्रदर्शन होगा, इसी दिन मंगल उ. भा. में प्रवेश करेगा एवं 8 जून को ही अतिचारी बुध अपनी राशि मिथुन में प्रविष्ट होकर शुक्र के साथ राशि सम्बन्ध बनाएगा। वस्तुतः बुध अपनी राशि में यद्यपि मन्दे का सूचक माना गया है। बुध अफवाहों एवं पब्लिसिटी का ग्रह है। **बुधग्रह जब शुक्र के साथ मेल करता है तो वायदा बाजारों में जोरदार तेजी या भयंकर मन्दे का वातावरण बनाता है। बाजार यदि पहले मन्दे हों तो जोरदार मन्दा, यदि बाजार तेज चल रहे हों तो जोरदार तेजी को बढ़ावा देना बुध की खासियत है।** हमारे विचार के मुताबिक रुई, सूत, सोना, चान्दी, बारदाना, जूट, गुड़, शक्कर, खाण्ड में सामान्यतया मन्दा चलेगा। गेहूं, चना, जौ का भाव कुछ तेज रहे। 11 जून को आर्द्रा नक्षत्र में बुध का प्रवेश बाजारों में मन्दे का ही संकेत देता है।गेहूं, तिल, उड़द, जौ, चना, मूंग, मोठ मन्दे रहेंगे।

(1 से 13 जून तक जब मन्दा बने तो खरीदें और तेजी आते ही माल निकालकर लाभ लें। ध्यान दें– इन दिनों में बहुत बड़ी तेजी का योग नहीं, थोड़े–थोड़े लाभ से ही अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।)

14 जून को सूर्य मिथुन में आकर शुक्र एवं बुध के साथ एकराशि सम्बन्ध बनाएगा। इन पर इस समय मंगल की विशेष दृष्टि भी है– "एकराशिं गता ह्येते सौम्य–शुक्र–दिनाधिपाः। सर्वधान्य महर्घत्त्वं मेघाः स्वल्प–जलप्रदाः।।"–स्पष्ट है, कि– कहीं वर्षा की कमी से या अतिवर्षण से खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी एवं बाजार तेजी की तरफ बढ़ने लगेंगे। पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, सरसों, घी, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, मूंग, उड़द, चना, चावल आदि अनाज एवं सोना–चान्दी में तेजी का वातावरण रहेगा। तम्बाखू एवं सिमेन्ट में भी तेजी रहेगी। **ध्यान दें:– 14 जून को बुध पश्चिम में उदित हो रहा है एवं इसी दिन यूरेनस वक्री भी हो रहा है। कदाचित् बाजार आगे–पीछे भी हो सकते हैं, समझ से काम करें; लेकिन यदि किसी चीज में कुछ मन्दा भी आता है तो ठहरेगा नहीं, शीघ्र ही तेजी बनेगी, सौदा तुरन्त छोड़ने से हानि संभव है।**

15 जून को शुक्र पुनर्वसु में आएगा; 18 जून को बुध भी पुनर्वसु नक्षत्र में दाखिल हो जाएगा– यह योग मन्दे का मालूम देता है। चान्दी, रुई, कपास, सूत, सण में अच्छा मन्दे का झटका आएगा। धान, बिनौला में तेजी ही रहे।

21 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। **रात्रि के समय सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश अच्छी वर्षा एवं सुभिक्ष का संकेत देता है।** व्यापारिक वस्तुओं में अचानक मन्दे या तेजी की प्रतिक्रिया नजर आएगी। रुई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, गेहूं, चावल, चना, जौ, चान्दी तेज होंगे। सोने के भाव में घटाबढ़ी चलेगी।

(15 से 22 जून तक मन्दे में खरीदें एवं तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।)

23 जून को शुक्र कर्क राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा एवं 24 जून को बुध भी कर्क राशि में शुक्र–शनि के साथ राशिसम्बन्ध बनाएगा। 26 जून से मासान्त तक शुक्र–बुध एवं शनि –ये तीनों एक ही नक्षत्र पुष्य में संचरण करते रहेंगे। शुक्र अपने राशिभोग में रुई में अच्छी मन्दी करेगा अथवा रुई में जोरदार मन्दे के बाद कुछ तेजी बनेगी। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर तेज रहेंगे। चान्दी, गेहूं, जौ, चना, मटर एवं अरहर में मन्दा बनेगा। सरसों, सोना में पहले कुछ तेजी आकर बाद में मन्दा बने। ध्यान दें;– पुष्य नक्षत्र के प्रथम चरण में 24, 25 जून को शनि–शुक्र का प्रवेश तिलहनों में अचानक भारी तेजी कर सकता है– सावधानी से काम करें। **ताजा मशवरा प्राप्त करके उत्तम लाभ ले सकेंगे।** गुड़, खाण्ड, शक्कर में कुछ मन्दा बनेगा।

26 जून को बुध के पुष्य में आने पर 10 दिन में सोना, चान्दी में मन्दी हो। रुई में घटाबढ़ी के बाद अचानक मन्दा बने। मणि, मोती, जवाहरात तथा ऊनी कपड़े का भाव तेज रहे।

27 जून को मंगल रेवती नक्षत्र में आएगा। **मंगल मीनराशि में राहु के साथ है। राहु–मंगल दोनों रेवती नक्षत्र में ही चल रहे हैं। अतः तिलहन में अच्छा मन्दा बन सकता है,** क्योंकि रेवती नक्षत्र का राहु तिलहन में जोरदार मन्दा बनाता है; लेकिन मंगल की राहु के साथ सन्निधि कदाचित् बाजारों में तेजी भी कर सकती है। अतः बाजार के रुख को देखकर काम करें। **लेकिन हमारे विचार से गेहूं, चना, मूंग, मोठ, जौ, ज्वार, बाजरा में मन्दा बनेगा। चान्दी**

में जोरदार तेजी बनेगी; सोना कुछ मन्दा रहे। रुई में घटाबढ़ी होकर बाद में तेजी बनेगी।

30 जून को बाजार उल्लिखित ढंग से चलेंगे; ऐसा विचार है– सर्वज्ञ प्रभु हैं।

जुलाई

जुलाई के पहले सप्ताह में बाजारों में जोरदार तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन आएंगे; मन्दे में खरीदें एवं तेजी में लाभ लेते रहें।

5 जुलाई को सूर्य पुनर्वसु में, यूरेनस शतभिषा 3 में आएंगे एवं इसी दिन शनि भी अस्त हो रहा है। रुई, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, हरड़, सुपारी, नारियल, केसर, मजीठ, नील, सौंफ, गुग्गुल आदि करयाणा में तेजी बनेगी। शेयर बाजार मन्दे रहें।

6 जुलाई को बुध एवं शुक्र आश्लेषा में दाखिल होंगे। 15 दिन में तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग, मूंगफली में तेजी बनेगी। 12 दिन के अन्तर्गत रुई में कुछ मन्दी, चावल में भी मन्दा रहेगा। 7 जुलाई को कर्कस्थ चन्द्र के समय गुरुवारी चन्द्रदर्शन होगा। रुई, सूत, सरसों, तेल, घी में तेजी बनेगी एवं सोना–चान्दी, गुड़–खाण्ड में मन्दा रहेगा।

9 जुलाई को गुरु हस्त नक्षत्र के तीसरे चरण में आएगा। रुई, गुड़, खाण्ड, अलसी, सरसों, शक्कर, घी, तेल, सोना, चान्दी, मोती, चना, गेहूं, हल्दी में मन्दे का रुख रहेगा। यह मन्दा 15 जुलाई तक चलेगा। 16 जुलाई को सूर्य कर्क राशि में आकर बुध–शनि के साथ राशिसम्बन्ध बनाएगा। **कर्कराशि में स्थित शनि–बुध–सूर्य पर 18 जुलाई से मंगल की विशेष दृष्टि है। यह विशेष योग है। कर्क संक्रान्ति भी शनिवारी लग रही है, मुहूर्ती 45 है।** इस समय गुरु अतिचारी भी हो रहा है। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। सोना–चांदी के बाजारों में झड़पी तेजी बनेगी। रुई, सूत, बादाम, सुपारी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों आदि में तेजी रहेगी। गेहूं, चना, जौ, मटर, अरहर, उड़द, मूंग, चावल में मन्दे का बाजार रह सकता है– यह फलादेश कर्क संक्रान्ति के आधार पर है, लेकिन गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार हमें इस समय सभी बाजारों में जोरदार तेजी मालूम देती है– सावधानी से काम करें।

18 जुलाई को मंगल अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में दाखिल होगा। मेषराशिस्थ मंगल की शनि, सूर्य, बुध पर विशेष दृष्टि है; देश में राजनैतिक परिस्थिति का प्रभाव व्यापार पर प्रत्यक्षरूप से अनुभव होगा। सोना, चान्दी,

मूंगा, मोती आदि 'रत्न; ऊन, कपास, पाट, बारदाना, गुड़ एवं रसादि पदार्थों में तेजी आती है। यह फल 15 दिन में विशेष होता है। ज्वार, बाजरा, चना, मूंग, मोठ, गेहूं, उड़द में भी तेजी रहेगी। **18 जुलाई को ही शुक्र मघा नक्षत्र एवं सिंहराशि में दाखल होगा। फलस्वरूप– सोना, तांबा, जौ, चना, गेहूं, लालचन्दन, लालमिर्च, मजीठ, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी बने। चान्दी में पहले 4 दिन में झटके की मन्दी; रुई में मन्दे के बाद अच्छी तेजी बनेगी।**

19 जुलाई को सूर्य पुष्य में आएगा एवं 21 जुलाई को शनि भी पुष्य नक्षत्र के दूसरे चरण में आ जाता है। इस प्रकार परस्पर– शत्रु एवं पिता–पुत्र ग्रह एक ही राशि एवं एक ही नक्षत्र में चल रहे हैं। अलसी, सूत, सण, तिल, तेल, सरसों, मघ, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गुल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, सण, सिक्का, सोना–चान्दी में तेजी बनेगी। रुई में पहले तेजी होकर, फिर मन्दा बने। यह तेजी 22 जुलाई तक चलेगी।

23 जुलाई को बुध वक्री हो रहा है। बुध कर्कराशि में सूर्य एवं शनि के साथ है। यह अच्छी तेजी की लाईन बाजारों में बना सकता है। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में अच्छी तेजी चले। रुई में झटके की मन्दी एवं झटके की तेजी के रिएक्शन आएंगे। गेहूं, जौ, चना आदि में मन्दे का वातावरण रहे।

28 जुलाई को रेवती नक्षत्र के दूसरे चरण में राहु एवं हस्त के चतुर्थ चरण में केतु का पदार्पण अनाजों में मन्दा एवं रुई, गुड़, खाण्ड, चावल में तेजी करेगा। इस समय तिलहन में अचानक जोरदार मन्दा आ सकता है।

29 जुलाई को बुध पश्चिम में अस्त होगा एवं इसी दिन शुक्र पू. फा. में आएगा। यह बाजारों में मन्दा कर सकता है– सावधानी से काम करें। यहां यह बात नोट करने लायक है, कि बुध अस्त होने से पहले ही वक्री हो गया है, अतः गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग में कुछ मन्दा आकर तेजी बनेगी। रुई में झटके की मन्दी शीघ्र बनेगी। चान्दी तेज; मगर पाट, हैसियन एवं शेयरों में मन्दा बनता है। तेजी–मन्दी के ये रिएक्शन दो/तीन दिन चल सकते हैं।

अगस्त

2 अगस्त को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में आ जाएगा, बुध पहले ही आश्लेषा नक्षत्र में चल रहा है। सूर्य–बुध एवं शनि पर मंगल की विशेष दृष्टि है। सोना, चान्दी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल,

तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ, नील का भाव तेज हों। 5 अगस्त तक बाजारों में तेजी का माहौल रहेगा।

5 अगस्त को गुरु हस्त नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आएगा। गुरु, केतु एक साथ हैं, इन पर शनि की विशेष नज़र है। अतः रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, सरसों, घी, तेल, सोना, चान्दी, मोती, गेहूं, चना एवं हल्दी में अच्छी मन्दी के बाद तेजी बने। मन्दे के व्यापारी मन्दा आते ही लाभ लें; तेजी के व्यापारी इस मन्दे में स्टॉक करें– आगे लाभ होगा।

6 अगस्त शनिवार को सिंहस्थ चन्द्र के समय चन्द्रदर्शन होगा। अनाज तेज रहेंगे। रुई, सूत, वस्त्र, चान्दी, सोना, सरसों, तेल, मूंगफली आदि में अच्छी तेजी की धारणा है। यह तेजी 8 अगस्त तक उत्तम–मध्यमरूप से चल सकती है। 9 अगस्त को शुक्र उ.फा. में आकर गेहूं आदि अनाज व रुई में तेजी करेगा एवं सोना–चांदी में घटाबढ़ी चलेगी।

10 अगस्त को मंगल भरणी में, वक्री बुध पुष्य 4 में प्रवेश करेगा एवं शनि इसी दिन उदित हो रहा है। मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि है; शनि एवं बुध पर भी मंगल की विशेष दृष्टि है। गेहूं आदि अनाज; सोना, चान्दी आदि धातुओं में तेजी बने। रुई में झटके की मन्दी के बाद अच्छी तेजी संभव है। शेयर, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली में मन्दी या तेजी की अच्छी प्रतिक्रिया आएगी; होशियारी से काम करें।

12 अगस्त को शुक्र कन्या में आकर केतु एवं गुरु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की नजर भी रहेगी। इस समय अच्छी तेजी की धारणा रखें, तेजी से लाभ लें। चान्दी में घटाबढ़ी होकर तेजी बने; गेहूं आदि सभी अनाज; गुड़, खाण्ड, ऊनी व रेशमी कपड़ों में तेजी रहेगी। इस समय चावलों में विशेष तेजी का झटका आने की उम्मीद है।

14 अगस्त को वक्री बुध पूर्व में उदय होगा। इस समय बाजारों का रुख सहसा बदल सकता है– सावधानी से काम करें। रुई में पहले मन्दी; कुछ ही दिन बाद में झटके की जोरदार तेजी बनेगी। गेहूं, चना आदि अनाज; तिल, घी, पाट, हैसियन एवं लालमिर्च में तेजी बनेगी।

16 अगस्त को सूर्य मघा नक्षत्र एवं सिंहराशि में प्रवेश करेगा। इसी दिन बुध मार्गी भी हो रहा है। 16 अगस्त को शनि भी पुष्य नक्षत्र के तीसरे चरण में पदार्पण करेगा। सोना, मूंग, ज्वार, बाजरा, तेल, सरसों, तिल, एरण्ड, दाख, मिर्च, गुड़, खाण्ड, शक्कर, लाल रंग की वस्तुएं तेज होंगी। शेयर एवं अनाजों में मन्दा रहे। रुई में मन्दे के बाद तेजी बनेगी; चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। इस समय तिलहनों में भारी तेजी आ सकती है, बाजार का रुख देखकर काम करें।

(14 अगस्त से 19 अगस्त तक जोरदार तेजी–मन्दी के योग हैं। मन्दे में खरीदें और तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।)

20 अगस्त को शुक्र हस्त में एवं 21 अगस्त को बुध आश्लेषा में दाखल होगा। रुई, चावल एवं अनाजों में यदि इस समय मन्दा आए तो स्टॉक करें; वायदा व्यापारी जल्दी ही लाभ ले सकेंगे। सोना–चांदी तेज रहेंगे। तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग एवं मूंगफली में तेजी आती है। 24 अगस्त तक बाजार इसी तरह चलेंगे।

25 अगस्त को गुरु चित्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। चांदी व अनाजों में मन्दा, रुई में घटाबढ़ी से मन्दी रहे। 29 अगस्त तक बाजारों में कुछ मन्दे का वातावरण रह सकता है।

30 अगस्त को सूर्य पू.फा. नक्षत्र में विचरण करेगा। 14 दिन में जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी कपड़ा व रुई–सूत में तेजी हो। चांदी में घटाबढ़ी चले।

31 अगस्त को शुक्र चित्रा नक्षत्र में आएगा। इस समय गुरु भी चित्रा नक्षत्र में चल रहा है। अतः सोना, चांदी तथा अनाजों में जोरदार तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन आएंगे– सावधानी से काम करें।

सितम्बर

1 सितम्बर को बुध मघा नक्षत्र एवं सिंहराशि में प्रवेश करके सूर्य के साथ मेल करेगा। बुध का मेल जब सूर्य के साथ सूर्य की राशि में होता है तो बुध में तेजी बनाने की सामर्थ्य अधिक हो जाती है। इसलिए इस मास का आरम्भ तेजीकारक ही रहेगा। गेहूं, चना, जौ, रुई, सूत, चांदी, सोना एवं देवदार में तेजी रहेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि रसपदार्थों में मन्दा संभव है।

2 सितंबर को प्लूटो मार्गी होगा; 3 सितम्बर को अगस्त्य के उदय होने से जलवायु के प्रभाव से वायदा बाजार ऊपर–नीचे चलेंगे–सावधानी से काम करें।

3 सितम्बर को शनैश्चरी अमावस है एवं बुध पूर्व में अस्त होगा। अनाज, घी, तेल, तिलहन में जोरदार तेजी एवं मन्दे की प्रतिक्रिया बनेगी। इस समय 5 सितम्बर तक मन्दा आते ही खरीदें एवं तेजी आते ही तेजी से लाभ लेते रहें।

5 सितम्बर सोमवार को कन्यास्थ चन्द्र के समय चन्द्रदर्शन होगा। सूत, जूट, रुई एवं शेयर बाजार में पहले मन्दा बने, बाद में एकदम तेजी बनेगी। चांदी–सोना में घटाबढ़ी के बाद मन्दा रहेगा एवं अनाज भी मन्दे रहेंगे।

6 सितम्बर को शुक्र तुला राशि में आएगा। तुलाराशि शुक्र की अपनी राशि है। शुक्र का राशि व नक्षत्रचार का प्रभाव सबसे अधिक चांदी व सोने के बाजारों पर पड़ता है। अकेला शुक्र कभी–कभी जोरदार मन्दा ला देता है। इस समय शुक्र पर मंगल की विशेष दृष्टि है। बुध एवं शुक्र दोनों चित्रा नक्षत्र पर हैं। बुध अतिचारी है। लोगों की खरीदशक्ति बढ़ेगी। कपड़े व सूत का उठाव अधिक होगा। फौरेन ऐक्सपोर्ट (निर्यात) सम्बन्धी कुछ नए ऐलान होंगे। रुई, चांदी, सूत, कपास, चीनी, चावल में अच्छी तेजी बनेगी। सोना भी कुछ तेज होगा। गुड़, खाण्ड में भी कुछ तेजी का वातावरण रहेगा। क्योंकि, शुक्र पर मंगल की पूर्ण दृष्टि है, अतः अनाजों में इस समय विशेष तेजी का योग है। 7 सितम्बर तक बाजार तेज रहेंगे।

8 सितम्बर को बुध पू.फा. नक्षत्र में प्रवेश करेगा। गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि अनाज मन्दे रहेंगे। ध्यान दें;– **इस समय बुध सिंह में अतिचारी है। अतः बुध इस समय विशेष बलवान् है। तिलहन बाजारों पर अतिचारी बुध का प्रभाव विशेष पड़ता है। इस समय तिलहन बाजारों में अचानक जोरदार तेजी बनेगी। वायदा व्यापारी सावधानी से काम करें।** इस प्रकार कुछ जिन्सों पर तेजी और कुछ पर मन्दे का प्रभाव 10 सितम्बर तक प्रत्यक्ष अनुभव किया जाएगा।

11 सितम्बर को मंगल कृत्तिका में एवं गुरु चित्रा 2 में प्रविष्ट होगा। गेहूं, मूंग, मोठ, चावल, तिल, तेल, सरसों, घी, चांदी, सूत, वस्त्र तेज होंगे। रुई में पहले तेजी आकर बाद में मन्दा बनेगा। 12 सितम्बर को शुक्र स्वाती में आकर गुड़–खाण्ड में आरज़ी तेजी एवं अनाजों में मन्दा बनाएगा।

13 सितम्बर को सूर्य उ.फा. में एवं शनि पुष्य नक्षत्र के चतुर्थ चरण में दाखल होगा। 14 दिन में रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, घी, शक्कर, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंग, बांस, नील में तेजी बनेगी।

15 सितम्बर को बुध उ.फा. नक्षत्र में आएगा। सूर्य पहले ही उ.फा. नक्षत्र में चल रहा है। उड़द, मूंग, मोठ, मसूर एवं अरहर आदि दालवाना में तेजी रहेगी। रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी रहे। इस समय चांदी में मन्दी रहे।

16 सितम्बर को सूर्य एवं 17 सितम्बर को बुध कन्याराशि में आकर गुरु–केतु के साथ मेल करेंगे। इस समय इन पर शनि की विशेष दृष्टि भी है। नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड एवं हल्दी में भी तेजी बनेगी। रुई, चांदी व शेयरों में मन्दा रहे।

(13 से 22 सितम्बर तक अनाज, तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड के व्यापारी तेजी से लाभ लें।)

23 सितम्बर को रुई व अनाज मन्दे हों। 25 सितम्बर तक बाजार अस्थिर ही रहें। 26 सितम्बर को सूर्य हस्त में आकर गेहूं, जौ, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, इमारती लकड़ी, नमक, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी में तेजी करे।

27 सितम्बर को गुरु चित्रा नक्षत्र के तीसरे चरण में एवं अपने शत्रु क्षेत्र तुला में प्रवेश करेगा। तुलाराशि का मार्गी गुरु मूलरूप से मन्दा बनाता है। हमारे अनुभव के अनुसार तुला का गुरु सभी प्रमुख बाजारों में मन्दा करेगा। व्यापारी बन्धुओं से हमारा निवेदन है, कि तेजी का धन्धा बन्द करके मन्दे की धारणा से काम करें। इस समय प्रत्यक्ष मिलें या टेलीफोन से सम्पर्क करें, ज़रूरी है। बाजारों में जोरदार मन्दे का चक्र चलेगा। सोना, मजीठ, नारियल में कुछ तेजी नज़र आ सकती है। घी, तेल, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर में अच्छा मन्दा आते ही स्टॉक करें– आगे चैत्र मास में उत्तम लाभ होगा। दालवाना एवं मोटे अनाज; रुई, कपास, तिलहन में जोरदार मन्दे की लाईन बनेगी। ताज़ा मशवरा प्राप्त करें, उत्तम लाभ का समय है। **28 सितम्बर को जोरदार मन्दा खेलकर लाभ लें।**

29 सितम्बर को राहु रेवती 1 में एवं केतु हस्त 3 में आएगा। तिलहन, सरसों आदि में मन्दे की लाईन चलेगी। अनाज, दालवाना तेज; सोना–चांदी मन्दे; तिलहन में अचानक भारी मन्दा आने के योग हैं।

30 सितम्बर को बुध चित्रा नक्षत्र में आएगा। गुरु भी चित्रा नक्षत्र में है। इस समय गुरु–बुध–सूर्य एवं केतु पर शनि की दृष्टि भी है। रुई व चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो; अनाज भी कुछ तेज रहें।

अक्तूबर

1 अक्तूबर को मंगल वक्री हो रहा है। मंगल इस समय परम मन्दगति में है। मंगल पर तुला राशिस्थ गुरु की पूर्ण दृष्टि है, साथ ही मेष राशिस्थ मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि भी है। वायदा बाजारों की लाईन अचानक बदल सकती है। इस समय वायदा किंवा हाजर के व्यापारी सावधानी से बाजार के रुख को देखकर काम करें। रुई, सोना, चान्दी, अलसी, लालमिर्च, गेहूं, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं अन्य लालरंग की चीजों में काफी तेज़ी आएगी, लेकिन बृहस्पति की मंगल पर नजर होने से यह तेजी ठहरेगी नहीं।

2 अक्तूबर को शुक्र वृश्चिक राशि में आकर वक्री मंगल की नजर में ही रहेगा। रुई, शेयर, चांदी और अफीम में पहले मन्दी एवं पीछे तेजी रहे। गुड में घटाबढ़ी एवं अनाजों में भी तेजी रहे।

5 अक्तूबर को बुधवारीचन्द्रदर्शन होगा। सण, वारदाना, गुड़, शक्कर एवं खाण्ड मन्दे होंगे। अनाज एवं घी में तेजी रहेगी। सोना, चांदी, रुई, सूत में भी

तेजी का रुख रहे। 5 अक्तूबर को शुक्र अनुराधा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। गुड़, खाण्ड, चावल, नमक आदि में अच्छा मन्दा बनेगा।

6 अक्तूबर को बुध पश्चिम में उदित होगा। 6 अक्तूबर को ही गुरु अस्त हो रहा है। सोना–चांदी व अनाज मन्दे हों। बाजारों का रुख अचानक बदल सकता है –सावधानी से काम करें। रुई एवं शेयर बाजारों में 15 दिन में मन्दा चले। 9 अक्तूबर को बुध स्वाती में प्रवेश करेगा। बुध गुरु एवं मंगल के साथ समसप्तकयोग बना रहा है। अतः 8 दिन में रुई में अच्छा मन्दा लाकर तेजी करे।

[2 से 9 अक्तूबर तक बाजारों में मन्दे का वातावरण रहेगा; वादा व्यापारी बाजार का रुख देखकर काम करें।]

10 अक्तूबर को सूर्य चित्रा में प्रवेश करेगा। सूर्य पर शनि की दृष्टि है एवं सूर्य–राहु का समसप्तकयोग भी बन रहा है। इस समय सूर्य–गुरु दोनों चित्रा नक्षत्र पर चल रहे हैं। यह योग भी तेजी कारक ही है। रुई, सूत, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर, लालरंग की वस्तुएं तेज होंगी। इस समय दालवाना एवं तिलहन में भी तेजी का ही विचार है। यह तेजी 13 अक्तूबर दोपहर तक चल सकती है।

13 अक्तूबर को गुरु चित्रा के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। चांदी एवं अनाजों में कुछ मन्दा, रुई में भी घटाबढ़ी के बाद मन्दी आएगी।

14 अक्तूबर को यूरेनस शतभिषा 2 में दाखल होगा; डालडा घी एवं तेलों में तेजी बनेगी। गुड़, खाण्ड में तेजी एवं अनाजों में कुछ मन्दा रहे।

17 अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में दाखल होगा। संक्रान्ति वाली रात्रि में ही चूड़ामणि चन्द्रग्रहण भी घटित हो रहा है। दालवाना, अनाज, घी, तेल तेज होंगे। रुई, चांदी, गेहूं, जौ, चना, चावल, अलसी, सरसों, सोना एवं तांबा तेज हों।

17 अक्तूबर को ही ज्येष्ठा नक्षत्र का शुक्र बाजारों में कुछ मन्दा करेगा, लेकिन तेजीकारक ग्रहस्थिति अधिक बलवान होने से बाजारों में तेजी ही मालूम देती है। बाजार के रुख को देखकर काम करें।

[13 से 16 अक्तूबर तक यदि मन्दा हो तो स्टॉक करें, आगे 17 अक्तूबर तक वायदा व्यापारी तेजी से लाभ ले सकेंगे।]

18 अक्तूबर को बुध विशाखा नक्षत्र में दाखल होगा। बुध शीघ्रगति है। इस समय बुध पर मंगल की दृष्टि है। रुई में जोरदार मन्दा आकर तेजी आए। बाजार खुलते ही मन्दे का काम करें, अच्छा मन्दा आने पर सौदा काट दें, क्योंकि जल्दी ही तेजी बन सकती है।

21 अक्तूबर को वक्री मंगल भरणी के चतुर्थ चरण में प्रवेश करेगा। इस समय मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि है। गेहूं आदि अनाज, ग्वार, दालवाना, सोना, चांदी व रुई में तेजी से लाभ मिलेगा।

[18 से 22 अक्तूबर तक मन्दे में खरीदें, तेजी आते ही लाभ लेने की नीति रखें, लाभ होगा।]

23 अक्तूबर को सूर्य स्वाती नक्षत्र में दाखिल होगा। गुरु, सूर्य, बुध– ये तीनों तुला राशि में मंगल से दृष्ट हैं। रुई, सूत, सण, रेशम, कपड़ा, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, घी, तेल एवं गुग्गुल में तेजी बनेगी।

25 अक्तूबर को बुध वृश्चिक राशि में आकर मंगल की दृष्टि में आ जाता है। घी, तिल, तेल, सरसों, रुई एवं चांदी में तेजी बनेगी। सोने में भी तेजी रहे। अनाजों में कदाचित् मन्दी रहे। 25 अक्तूबर को ही शनि आश्लेषा के प्रथम चरण में आकर रुई व तिल में उठापटक कर सकता है– तिलहन एवं रुई के व्यापारी बाजार के रुख को देख लें।

26 अक्तूबर को नेप्च्यून मार्गी होगा। बुध अनुराधा में आएगा एवं गुरु स्वाती नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश करेगा। ध्यान दें– स्वाती नक्षत्र का गुरु रुई, तेलवाना, कपास, चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड एवं अनाज– सभी बाजारों में निश्चित रूप से मन्दा करता है,– यह हमारा अनुभव है। इस समय रुई, तिलहन एवं दालवाना, चना, गेहूं आदि अनाजों के व्यापारी मन्दे का ही काम करें– लाभ मिलेगा, अन्यथा हानि उठानी पड़ेगी।

30 अक्तूबर को शुक्र मूल धनु में आएगा। रुई और सोने में घटाबढ़ी चले; अनाज तेज; चांदी, सोना एवं शेयर बाजारों में भी तेजी रहे। सूत, कपास, पहले मन्दे बाद में तेज रहें।

नोट– अक्तूबर मास के अन्तिम चरण में जोरदार मन्दा बनेगा। यदि कुछ चीजों में तेजी बनती भी है तो ठहरेगी नहीं, अतः ध्यानपूर्वक काम करें।

नवम्बर

1 नवम्बर को मंगलवारी दीपावली और भौमवती अमावस आगे बाजारों में तेजी की सूचना देती है। इस समय मंगल मन्दगति है।

2 नवम्बर को स्वाती नक्षत्र के समय स्वाती नक्षत्र में स्थित गुरु उदय होगा। इस समय गुरु की गति 13/0 है। स्पष्ट है, कि– गुरु अतिचार की ओर बढ़ रहा है। चांदी में तेजी एवं सोने के बाजार मन्दे की तरफ बढ़ेंगे।

रुई, कपास, तेलवाना, चांदी, सोना, गुड़–खाण्ड एवं दालवाना आदि अनाजों में जोरदार मन्दा बनेगा।

2 नवम्बर को गुरुवारी चन्द्रदर्शन भी सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड एवं सभी अनाजों में मन्दे का संकेत देता है।

6 नवम्बर को सूर्य विशाखा में दाखल होगा। सूर्य नीच है एवं वक्री मंगल की इस पर दृष्टि है। मंगल परम मन्दगति से चल रहा है। अलसी व चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने। जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड एवं अफीम में तेजी बनेगी। यह तेजी का रुख 11 नवम्बर तक चल सकता है।

12 नवम्बर को बुध ज्येष्ठा में एवं शुक्र पू.षा. में दाखिल होगा। घी, गुड़, खाण्ड एवं चावलों में कुछ तेजी का रुख रह सकता है। लेकिन मूंग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों व नमक आदि खारे पदार्थों में मन्दा हो।

13 नवम्बर को गुरु स्वाती 2 में प्रवेश करके रुई में जोरदार मन्दा कर सकता है। तेल–तिलहन में भी विशेष मन्दा बनेगा। गुरु अतिचार की ओर बढ़ रहा है। कदाचित् तेजी आने लगे तो जोरदार तेजी भी सम्भव है, मगर हमारे विचार से यह विशेष मन्दे का ही योग है।

[12–13 नवम्बर को मन्दा खेलने वाले लाभ में रहेंगे।]

14 नवम्बर को वृश्चिक राशिस्थ बुध वक्री होगा। इस समय बुध मंगल की राशि में है एवं इस पर मंगल की विशेष दृष्टि भी है। मंगल भी वक्री चल रहा है। यह योग बाजार की चाल को अचानक बदल देगा। यहां घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी बने। बुध का सबसे अधिक असर तिलहन बाजारों पर होता है। इस समय तेल–तिलहन में जोरदार तेजी की उम्मीद है, सरकारी नीति व ऐलान से तेजी बनेगी। 15 नवम्बर को मंगलवारी पूर्णिमा भी बाजारों में तेजी का इशारा करती है।

नोट– कार्तिक शुक्ल पक्ष 13 दिन का होने से राजनीतिक–अशान्ति–उलटफेर एवं व्यापारिक नीति में व्यापारियों की अस्वीकार्यता से व्यापार प्रभावित होगा– सावधानी से काम करें।

16 नवम्बर को बुधवारी वृश्चिक संक्रान्ति है, इसी दिन वक्री बुध पश्चिम में उदित होगा, यूरेनस मार्गी होगा एवं वक्री बुध अनुराधा के चतुर्थ चरण में प्रवेश करेगा। इस समय वृश्चिकस्थ सूर्य एवं वक्री बुध पर वक्री मंगल की दृष्टि भी है। इस समय तेजी –मन्दी के झटके आएंगे। रुई, तांबा, चांदी, सोना व ऊनी वस्त्र तेज होंगे। लालरंग की चीजों में मन्दे का प्रभाव रहेगा। बुधास्त के कारण रुई में जोरदार मन्दे का झटका आएगा, चांदी तेज हो; पाट, हैसियन एवं शेयर बाजार मन्दे होंगे।

19 नवम्बर को सूर्य अनुराधा में आएगा। जौ, चना आदि अनाजों; ऊन व धातुओं में तेजी बने। अलसी, मिर्च में तेजी के बाद मन्दा हो। क्योंकि, सूर्य पर वक्री मंगल की विशेष नजर है, अतः अच्छी तेजी–मन्दी उल्लिखित चीजों में बनेगी। 21 नवम्बर तक बेचें–खरीदें– लाभ लें।

22 नवम्बर मंगलवार को शनि वक्री हो रहा है, कर्कराशि में स्थित शनि की वक्री मंगल पर विशेष दृष्टि है। मंगल भी शनि को नीच दृष्टि से देख रहा है। **ध्यान दें– शनि 22 नवम्बर को वक्री होकर संवत् 2062 वि. के अन्त तक वक्री ही चलता रहेगा।** सिक्का, कली, गेहूं, कोयला, सीमेन्ट, तांबा, पीतल, अलसी, तिलहन, कालीमिर्च, मसाले, तेल, मूंगफली, ऊन, लोहा, जूट, जौ, जूते, कृषि यन्त्र, संगमरमर, नारियल, लौंग, सेन्धा नमक, फिटकरी, ज्वार, चावल, घी में अच्छी तेजी से लाभ लें। एरण्ड में घटाबढ़ी चलेगी।

[22 नवम्बर से 27 नवम्बर तक बाजार के रुख को देखकर काम करें– बाजार तेज रहने का संकेत मिलता है।]

28 नवम्बर को बुध वक्री होकर विशाखा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में दाखल होगा और शुक्र उ.षा. में प्रविष्ट होगा। गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड में मन्दी हो। रुई में विशेष मन्दे का झटका आकर तेजी होगी। 29 नवम्बर को गुरु स्वाती के तीसरे चरण में आकर रुई में भारी मन्दी और तिलहन में भी जोरदार मन्दा बना सकता है। इस समय अनाजों का रुख भी मन्दे की ओर रहेगा।

30 नवम्बर को वक्री बुध पूर्व में उदित होगा। रुई में पहले मन्दी, 25 दिन में झटके से तेजी बनेगी। गेहूं, चना आदि में 40 दिन में तेजी बने। घी, तिल, पाट हैसियन एवं लालमिर्च तेज रहेंगे।

दिसम्बर

1 दिसम्बर को राहु उ.भा. 4 में एवं केतु हस्त 2 में आएगा। राहु मीन राशि में है। सरसों, चांदी, केसर, कुसुम्भ, दालवाना आदि अनाज; रुई, गुड़, खाण्ड में तेजी का रुख बनेगा।

2 दिसम्बर को सूर्य ज्येष्ठा में आएगा एवं 3 दिसम्बर को शनिवारी चन्द्रदर्शन होगा। सूर्य वृश्चिक राशि में मंगल से दृष्ट है, मंगल पर गुरु की दृष्टि है। 15 दिन में वस्त्र, सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों,

तेल, मूंगफली, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़, खाण्ड में तेजी; रुई में पहले मन्दी, बाद में तेजी हो।

3 दिसम्बर को शुक्र शनि के क्षेत्र मकर राशि में आकर शनि की नजर में आ जाता है। सोना, तांबा, कपास, सूत व गेहूं आदि अनाजों में तेजी बनेगी। रुई व चांदी में पहले घटाबढ़ी होकर अन्त में तेजी ही बनेगी।

4 दिसम्बर को बुध के मार्गी होने पर रुई में पहले मन्दी एवं बाद में तेजी बने। 8 दिन में गेहूं, जौ, चना, अनाज तेज हों। रेशम, तेल, अलसी, बिनौला, एरण्ड, मूंगफली एवं कपूर–चन्दन आदि सुगन्धित पदार्थ मन्दे रहेंगे।

6 दिसम्बर को (मार्गी) प्लूटो मूल नक्षत्र के प्रथम चरण एवं धनु राशि में दाखिल होगा। प्लूटो एवं शनि का षडष्टकयोग बनेगा। प्लूटो भी वृश्चिक राशि में ही प्रभावशाली रहता है। मंगल जैसा ही इसका प्रभाव अनुभव किया गया है। कपास, चावल, चना, जौ, मूंग, चांदी, सोना, बिनौला, सरसों आदि तेलवाना एवं अनाजों में तेजी का ही संकेत मिलता है। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

9 दिसम्बर को बुध अनुराधा नक्षत्र में वक्री मंगल से दृष्ट है। सूत, सण, रुई, सोना, चांदी में अच्छे मन्दे एवं तेजी के झटके आएंगे। हमारे विचार से पहले मन्दा, बाद में तेजी बनेगी।

10 दिसम्बर को मंगल मार्गी होगा। मंगल के मार्गी होने पर वायदा बाजार में जो चीजें पहले मन्दी चल रही थीं, उनमें तेजी एवं जो चीजें पहले तेज थीं, उनमें मन्दा बनेगा। इसलिए सावधानी से काम करें। इस समय रुई में धमाके की मन्दी आ सकती है। तेल, तिलहन, पीतल एवं चांदी में तेजी संभव है, फिर भी बाजार के रुख को ध्यान में रखकर काम करें।

15 दिसम्बर को सूर्य मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आएगा। प्लूटो पहले ही धनु राशि में आ चुका है। इस प्रकार सूर्य, प्लूटो का शनि के साथ षडष्टकयोग बन गया है। शनि और सूर्य परमशत्रु हैं। रुई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना, चांदी, अलसी में तेजी रहे। दालवाना एवं मोटे अनाजों में कुछ आरज़ी (Temporary) मन्दा संभव है।

[10 से 15 दिसम्बर तक बाजारों में तेजी प्रधान रहेगी।]

16 दिसम्बर को गुरु स्वाती के चतुर्थ चरण में आ जाएगा। गुरु–मंगल का समसप्तक योग बना हुआ है। इस समय रुई, तेल, तिलहन एवं अनाजों में जोरदार मन्दे का संकेत मिलता है। **यदि इस समय मन्दे में सौदा पकड़ेंगे तो 13/14 जनवरी सन् 2006 ई. तक अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा।** इस समय ताजा मशवरा हासिल करें।

17 दिसम्बर को यूरेनस शतभिषा 3 में एवं 20 दिसम्बर को वक्री शनि पुष्य 4 में दाखल होगा। तिलहनों में अच्छी तेजी बने। घी, शक्कर, तेल, रुई, अलसी, गुड़, खाण्ड, लौंग, चावल आदि अनाज भी तेज रहें। 21 दिसम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र का बुध घी, गुड़, खाण्ड एवं चावल में तेजी करे।

[16 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक मन्दा आते ही माल पकड़ें, तेजी आते ही लाभ लेते रहें। माल पकड़कर देरी तक बैठे रहना ठीक नहीं।]

24 दिसम्बर को शुक्र मकर राशि में वक्री हो रहा है, इस पर वक्री शनि की विशेष दृष्टि भी है। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, जौ, चना आदि में अच्छी तेजी से लाभ लें। रुई में तेजी के बाद मन्दा हो।

28 दिसम्बर को सूर्य पू.षा. में आकर तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सण एवं चांदी में तेजी करेगा।

30 दिसम्बर को बुध मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में आकर सूर्य व प्लूटो के साथ मेल करेगा एवं शनि के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। 31 दिसम्बर को शनैश्चरी अमावस भी तेजी कारक ही है। अनाज, सोना, चांदी, वस्त्र, सूत में तेजी रहे। रुई में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी।

[24 से 28 दिसम्बर तक बाजार तेज रहेंगे– ऐसा प्रतीत होता है।]

जनवरी (सन् 2006 ई.)

जनवरी (2006 ई.) के प्रारम्भ में ही रविवार को मकर राशि में चन्द्रदर्शन गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी बनाए। रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दा बने।

4 जनवरी को बुध पूर्व में अस्त होगा। अनाज, घी, तेल, तिलहन मन्दे हों। रुई में पहले तेजी, बीच में मन्दी एवं अन्त में फिर तेजी खेलकर लाभ लें। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। 4 जनवरी को ही गुरु विशाखा नक्षत्र के प्रथम चरण में आकर रुई में मन्दा करेगा एवं अनाजों में तेजी का रुख बनाएगा।

8 जनवरी को बुध पू.षा. में एवं 10 जनवरी को सूर्य उ.षा. में आएगा। बिनौला तेज रहे। इस समय सोना–चांदी में काफी मन्दा आ सकता है। 14 दिन में उड़द, मूंग, चना, चावल, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लाल शक्कर, कपास, पिपलामूल, चमड़ा, सरसों, मूंज आदि में तेजी का ही रुख रहेगा।

11 जनवरी को वक्री शुक्र पश्चिम में अस्त होगा। शुक्र पर वक्र शनि की पूर्ण दृष्टि है। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज रहेंगे। रुई में पहले तेजी और बाद में मन्दी बनेगी।

13 जनवरी को वक्री शुक्र धनुराशि में आकर सूर्य, बुध एवं प्लूटो के साथ मेल करेगा। इनका वक्री शनि के साथ षडष्टक योग भी बन रहा है। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज; दालवाना, चांदी, सोना, तांबा आदि धातु एवं शेयर तेज होंगे। रुई, सूत, कपास में पहले कुछ मन्दी आकर पीछे विशेष तेजी बनने के योग हैं।

14 जनवरी शनिवार को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करके शनि के साथ समसप्तकयोग बनाने लगेगा। गेहूं, जौ, चना, कपास में घटाबढ़ी होकर खास तेजी होगी। घी, तेल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, मूंगफली में तेजी होकर मन्दा हो, फिर तेजी बने। अनाज, लालमिर्च, केसर, हल्दी में तेजी के बाद मन्दा हो। चांदी में भी मन्दा रहे। यह फल शनिवारी मकरसंक्रान्ति का शास्त्रों में लिखा है। **लेकिन गोचर ग्रहस्थिति–दृष्टि आदि के विचार से हमें मकरसंक्रान्ति सब चीजों में तेजीकारक ही मालूम देती है।** फिर भी बाजार के रुख को समझ कर ही चलें।

[4 से 14 जनवरी सन् 2006 ई. तक तेजी मन्दी के अच्छे रिएक्शन आएंगे, अतः मन्दे में खरीदें, तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।]

17 जनवरी को बुध उ.षा. में आकर अनाजों में मन्दा करेगा। **19 जनवरी को बुध मकर में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। बुध अस्त है। इन पर शनि की पूर्णदृष्टि है।** 17 जनवरी को ही वक्री शुक्र पू.षा. के चतुर्थ चरण में प्रवेश करेगा। रुई, सोना, चांदी, तेल, तिलहन में अच्छी तेजी बनेगी। मूंग, मोठ, उड़द आदि अनाज एवं नमक में मन्दा बने। 17 जनवरी को ही शुक्र पूर्व में उदित होगा। शुक्र इस समय बृहस्पति के क्षेत्र में है। रुई, सूत, चांदी, चावल एवं घी, सोना में तेजी बनेगी।

24 जनवरी को सूर्य श्रवण में एवं 25 जनवरी को बुध भी श्रवण नक्षत्र में आ जाता है। गेहूं, जौ, चना, चावल, रुई, सूत, सण, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग में अच्छी तेजी बनेगी।

28 जनवरी को मंगल कृत्तिका नक्षत्र में दाखल होगा। गेहूं, मूंग, मोठ, चावल, राई, मसूर, तिल, तेल, सरसों, घी, चांदी, सूती वस्त्र तेज रहें। रुई में पहले तेजी आकर बाद में मन्दा बने।

[19 जनवरी से 28 जनवरी तक यदि बाजार तेजी के हों तो लाभ ले लेना चाहिए। आगे स्टॉक का अवसर फिर मिलेगा।]

30 जनवरी को कुम्भस्थ चन्द्र के समय चन्द्रवार को चन्द्रदर्शन होगा। राजमाह, मूंग, मोठ, उड़द, चना, अरहर, मसूर आदि दालवाना में तेजी रहे। सोना, चांदी में घटाबढ़ी से मन्दी; जूट, शेयर, रुई में मन्दे के बाद तेजी बने।

31 जनवरी को गुरु विशाखा के दूसरे चरण में आकर रुई में मन्दा एवं अनाजों के भाव में तेजी बनाएगा।

फरवरी

1 फरवरी को बुध धनिष्ठा में आएगा। बुध सूर्य के साथ है एवं शनि से दृष्ट है। चावल–स्वांक में तेजी; सोना–चांदी में मन्दा होकर तेजी; रुई में घटाबढ़ी चले।

2 फरवरी को राहु उ.भा. 3 में एवं केतु हस्त 1 में आएगा। रुई, गुड़, खाण्ड, चावल, सरसों आदि तिलहन के भाव ऊँचे रहें। अनाजों में भी तेजी का रुख रहे।

3 फरवरी को धनु राशिस्थ शुक्र मार्गी होगा। प्लूटो भी धनु में ही है। 4 दिन बाद रुई में मन्दा बने। चांदी, सोना, मोती तेज होंगे। इस समय अनाज, गुड़, घी में यदि मन्दा हो तो स्टॉक करें– आगे लाभ होगा।

4 फरवरी को वक्री शनि पुष्य 3 में आएगा। सूर्य, बुध, मंगल की शनि पर दृष्टि है। तिलहनों में भारी तेजी संभव है। अनाज, रुई, अलसी, सूत, सण में भी तेजी बनेगी।

5 फरवरी को मंगल वृष में, बुध कुम्भ में एवं नेपच्यून धनिष्ठा 1 में प्रवेश करेगा। मंगल शनि की दृष्टि से दूर हो गया है। एक मास में लालचन्दन, लालरंग की चीजें, सभी अनाज, रुई, कपास, सूत, कुसुम्भ, चन्दन, कपूर, केसर, तेल, सोना, चांदी, तांबा, जस्ता आदि धातु व शेयरों में तेजी आती है। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, रसकस में कुम्भस्थ बुध पर बृहस्पति की विशेष दृष्टि होने से यहां तेजी की जगह मन्दा बनने का योग है– सावधानी से काम करें। मकर राशि में नेप्च्यून, सूर्य, बुध, शनि से पूर्ण दृष्ट हैं। अतः 5 फरवरी को जौ, गेहूं, मोठ, चना, चावल, मूंग, उड़द, मसूर, बाजरा, ज्वार तेज रहेंगे। शक्कर, गुड़, खाण्ड में मन्दा आएगा।

6 फरवरी को सूर्य धनिष्ठा में आएगा। नेप्च्यून भी धनिष्ठा के प्रथम चरण में ही चल रहा है। सोना, चांदी, मणि–मोती आदि जवाहरात; मूंग, मसूर, गेहूं आदि अनाज; अलसी व रुई में तेजी बने।

7 फरवरी को प्लूटो मूल धनु में आकर घी, तेल, दालवाना, तिलहन एवं अनाजों में तेजी करेगा।

9 फरवरी को बुध शतभिषा में आकर चांदी, सोना में मन्दा करे, अनाज तेज हों।

12 फरवरी को सूर्य कुम्भ में आकर गुरु ग्रह से पूर्णतया देखा जाएगा। यह योग मन्दा करेगा। घी, तेल, नमक, सरसों, मूंगफली, राई में भी साधारण तेजी आकर मन्दे की तरफ रुख बने। रुई, पाट, अलसी, एरण्ड एवं गेहूं आदि अनाज, गुड़, शक्कर, एवं खाण्ड मन्दे होंगे।

13 फरवरी को बुध पश्चिम में उदित होगा। बुध, सूर्य एकत्र हैं। अतः रुई, शेयरों में 15 दिन में मन्दा आकर तेजी आए।

17 फरवरी को बुध पूभा. में आकर सोना--चांदी, तांबा, लोहा तथा अनाजों में मन्दा बनाए; रुई में घटाबढी रहे।

19 फरवरी को सूर्य शतभिषा में एवं शुक्र उ.षा. में दाखल होगा। गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड मन्दे रहेंगे। रुई में घटाबढी के बाद तेजी एवं अनाज तेज रहें। तिल, तेल, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं एवं गुड का भाव तेज रहे।

24 फरवरी को बुध मीनराशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा। इसी दिन शुक्र मकर राशि में आएगा। मकरराशिस्थ शुक्र पर शनि की पूर्ण दृष्टि है। गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, बिनौला, शेयर, अफीम, घी, गेहूं, चना आदि सारे अनाज तेज रहेंगे। रुई, चांदी में घटाबढ़ी होकर अन्त में उतनी ही तेजी ही रहेगी।

25 फरवरी को मंगल रोहिणी नक्षत्र में आकर रुई, कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लालमिर्च, हींग एवं शेयरों में तेजी ही करेगा।

27 फरवरी को यूरेनस शतभिषा 4 में आकर चावल, खाण्ड, घी, लौंग एवं करयाणा में तेजी करे।

[24 फरवरी से मासान्त तक बाजार प्रायः तेज ही रहेंगे।]

मार्च

1 मार्च बुधवार को चन्द्रदर्शन होगा। रुई में पहले मन्दी बाद में तेजी आए। सोना, चांदी, सूत, वस्त्र, सण, वारदाना, जूट, गुड़, खाण्ड मन्दे रहें। अनाज एवं घी में तेजी आए।

2 मार्च को बुध वक्री हो जाएगा, स्वभावतः वक्री राहु के साथ मीनराशि में बुध का मेल चल रहा है। रुपए का अवमूल्यन होने का भय है। घी, गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी एवं तिलहन में तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में आशा के विपरीत मन्दा आ सकता है।

4 मार्च को सूर्य पूभा. में आएगा। तुला राशिस्थ गुरु वक्री होगा। इसी दिन वक्री बुध पश्चिम में अस्त हो जाएगा। रेशम, सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, चावल आदि अनाज एवं अलसी मन्दे हों। तेल, रसकस, गुड़, खाण्ड में तेजी रहे। घी में पहले मन्दी बाद में तेजी बने।

नोट--क्योंकि, बुध वक्री पोज़ीशन में अस्त हुआ है, अतः अनाजों में मन्दे की जगह तेजी भी आ सकती है-- समझ से काम करें।

9 मार्च को वक्री बुध कुम्भ में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इस पर गुरु की दृष्टि भी है। अलसी, रुई में मन्दी, चान्दी में मन्दी के बाद तेजी बनेगी। **कई बार बुध जब वक्री होकर सूर्य से राशिसम्बन्ध बनाता है तो तेल, तिलहन, रुई, सोना, चांदी में मन्दे की जगह तेजी कर देता है। अतः समझ से काम करें।**

10 मार्च को शुक्र श्रवण में आएगा। चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मोठ एवं उड़द आदि दालवाना मन्दे रहें। तिल, तेल तेज हों; रुई में मन्दा आकर तेजी आए।

14 मार्च मंगलवार को सूर्य मीन राशि में आएगा। राहु पहले ही मीन राशि में है। तिल, तेल, अलसी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सोने में तेजी आए। प्रत्येक जाति के अनाजों में पहले कुछ तेजी, बाद में मन्दे की ओर झुकाव रहता है। इस समय चांदी में जोरदार मन्दी या तेजी के रिएक्शन आएंगे।

17 मार्च को सूर्य उत्तरा भाद्रपदा में आकर चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं एवं तेलों में तेजी करेगा।

19 मार्च को वक्री बुध पूर्व में उदित होगा। रुई में पहले मन्दी, कुछ ही दिन बाद तेजी बने। गेहूं, चना आदि में 40 दिन के अन्दर अच्छी तेजी बने। घी, तिल, पाट, हैसियन एवं लालमिर्च में तेजी बने।

21 मार्च को वक्री बुध शतभिषा 4 में आएगा एवं 22 मार्च को मंगल मृगशिर में प्रवेश करेगा। सोना, चांदी एवं रुई में बाजार ऊपर--नीचे चलें। अन्य व्यापारिक वस्तुओं में प्रायः मन्दे की ओर झुकाव रहेगा। 24 मार्च को शुक्र धनिष्ठा में आएगा; चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा में तेजी चलेगी। रुई, कपास में भी इस समय तेजी नजर आएगी।

25 मार्च को बुध मार्गी होगा। रुई में पहले मन्दी, बाद में तेजी, चांदी में घटाबढ़ी होकर तेजी हो। 8 दिन में गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज होंगे। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन अगर आदि

सुगन्धित चीजों में मन्दा बने। रसकस मन्दे एवं सोने में तेजी का वातावरण रहे।

29 मार्च को बुध पू.भा. में प्रवेश करेगा। बुध पर गुरु की विशेष दृष्टि है। सोना, चांदी, तांबा, लोहा तथा अनाजों में मन्दा बने और रुई में घटाबढ़ी चले। 29 मार्च को प्लूटो भी वक्री होकर बाजारों में अस्थिरता का संकेत देता है। 29 मार्च को भारत में दृश्य सूर्यग्रहण का प्रभाव तेजीपरक रहेगा। मासान्त में बाजार के रुख को देखकर काम करें।

नोट– 25 मार्च तक बुध एवं गुरु, शनि संवत् के अन्त तक वक्री चलेंगे। अतः इस मास में बहुत समझ से काम करें। विशेषतः वायदा व्यापारी बाजार के रुख को देखकर काम करें। इस समय हमारे कार्यालय से सम्पर्क करके ताजा रिपोर्ट प्राप्त करें। मन्दे में खरीद कर तेजी में माल निकालते रहें. नफा साथ–साथ बुक करते रहें।

सज्जनों ! हमने ग्रहचाल को पूरी तरह जांचकर तेजी–मन्दी के रुख का बेरवा इस पंचांग में दिया है, फिर भी ग्रहचालवश यदि किसी प्रकार से आपको व्यापार में हानि होती है तो हम उसके लिए उत्तरदायी न होंगे। वैसे, हमारी प्रभु से प्रार्थना है, कि– आपको व्यापार में हमेशा उत्तम लाभ प्राप्त होता रहे।

पं. इन्दुशेखर शर्मा, शास्त्री,
ज्योतिषाचार्य, एम.ए.,
मार्त्तण्ड भवन, मु.पो. कुराली (रोपड़), पं.।

मनिऑर्डर इस पते पर भेजें :–
संयमी शर्मा , एम.ए.,
प्रबन्धक :–
श्री मार्तण्ड ज्योतिष कार्यालय ,
कुराली – 140 103 (रोपड़) पं.।

फोनः– 0160- 2641277 / FAX - 0160- 2641577

यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी, सन् 2005 ई. से 29 मार्च, सन् 2006 ई. तक)

जप एवं यन्त्र–मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य–चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य–चन्द्रग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिष ग्रन्थों में इस विषय के अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्ट रूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्तशिरोमणि' में कहा है, कि–क्रांतिसाम्य के काल में विवाहादि मंगलकृत्य करना तो निषिद्ध है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है–*"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान–जप–होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्।।"* यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी, 2005 ई. से 29 मार्च, सन् 2006 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारंभ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यंत्र–तंत्रों के निर्माण से एवम् मंत्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के पर्वकाल को भी मन्त्रादि साधना के लिए साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य–चन्द्रग्रहण के अलावा मन्त्रादि साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहावारुणीपर्व, महावारुणीपर्व, वारुणीपर्व और षडशीतिमुख पुण्यकाल भी महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। षडशीतिमुख पुण्यकाल प्रतिवर्ष चार बार घटित होता है, जबकि शेष अर्धोदय आदि योग कभी–कभी आते हैं।

सावधान–यंत्र–मंत्र–तंत्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिए, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायन संक्रान्ति पुण्यकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
(सन् 2005 ई.)					
19 जन.	22	51	20 जन.	10	51
18 फर.	13	02	19 फर.	1	02
20 मार्च	12	03	21 मार्च	0	03
19 अप्रै.	23	07	20 अप्रै.	11	07
20 मई	22	17	21 मई	10	17
21 जून	6	16	21 जून	18	16
22 जुला.	17	11	23 जुला.	5	11
23 अग.	0	15	23 अग.	12	15
21 सितं.	21	53	22 सितं.	9	53
23 अक्तू.	7	12	23 अक्तू.	19	12
22 नवं.	4	45	22 नवं.	16	45
21 दिसं.	18	05	22 दिसं.	6	05
सन 2006 ई.					
20 जन.	4	45	20 जन.	16	45
18 फर.	18	55	19 फर.	6	55
20 मार्च	17	55	21 मार्च	5	55

निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भान्ति निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल में भी यंत्र–मंत्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
(सन् 2005 ई.)					
7 जन.	4	33	7 जन.	10	24
19 जन.	9	19	19 जन.	15	14
2 फर.	7	50	2 फर.	12	31
14 फर.	4	24	14 फर.	8	46
27 फर.	23	25	28 फर.	3	30
12 मार्च	0	38	12 मार्च	4	17
25 मार्च	14	11	25 मार्च	18	10
6 अप्रै.	21	43	7 अप्रै.	1	23
20 अप्रै.	6	36	20 अप्रै.	11	05
2 मई	17	28	2 मई	21	43
16 मई	0	58	16 मई	6	35
28 मई	18	09	28 मई	23	29
11 जून	5	24	11 जून	12	49
2 जुला.	20	12	3 जुला.	3	09
17 जुला.	1	39	17 जुला.	7	09
29 जुला.	1	22	29 जुला.	6	31
12 अग.	2	10	12 अग.	6	45
23 अग.	23	17	24 अग.	3	15
6 सितं.	17	46	6 सितं.	21	55
18 सितं.	22	51	19 सितं.	2	19
2 अक्तू.	7	45	2 अक्तू.	11	54
14 अक्तू.	22	03	15 अक्तू.	1	39
27 अक्तू.	22	22	28 अक्तू.	3	01
9 नवं.	18	28	9 नवं.	22	49
22 नवं.	16	10	22 नवं.	22	03
5 दिसं.	20	32	6 दिसं.	2	10
19 दिसं.	1	56	19 दिसं.	9	25
28 दिसं.	7	01	28 दिसं.	13	30
(सन् 2006 ई.)					
9 जन.	16	18	9 जन.	22	21
23 जन.	18	08	23 जन.	23	20
4 फर.	16	15	4 फर.	20	41
18 फर.	11	49	18 फर.	16	16
2 मार्च	14	34	2 मार्च	18	05
16 मार्च	0	13	16 मार्च	4	23
28 मार्च	15	30	28 मार्च	18	51

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य

सूर्य–चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किये जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ– समाप्तिकाल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल महापात गणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

षडशीतिमुख संक्रान्ति पुण्यकाल (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
(सन् 2005 ई.)					
10 जन.	1	35	10 जन.	13	35
5 अप्रै.	14	42	6 अप्रै.	2	42
06 12	13 33	13 33	13 34	13 34	13 35	13 36	13 36	13 37	13 37	13 38	13 38	13 39	13 40	13 40	13 41
06 24	13 59	14 00	14 00	14 01	14 02	14 02	14 03	14 03	14 04	14 04	14 05	14 06	14 06	14 07	14 07
06 36	14 26	14 26	14 27	14 28	14 28	14 29	14 29	14 30	14 31	14 31	14 32	14 32	14 33	14 34	14 34
06 48	14 52	14 53	14 54	14 54	14 55	14 55	14 56	14 57	14 57	14 58	14 58	14 59	15 00	15 00	15 01
07 00	15 19	15 19	15 20	15 21	15 21	15 22	15 23	15 23	15 24	15 25	15 25	15 26	15 26	15 27	15 28
07 12	15 45	15 46	15 47	15 47	15 48	15 49	15 49	15 50	15 51	15 51	15 52	15 53	15 53	15 54	15 55
07 24	16 12	16 13	16 13	16 14	16 15	16 15	16 16	16 17	16 17	16 18	16 19	16 19	16 20	16 21	16 21
07 36	16 39	16 39	16 40	16 41	16 41	16 42	16 43	16 44	16 44	16 45	16 46	16 46	16 47	16 48	16 48
07 48	17 05	17 06	17 07	17 07	17 08	17 09	17 10	17 10	17 11	17 12	17 12	17 13	17 14	17 15	17 15
08 00	17 32	17 33	17 33	17 34	17 35	17 36	17 36	17 37	17 38	17 39	17 39	17 40	17 41	17 42	17 42
08 12	17 59	17 59	18 00	18 01	18 02	18 02	18 03	18 04	18 05	18 05	18 06	18 07	18 08	18 09	18 09
08 24	18 25	18 26	18 27	18 28	18 29	18 29	18 30	18 31	18 32	18 32	18 33	18 34	18 35	18 36	18 36
08 36	18 52	18 53	18 54	18 55	18 55	18 56	18 57	18 58	18 59	18 59	19 00	19 01	19 02	19 03	19 03
08 48	19 19	19 20	19 21	19 22	19 22	19 23	19 24	19 25	19 26	19 26	19 27	19 28	19 29	19 30	19 30
09 00	19 46	19 47	19 48	19 48	19 49	19 50	19 51	19 52	19 53	19 53	19 54	19 55	19 56	19 57	19 58
09 12	20 13	20 14	20 15	20 15	20 16	20 17	20 18	20 19	20 20	20 20	20 21	20 22	20 23	20 24	20 25
09 24	20 40	20 41	20 41	20 42	20 43	20 44	20 45	20 46	20 47	20 48	20 48	20 49	20 50	20 51	20 52
09 36	21 07	21 08	21 08	21 09	21 10	21 11	21 12	21 13	21 14	21 15	21 16	21 16	21 17	21 18	21 19
09 48	21 34	21 35	21 36	21 36	21 37	21 38	21 39	21 40	21 41	21 42	21 43	21 44	21 45	21 45	21 46
10 00	22 01	22 02	22 03	22 04	22 04	22 05	22 06	22 07	22 08	22 09	22 10	22 11	22 12	22 13	22 14
10 12	22 28	22 29	22 30	22 31	22 32	22 33	22 33	22 34	22 35	22 36	22 37	22 38	22 39	22 40	22 41
10 24	22 55	22 56	22 57	22 58	22 59	23 00	23 01	23 02	23 03	23 04	23 05	23 05	23 06	23 07	23 08
10 36	23 22	23 23	23 24	23 25	23 26	23 27	23 28	23 29	23 30	23 31	23 32	23 33	23 34	23 35	23 36
10 48	23 49	23 50	23 51	23 52	23 53	23 54	23 55	23 56	23 57	23 58	23 59	24 00	24 01	24 02	24 03
11 00	24 17	24 18	24 19	24 20	24 21	24 22	24 23	24 24	24 25	24 26	24 27	24 28	24 29	24 30	24 31
11 12	24 44	24 45	24 46	24 47	24 48	24 49	24 50	24 51	24 52	24 53	24 54	24 55	24 56	24 57	24 58
11 24	25 11	25 12	25 13	25 14	25 15	25 16	25 17	25 18	25 20	25 21	25 22	25 23	25 24	25 25	25 26
11 36	25 38	25 40	25 41	25 42	25 43	25 44	25 45	25 46	25 47	25 48	25 49	25 50	25 51	25 52	25 54
11 48	26 06	26 07	26 08	26 09	26 10	26 11	26 12	26 14	26 15	26 16	26 17	26 18	26 19	26 20	26 21
12 00	26 33	26 34	26 36	26 37	26 38	26 39	26 40	26 41	26 42	26 43	26 44	26 46	26 47	26 48	26 49

चाहिए। पञ्चोपचार, अष्टोपचार, दशोपचार या षोडशोपचार में से किसी भी क्रम से **इन्द्र, वरुण, बृहस्पति एवं सविता भगवान्** की पूजा करनी चाहिए किंवा मन्त्रजापकाल में इन्हीं का ध्यान निर्मल चित्त से करते रहना चाहिए। प्रत्येक मन्त्रोच्चारण के साथ मनोवृत्ति हो कि – मेरे द्वारा जाने–अनजाने में किसी भी प्रकार किए गए दुष्टकृत्य के कुफल की शान्ति हो अथवा मैं सब प्रकार से पवित्र हो जाऊँ। इस मन्त्र की 11 या 21 माला प्रतिदिन संयमपूर्वक करें। सामर्थ्य के अनुसार **'नाक्षत्रमाला'** भी की जा सकती है।

मन्त्रः– " ॐ यन्मे मनसा वाचा कर्मणा वा दुष्कृतं कृतम्। तन्न इन्द्रो वरुणो बृहस्पतिस्सविता च पुनन्तु पुनः पुनः ॐ "।।

नोटः– यह एक वैदिक मन्त्रप्रयोग है; इसमें किसी भी प्रकार से परिवर्तन करने का प्रयत्न बिल्कुल न करें।

सर्वप्रकार से रक्षार्थ एक अनुभूत मन्त्र प्रयोग

नवरात्र पक्ष में या किसी भी शुक्लपक्ष में (शुभमुहूर्त में) इस मन्त्रप्रयोग का शुभारम्भ भगवती जगदम्बा की सामान्य व केवल मानसिक पूजा के साथ किया जा सकता है। सपाद एक लक्ष इसका पुरुश्चरण माना गया है। सामान्यतः नियमितरूप से प्रतिदिन प्रातः, सायं या निशीथकाल में भी यथाशक्ति इस मन्त्र का जाप करना हर प्रकार से शुभ किंवा रक्षाकारक है। **ध्यान दें–** इस मन्त्र के समर्पण में सिद्ध कुञ्जिका स्तोत्र का पाठ अवश्य करें। मन में किसी भी तरह की विकृति, इस मन्त्रजाप के समय न आने दें।

मन्त्रः–"ॐ नमस्तेऽस्तु भगवति मातरस्मान् पाहि सर्वतःॐ"।।

इस के साथ **'देव्यथर्वशीर्ष'** का पाठ भी यदि किया जाए तो विशेष शुभफल की प्राप्ति होगी– अनुभूत है।

वशीकरण यन्त्र

निम्नांकित यन्त्र को सूती कपड़े पर अनार की कलम से कस्तूरी, केसर एवं लाल–चन्दन से शुभमुहूर्त में लिखें। यन्त्र में **'अमुक'** के स्थान पर सर्वजन या व्यक्तिविशेष जिस पर वशीकरण करना हो, उसका नाम लिखें। यन्त्र में लिखित 'क्षः' बीजमन्त्र पर एक फूल रखें एवं निम्नांकित मन्त्र का जाप करते जाएं। मन्त्र की 5 या 7 माला प्रतिदिन करें। यह सात दिन का विधान है। आठवें दिन यन्त्र पर रखे पुष्पाक्षतों को जल में प्रवाहित करें। साधक का मुख प्रातः पूर्व की ओर और सायं पश्चिम की तरफ होना चाहिए।

मन्त्र– "ॐ श्रीम् ह्रीम् हुम् वशमानय क्लीम् ॐ फट्।।"

यन्त्र

विवाद या मुकद्दमे में विजयार्थ यन्त्र

निम्नांकित यन्त्र को भोजपत्र या शुद्ध कपड़े पर लाल चन्दन, केसर एवं कस्तूरी की स्याही से शुभमुहूर्त में अंकित करें। यन्त्रमध्य में जहां **'अमुक'** लिखा है, वहां अपने प्रतिवादी (शत्रु) किंवा विपक्ष के प्रधान व्यक्ति का नाम लिखें।प्रतिवादी के नाम (जो कि यन्त्रमध्य में लिखा है) पर थोड़ी पीली सरसों रख दें एवं पीले अकीक रत्न की माला से 5 माला निम्नांकित मन्त्रजाप करें–

मन्त्र–"ॐ क्लीम् ह्रीम् महामाये विजयसिद्धिं मे देहि ॐ फट्।।"

कोर्ट–कचहरी या पंचायत में जाते समय यन्त्र को धूप देकर दाएं बाजू पर लाल कपड़े से बांधकर ले जाएं, पलड़ा आपका भारी रहेगा– विजय प्राप्त होगी। 7 दिन का प्रयोग है–**यन्त्र सामने दिया गया है।**

ह्रीं

ह्रीं अमुक ह्रीं

ह्रीं

बनते सरकारी कामों में विलम्ब एवं अनेकविध राज्यबाधा निवारणार्थ यन्त्र

नौकरी में ऑफिसर से परेशानी, अकारण स्थानान्तरण, पेंशन लगने में देरी आदि के कारण यदि आप दफतरों के चक्कर लगाकर तंग आ चुके हैं तो यह यन्त्र आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है– अनुभव करें। **यन्त्र यह है –**

विधि– शुद्ध भूमि पर चावल की चार ढेरियां बनाकर, उस पर एक स्टील की थाली को स्थापित करें। थाली के मध्य निम्नांकित यन्त्र को कुंकुम से *'राज्यबाधा निवारण'* मन्त्रोचारण पूर्वक लिखें। यन्त्र के मध्य एवं दाईं ओर भगवती के ध्यानपूर्वक शक्ति स्थापना की कल्पना करें। बाईं ओर कालीमिर्च के 5 या 7 दाने स्थापित करें। फिर यन्त्र की मन्त्रोच्चारणपूर्वक पुष्पाक्षतों से पूजा करें। 8 दिन तक प्रतिदिन

राज्यबाधानिवारण मन्त्र की 5–5 माला जाप करें। नौवें दिन में यन्त्र, माला, पुष्पाक्षत– सब जलप्रवाहित कर दें। थाली के मध्य लिखे यन्त्र को धोकर पीपल या फलदार वृक्ष की जड़ में डालें। आपका काम तुरन्त हो जाएगा– अनुभव करें।

मन्त्र– "ॐ ऐं क्रीं ह्रीं राज्यबाधा निवारणाय फट्।"

साधक की मनोकामना सिद्ध्यर्थ कार्तवीर्यार्जुन यन्त्र

भगवान् विष्णु के सुदर्शनचक्र की कल्पना कार्तवीर्यार्जुन के रूप में की गई है। इसके धारण करने से मनोकामना सिद्ध्यर्थ अद्भुत सामर्थ्य का लाभ होता है। मनोबल प्रबल रहता है।

मनोकामना यहां लिखें।

दीपावली की रात्रि में भोजपत्र किंवा किसी शुद्धवस्त्र पर इस यन्त्र को अंकित करके यन्त्र के मध्य में **"ॐ फ्रों"** लिखें, फिर यन्त्र का पूजन कुंकुमाक्षत–धूप–दीप से करके यन्त्र के नीचे अपनी मनोकामना कुंकुम से लिख दें। तत्पश्चात् लाल मूंगे की माला से निम्नांकित मन्त्र की 5 माला जाप करें। आप पूर्ण मनोबल से सर्वविध परेशानियों को पार कर जाएंगे; यश प्राप्त होगा।

मन्त्र–ॐ हूं फ्रों हूं मनोवांछित सिद्धये कार्तवीर्याय फट्।।"

यह प्रयोग 11 दिन का है। यन्त्र को पूजास्थल पर सुरक्षित रखें। पुष्पाक्षत को जलप्रवाहित करें।

आमदनी के विभिन्न स्रोत प्राप्त्यर्थ मन्त्र

भगवान् शंकर या इष्टदेव की प्रतिमा (फोटो) की स्थापना करके चन्दन पुष्पाक्षत–धूपदीप से पूजन करें, छोटी इलायची, मिसरी एक थाली में सामने रखकर निम्नांकित मन्त्र को 108 बार पढ़ें। मन्त्रजाप के बाद

इलायची एवं मिसरी में अपना हाथ फिरा दें। कार्यार्थ जहां जाएं, इलायची-मिसरी मूंह में डालकर जावें, आय के साधन स्वतः बनते जाऐंगे।

मन्त्र- "ॐ शम् ह्रीम् शम् ॐ।।"

मन्त्रजाप के पश्चात् ये प्रार्थना करें-

प्रार्थना- "ॐ नमः परमकल्याण नमस्ते विश्वभावन।
नमस्ते पार्वतीनाथ उमाकान्त नमोऽस्तु ते।।"

शत्रुओं को हतप्रभ किंवा समाप्त करने के लिए मन्त्र

शत्रुपक्ष को समाप्त करने के लिए श्रावण मास के प्रारम्भ में त्र्यम्बक भगवान् शंकर की कल्पना बिर्मी (बिम्मी) की मिट्टी के पिण्ड में करके पूजन-ध्यानपूर्वक भगवान् शिव से निम्न प्रकार से प्रार्थना करें :-

"ॐ उग्रवीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्।
नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु-मृत्युं नमाम्यहम्।।

निम्नांकित मन्त्र का प्रतिदिन 1100 बार जाप करें।

मन्त्रः- "ॐ शत्रुदलनाशाय रुद्ररूपाय फट्।"

तीन दिन बाद बिर्मी की मिट्टी से बने शिव-पिण्ड को पुष्पाक्षत सहित जल में प्रवाहित करें.।

यदि आपका बच्चा पढ़ाई में मन नहीं लगाता हो तो सरस्वती मन्त्र का जाप करें।

सरस्वती मन्त्र का जाप प्रारम्भ करने से पहले अपने सामने जल तथा मिसरी रख लें। जाप की समाप्ति के पश्चात् सम्मुखस्थ जल को बच्चे को पिला दें एवं मिसरी को रोजाना बच्चे को दें- बच्चे की प्रवृत्ति पढ़ाई में लगने लगेगी।

मन्त्रः- "ॐ ह्रीम् ऐं ह्रीम् ॐ सरस्वत्यै नमः।

इस मन्त्र का जाप प्रतिदिन 3 माला करें; 41-41-41 दिन के तीन अनुष्ठान करें। आश्चर्यजनक लाभ होगा, अनुभव करें।

कुछ अनुभूत टोटके

(1) **विषमज्वर हेतु**- इतवार के दिन सफेद कनेर की जड़ को कुछ समय के लिए कान पर बांध लें- विषमज्वर समाप्त हो जाएगा।

(2) **बवासीर से मुक्ति के लिए**- काले धतूरे की जड़ को कमर पर बांधने से आश्चर्यजनक लाभ होगा।

(3) **पागलपन या मानसिक परेशानी से मुक्ति के लिए**- सर्पगन्धा एवं अपामार्ग (पुठकण्डा) की जड़ को सिर पर या चोटी से बांधने पर आश्चर्यजनक लाभ होता है। वृथालाप (बेकार में बोलते रहने) से मुक्ति मिलती है एवं निद्रा आ जाती हैं।

(4) **मिर्गीरोग शान्त्यर्थ**- लौंग, असली हींग एवं एक जायफल- ये तीनों रेशमी कपड़े में बांधकर रेशमी धागे से गले में बांध दें, दौरा नहीं पड़ेगा।

(5) **प्रसव-वेदना से तुरन्त राहत मिले**- प्रसव वेदना से छटपटाती स्त्री की कमर में नीम की जड़ या अपामार्ग (पुठक्रण्डा) की जड़ को मौली के धागे में बांधकर स्त्री की कमर में बांध दिया जाए तो सुखपूर्वक प्रसव तुरन्त होगा- अनुभव करें।

यदि चिटपटे (पुठकण्डे)की जड़ उखाड़ते समय सबूत निकले तो पुत्र अन्यथा पुत्री हो- ऐसा किसी का कहना है।

(6) **सर्पभय से मुक्ति के लिए**- सोमवार को निर्गुण्डी की जड़ उखाड़ कर घर में रखने से सर्प का भय नहीं रहता। घर में मोरपंख रखने से भी सर्पभय नहीं रहता।

सन्धिगत लग्न का निर्णय

(प्रो. प्रियव्रत शर्मा कृत 'विश्व लग्नसारणी' से उद्धृत)

जब जातक का जन्म एक लग्न (लग्नराशि) की समाप्ति और दूसरे लग्न (लग्नराशि) के प्रारम्भकाल के काफी समीप (4-5 मिनटों के अन्तर पर ही) हुआ हो, अथवा ऐसा कहिए–जन्मकालिक स्पष्ट लग्न यदि राशि के लगभग अन्तिम या प्रथम अंश में हो, तब निश्चयपूर्वक यह निर्णय कर पाना दैवज्ञ के लिए कठिन हो जाता है कि–जन्मलग्न की वास्तविक राशि इन दो पार्श्वस्थ राशियों में से कौन सी है। अनिश्चय (सन्देह) की यह स्थिति इसलिए उत्पन्न होती होती है क्योंकि लग्न की उदयगति बहुत द्रुत है, जिससे लग्न की उपरोक्त स्थिति में जन्मकालगत एक–आध मिनट या कुछ ही सेकण्डों की तथा अक्षांश-रेखांशगत कला या कुछ ही विकलाओं की अशुद्धि से अथवा लग्नसारणी की कुछ स्थूलता से भी लग्नराशि इधर–उधर हो सकती है। इस प्रकार की लग्नसम्बन्धी Sensitive (असहिष्णु) स्थिति को **'सन्धिगतलग्न'** (दो राशियों की सीमा से सटे लग्न) या **'सन्देहास्पद लग्न'** की स्थिति कहा जाता है।

यदि दैवज्ञ द्वारा लग्नसाधन के लिए प्रयुक्त जातक का जन्मकाल जन्मस्थलीय अक्षांश, रेखांश तथा जन्मस्थलीय लग्नसारणी में कोई अशुद्धि न हो, अर्थात् ये सभी यथासम्भव शुद्ध हों, तब तो दो राशियों की सीमा से लगभग सटे जन्मलग्न की यथार्थ राशि वही मानी जाएगी, जो साधित लग्न के भोगांशों द्वारा ज्ञापित होती है। हां, यदि लग्न स्पष्ट करने के बाद सन्धिगत लग्न की स्थिति प्रतीत हो और दैवज्ञ समझे कि– वहां प्रयुक्त जन्मकाल आदि अपेक्षित सूक्ष्मता वाले नहीं हैं तब तो दैवज्ञ को उस लग्न का साधन पुनः सूक्ष्म जन्मकाल आदि द्वारा करना चाहिए। इस प्रकार दुबारा साधित लग्न के भोगांश जिस राशि को प्रकट करें, उसे ही वास्तविक लग्नराशि जाने। सन्धिगत लग्न की वास्तविक राशि के निर्धारणार्थ किस स्थिति में संशोधित जन्मकाल आदि द्वारा पुनः गणित (लग्नसाधन) करना आवश्यक है और किस स्थिति में नहीं– इस विषय में नीचे दिया गया विवेचन पढ़िए, जिससे आप जान सकेंगे कि– लग्नसाधनोपयोगी किस पदार्थ में अधिकतम कितनी अशुद्धि लग्नसाधन–प्रक्रिया में अपरिहार्य होने से दैवज्ञ को स्वीकार कर लेनी चाहिए।

जन्मकाल में अशुद्धि– क्योंकि, सभी लोग जातक का जन्मकाल मिनटान्त (मिनट तक) ही लेते हैं, सेकण्डों का वे निर्देश नहीं करते। अतः स्पष्ट है, जन्मकाल में 30 सेकण्ड तक की अशुद्धि से इन्कार नहीं किया जा सकता। जन्मकाल में 30 सेकण्ड की यह अशुद्धि साम्पातिककाल में भी 30 सेकण्ड तक की अशुद्धि उत्पन्न करती है– यह स्पष्ट है।

रेखांश में अशुद्धि– जन्मस्थलीय रेखांश कलान्त ही लिए जाते हैं। विकलाओं की यहां उपेक्षा की जाती है। एटलसों से प्राप्त रेखांशों में तो एक–दो कलाओं की अशुद्धि (स्थूलता) अक्सर पाई जाती है। यदि हम एटलसों से प्राप्त जन्मस्थलीय रेखांश को कला तक भी शुद्ध मान लें तो भी रेखांश में 30 विकला तक की अशुद्धि तो सम्भावित ही है। 30 विकला की यह अशुद्धि स्था. म. का. में, जिसका प्रयोग साम्पातिककाल साधन के लिए किया जाता है, 2 सेकण्ड तक की अशुद्धि उत्पन्न करती है।

इस प्रकार उपरोक्त जन्मकालगत 30 सेकण्ड तक की और रेखांश की स्थूलता से उत्पन्न 2 से. तक की अशुद्धि– ये दोनों अशुद्धियां मिलकर साम्पातिककाल में 32 से. तक की अशुद्धि उत्पन्न करती हैं। साम्पातिककाल में 32 सेकण्ड तक की इस अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि से विभिन्न अक्षांशीय स्थलों पर लग्न में उत्पन्न होने वाली अशुद्धि का विवरण इस प्रकार है–

साम्पातिककाल में 32 सेकण्ड की अशुद्धि से शून्य अक्षांशीय स्थलों पर लग्न में लगभग 512 वि. (8 क. 32 वि.) 35 अक्षांशीय स्थलों पर 768 वि. (12 क. 48 वि.), 48 अक्षांशीय स्थलों पर 1024 वि.(17 क. 4 वि.), 60 अक्षांशीय पर 2112 वि. (35 क. 12 वि.) और 66 अक्षांशीय पर 16512 वि. (4 अं. 35 क. 12 वि.) तक की अपरिहार्य अशुद्धि उत्पन्न होती है।

अक्षांश में अशुद्धि– जातक के जन्मस्थलीय अक्षांश भी कलान्त ही लिए जाते हैं। रेखांशों की भान्ति एटलसों से प्राप्त अक्षांशों में भी एक–दो कला की अशुद्धि पाई जाती है। यदि जातक के जन्मस्थलीय अक्षांश को भी कलान्त शुद्ध मान लिया जाए, तब भी 30 विकला तक की अशुद्धि इसमें सम्भावित है । अक्षांश में 30 विकला तक की इस अशुद्धि से विभिन्न अक्षांशीय स्थलों पर लग्न में उत्पन्न होने वाली इस अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि का विवरण यह है–

जातक के जन्मस्थलीय अक्षांश में 30 वि. की अशुद्धि से शून्य अक्षांशीय स्थल पर (शून्य अक्षांशीय स्थल के आस–पास) लगभग 12 विकला, 35 अक्षांशीय

स्थल पर 20 वि., 48 अक्षांशीय स्थल पर 42 वि., 60 अक्षांशीय स्थल पर 145 वि. (2 क. 25 वि.) तथा 66 अक्षांशीय स्थल के आस–पास 840 वि. (14 क.) की अशुद्धि पैदा होती है।

इस प्रकार जन्मकालिक साम्पातिककाल (जन्मकाल, रेखांश) तथा जन्मस्थलीय अक्षांश में उपरोक्त अपरिहार्य अशुद्धियों के योग से उत्पन्न विभिन्न अक्षांशीय लग्नों में कुल अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि को कोष्ठक द्वारा इस प्रकार स्पष्टतापूर्वक उपस्थापित किया जा सकता है–

लग्न में अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि

अक्षांश (उत्तर या दक्षिण)	0°	35°	48°	60°	66°
साम्पातिककालगत अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि से लग्न में अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि	9′ 00″	13′ 00″	17′ 00″	36′ 00″	276′ 00″
अक्षांशगत अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि से लग्न में अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि	0′ 12″	0′ 20″	0′ 42″	2′ 30″	14′ 00″
लग्न में कुल अपरिहार्य अधिकतम अशुद्धि	9′ 12″	13′ 20″	17′ 42″	38′ 30″	290′ 00″

यह सारणी बतलाती है कि– अमुक अक्षांश वाले स्थलों पर लग्न में अपरिहार्य परम अशुद्धि कितनी है। जैसे– 0° अक्षांश के कॉलम के नीचे अन्तिम पंक्ति में 9′-12″ लिखा है। इसका अर्थ है-शून्य अक्षांशीय स्थलों पर लग्न के भोगांश में 9′-12″ तक की अशुद्धि उपरोक्त अपरिहार्य कारणों से दैवज्ञों को उपेक्षित कर देनी चाहिए। इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि – यदि शून्य अक्षांशीय स्थल पर साधित लग्न का अन्तर पूर्वापरवर्त्ती राशियों के क्रमशः समाप्ति या प्रारम्भबिन्दु से 9 क. 12 वि. या इससे अधिक हो तो उसे सन्देहास्पद लग्न नहीं मानना चाहिए। इस स्थिति में साधित लग्न के भोगांश वाली राशि को ही वास्तव जन्मलग्नराशि माना जाएगा। अन्यथा (यदि अन्तर 9′.12″ से कम हो तो) जन्मकाल, जन्मस्थलीय रेखांश, अक्षांश की शुद्धिपरीक्षा करे। यदि इनमें कुछ अन्तर उपलब्ध हो तो उसे दूर करके नए जन्मकाल आदि द्वारा सूक्ष्म लग्नसारणी से अपने अक्षांश का सूक्ष्मतापूर्वक पुनः लग्नसाधन करे और इससे प्राप्त लग्नभोगांश द्वारा ज्ञापित राशि को वास्तविक जन्मलग्नराशि जानें।

ध्यान दें– 'लग्न में अशुद्धि की उपरोक्त मात्रा, जिसे उक्त अपरिहार्य कारणों से दैवज्ञ को स्वीकार करने के लिए हमने परामर्श दिया है, को अपसारित कर सकना सर्वथा असम्भव है'- ऐसी बात नहीं है। इस 'अपरिहार्य' अशुद्धि से लग्न को काफी कुछ (लगभग पूरी तरह) मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए जन्मस्थलीय अक्षांश–रेखांश सर्वथा सूक्ष्म (विकलान्त) लेने होंगे। अक्षांश–रेखांश की इतनी सूक्ष्मता एटलसों द्वारा तो नहीं प्राप्त हो सकती, अतः इसके लिए G.P.S.✪ यन्त्र का प्रयोग करना होगा। जन्मकाल को सेकण्ड तक की सूक्ष्मता से ज्ञात करना असम्भव है, क्योंकि वास्तविक जन्मकाल के बारे में ज्योतिषशास्त्री एक मत नहीं हैं। कोई योनि से सिर के बाहिर आने के काल को, कोई नालच्छेद काल को तो कोई प्रथम श्वासग्रहण काल को जन्मकाल मानते हैं। जन्मकाल, की परिभाषा कुछ भी हो, जन्मकाल के निर्णय में 5–7 सेकण्ड की अशुद्धि हो जाना स्वाभाविक है। मैं समझता हूँ– परम सूक्ष्म रेखांश, अक्षांश और जन्मकाल जिसमें 5–7 सेकण्ड से अधिक अशुद्धि न हो– इनसे सूक्ष्म शुद्ध जन्मस्थानीय लग्नसारणी से साधित लग्न पर्याप्त सूक्ष्म शुद्ध होगा। क्योंकि, लग्नसारणियां एक–एक या आधा–आधा अक्षांशों के अन्तर पर बनी होती हैं, अतः जातक के जन्मस्थानीय अक्षांशों की अंश–कलाओं का लग्न उनसे स्पष्ट करते समय अक्षांश–कलाओं के लिए त्रैराशिक करना पड़ता है, इस त्रैराशिक प्रक्रिया में कुछ विकलाओं की स्थूलता लग्न में अवश्य आती है। लेकिन सारणी द्वारा लग्नसाधन करते हुए इस स्थूलता से बचा नहीं जा सकता। यदि इस स्थूलता से भी बचना है, तब तो Scientific Calculator द्वारा लग्नसाधन के त्रिकोणमितीय सूत्र से लग्नसाधन करना चाहिए। इससे साधित लग्न परम सूक्ष्म शुद्ध होगा। जहां साधित लग्न दो राशियों के संगमबिन्दु से केवल एक–दो विकलाओं के ही अन्तर पर हो, वहां G.P.S. से जन्मस्थानीय सूक्ष्म अक्षांश, रेखांश लेकर लग्नसाधक त्रिकोणमितीय सूत्र द्वारा लग्नसाधन से ही वास्तविक जन्मलग्नराशि प्रामाणिकरूप से जानी जा सकती है। ऐसे स्थलों पर सन्दिगत लग्न का निर्णय अन्य प्रकार से कभी सम्भव नहीं है। **भारतीय दैवज्ञ तो ऐसे स्थलों पर जातक की आकृति, वर्ण आदि द्वारा जातकोक्त राशिलक्षणानुसार जन्मलग्नराशि का निर्णय जैसे–तैसे कर लेते हैं। ध्यान रहे– राशिलक्षणानुसार किया गया सन्देहास्पद लग्न का निर्धारण त्रिकोणमितीय लग्नसाधन-सूत्र से**

✪ G.P.S. के बारे में 'विश्व लग्न सारणी' पृ. 552 देखें।

निर्धारित वास्तविक लग्न से अनेकत्र मेल नहीं खाता। ✕

लग्नेतर भावों तथा द्वादशभावों के नवांशादि की सन्धिगत स्थिति

ध्यान रहे– दो राशियों की सन्धि के आसन्न स्थिति के कारण केवल लग्न की राशि ही सन्देहास्पद स्थिति में नहीं आती, अपितु–अन्य भावों की राशियां भी सन्धिगत स्थिति में आती हैं। नीचे चण्डीगढ़ में उत्पन्न जातक के जन्मकालीन स्पष्टभाव दिए गए हैं। इन्हें देखिए–

जन्मतारीख 18 मई, 1997 ई.

जन्मस्थान चण्डीगढ़ (U.T.)

अक्षांश 30°-44′ (उ.)

स्टैं. अं. –22^मि^-32^से^

जन्मकाल 5^घ^–39^मि^ (I.S.T.)

साम्पातिककाल 20^घ^–59^मि^–21^से^

निरयणलग्न 1^रा^ 5^अं^ 47^क^

निरयणदशम 9^रा^– 18^अं^– 33^क.^

स्पष्ट भाव

भाव	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
राशि	1	2	2	3	4	6	7	8	8	9	10	0
अंश	5	0	24	18	24	0	5	0	24	18	24	0
कला	47	2	17	33	17	2	47	2	17	33	17	2

देखिए– यहां लग्नभोगांश 1 रा. 5 अं. 47 क. है। अतः स्पष्ट है , यह लग्न किसी भी दृष्टि से सन्धिगत नहीं है। लेकिन, यहां द्वितीय, षष्ठ, अष्टम और द्वादश– ये चारों भाव क्रमशः मिथुन, तुला, धनु और मेष राशियों के बिल्कुल प्रारम्भबिन्दुओं पर हैं। इनके प्रारम्भ बिन्दुओं से ये केवल 2–2 कला ही आगे हैं। अतः स्पष्ट रूप में इन चारों भावों की राशियां सन्देहास्पद स्थिति में हैं। यहां यदि जातक के जन्मकाल में 8–9 सेकण्ड की भी अशुद्धि हो अर्थात् दैवज्ञ द्वारा यहां प्रयुक्त जातक का जन्मकाल वास्तव जन्मकाल से 8–9 सेकण्ड अधिक हो तो इन सभी (द्वितीय आदि) भावों की राशियां मिथुन आदि भी अशुद्ध होंगी– यह स्पष्ट है।

ऊपर दिए गए इस उदाहरण से स्पष्ट है कि– लग्न को सन्धिगत स्थिति से सर्वथा मुक्त देखकर अन्य भावों को भी सर्वथा शुद्ध समझ लेना हमेशा ठीक नहीं होता। लगभग 8–10 प्रतिशत कुण्डलियों में कुछ भाव इस प्रकार सन्धिगत स्थिति में रहते ही हैं, ▣, जिनकी ओर दैवज्ञ लोग ध्यान नहीं देते, जिससे अनेक ऐसे स्थलों पर जातकोक्त फलादेश अन्यथा होने का प्रसंग उपस्थित होता है। स्पष्ट है– ये दैवज्ञ लोग केवल प्रथमभाव की ही शुद्धयशुद्धि के बारे में चिन्तित रहते हैं, अन्य भावों के बारे में उन्हें कोई चिन्ता नहीं है। सन्धिगत भाव की यथार्थ राशि स्पष्ट भाव के भोगांशों द्वारा ज्ञापित राशि से भिन्न होने की 50 प्रतिशत सम्भावना रहती है। यदि इसका निर्णय न किया जाए तो ऐसे स्थलों पर फलादेश व्यत्यय तो होगा ही। यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि– सन्धिगत लग्नेतर भाव की यथार्थ राशि का निर्णय तभी सम्भव होगा जबकि, उस भाव के भोगांश सूक्ष्मता से निर्धारित किए जाएं, ऐसा करने के लिए स्पष्ट है– असन्धिगत लग्न के भोगांशों की भी गणना (गणित) पुनः सूक्ष्मता से करनी होगी ⊙।

किञ्च– सन्धिगत भावों की ही भान्ति भावों के नवांशादि भी कई बार सन्धिगत हो जाते हैं। लगभग प्रत्येक जातक के जन्मकालिक किसी न किसी भाव के नवांशादि की सन्धिगत स्थिति अवश्य होती है। इस ओर भी दैवज्ञ ध्यान नहीं देते– यह भी आश्चर्य है, जबकि फलादेश में लग्नादि भावों के नवांशादि का पर्याप्त प्रयोग होता है। सन्धिगत नवांशादि की यथार्थ राशि का निर्धारण करने के लिए स्पष्ट है, असन्धिगत लग्न की भी सूक्ष्मता से पुनः गणित द्वारा वैसे ही परीक्षा करना आवश्यक है, जैसे कि सन्धिगत लग्न की की जाती है।⊙

✕ *बहुमूल्य G.P.S. यन्त्र और त्रिकोणमितीय लग्नसाधन सूत्र से लग्नसाधन सामान्य दैवज्ञ की क्षमता से बाहिर है,अतः लग्नभोगांश में उपरोक्त अपरिहार्य अशुद्धि को सहन करने के अलावा उसके पास और कोई विकल्प नहीं है।*

▣ यह विषमविभागात्मक भावों के लिए है। लेकिन यदि भाव समानमानात्मक हों तब तो लग्न की सन्धिगत स्थिति होने पर अन्य सभी भाव भी सन्धिगत स्थिति में ही होंगे, अन्यथा कोई भी भाव सन्धिगत स्थिति में नहीं होगा।

⊙ यदि स्पष्टभाव विषमविभागात्मक हैं तो दशमभाव का साधन भी पुनः सूक्ष्म साम्पातिककाल आदि द्वारा करना होगा, क्योंकि लग्न और दशमभाव के अन्तर पर ही विषमविभागात्मक भाव एवं नवांश निर्भर करते हैं। समान–मानात्मक भावों के भोगांश तो दशमभाव से सम्बद्ध नहीं हैं।

अन्त में सन्धिगत लग्न से सम्बद्ध आवश्यक इन कुछ निर्देशों की ओर दैवज्ञ का ध्यान आकृष्ट किया जाता है–

(i) सन्धिगत लग्न सायन हो या निरयण दोनों का निर्णयप्रकार एक (उपरोक्त) ही है।

(ii) सन्धिगत निरयण लग्न के निर्णय के लिए अयनांश स्पष्ट (धूननसंस्कृत)⊕ लेने चाहिएं।

(iii) उपरोक्त सन्धिगत लग्ननिर्णय की प्रक्रिया में सूक्ष्म साम्पातिक– काल को प्रयोग करने का निर्देश है। यह नवीन (साम्पातिककाल वाली) पद्धति के लिए है। यदि दैवज्ञ प्राचीन पद्धति (सूर्योदयाद् इष्टपद्धति) के अनुसार लग्नसाधन करने का अभ्यासी हो तो सन्धिगत लग्न के निर्णय के लिए वह साम्पातिककाल की जगह सूक्ष्म सूर्योदयाद् इष्टकाल प्रयोग में लाए, वहां उसे जन्मकालीन सूक्ष्म विकलान्त स्पष्टसूर्य का ही प्रयोग करना चाहिए।

(iv) लग्नसाधन के लिए जन्मस्थानीय अक्षांश भौगोलिक नहीं, अपितु भूकैन्द्रिक ⊗ लेने चाहिएं।

⊕ " अयनांश धूनन " देखें 'विश्व लग्न सारणी' पृष्ठ 155 पर।

⊗ भूकैन्द्रिक अक्षांश के लिए देखें– 'विश्व लग्न सारणी' पृष्ठ 2

अनेक अयनांशमान और सन्दिग्ध निरयण लग्न

विभिन्नपक्षा (सिद्धान्ता)नुसारी अयनांशमानों में अनेकता के कारण इन विभिन्न पक्षों के अनुसार निरयण मेषादि राशियों के प्रारम्भबिन्दु भी भिन्न–भिन्न हैं। अतः कोई भी लग्न (निरयण लग्न) किसी एक पक्षानुसार सन्दिग्ध (राशि सन्धि-गत) स्थिति में होने पर भी अनेकदा अन्यपक्षानुसार सन्दिग्ध स्थिति में नहीं होता। इसी प्रकार एकपक्षानुसार असन्दिग्ध लग्न अनेक बार अन्यपक्षानुसार सर्वथा सन्दिग्ध स्थिति में भी रहता है। अपि च– राश्यारम्भबिन्दुओं में इस वैमत्य के कारण सन्दिग्ध लग्न का एकपक्षानुसार निर्णय कर लेने पर भी अन्यपक्ष या पक्षों के अनुसार वह सन्दिग्ध ही बना रहता है– यह अनेकपक्षानुसारी अयनांशमानों में विविधता से परिचित सिद्धान्तज्ञ ज्योतिषी जानते ही हैं।

विषम विभागात्मक भाव : एक समीक्षा

(प्रो. प्रियव्रत शर्मा कृत **'विश्वलग्नसारणी'** से उद्धृत)

द्वादश भावों के निर्धारण की चार पद्धतियां प्रचलित हैं। इनमें से दो पद्धतियां पाश्चात्त्य ज्योतिष जगत् में और दो भारतीय ज्योतिष जगत् में दैवज्ञों द्वारा प्रयुक्त की जा रही हैं। भारतीय दैवज्ञों द्वारा प्रयुक्त पद्धतियां ये हैं–

(i) विषमविभागात्मक भावपद्धति

(ii) समानविभागात्मक भावपद्धति।

हम यहां इन्हीं दो पद्धतियों की समीक्षा करेंगे।

(i) विषमविभागात्मक भावपद्धति – विषमविभागात्मक भावपद्धति, जिसे ताजिकोक्त ' **विषमविभागात्मक भाव-पद्धति**' कहना चाहिए, वस्तुतः भारतीय नहीं है। यह यावन ज्योतिषपरम्परा से कुछ शताब्दियों पूर्व ही भारत में प्रचलित हुई है। ' **ताजिक नीलकण्ठी** ' आदि ताजिकग्रन्थों तथा श्रीपति, केशवादि की **'जातकपद्धतियों'** द्वारा इसका भारतीय दैवज्ञों में प्रचार हुआ है। आधुनिक लगभग शत–प्रतिशत भारतीय दैवज्ञों द्वारा इसी पद्धति के आधार पर भावों का निर्धारण किया जा रहा है। यह पद्धति दोषपूर्ण है। इसमें अक्षांशभेद से भावों की सीमाएं अक्षम्यरूप से छोटी /बड़ी हो जाती हैं। इस पद्धति की उत्पत्ति मध्यलग्न (क्रान्तिवृत्त एवं स्थानीय याम्योत्तरवृत्त के सम्पातबिन्दु) को **'दशमभाव'** मान लेने से हुई है। जबकि यह बिन्दु सर्वत्र दशम (लग्न से दशम राशि में) नहीं होता। अधिक अक्षांशीय स्थलों पर तो यह कई बार लग्न राशि से सप्तम, अष्टम, नवम, या एकादश राशि पर भी आता है। **ध्यान रहे–** इस ' याम्योत्तरवृत्तीयबिन्दु ' को सूर्यसिद्धान्त आदि किसी भी प्राचीन सिद्धान्तग्रन्थ में ' दशमभाव ' की संज्ञा नहीं दी है। इस पद्धति को हमारे भारतीय आचार्यों ने अनार्ष पद्धति कहा है। इस विषय में आचार्य ' **कमलाकर** ' का यह वाक्य है, जिसमें उन्होंने बड़े आक्रोश में विषमविभागात्मक भावप्रणाली के समर्थकों की बुरी तरह भर्त्सना की है–

महर्षिभिः स्वीयकृतौ निरुक्ता लग्नांशतुल्या रवि-संख्यका ये।
भावाः समा एव सदा फलार्थं ग्राह्यास्त एव ग्रहगोलविद्भिः॥
लोकेषु मूर्खोदरपूरणार्थं मूर्खैर्विलग्नाद्रविसंख्यका ये।
भावाः निरुक्ताः स्वधिया त्वनार्षाः सम्यक् फलार्थं न हि तेऽवगम्याः॥

याम्योत्तरवृत्त के इस बिन्दु को दशमभाव मानकर **" सषड्भे लग्नखे जायातुर्यौ........"** इस प्रणाली अनुसार जो भाव स्पष्ट किए जाते हैं,– इनसे इस पद्धति में अनेक अव्यवस्थाएं उत्पन्न होती हैं, जिनका हम यहां सोदाहरण निर्देश कर रहे हैं–

(क) इस पद्धति अनुसार दशम भाव लग्न से कहीं सप्तम, कहीं अष्टम, नवम, दशम और कहीं एकादश राशि में भी होता है।

(ख) विषमविभागात्मक भावों वाली कुण्डलियों में कई राशियां तो भावों से वञ्चित रह जाती हैं अर्थात् उन्हें कोई भाव नहीं मिलता और कई जगह एक ही राशि तीन–तीन, चार–चार भावों को भी व्याप्त कर लेती है।

(ग) कई ग्रहों को किसी भी भाव का स्वामित्त्व प्राप्त नहीं होता और किसी एक ही ग्रह को चार भावों तक का स्वामित्त्व मिल जाता है।

ऐसी दोषपूर्ण स्थितियां अधिकतर अधिक अक्षांशीय स्थलों पर घटित होती हैं।

नीचे हम इन स्थितियों से सम्बद्ध उदाहरण दे रहे हैं–

उदाहरण (i)– अक्षांश 50° 00′ (उ.)

	रा.	अं.
साम्पातिककाल	15 घं. 04 मि.	
निरयण लग्न	8	21
निरयण दशम लग्न	6	25
अन्तर	1 रा. 26 अंश	

अन्तर का तृतीय अंश 19 अंश

विषमविभागात्मक स्पष्ट भाव

निरयण	रा.	अं.	निरयण	रा.	अं.
लग्न (प्रथम)	8	21	सप्तम	2	21
द्वितीय	10	02	अष्टम	4	02
तृतीय	11	13	नवम	5	13
चतुर्थ	0	25	दशम	6	25
पंचम	1	14	एकादश	7	14
षष्ठ	2	03	द्वादश	8	03

देखिए– यहां तथाकथित दशमभाव लग्न से एकादश राशि में है।

और भी देखिए– यहां धनुराशि में द्वादश और लग्न तथा मिथुन में षष्ठ और सप्तमभाव हैं– इस प्रकार एक ही राशि में दो–दो भाव आ गए हैं। जबकि मकर और कर्क राशियों को कोई भाव नहीं मिला, **जिससे यहां चन्द्रमा किसी भी भाव का स्वामी नहीं रहा।**

उदाहरण (ii)– अक्षांश 60° 00′ (उ.)
साम्पातिककाल 15घं. 16मि.

	रा.	अं.
निरयण लग्न	8	07
निरयण दशम लग्न	6	28
अन्तर	1	09

अन्तर का तृतीय अंश 13 अंश

विषमविभागात्मक स्पष्ट भाव

निरयण	रा.	अं.	निरयण	रा.	अं.
लग्न (प्रथम)	8	07	सप्तम	2	07
द्वितीय	9	24	अष्टम	3	24
तृतीय	11	11	नवम	5	11
चतुर्थ	0	28	दशम	6	28
पंचम	1	11	एकादश	7	11
षष्ठ	1	24	द्वादश	7	24

देखिए– इस उदाहरण में भी दशमभाव लग्नराशि से एकादशराशि में है। **अपि च**–पंचम, षष्ठभाव वृषराशि और एकादश, द्वादशभाव वृश्चिकराशि में आ गए हैं, जबकि कुम्भ और सिंह राशियों को कोई भाव नहीं मिला। परिणामस्वरूप, **यहां सूर्य किसी भी भाव का स्वामी नहीं बन सका।**

उदाहरण (iii)– अक्षांश 65° 00′ (उ.)
साम्पातिककाल 19घं. 30मि.

	रा.	अं.
निरयण लग्न	2	06
निरयण दशम लग्न	8	27
अन्तर	5	09

अन्तर का तृतीय अंश 1 रा. 23 अं.

विषमविभागात्मक स्पष्ट भाव

निरयण	रा.	अं.	निरयण	रा.	अं.
लग्न (प्रथम)	2	06	सप्तम	8	06
द्वितीय	2	13	अष्टम	8	13
तृतीय	2	20	नवम	8	20
चतुर्थ	2	27	दशम	8	27
पंचम	4	20	एकादश	10	20
षष्ठ	6	13	द्वादश	0	13

ध्यान दें– यहां वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर और मीन राशियों को कोई भाव नहीं मिल सका। भावहीन कर्कराशि के कारण **चन्द्रमा भावेश भी नहीं बन पाया। और भी देखिए–** यहां लग्न, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ– ये चारों भाव मिथुन में एवं सप्तम, अष्टम, नवम, दशम– ये चारों भाव धनुराशि में एकत्र हो गए हैं। इस काल की भावकुण्डली, जो नीचे दी जा रही है। देखें, यह कितनी हास्यास्पद है–

भावकुण्डली

यहां इस कुण्डली में दिखाया गया है कि– प्रथम (लग्न) आदि बारह भाव किस–किस राशि में स्थित हैं।

इसे प्रकारान्तर से इस राशिकुण्डली द्वारा भी दर्शाया जा सकता है, जहां पाठक देख सकते हैं कि किसी एक ही राशि में चार–चार भाव समाविष्ट हैं और किसी राशि में एक भी भाव नहीं है–

राशिकुण्डली

स्पष्ट है कि इस प्रकार की अव्यवस्थाएं विषमविभागात्मक भावप्रणाली को दोषपूर्ण बतलाती हैं। यही कारण है कि भारत एवं विदेश के भी अनेक प्रबुद्ध ज्योतिर्विद् इस असंगत प्रणाली को छोड़कर समानमानात्मक भावप्रणाली को अपनाने के लिए बल दे रहे हैं।

(ii) **समानविभागात्मक भावपद्धति** – इस पद्धति (भावप्रणाली) से भावसाधन के लिए दशमभावसाधन की आवश्यकता बिल्कुल नहीं होती। स्पष्टलग्न की राशि (भुक्तराशि) में क्रमशः एक, दो, तीन आदि राशियां जोड़ने पर क्रमशः द्वितीयादि भावों की भुक्तराशियां प्राप्त हो जाती हैं। लग्न के भुक्तांशादि के तुल्य ही द्वितीयादि भावों के भुक्तांशादि होते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है– उनके मध्यबिन्दु परस्पर 30–30 अंशों के अन्तर पर स्थित होते हैं। इस प्रकार के समानमानात्मक भावों में वे अव्यवस्थाएं, जो उपरोक्त विषमविभागात्मकप्रणाली में घटित होती हैं, उपस्थित नहीं होतीं। स्पष्ट है– इस प्रणाली द्वारा भावसाधन के लिए किसी गणितप्रक्रिया की भी अपेक्षा नहीं होती। केवल लग्न ही यहां स्पष्ट करना होता है।

यहां यह भी विशेष ध्यान देने योग्य बात है– भावसाधन पद्धति से साधित द्वादशभावों के भोगांश भारतीय ज्योतिष में इन भावों के मध्यबिन्दु माने जाते हैं। इन बिन्दुओं के दोनों ओर समान अन्तर पर (15–15 अंशान्तर पर) इन भावों की पूर्वापर सीमाएं हैं। जो ग्रह जिस भाव की सीमा में विद्यमान रहता है, वह उस भाव का फल देता है– ऐसा 'होराशास्त्र ' कहता है, लेकिन आश्चर्य की बात है– लगभग शत–प्रतिशत दैवज्ञ लोग इन भावों की सर्वथा उपेक्षा करते हैं। वे लग्न का मध्यबिन्दु जिस राशि में स्थित होता है, उस पूरी राशि को प्रथमभाव, तदनन्तरवर्ती द्वितीय, तृतीयादि पूरी–पूरी राशियों को क्रमशः द्वितीय, तृतीयादि भाव मानते हुए, फलित शास्त्रोक्त तत्तद्भावगत फलादेश, उन्हीं से कह डालने की लम्बी परम्परा अपनाए हुए हैं। इस प्रकार स्पष्टभाव अब अर्थहीन होकर, जन्मपत्रियों का केवल अलंकारमात्र बन कर रह गए हैं।

यद्यपि पाश्चात्त्य ज्योतिष में प्रयुक्त की जाने वाली द्वादशभावसाधन पद्धति से भी विषमविभागात्मक भाव ही बनते हैं; पुनरपि उसके भावभोगांश और भारतीय भावभोगांशों में एकरूपता नहीं है। भावों के मध्य एवं प्रारम्भ बिन्दुओं के बारे में भी इन (पाश्चात्त्य एवं भारतीय) प्रणलियों में भारी मतभेद है, सायन और निरयण गणना का मतभेद तो है ही। इस प्रकार देह, द्रव्यादि द्वादशभाव भी, जिनकी व्याख्या के लिए ही जातक होराशास्त्र की शरण में जाता है, फलित ज्योतिष के अन्य पदार्थों की ही भान्ति अनेकविध मतवैषम्य का शिकार बनने से नहीं बच पाए।

भारत में काल परिवर्त्तन

(भारत के कालपरिवर्तन का कुछ इतिहास, जो भारतीय दैवज्ञ के लिए जानना अवश्यक है।) (प्रो. प्रियव्रत शर्मा कृत "विश्वलग्नसारणी" से उद्धृत)

सन् 1890 ई. से पहिले भारत के सभी नगर अपना–अपना स्था.म. का. (स्थानीय मध्यमकाल=L.M.T.) ही प्रयोग में लाते थे।

सन् 1890 ई. से 30–6–1905 ई. तक की अवधि में भारत में सर्वत्र (कलकत्ता को छोड़कर) मद्रास की मेरिडियन (80° 15´पू.) का समय (मद्रास का स्था.म.का.), जो G.M.T. से 5 घं. 21 मि. आगे है, प्रयोग में लाया जाता रहा।

1 जुलाई सन् 1905 ई. से शासन द्वारा रेखांश 82° 30´ पू. को **भारत की स्टैण्डर्ड मेरिडियन के रूप में स्वीकार** किया गया, जिसका समय G.M.T. से 5 घं. 30 मि. आगे है, इसी समय को भा. स्टैं. टा. (भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम = Indian Standard Time = I.S.T.) की संज्ञा दी गई है। यही समय आज भारत में सर्वत्र प्रयुक्त हो रहा है।

17 जुलाई सन् 1911 ई. तक पुर्तगाली एवं फ्रांसिसी उपनिवेशों (Goa, Daman & Diu एवं Dadra & Nagar Haveli, Pondicherry) में स्था. म. का. अथवा मद्रास टाईम का ही प्रयोग होता रहा। 18 जुलाई सन् 1911 ई. से इन उपनिवेशों ने भी भा. स्टैं. टा. को अपना लिया।

बंगाल के महानगर कलकत्ता (कोलकाता) द्वारा शुरू से (सन् 1890 ई. के पहिले से) ही अपना स्था. म. का. (88° 20´ पू. का काल) ही, जो G.M.T. से 5 घं. 53 मि. आगे है, प्रयोग में लाया जाता रहा और एक सितम्बर, सन् 1947 के बाद ही इस नगर ने भा. स्टैं. टा. को पूर्णरूप से स्वीकार किया।

इस प्रकार 17 जुलाई, सन् 1911 ई. के बाद कलकत्ता (कोलकाता) नगर को छोड़कर भारत के सभी प्रान्तों में भा. स्टैं. टा. के अनुसार घड़ियां चलने लगीं। लेकिन लगभग 30 वर्ष बाद द्वितीय विश्वयुद्ध एवं अन्य कुछ कारणों से कभी समस्त देश एवं कभी देश के कुछ प्रान्तों में कुछ–कुछ समय के लिए भा. स्टैं. टा. का प्रयोग अस्थायी रूप से विच्छिन्न रहा, जिसका विवरण नीचे दिया जा रहा है–

कलकत्ता तथा बंगाल में 1–10–1941, आसाम में 1–11–1941 और बिहार में 1–12–1941 से लेकर 15–5–1942 ई. तक भा.स्टैं. टा. की जगह बर्मा स्टैं.टा. (97° 30´ पू. मेरिडियन वाला टाईम, जो भा. स्टैं. टा. से एक घण्टा आगे रहता है) का प्रयोग किया गया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण ब्रिटिश सरकार द्वारा एक सितम्बर, सन् 1942 ई. से 14 अक्तू. सन् 1945 ई. तक भारत के सभी प्रान्तों में घड़ियों को एक–एक घण्टा आगे कर दिया गया था, जिससे इस अवधि में भी सारे भारत में बर्मा स्टैं. टा. का ही प्रयोग हुआ।

14 अक्तूबर, सन् 1945 ई. के बाद कलकत्ता तथा बंगाल के अलावा सभी भारतीय प्रान्तों एवं 1 सितम्बर सन् 1947 ई. के बाद कलकत्ता तथा बंगाल प्रान्त की घड़ियां एक–एक घंटा पीछे कर दी गईं अर्थात् तब सारे देश की घड़ियां पुनः भा.स्टैं.टा. बतलाने लगीं। **अब 1 सितम्बर, सन् 1947 से आज तक भारत में सर्वत्र भा. स्टैं. टा. का ही प्रयोग होता चला आ रहा है।**

दैवज्ञ ध्यान दें– जब युद्ध अथवा अन्य (Summer Time, Daylight saving time आदि) किसी कारण से देश के स्टैं. टा. में अस्थायी परिवर्तन किया जाता है तब उस देश के पंचांग (Almanacs & Ephemeris) पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। पंचांगों में तो स्थायी रूप से स्वदेश के स्टैं. टा. का ही प्रयोग रहता है। अतः जन्मपत्र आदि का निर्माण करने के लिए दैवज्ञ को परिवर्तित समय वाले दिनों में उत्पन्न जातक के उस जन्मकाल को, जो अक्सर परिवर्तित समयानुसार ही होता है, उस देश के स्टैं.टा. में बदलकर उससे ही देशीय पंचांग द्वारा लग्न, ग्रहस्पष्ट आदि करने चाहिएं– यह नितान्त आवश्यक है। उदाहरण के रूप में मान लीजिए– कोई बच्चा भारत में 20 जून, सन् 1944 ई. को प्रातः 9 घं. 30 मि. पर पैदा हुआ । स्पष्ट है, बच्चे का यह जन्मकाल भा. स्टैं. टा. में नहीं है, क्योंकि इन दिनों युद्ध के कारण भारत की घड़ियां भा. स्टैं. टा. से एक घण्टा आगे चलती थीं अर्थात् उस समय परिवर्तित काल भा. स्टैं. टा. से एक घण्टा आगे था। अतः दैवज्ञ को इस जन्मकाल में से एक घण्टा घटाकर प्राप्तकाल 8 घं. 30 मि. (प्रातः) को बच्चे के जन्म का भा. स्टैं. टा.

समझना चाहिए, और इसी के अनुसार जन्मपत्र आदि का निर्माण उसे करना चाहिए।

लीजिए– नीचे एक कोष्ठक (" भारतीय कालपरिवर्त्तन ज्ञापक कोष्ठक ") दिया जा रहा है, जिससे दैवज्ञ लोग आसानी से यह जान सकेंगे कि भारत में विगत लगभग 90 वर्षों की अवधि में कहां–कहां, कब–कब और कितने समय के लिए भा. स्टैं. टा. का प्रयोग विच्छिन्न रहा, और उसके स्थान पर कौन सा नया समय प्रचलित किया गया। कोष्ठक में यह भी दर्शाया गया है कि– उस नए (परिवर्त्तित) समय का भा. स्टैं. टा. से कितना अन्तर था। यह कोष्ठक विगत पृष्ठ पर दिए गए " **भारत में कालपरिवर्त्तन** " विवेचन का ही सरलीकृत रूप है।

भारतीय कालपरिवर्त्तन ज्ञापक कोष्ठक

[सन् 1911 से वर्त्तमानकाल तक भारत के किस भाग (प्रान्त आदि)में कब और कितने दिनों तक भा. स्टैं. टा. (स्टैण्डर्ड मेरिडियन 82° 30′ पूर्व के काल) से भिन्न समय प्रचलित रहा और वह समय भा. स्टैं. टा. से कितना आगे था– इसका सरलतम प्रकार से निर्देश।]

तारीख	प्रान्त आदि	प्रचलित समय का भा. स्टैं. टा. से अन्तर घं. मि.
18–7–1911 से 30–9–1941	कलकत्ता	+ 0 23
,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,,	कलकत्ता को छोड़कर शेष पूरा भारत	0 00
1–10–1941 से 31–10–1941	बंगाल	+ 1 00
,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,,	बंगाल को छोडकर शेष पूरा भारत	0 00
1–11–1941 से 30–11–1941	बंगाल, आसाम	+ 1 00
,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,,	बंगाल, आसाम को छोडकर शेष पूरा भारत	0 00
1–12–1941 से 15–5–1942	बंगाल, आसाम और बिहार	+ 1 00
,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,,	बंगाल, आसाम और बिहार को छोड़कर शेष पूरा भारत	0 00
16–5–1942 से 31–8–1942	पूरा भारत	0 00
1–9–1942 से 14–10–1945	पूरा भारत	+ 1 00
15–10–1945 से 31–8–1947	बंगाल	+ 1 00
,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,,	बंगाल को छोड़कर शेष पूरा भारत	0 00
1–9–1947 से आज तक	सारा भारत	0 00

इस कोष्ठक का प्रयोग इस प्रकार होगा–

मान लीजिए– जातक का जन्म कलकत्ता में 18 फरवरी, सन् 1930 ई. को कलकत्ता के टाईम के अनुसार 10 घं. 25 मि. A.M. पर हुआ। कोष्ठक से ज्ञात होता है कि– इन दिनों कलकत्ता में प्रयोग किया जाने वाला टाईम भा. स्टैं. टा. से 23 मि. आगे था। अतः स्पष्ट है, जातक का जन्मकालिक भा. स्टैं. टा. 10 घं. 2 मि. A.M. था। इसी प्रकार मान लें – यदि बच्चे का जन्म 25 दिसं. ′44 को दिल्ली में 2 घं. 55 मि. P.M. पर हुआ हो तो उसका जन्मकालिक भा. स्टैं. टा. 1 घं. 55 मि. P.M. होगा, क्योंकि कोष्ठक बतला रहा है कि– इन दिनों पूरे भारत में प्रचलित (प्रयुक्त होने वाला) टाईम भा. स्टैं. टा. से एक घण्टा आगे था। इसी तरह मुम्बई में 12 मार्च ′46 को 22 घं. 35 मि. पर उत्पन्न बालक का जन्मकालिक भा. स्टैं. टा. 22 घं. 35 मि. ही होगा, क्योंकि– कोष्ठक से स्पष्ट है कि इस दिन बंगाल को छोड़कर शेष पूरे भारत में भा. स्टैं. टा. ही प्रचलित था।

पाकिस्तान और बंगलादेश में कालपरिवर्त्तन

15 अगस्त 1947 को भारत का विभाजन हो जाने पर इसके पश्चिमी पंजाब, सिन्ध और पूर्वी बंगाल प्रान्त इससे पृथक् हो कर इन से एक नए राष्ट्र पाकिस्तान की स्थापना हुई, जिसके पूर्वी और पश्चिमी दो भाग थे। प. पंजाब एवं सिन्ध प्रान्त से पश्चिमी पाकिस्तान (जिसे अब केवल पाकिस्तान कहा जाता है) और पूर्वी बंगाल से पूर्वी पाकिस्तान (जो अब बंगलादेश कहलाता है) बना।

15–8–1947, से 30–9–1951 तक पश्चिमी पाकिस्तान की Standard Meridian 82° 30′ पू. (भा.स्टैं.टा. वाली ही) रही। ता. 1–10–1951 को इसकी Standard Meridian 75° 00′ पू. निर्धारित की गई। तब से इसकी यही Standard Meridian चली आ रही है। पूर्वी पाकिस्तान की Standard Meridian 15–8–1947 से 30–9–1951 तक 97° 30′ पू. रही। ता. 1–10–1951 को इसकी Standard Meridian 90° 00′ पू. स्वीकार की गई। तब से आज तक इसी Meridian का समय यहां प्रचलित है।

सन् 1971 में पूर्वी पाकिस्तान पश्चिमी पाकिस्तान से पृथक् हो कर बंगलादेश बन गया और तब से पश्चिमी पाकिस्तान का नाम केवल पाकिस्तान रह गया। क्योंकि, 15–8–1947 से पहिले पाकिस्तान (प.पाकिस्तान) और बंगलादेश (पू. पाकिस्तान), दोनों भारत का ही अंग थे, अतः इनके 15–8–1947 से पूर्ववर्त्ती काल के बारे में जानकारी के लिए देखें – 'भारत में कालपरिवर्त्तन' पृष्ठ 65

समस्याएं और समाधान

लेखकः- प्रियव्रत शर्मा, 59/6 (अभिजित्), पंचकूला-134109

फलित एवं गणित (सिद्धांत) ज्योतिष से सम्बद्ध अपनी समस्याएं मुझे भेजिए। आवश्यक समझने पर डाक से उत्तर देने का भी मेरा पूरा प्रयास रहता है। लेकिन इसके लिए कृपया जवाबी त्र न डालिए। यदि मुझे आपकी समस्या का उत्तर पत्र द्वारा देना होगा, मैं अपने व्यय पर ही दे दूंगा। मुझे प्रतिदिन अनेक पाठकों की समस्याएं पत्रों द्वारा प्राप्त होती हैं। सीमित समय आदि के ारण मैं प्रत्येक पाठक को पत्र द्वारा समस्याओं का समाधान भेजने के लिए किसी भी तरह बाधित नहीं होना चाहता ।

[ध्यान दें- मैं ज्योतिष का व्यवसाय नहीं करता हूँ। अतः अपनी ज्योतिषसम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मुझे कृपया पत्र न लिखें, और न ही इसके लिए मुझे कोई फीस वगैरह भेजिए। इस सम्बन्ध में मैं किसी से मिलता भी नहीं हूँ- कृपया कर्मकाण्डसम्बन्धी समस्याएं मुझे मत भेजिए। यह मेरा विषय नहीं है । प्रियव्रत शर्मा]

यहां इन समस्याओं के समाधान पढ़िए

- क्या गृहप्रवेश और गृहारम्भ मुहूर्त के निर्धारण में कलशचक्र और वृष वास्तुचक्र का विचार अनिवार्य है ?
- दीपावली के दिन प्रदोष में अमा की व्याप्ति यदि बहुत कम (लक्ष्मीपूजा के लिए अपर्याप्त) हो तो लक्ष्मीपूजा की व्यवस्था कैसे की जाए ?
- क्या यूरेनस आदि नवज्ञात तीन ग्रहों को विशोत्तरीदशाक्रम में समाविष्ट करना उचित है ?
- जातक की आयु के वर्ष का वास्तविकमान क्या है ?
- स्वस्तिक चिह्न का शुद्ध (शुभ) रूप कौनसा है ?
- विवाहलग्नपत्रिका में कन्यादान के लिए लग्नराशि की जगह लग्नगत शुभनवांश का निर्देश ज्योतिषी लोग क्यों नहीं करते ?
- होलाष्टक कहां से कहां तक माना जाए ?
- विपाशा, इरावती, शतद्रु के तटवर्त्ती प्रदेश, जहां होलाष्टक में शुभकृत्य निषिद्ध हैं, कौन–कौन से हैं ?
- ग्रहप्रवेश में क्या शनिवार ग्राह्य है ?
- कुछ दृक्पक्षीय पंचांगों के तिथ्यादि काल में अन्तर क्यों होता है ?
- 'मार्त्तण्ड पंचांग' गत सूर्योदय काल और Computer से ज्ञात सूर्योदयकाल में $1\frac{1}{2}$ मिनट का अन्तर क्यों ?
- 'कल्याण' मासिक पत्र द्वारा प्रकाशित तिथ्यादिकाल और दृक्पक्षीय तिथ्यादि–काल में इतना भारी अन्तर क्यों ?
- क्या शनि मंगल की 1, 4, 7, 8, 12 भावों में युति से मांगलिकदोष समाप्त हो जाता है ?
- 'भवनभास्कर' कर्त्ता मध्याह्न में शिलान्यास का निषेध करता है, लेकिन मार्त्तण्ड पंचांग अभिजित् में इसे शुद्ध लिखता है, ऐसा क्यों ?
- त्रिबलशुद्धि का विचार जन्मराशि से किया जाए या नामराशि से ?
- कालसर्प योग का निर्णय राशिकुण्डली से किया जाए या भावकुण्डली से ?
- सत्यनारायण व्रत क्या केवल पूर्णिमा को ही किया जाता है ?
- मंगल कई बार एकही राशि में 6–7 मास तक विचरण करता है, ऐसा क्यों ?
- कईबार दो वर्ष तक गुरु शत्रुराशिगत रहता है। ऐसी स्थिति में गुरुशुद्धि के अभाव में क्या कन्याओं का विवाह दो वर्ष तक नहीं होगा ?
- क्या जन्मांग से जातक के लिंग एवं योनि का निर्णय सम्भव है ?
- क्या जन्मांग से जातक का जीवित या मृत होना जाना जा सकता है ?
- अंशात्मक साम्पातिक काल और परमक्रान्ति कैसे ज्ञात करें ?
- भारत के विभिन्न प्रदेशों में अगस्त्य तारे की उदयास्त तारीखें ?।

समस्या–पञ्चाङ्ग शुद्धि एवं लग्नशुद्धि मिलजाने पर क्या कलशचक्रशुद्धि के बिना गृहप्रवेश और वृषवास्तुचक्रशुद्धि के बिना शिलान्यास किया जा सकता है ?

वैद्य श्री पूरणदत्त शर्मा
मु. पो. धरोट (सोलन)हि.प्र.

समाधान– मुहूर्त्तशास्त्र के अनुसार यह सम्भव नहीं है। लेकिन, यह ध्यान देने योग्य है, कलशचक्रशुद्धि और वृषवास्तुचक्रशुद्धि का विचार करने पर क्रमशः गृहप्रवेश और गृहारम्भ के मुहूर्त्त अत्यन्त विरल हो जाते हैं (कई बार तो वर्ष में ये मुहूर्त्त दो–दो, तीन–तीन ही रह जाते हैं), जिससे ज्योतिषी लोग विवश होकर इन चक्रों की शुद्धि के बिना ही गृहप्रवेश और गृहारम्भ के मुहूर्त्त निकाल लेते हैं।

समस्या– प्रदोषव्यापिनी कार्त्ति. अमा में लक्ष्मीपूजन का विधान है, कईबार कार्तिक अमा सूर्यास्त के बाद कुछ ही मिनट तक विद्यमान रहती है, ऐसी स्थिति में क्या लक्ष्मीपूजन प्रदोष के उन्हीं मिनटों में सम्पन्न हो जाना चाहिए ?

श्री कृष्णगोपाल गोस्वामी,
सैक्टर 27 A, चण्डीगढ़।

समाधान– दीपावली को भले ही अमा सूर्यास्त के बाद एक ही मिनट तक व्याप्त हो, शास्त्रानुसार उसे पूरे प्रदोषकाल में (सूर्यास्त के अनन्तर तीन मुहूर्त्त तक) व्याप्त माना जाता है, अतः इस स्थिति में भी पूरा प्रदोषकाल लक्ष्मीपूजन के लिए विहित है।

समस्या–यदि हम नेप्च्यून, प्लूटो को विंशोत्तरी दशाक्रम में सम्मिलित करना चाहें तो 27 नक्षत्रों में किन–किन नक्षत्रों पर इनका स्वामित्व माना जाएगा।

श्री विकास ठाकुर,
म.नं. 1400, सेक्टर 13, कुरुक्षेत्र।

समाधान– विंशोत्तरीदशाक्रम भारतीय ज्योतिषानुसार सूर्यादि नवग्रहों से ही सम्बद्ध है। इसे 12 ग्रहों में विभाजित करनेपर पूरी विंशोत्तरीदशा–व्यवस्था बिगड़ जाएगी, जिससे यह प्रश्न भी जनसामान्य दैवज्ञ से पूछ सकता है कि, नवग्रहों में विभाजित विंशोत्तरीदशा, अन्तर्दशा आदि का फलादेश, जिसे वे (दैवज्ञ लोग) शताब्दियों से प्रामाणिक मान जातक के भविष्य का निर्णय करते रहे हैं, क्या भ्रान्तिपूर्ण था ? इन नवज्ञात ग्रहों को प्राचीन भारतीयफलादेश–प्रणाली में समाविष्ट करने के अन्य अनेक आपत्तिजनक परिणाम उपस्थित होते हैं, यह जान लेना चाहिए।

समस्या– किसी व्यक्ति की आयु (आयु के वर्षों) का निर्णय क्या 360 दिनों का वर्ष मान कर किया जाए या 365 दिनों का वर्ष मान कर ?

श्री एम. अच्छूवी सिंह,
P.O. *इम्फाल (मणिपुर)*

समाधान– जातक की आयु के वर्षों का निर्णय सौर वर्षों के अनुसार किया जाता है। जातक के जन्मकालिक सूर्यभोगांश जितनी बार आवृत्त होते हैं (अथवा यूं कहिए जातक के जन्म के बाद जितने सौर वर्ष सम्पन्न होते हैं) जातक की आयु के उतने ही वर्ष व्यतीत माने जाते हैं। सूर्य को क्रान्तिवृत्त (अपने भ्रमणवृत्त) के उसी बिन्दु (राश्यादि) पर एक पूरा भ्रमण कर पुनः पहुंचने में सावनमानानुसार 365 दिन 6 घं. 9 मि. लगते हैं। जातक की आयु के वर्ष का मान यही है।

समस्या– कौनसा स्वस्तिक चिह्न शुद्ध (शुभ) माना जाए, वामावर्त्त (anti-clockwise) भुजाओं वाला (卍 ऐसा) या दक्षिणावर्त्त (clockwise) (卐 ऐसा) ?

पं. गौरी शंकर मिश्र,
मु. सिमथला, P.O. जामुना (अलीगढ़)।

समाधान– दक्षिणावर्त्त भुजाओं वाला (卐) स्वस्तिक ही शुभ माना जाता है, यह गणेश का प्रतीक है। Adol Hitler ने इसी स्वस्तिक को Nazi germany का Emblem बनाया था।

समस्या– कई एक ज्योतिषी विवाहलग्नपत्रिका में कन्यादान के लिए लग्नराशि का ही निर्देश करते हैं। मेरे विचार से वहां उन्हें कन्यादानार्थ शुभनवांश का काल लिखना चाहिए। ऐसा निर्देश न करने पर सम्भव है, कन्यादान कुनवांश के काल में हो जाए, जो शुभफलप्रद नहीं होगा। आप का इस सम्बन्ध में क्या विचार है ?

शास्त्री कृपानन्द शर्मा,
ग्राम. हामणी, P.O. ढयावला (सोलन) (H.P.)।

समाधान– पंचांगों में दिए गए विवाहमुहूर्त्तों में शुद्ध लग्न की राशि ही दी रहती है। तदन्तर्गत शुभाशुभ नवांशों का विचार वहां भी नहीं किया

होता। यदि लग्न शुद्ध है तो शास्त्रकारों ने गुरु–शुक्र–बुध के सप्तमहीन केन्द्र एवं त्रिकोण में स्थित होने पर कुनवांश के दोष को नगण्य माना है। पुनरपि यदि वहां कन्यादान वर्गोत्तम या अन्य शुभ नवांश में किया जाए तो परिणाम अधिक शुभप्रद होगा– यह तो स्पष्ट ही है।

समस्या– (i) होलाष्टक का प्रारम्भ फाल्गु. शुक्ल अष्टमी के प्रारम्भ से तथा समाप्ति फाल्गु. पूर्णिमा की समाप्ति पर माना जाए अथवा उदयकालिक अष्टमी से प्रारम्भ और उदयकालिक पूर्णिमा पर समाप्ति ?

(ii) मंगलकार्यों में विपाशा, इरावती और शतद्रु नदियों के तटवर्त्ती प्रदेशों में होलाष्टक का समय मंगलकृत्यों में त्याज्य माना है। ये प्रदेश भारत के किन–किन राज्यों में कहां–कहां पड़ते हैं ?

(iii) गृहप्रवेश के लिए कुछ मुहूर्तकारों ने शनिवार को त्याज्य और कुछेक ने ग्राहय बताया है, कौन सा मत मान्य है ?

श्री इन्दरमल चौधरी,
सादड़ी (राजसमन्द) (राजस्थान)।

समाधान–(i) 'होलाष्टक' शब्द तो स्पष्ट करता है, इस अवधि में आठ तिथियां (अष्टमी से पूर्णिमा तक) समाविष्ट हैं। लेकिन यहां उदय–व्यापिनी अष्टमी से उदयव्यापिनी पूर्णिमा तक के सावन दिनों को ही होलाष्टक के रूप में शुभकृत्यों के लिए वर्जित करने की परम्परा है।

(ii) विपाशा (व्यास), इरावती (रावी), शतद्रु (सतलुज) नदियों के तटवर्ती प्रदेश पंजाब एवं हि. प्र. हैं– यह तो स्पष्ट ही है।

(iii) गृहप्रवेश के लिए शनिवार को कुछेक मुहुर्त्तकारों ने ग्राह्य एवं अग्राह्य– दोनों रूप में माना है। वसिष्ठ का मत है कि शनिवार को गृहप्रवेश के लिए स्वीकार किया जा सकता है, क्योंकि यह वार स्थिरता देने वाला है, लेकिन यह चोरभय का कारण भी है–

"सूर्यसूनु–दिवसे स्थिरप्रदं किन्तु चौरभयमत्र विद्याते।" – (वसिष्ठ)

अन्य अधिकतर मुहूर्त्तशास्त्रियों ने तो गृहप्रवेश में केवल रवि और मंगलवार को ही वर्ज्य लिखा है। श्रीपति का वचन है–

"रिक्तातिथिर्भूसुत–भानुवारौ निन्द्याश्च योगाः परिवर्जनीयाः।"(श्रीपति)

समस्या–(i) आपका कथन है कि तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण, चन्द्रमा, भद्रा आदि का भा.स्टैं.टा. में दिया गया समय भारत में सर्वत्र समान होता है। परन्तु एक राजस्थानी पंचांग में, जो केतकी चित्रापक्षीय गणित से निर्मित है, घंटा–मिनिटात्मक समय (भा.स्टैं.टा.) लिखा रहता है। वह 'मार्त्तण्ड पंचांग' में लिखे घण्टा–मिनटात्मक समय (भा.स्टैं.टा.) से मेल नहीं खाता। जबकि सूक्ष्मदृश्य गणित और केतकी चित्रापक्षीय गणित में कोई अन्तर नहीं माना जाता, फिर यह अन्तर क्यों ?

(ii) 'मार्त्तण्ड पंचांग' 2054 में तैयार सूर्योदय और कम्प्यूटर द्वारा जन्मकुण्डली बनाते समय आने वाले सूर्योदय में $1\frac{1}{2}$ मि. का अन्तर आता है। ऐसा क्यों ?

(iii) गीताप्रेस गोरखपुर के 'कल्याण' में 'व्रतोत्सव पर्व' शीर्षक से तिथि, नक्षत्रादि का समय दिया जाता है, परन्तु यह समय घं. मिनटात्मक होते हुए भी 'मार्तण्ड पंचांग' के घं. मि. से नहीं मिलता, जबकि भा. स्टैं. टा. तो समान होना चाहिए।

(iv) 'फलित सूत्र' के अनुसार शनि, मंगल के दोष को समाप्त कर देता है। क्या शनि मंगल की युति होने पर (1, 4, 7, 8, 12 भावों में) शनि मंगल के दोष को समाप्त कर देगा ? यदि आप इसे प्रबल मंगली मानेंगे तो क्या शास्त्रीय सिद्धान्त की अवहेलना नहीं होगी ?

(v) 'भवन भास्कर' पुस्तक गीताप्रेस से प्रकाशित पृष्ठांक 29 पर लिखा है, 'मध्याह्न तथा मध्यरात्रि में शिलान्यास करने से कर्ता और धन का नाश होता है। जबकि 'मार्त्तण्ड पंचांग' व अन्य पंचांगकार मध्याह्न (अभिजित्) में शिलान्यास मुहूर्त्त देते हैं । कृपया यथार्थता से अवगत करावें।

श्री प्रभुलाल शास्त्री,M.A.,
महाराजा उम्मेद मिल्ज़,
पाली (राज.)।

समाधान– केतकी चित्रापक्षीय गणित का आधार **'केतकी ग्रहगणितम्:'** पुस्तक है। इसके रचयिता श्री वेंकटेश बापू केतकर ने वेधसिद्ध दृक्तुल्य गणित के सूत्रों के आधार पर इस पुस्तक की रचना की। इसकी रचना में उन्होंने छोटे–मोटे कुछ संस्कारों की उपेक्षा की है। हमारा पंचांग दृक्तुल्य लगभग सभी छोटे–मोटे ग्रहगणितीय संस्कारों को स्वीकार कर प्रस्तुत किए गए सूक्ष्मातिसूक्ष्म Computer Program पर आधारित है। राजस्थानीय पंचांग की गणित से हमारे पंचांग की गणित में अन्तर का यही कारण है।

(ii) 'मार्त्तण्डपंचांग' 2054 वि. में दिया गया ' सूर्योदयास्त काल' किरणवक्रीभवनरहित है, जब कि जन्मपत्रगणित की लगभग सभी प्रचलित Softwares द्वारा किरणवक्रीभवनसंस्कृत सूर्योदयास्त ही दिया जाता है। ध्यान रहे– किरणवक्रीभवनसंस्कृत सूर्योदयास्त काल लग्नादि साधन के लिए निरुपयोगी है।

(iii) गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित तिथ्यादि पंचांग सूर्यसिद्धान्तीय है, यह दृक्तुल्य नहीं है। दृक्तुल्य और सूर्यसिद्धान्तीय प्रणाली से साधित तिथ्यादि काल में अनेकत्र असह्य अन्तर रहता है।

(iv) शनि–मंगल की 1, 4, 7, 8, 12 भावों में युति मंगल दोष को दूर कर देती है, यह मत प्रामाणिक मूल जातक एवं संहिता ग्रन्थों के प्रतिकूल है। सप्तम भाव में मंगल आदि क्रूरग्रह दाम्पत्य जीवन के लिए अशुभ माने गए हैं। अतः इस भाव में यदि मंगल के साथ शनि भी स्थित हो तो यह भाव और भी अधिक दूषित होगा– यह फलितशास्त्रीय तर्क है। सभी फलितशास्त्री एकवचसा इसके समर्थक हैं। इसके विपरीत मत रखने वाले 'फलितसूत्र' कार अन्य सभी जातक–मुहूर्त्त–संहिताकारों के प्रति उत्तरदायी हैं।

(v) मध्याह्न और मध्यरात्रि के मध्यवर्ती केवल 10–10 पल ही मुहूर्त्त कारों ने दूषित माने हैं, इनके शेषभाग नहीं।

समस्या– (i) त्रिबलशुद्धि का विचार वर–कन्या की जन्मराशियों के अनुसार करना चाहिए या उनकी नामराशियों के अनुसार ?

(ii) कालसर्पयोग का निर्धारण राशिकुण्डली के अनुसार किया जाए या भाव कुण्डली के अनुसार ?

श्री आर. पी. उपाध्याय,
कोलकाता।

समाधान– (i) यदि दोनों की जन्मराशियां ज्ञात हों तो उनके अनुसार त्रिबलशुद्धि का निर्णय करना चाहिए। यदि दोनों में से एक की ही जन्मराशि ज्ञात हो तो दोनों की नामराशियों के अनुसार ही त्रिबलशुद्धि का निर्णय करना चाहिए। इसके लिए एक की जन्मराशि और दूसरे की नाम राशि का प्रयोग करना सर्वथा निषिद्ध है।

(ii) इस योग का निर्धारण राहु-केतु और अन्यग्रहों के भोगांशों के आधार पर करना चाहिए। राहु और केतु के भोगांशों के बीच इधर या उधर एक ही ओर यदि शेष सात ग्रहों के भोगांश पड़ते हों तो कालसर्प योग बनता है। **ध्यान रहे– इस योग की चर्चा प्रामाणिक फलितग्रन्थों में उपलब्ध नहीं है।**

समस्या(i) हम देखते हैं–श्री सत्यनारायण व्रत पूर्णिमा के दिन किया जाता है। लेकिन अनेकत्र अमावस्या और गंगादशहरा वाले दिन भी यह व्रत रखने की परम्परा देखने को मिली है। ऐसा क्यों ?

(ii) मंगल लगभग दो मास में एक राशि भोगता है। सन् 2003 ई. में यह ग्रह जून से 5 दिसम्बर तक कुम्भ में ही रहा। इसका क्या कारण है ?

स. महेन्द्र सिंह,
618/F, विश्वासनगर,
शाहदरा, दिल्ली–32।

समाधान (i) सत्य नारायण का व्रत किसी भी तिथि को किया जा सकता है, यह पुराण वचन है–

यस्मिन् कस्मिन् दिने मर्त्यो भक्तिश्रद्धासमन्वितः।
सत्यनारायणं देवं यजेच्चैव निशामुखे।।

लेकिन परम्परया इसे पूर्णिमा के दिन ही अधिकतर लोग करते हैं।

(ii) मंगल मध्यमगति से दो मास में एकराशिभोग करता है। स्पष्ट गति से यह एक राशि को इससे न्यूनाधिक काल में भी भोगता है। वक्रता की स्थिति में यह 30 अंशों को लांघने में 6–7 मास भी लगा देता है।

समस्या– 27 अगस्त, 2004 ई. को गुरु कन्याराशि में आएगा जोकि शत्रुक्षेत्री होगा। इसके बाद वह 26 सितं., 2005 ई. को तुला में प्रविष्ट होगा, पुनः वह शत्रुक्षेत्री होगा। 27 अक्तू. 2006 ई. को वह वृश्चिक में जाएगा। इसप्रकार गुरु 26 मास तक शत्रुक्षेत्री रहेगा। इस स्थिति में त्रिबलशुद्धि के प्रसंग में गुरुबल के नितान्त अभाव अथवा गूं कहिए अत्यन्त दोषकारक गुरु के कारण अनेक कन्याओं का विवाह क्या इन 26 मासों में अनिष्टफलप्रद नहीं होगा ?

श्री आनन्द स्वरूप,
सत्यब्राह्मण, बदायूं (उ.प्र.)

समाधान–यौवनशालिनी कन्या का विवाह गुरु की ऐसी दोषपूर्ण गोचर स्थिति में भी किया जा सकता है। मुहूर्तशास्त्रकार इसकी अनुमति देते हैं–

"रजस्वलायां कन्यायां गुरुशुद्धिं न चिन्तयेत्"– *(बृहस्पति)*

ऐसी स्थिति में दोषनिवृत्त्यर्थ गुरु की त्रिगुण पूजन करने का शास्त्रनिर्देश है।

समस्या– (i) अमुक जन्मांग लड़का, लड़की, पशु, पक्षी में से किसका है– क्या यह जान पाना सम्भव है ?

(ii) यह जन्माङ्ग मृत व्यक्ति का है या जीवित का– क्या यह भी जाना जा सकता है ?

(iii) लग्न एवं दशम के साधक त्रिकोणमितीय सूत्रों में अंशात्मक साम्पातिक काल और परमक्रान्ति कोण का प्रयोग किया जाता है। साम्पातिक काल को अंशों में कैसे बदलें और परमक्रान्तिकोण कहां से उपलब्ध करें ? कृपया स्पष्ट करें।

श्री नरेन्द्रप्रतापसिंह गौर (आचार्य),
7/ 312, शारदानगर, लखनऊ (उ.प्र.)।

समाधान– (i) जन्माङ्ग देखकर जातक के लिंग (स्त्री एवं पुरुष) एवं उसकी योनि (पशुयोनि, पक्षियोनि आदि) का निर्धारण कतई सम्भव नहीं है, क्योंकि लिंगभेद एवं योनिभेद से जन्म के क्षण विभाजित नहीं है। काल के ये क्षण केवल स्त्री के , ये क्षण केवल पुरुष के, ये क्षण केवल पशुओं के और ये क्षण केवल पक्षियों के जन्म के लिए निश्चित किए गए हैं– ऐसी कोई व्यवस्था प्रकृति ने नहीं बनाई है। कोई भी प्राणी वह किसी भी लिंग, जाति, योनि का क्यों न हो, किसी भी क्षण में जन्मग्रहण के लिए स्वतन्त्र है। प्रत्यक्ष में भी हम यह देखते हैं। **वराहमिहिर** ने **बृहज्जातक** के वियोनिजन्माध्याय में पशु,पक्षी और वृक्षों की जन्मकालिक ग्रहस्थितियों का जो विवरण दिया है– वह तनिक भी तर्कसंगत नहीं है।

(ii) जातक की परम आयु का निर्धारण करने वाली जैमिनि, सत्याचार्य, यवन, वराह, केशव, श्रीपति आदि की लम्बी गणितप्रक्रियाओं के परिणाम परस्पर विसंवादी प्राप्त होते हैं। किसी दो में भी ऐकमत्य नहीं है। विभिन्न जातक ग्रन्थों में निर्दिष्ट विभिन्न ग्रहयोगों पर आधारित जातक की वयोऽवधि के निर्णयों में भी एकरूपता नहीं मिलती। इस प्रकार स्पष्ट है– अमुक जन्माङ्ग या जन्मपत्र वाला जातक जीवत है या नहीं– यह निर्णय कोई नहीं कर सकता।

(iii) साम्पातिक काल के मिनटों को चार से भाग देने पर अंशात्मक साम्पातिक काल बन जाता है, क्योंकि साम्पातिककाल विषुवद्वृत्त का कालात्मक चाप है।

विषुवद्वृत एवं क्रान्तिवृत्त के संयोग (कटाव) से उत्पन्न कोण ही परमक्रान्तिकोण है। यह सूर्य की परमक्रान्ति ही तो है। लगभग 21 जून और 22 दिसं. को सूर्य की यह परमक्रान्ति पंचांग के दैनिक स्पष्टग्रह वाले पृष्ठों पर देखी जा सकती है। यह आजकल 23 अं. 26 क. है। यह परमक्रान्ति प्रतिवर्ष कुछ–कुछ (अत्यन्त अल्प मात्रा में) घटती जा रही है।

समस्या– दूर्वाव्रत, जो सामान्यतः भाद्र. शुक्ल अष्टमी को किया जाता है, अगस्त्य तारा के उदय (दृश्य) होने पर नहीं किया जा सकता। आप "सन्दिग्ध व्रतपर्व व्यवस्था" स्तम्भ में अक्सर लिखा करते हैं कि इस समय अगस्त्य तारा अमुक अमुक प्रदेश में अस्त और अमुक अमुक प्रदेश में उदित है। भारत के विभिन्न प्रदेशों में इस (अगस्त्य) तारे के उदय–अस्त की तारीखें कृपया लिखने का कष्ट करें।

पं. चक्रधर भट्ट, शास्त्री,
म. नं. 1240, कैथमाजरी,
अम्बाला शहर (हरि.)।

समाधान– भारत के विभिन्न अक्षांशीय स्थलों पर अगस्त्य तारे के अस्त, उदय की तारीखें अगले पृष्ठ पर दिए गए कोष्टक से आप जान सकते हैं–

अगस्त्य तारा की अस्तोदय तारीखें

अक्षांश उत्तर	अस्तकालिक स्पष्ट सूर्य रा. अं. क.	अस्तकालिक तारीख	उदयकालिक स्पष्ट सूर्य रा. अं. क.	उदयकालिक तारीख	अक्षांश उत्तर	अस्तकालिक स्पष्ट सूर्य रा. अं. क.	अस्तकालिक तारीख	उदयकालिक स्पष्ट सूर्य रा. अं. क.	उदयकालिक तारीख
8	1 17 56	3 जून	3 06 04	23 जुला.	23	0 23 49	9 मई	4 00 11	17 अग.
9	1 16 28	1 जून	3 07 32	25 जुला.	24	0 21 50	7 मई	4 02 10	20 अग.
10	1 15 08	31 मई	3 08 52	26 जुला.	25	0 19 51	5 मई	4 04 09	22 अग.
11	1 13 44	29 मई	3 10 16	28 जुला.	26	0 17 51	3 मई	4 06 10	24 अग.
12	1 12 15	28 मई	3 11 45	29 जुला.	27	0 15 38	30 अप्रै.	4 08 22	26 अग.
13	1 10 44	26 मई	3 13 16	31 जुला.	28	0 13 29	28 अप्रै.	4 10 32	28 अग.
14	1 09 13	25 मई	3 14 47	1 अग.	29	0 11 13	26 अप्रै.	4 12 47	30 अग.
15	1 07 35	23 मई	3 16 25	3 अग.	30	0 08 55	23 अप्रै.	4 15 04	2 सितं.
16	1 06 06	22 मई	3 17 54	4 अग.	31	0 06 31	21 अप्रै.	4 17 29	4 सितं.
17	1 04 31	20 मई	3 19 29	6 अग.	32	0 04 04	19 अप्रै.	4 19 56	7 सितं.
18	1 02 46	18 मई	3 21 14	8 अग.	33	0 01 25	16 अप्रै.	4 22 35	10 सितं.
19	1 01 04	16 मई	3 22 56	10 अग.	34	11 28 43	13 अप्रै.	4 25 16	12 सितं.
20	0 29 20	14 मई	3 24 40	12 अग.	35	11 26 01	10 अप्रै.	4 27 58	15 सितं.
21	0 27 18	12 मई	3 26 43	14 अग.	36	11 23 04	7 अप्रै.	5 00 56	18 सितं.
22	0 25 45	11 मई	3 28 15	15 अग.	37	11 20 05	4 अप्रै.	5 03 55	21 सितं.

इस कोष्ठक में प्रत्येक भारतीय अक्षांश के आगे अगस्त्य तारा के अस्त कालिक और उदय कालिक स्पष्ट सूर्य (निरयण) तथा अंग्रेज़ी तारीख दी गई है। जैसे बीकानेर का अक्षांश (उत्तर) 28 अंश है। 28 अंश अक्षांश के आगे इस कोष्ठक में अस्तकालिक स्पष्टसूर्य 0रा. 13अं. 29क. और अस्तकालिक तारीख 28 अप्रैल लिखी है। इसका अर्थ है कि बीकानेर में अगस्त्य तारा उस दिन अस्त होगा जिसदिन निरयण स्पष्टसूर्य 0रा. 13अं. 29क. होगा और इस दिन लगभग 28 अप्रैल तारीख पड़ती है। अतः स्पष्ट है कि बीकानेर में अगस्त्य तारा 28 अप्रै. को अस्त हो जाता है। इसी प्रकार इसी अक्षांश के आगे कोष्ठक में उदयकालिक स्पष्टसूर्य 4रा. 10अं. 32क. और 28 अगस्त लिखा है। इसका अभिप्राय है कि बीकानेर में अगस्त्य तारा तब उदय होगा जब स्पष्ट सूर्य 4रा. 10अं. 32क. होगा। इस दिन तारीख 28 अगस्त होगी।

प्रसूति-लग्न विचार

मेष- जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर,उपसूतिका दो या ..., प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक ...मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन थे। ११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप ...ना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष-माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४ जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते बालक दीर्घ शब्द से रोया,गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका स्थान, श्वेत ...च्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में ...लक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में रुद्रमृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। ...दि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन-माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३या ५ ,माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, ...र से प्रसव,मुख ऊपर को , जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था , घर के आग्नेय भाग में ...न्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया , दूध कम उतरे । ४।१०।२४।३८।५८ वर्षों ... बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें । यदि इन वर्षों ... बचे तो ८६ वर्ष जीवे ।

कर्क- माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४ , बालक जन्मते ही छींका , नाल ...टा, भूमि पर जन्म , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , माता के वस्त्र श्वेत व लाल , माता ने प्रसव ... पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया , बालक के वामांग में लहसन आदि का ...ह्न , देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे ... कष्टकारक वर्षो के प्रवेश के समय तुलादान ,छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना ...ल्याणप्रद है ।

सिंह- माता का पश्चिम या पूर्व में सिर , मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा ...ोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया ... घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे ...ो ६७वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्री सूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय ...का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा ।

कन्या- माता का दक्षिण में सिर , रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि ...का भोजन,जन्म समय स्त्री ३या ५, दीपक हाथ में उठाया गया ,बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द ...किया,घर के नैर्ऋत्य कोण में सूतिका-स्थान , ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक है । यदि इन वर्षो ...से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

तुला -माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , श्वेत जीर्ण वस्त्र , भुना हुआ अन्न , ठंडा जल , या कोइ मामूली चीज क्रो...क खाई थी। जन्म समय स्त्री ३या ६, वहां १कन्या भी हो , दीपक उठाया गया,बालक जन्म ...य कुछ ठहर कर अर्धशब्द करके रोया , घर के पश्चिम भाग में सूतिका स्थान , ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान , हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे ।

वृश्चिक-माता का दक्षिण या उत्तर में सिर , रक्त या दग्ध वस्त्र , कष्ट अधिक,अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन , जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आई , दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

धनु-माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १या ५,दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्य कोण में सूतिका स्थान २,१०,१८,३१,३८,४२,६७, इन वर्षो के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप , ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है , यदि इन वर्षो से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर-माता का सिर पूर्व दक्षिण में ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्म समय स्त्रियाँ माईं, पीछे से एक आई । दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्ट कारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ-माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कु...जन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आई। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन-माता को सिर उत्तर में, पीत या मलीन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। स्मरण रहे, अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिले-वहीं बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष ज्ञान- (१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे,(२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो,(३)लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो,(४)भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो -इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान- प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय,तृतीय ईशान। चतुर्थ-उत्तर। पञ्चम-षष्ठ-वायव्य। सप्तम-पश्चिम। अष्टम, नवम-नैर्ऋत्य। दशम-दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

अगस्त्य तारा की अस्तोदय तारीखें

अक्षांश उत्तर	अस्तकालिक स्पष्ट सूर्य रा. अं. क.	अस्तकालिक तारीख	उदयकालिक स्पष्ट सूर्य रा. अं. क.	उदयकालिक तारीख	अक्षांश उत्तर	अस्तकालिक स्पष्ट सूर्य रा. अं. क.	अस्तकालिक तारीख	उदयकालिक स्पष्ट सूर्य रा. अं. क.	उदयकालिक तारीख
8	1 17 56	3 जून	3 06 04	23 जुला.	23	0 23 49	9 मई	4 00 11	17 अग.
9	1 16 28	1 जून	3 07 32	25 जुला.	24	0 21 50	7 मई	4 02 10	20 अग.
10	1 15 08	31 मई	3 08 52	26 जुला.	25	0 19 51	5 मई	4 04 09	22 अग.
11	1 13 44	29 मई	3 10 16	28 जुला.	26	0 17 51	3 मई	4 06 10	24 अग.
12	1 12 15	28 मई	3 11 45	29 जुला.	27	0 15 38	30 अप्रै.	4 08 22	26 अग.
13	1 10 44	26 मई	3 13 16	31 जुला.	28	0 13 29	28 अप्रै.	4 10 32	28 अग.
14	1 09 13	25 मई	3 14 47	1 अग.	29	0 11 13	26 अप्रै.	4 12 47	30 अग.
15	1 07 35	23 मई	3 16 25	3 अग.	30	0 08 55	23 अप्रै.	4 15 04	2 सितं.
16	1 06 06	22 मई	3 17 54	4 अग.	31	0 06 31	21 अप्रै.	4 17 29	4 सितं.
17	1 04 31	20 मई	3 19 29	6 अग.	32	0 04 04	19 अप्रै.	4 19 56	7 सितं.
18	1 02 46	18 मई	3 21 14	8 अग.	33	0 01 25	16 अप्रै.	4 22 35	10 सितं.
19	1 01 04	16 मई	3 22 56	10 अग.	34	11 28 43	13 अप्रै.	4 25 16	12 सितं.
20	0 29 20	14 मई	3 24 40	12 अग.	35	11 26 01	10 अप्रै.	4 27 58	15 सितं.
21	0 27 18	12 मई	3 26 43	14 अग.	36	11 23 04	7 अप्रै.	5 00 56	18 सितं.
22	0 25 45	11 मई	3 28 15	15 अग.	37	11 20 05	4 अप्रै.	5 03 55	21 सितं.

इस कोष्ठक में प्रत्येक भारतीय अक्षांश के आगे अगस्त्य तारा के अस्त कालिक और उदय कालिक स्पष्ट सूर्य (निरयण) तथा अंग्रेज़ी तारीख दी गई है। जैसे बीकानेर का अक्षांश (उत्तर) 28 अंश है। 28 अंश अक्षांश के आगे इस कोष्ठक में अस्तकालिक स्पष्टसूर्य 0 रा. 13 अं. 29 क. और अस्तकालिक तारीख 28 अप्रैल लिखी है। इसका अर्थ है कि बीकानेर में अगस्त्य तारा उस दिन अस्त होगा जिसदिन निरयण स्पष्टसूर्य 0 रा. 13 अं. 29 क. होगा और इस दिन लगभग 28 अप्रैल तारीख पड़ती है। अतः स्पष्ट है कि बीकानेर में अगस्त्य तारा 28 अप्रै. को अस्त हो जाता है। इसी प्रकार इसी अक्षांश के आगे कोष्ठक में उदयकालिक स्पष्टसूर्य 4 रा. 10 अं. 32 क. और 28 अगस्त लिखा है। इसका अभिप्राय है कि बीकानेर में अगस्त्य तारा तब उदय होगा जब स्पष्ट सूर्य 4 रा. 10 अं. 32 क. होगा। इस दिन तारीख 28 अगस्त होगी।

प्रसूति-लग्न विचार

मेष- जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर,उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन थे। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष-माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४ जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया,गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में रुद्रमृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन-माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३या ५ ,माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव,मुख ऊपर को , जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था , घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया , दूध कम उतरे । ४।१०।१४।३८।५८ वर्षो में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें । यदि इन वर्षो से बचे तो ८६ वर्ष जीवे ।

कर्क- माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४ , बालक जन्मते ही छींका , नाल छुटा, भूमि पर जन्म , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , माता के वस्त्र श्वेत व लाल , माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया , बालक के वामांग में लहसन आदि का चिह्न , देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षों कें प्रवेश के समय तुलादान ,छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है ।

सिंह- माता का पश्चिम या पूर्व में सिर , मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पाये । इनसे बचे तो ६७वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षो के प्रवेश होते ही श्री सूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा ।

कन्या- माता का दक्षिण में सिर , रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन,जन्म समय स्त्री ३या ५, दीपक हाथ में उठाया गया ,बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया,घर के नैर्ऋत्य कोण में सूतिका-स्थान , ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक है । यदि इन वर्षो से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

तुला -माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , श्वेत जीर्ण वस्त्र , भुना हुआ अन्न , ठंडा जल , या कोइ मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्म समय स्त्री ३या ६, वहां १कन्या भी हो , दीपक उठाया गया,बालक जन्मोपरान्त कुछ ठहर कर अर्धशब्द करके रोया , घर के पश्चिम भाग में सूतिका स्थान , ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान , हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे ।

वृश्चिक-माता का दक्षिण या उत्तर में सिर , रक्त या दग्ध वस्त्र , कष्ट अधिक,अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन , जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आई , दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

धनु-माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १या ५,दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्य कोण में सूतिका स्थान २,१०,१८,३१,३८,४२,६७, इन वर्षो के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप , ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है , यदि इन वर्षो से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर-माता का सिर दक्षिण में ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्म समय स्त्रियाँ, पीछे से एक आई । दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्ट कारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ-माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कु भोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आई। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन-माता को सिर उत्तर में, पीत या मलीन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। स्मरण रहे, अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिले-वहीं बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष ज्ञान- (१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे,(२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो,(३)लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो,(४)भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो -इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान- प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय,तृतीय ईशान। चतुर्थ-उत्तर। पञ्चम-षष्ठ-वायव्य। सप्तम-पश्चिम। अष्टम, नवम-नैर्ऋत्य। दशम-दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

प्रसूति स्थान से पाकशालादि विचार

जन्म कुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हो, वहाँ अग्नि स्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। दोहा- लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार॥ केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हो तो उनमें जो बली (स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्न पति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा-सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत्य।

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्-चन्द्रमा से दीप के तैल को ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहना। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना। सो० तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कही दीपक तैल नहीं। सित-शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्म में तव वाम, दीपक तैल सौं युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्-जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हो तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः- यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्म काल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह हों उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हो तो उसकी गणना करे अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़े अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त होवें उनका आधा करके उपसूतिका में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है, कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुग्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहाँ, धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों से विधवा दुश्चरित्रा कहें।

शय्या-शिर व पाद विचार

"लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिराहना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैर्ऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां, स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों वहाँ सूतिका के पलंग का पावा फटा टूटा समझना।

दो०-मीन-मिथुन-सिंह-तुला, मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल।।

अथ चिह्नज्ञानम्-दोहा-षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण॥ भानू तथा सौरी तनथन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राह। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह॥ सुहृद भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु वा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।''

प्रसवकष्ट दूर--प्रसव काल से पहले शुक्लपक्ष के चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुगुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही "ओंमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर-माचिर-स्वाहा॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से हो शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होके बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मंत्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लेवें, तव कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०:- द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खगना बसै, वेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्र द्वादसे अष्ट भवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव॥''

अथ काणयोग--तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात पात भ्राता तनय [illegible] त्रियघर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहे नयन, बुधजन कहत बखान॥''

मूकयोग-"पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।''

दुःखदयोग -रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताको अंग कलेश॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस॥ पापग्रहयुत लग्न पति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय॥

बन्धनयोग- क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोग- यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोग- चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) की [illegible]

बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे- शनि मंगल से ५।७।९ स्थान मे चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु-समय-विचार-- जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब मृत्यु कहना। अथवा-जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योगयुक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इसलिए आयु का प्रथम विचार करे, फिर मृत्यु कहें।

सुखदयोगाः-अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह दो परे तो जानो सुख संग॥ जन्म लग्न में उच्च ग्रह जो कण्ड के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सबसुखी नर होय॥

क्लीब (नपुंसक) योगाः- दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन से रिष्फ षट मन्द बसे किल भानु॥

श्वेतकुष्ठयोगाः--लग्नप बुध कुज शशि युते राहुयुक्त या केतु। श्वेतकुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु॥ भौम भास्कर मन्दयुक्त रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ अल्लजगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंड कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ॥ अंगसंग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुज्जि कहि दून॥

केमद्रुमः-आगे पीछे चन्द्र के जो ना परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न व्याहेउ कोय॥ जाके कुज दशमे बसे ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहै पति को तजि तमारि। छटे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवे भवन में सो पति करै है भंग॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन। ताको पति जीवित रहे वर्ष दो या तीन॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम॥ पापग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नासे कुलो दुबो भाषत कविकुल वृन्द॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृग बसै बुधजन कहत विचारि॥

वैधव्य-विषकन्यायोगाः-चौ.- रविवार द्वितीया जो होय श्लेषा ताहि दिन में जोय॥ १॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार साते तिथि को करो विचार॥२॥ होय शतभिषा मंगलवार कहो द्वादशी तिथि निर्धार॥ ३॥ इन योगन में कन्या होय निश्चय विधवा जाने सोय॥ ४॥ जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय एक पाप ग्रह नभ १० में जोय॥ ५॥ शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रह मानो ता कन्या को विधवा जानो॥ ६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय मंदवार युत लीजो जोय॥ ७॥ परे शतभिषा मंगलवार साते तिथि लीजो निर्धार॥ ८॥ रविवार द्वादशी जो होय नक्षत्र विसाखा जानो होय॥ ९॥ ऐसो योग लखो जो परै तो कन्या को विधवा करै॥ १०॥ दो० धर्म सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि जान। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधवा मान॥ ११॥

वैधव्य- विषकन्याभंगयोगः-जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय॥

काकवन्ध्यादियोगः- ज्ञे अष्टमे काकबन्ध्या। मन्दाकावष्टमे बन्ध्या अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या॥

स्त्रीणां राजयोगः--चौपाई- केन्द्रधाम नभगा शुभ होई नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके मन प्रसन्न होई है सुत वाके-चन्द्रज तुग बसे तनु जाई लाभ धन गुरु आवे धाई। सो तिय होय नृपति की नारी जन विख्यात होय सुकुमारी। जो षडवर्ग शुद्ध गुरु होई शशि दृग केन्द्र भवन में होई॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी रानी होय सदन धनभारी॥ दोहा.... कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताको पति नृप शूर॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचारः--पञ्चमं शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्"॥

अशुभ प्रसव भासः-कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथनी, श्रावण में गधी व घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, बैसाख में ऊँटनी, पौष में बकरी, चैत में कुतिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता व घरवाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहें कि यहां सर्वत्र सौरमास ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करें, बच्चा जन्में तो कार्तिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फलः-यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्टप्रद होते हैं, कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करें तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु(सोना, चांदी, तांबा) दान करें।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हो तो माता-पिता को अरिष्ट, ऊपर की पक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवे में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, सातवें में पितृ सुख, आठवें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वे में धनी।

अथैकनक्षत्रजनन-फल:--वृद्ध गर्ग कहते हैं, कि- यदि भ्राताओं वा पिता - पुत्र, माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना-(१) जन्म लग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़ें, जो राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश, तृतीयस्थग्रह की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है, यदि भ्रात-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना-(१)जन्म लग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावें, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(२)लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावें, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावें - शेष राशि में जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृकष्ट होता है।

(४)लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश,भौम, इन चारों स्पष्टों को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर का शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।

(५)लग्नेश,तृतीयेश, दशमेश ओर भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृकष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना-(१)जन्म के सूर्य में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे शेष की राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि या गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	[illegible]	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशुना.	धनना.	[illegible]तला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना	वैधव्य	फलम

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल (१।२।३ च.)	आश्लेषा (२।३।४ च.)	ज्येष्ठा	विशाखा (४च.)
फलम्	ससुरहानि	सास नाश	ज्येष्ठनाश	देवरनाश

सुतः सुता वा म्रियते श्वशुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथाश्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त-पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक, माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र का ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए, तत्पश्चात शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से मुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फल	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पद	मन्त्री पद	विपुल लाभ	अल्प जीवन	फल

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.	फलम.

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र. श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है, एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया,दशमी,षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गंडातिगंडे च परिघे यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्।यथा सर्पविषं चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रवैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि।बालकस्यापि ततूस्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृते स्यान्मंगलं ध्रुवम्।विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः॥

अथाभुक्तमूलविचार :- ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र की आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग कर दें या आठ वर्ष, असमर्थ हों तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शांतिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः॥

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू. पू. पिता को भय	मू. मू. माता को भय	१ अधि. शरीर को भय	पशु- हानि	फल

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह फलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	अंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी, गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी, पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान्	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पआयु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपी.	गुणी	नीचस्थ	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शूर	तेजयुक्त	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सम्पत्तिमान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहीन
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान्	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदार	दरिद्र	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्य	सती	ससुखा	बन्ध्या	पुत्रहीना	दुखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	बन्ध्या	धनाढ्य	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सर्पीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकीर्तियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	बन्ध्या	बन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सुलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्– अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखेश्वर्य, तृतीय में मंत्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्–मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होंगे।

ज्येष्ठापाद फलम्– प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठाद्यपादजी ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्–रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान, दूसरे में मंत्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश योगा :–(१)पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे,(२) चन्द्रमा से सातवें पायुक्त शुक्र हों, (३)पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हो,(४)तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य और लग्न में मंगल होवे,(५)चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो - इन पाचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए ।

पितृनाश योगा - (१) सूर्य मंगल दसवें या नवम में गये हो(२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो,(३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४)पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो,इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो ।

भ्रातृनाश योगा:- भ्रातृ गृह को ईश जो भौम संगत्रिक होय। जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय॥

सन्तानसुख नाशयोगा:- गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा योग जो लखि परे ताकि पुत्र अभाव । पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक धाम। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोग- शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हो तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है ।

नीचयोगा:–सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राह सग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।

जारज योगा : –भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशुहै पर पुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार॥

गोचरग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

गृह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य:	स्थाननाः	भय	श्री:	मानभंग	दैन्य	विजय:	यात्रा	पीड़ा	सुकृ. ना.	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यनाश
चन्द्र:	अलाभ,	धननाश	सुख	रोग	कार्यनाश	धनलाभे	स्त्रीलाभ	रोग:	धर्मलाभ	सौख्यं	धनलाभ	धननाश
भौम:	शत्रुभीति,	धननाश	धनलाभ	शत्रुभय	धननाश	धनलाभ	द्रव्यनाश	शत्रुभीति	शत्रुभय	शोक:	धनलाभ	धननाश
बुध:	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभय	पशुलाभ	सुखं	स्थानलाभ	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धननाश
गुरु	भयं	धनलाभ	क्लेश	धननाश	सुखं	शोक	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र:	शत्रुनाश,	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभय	शोक:	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दु:ख	धनलाभ	धनलाभ
शनि:	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभय	पुत्रनाश:	धनलाभ	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मनस्य	धनलाभ	धननाश
राहु:	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक :	श्री:	कलह:	मृत्यु	दु:ख	वैर	सुखं	शोक
केतु:	रोग	वैर	सुख	भय	सुखं	धनलाभ	कलह:	रोग	पाप	शोक:	कीर्ति:	शत्रुभीति

अथग्रहाणामेक भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा. के	ग्रहा:
मा.१	दि. २।	मा१ ॥	मा. १	मा.१२	मा.१	मा.३०	मा.१८	एकार्थभोग
आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमय:
भय.५	घ.३	दि.८	दि.७	मा.२	दि.७	मा.६	मा.३	गतव्यराशे:
								प्राक्फलम

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मणय:

सु.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवाल	पन्ना	पुष्पराग	हीरा	नीलम	गोमेदम	रौप्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	लोहम्	वैडूर्यम्	लाजवर्त:	लाजवर्त:

पूतना-ग्रसित लक्षण एवं शांति

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है । तब पूतना की बली निकालने से अच्छा होता है । जब कभी बच्चा बैठे बैठे गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है । यदि कोई लाभादि के वश में आकर वनदेवता या नाकृदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है । यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्र अवस्था में ही बालक के साथ सो जावे तो बालक्रांता नाम की राक्षसी का दोष होगा । बच्चे को इतर फुलेन और फूल माला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है । सिर खुले जूठे बाल को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है । संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्प रेवती का दोष होता है । कदाचित् बालक खेलता खेलता गिर जाये अथवा उसे उल्टी हो या हाथ पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मल मूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है । जो नित्य कर्म संध्या बंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है । फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शांति होती है ।

चेष्टा:- जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन में उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना।

उद्वर्तनम् - दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी,लसूडे के पते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे यह रोग दूर होगा ।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योतिदर्शन निवासश्च तत्र रात्रौ- "ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव॥" इत्यस्य जपः. ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीप दधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः ॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्टदृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाये तो- ॐवासुदेवो जगन्नाथ: पूतनातर्जनो हरि: । रक्षति त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ १ ॥ कृष्ण, रक्ष शिशुं शंख-मधुकैटभ-मर्दन! प्रात:-सङ्गव मध्याह्न सायाह्नेषु च सन्ध्ययो: ॥ २ ॥ महानिशि सदा रक्ष कंसाराति निषूदन! यद्गोरज: पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि ॥ ३ ॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान् । त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम् ॥ ४ ॥

इन चारों मंत्रों से अभिमंत्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है?	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मंत्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चन्दन, तिलक, श्वेतपुष्प ५ रंग की झंडी ५,५दीपक, ५आटे के सतिये,कपूर,लोहबान	श्वेत भात,५पूर्ण पोली(सुहाली) १प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ॐ ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।	राई, खस, आक के फुल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब पत्र, गौघृत
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	१०दीपक,१०झण्डी,पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०	भात एक सेर, आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस, संध्या समय पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखना	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रां ह्रां ह्रीं ह्रीं हूं हूं स्थानाद्राज्ञया स्वाहा	
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन,रक्त पुष्प,श्वेत ध्वजा, दीपक१०,गेहूं केआटे केसतिए१०	एक सेर लाल भात,आधा सेर पूर्ण पौली, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गाम्भृग, साप का काचली नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल गोघृत
चतुर्थदिन मास वर्ष में मुख मंडिका	तिल -चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प, श्वेत ध्वजा ५,दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प	भात, सेर आटे के पूड़े आध सेर पूर्ण पौली, सांय, पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन मास वर्ष में बिडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,गेंहु के आटे के सतिये	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सांयकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे।	ओंभगवती ह्रीं ह्रीं ह्रीं हूं हूं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहाण अस्त्र ठ:ठ: चामुंडे सर्वारि चण्डिके ठ:ठ:स्वाहा।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में, षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,	भात,५ मिठाई ,५सुहाली ,७पूड़ियां,१ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गुग्गल, राई, हाथीदांत, घृत।
सप्तमदिन मास वर्ष में में कालिका	चावल का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,	भात, ७ पूड़ियाँ, सांयकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर	बिडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में में कामिनी	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन, ५रंग की झण्डी ५, दीपक ५,	गेहूं की रोटी,मसूर की दाल,हरा साग, छाग मांस संध्या में चौरास्ते पर	बिडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में, मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प,५दीपक,५ रंग की झण्डी ५।	भात, मत्स्य मांस, पापडी, सुहाली उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडल बलिमादाय हन २हुं फट् स्वाहा	गोशृंग, लसुन, सांप की कांचली निम्बपत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत।
दशमदिन मास वर्ष में में रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्त पुष्प २५, झंडी,२५ दीपक,२५ सतिये।	गुड़ के घी भुने चावल,गौ घृत, सांय,दक्षिण में चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते वैश्वदेवाय हन हुं फट् स्वाहा	
एकादश दिन मास वर्ष में, सुर्दशना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प,२५ दीपक,२५ सफेद झण्डी,२५ आटे के सतिये।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७,सांय व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास वज्रहस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा	
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	चावलों का आटा आटा एक सेर	१३ दीपक,१३झण्डी,१३ सतिये सतिये आटे के।	सुहाली ,पूड़े ७,पूड़ियां ७ , मत्स्य मांस, पापड़ी , सांयकाल दक्षिण में चौरास्ते पर।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय२ मर्दय२ तापय२ हुं३ हन २ दुष्टानां ह्रां हुं स्वाहा	

अब बाल पूतना विधि — यहां लिखे बाल कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थान-स्पर्श निम्नलिखित मंत्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान विधि तीन दिन निरंतर करें। चौथे दिन पलाश, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ, इनके पत्रों को उबाल कर बालक को मंत्र पाठपूर्वक स्नान कराना। तदन्तर कल्याणार्थ यथा शक्ति भिक्षुकों को तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान भोजन कराना तदनन्तर "ओं द्यौः शांतिरन्तरिक्षं" इत्यादि शांतिमंत्रों व मार्जनमंत्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखा-स्थान स्पर्श पूर्वक यह मंत्र पढ़ें- "ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर। ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ ओं सर्वमातर हमं ग्रहं संहरंतु हुं रोदय रोदय, स्फोटय स्फोटय स्वाहा। गर्ज २ सः गृहाण गृहाण आमर्दय २ ह्रीम् ह्रीम्, हन हन एवं सिद्धि रुद्रो ज्ञापय स्वाहा॥ इति रक्षामंत्रः॥

अथ नक्षत्र -कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशान्त्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोग दिन संख्या				रोगशांत्यर्थ जपनीयमन्त्र	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
अश्विनी	भोजनदान	९	११	१	२०	मृत्युञ्जयमंत्र:	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य देवे।
भरणी	गो-अन्नादिदान	०	८०	४०	११	यमायतवेति मंत्र	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदान	९	११	१६	२८	अग्निर्मर्धेति	कछुए के मुख में घी दे
रोहिणी	घृतदान	३	९	१८	३०	ब्रह्मायेति	सर्प को दूध-दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदान	९	५	७	१०	इमंदेवेति मन्त्र:	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदान	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्र इति मन्त्र	बकरे के मुख में रक्त डालें
पुनर्वसु	पीतलदान	७	१४	२	२१	अदितिर्द्यौ रितिमन्त्र:	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदान	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्र:	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गो-अजादिदान	०	०	४१	०	नमोस्तुसर्पेति मन्त्र:	बिलाब को दूध पिलाने
मघा	वस्त्राज्यदान	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्र:	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदान	०	१५	०	३०	भगम्प्रणेति मन्त्र:	ऊंट के मुख में शहद दें
उ. फा.	अन्नदान	७	१४	७	६०	दध्यावद्धेति मन्त्र:	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदान	१५	१७	१५	०	उदत्यंजातवेदैति मन्त्र:	भैसे को कमल के फूल खिलायें
चित्रा	दुग्ध दान	११	९	९	१६	त्वष्टा तुरिगति मन्त्र:	बाघ के लिए तगर धतूरे के फूल वन में रखें
स्वाती	गौघृत दान	६०	१७	३०	०	वायोरग्रेति मन्त्र:	भैंसे को गुड़ चावल खिलावें
विशाखा	गौ-स्वर्णदान	१५	०	४	१३	इंद्राग्नी इति मन्त्र:	बाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दें
अनुराधा	गौघृत दान	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्र:	बकरे को कुलथी सहित भात गुड़ दें
ज्येष्ठा	तिलदान	६९	९	६	४	त्रातारमिन्द्रमिति मन्त्र:	बंदरों को गुड़ तिल डालें
मूल	रौप्यपात्रदान	०	९	१५	६	माता पुत्रेति मन्त्र:	बिलाब को दूध पिलावें
पू. षा.	गोमुक्तादान	०	१५	२४	१०	आपो धर्मेति मन्त्र:	कछुए के मुख में नागर मोथे की बलि दें
उ.षा.	भोजनदान	३०	२४	२६	१६	विश्वेदेवेति मन्त्र:	गौ को धान्य डालें
श्रवण	श्रीफलदान	६०	२४	६	९	विष्णोररा. मन्त्र	भैंसे के मुख में रक्त, मीठा की बलि दें
धनिष्ठा	अश्वान्नादान	१५	४	२०	२१	वसो: पवित्रेति मन्त्र	मनुष्य के मुख में दही अन्न की बलि दें
शतभिषा	भोजनान्नदान	४	४५	३	२२	वरुणस्तम्भेति मन्त्र	गौ को चावल खिलावें
पू. भा.	भोजनदान	०	१२	२१	१९	अहिर्बुध्न्येति मन्त्र	कौए के मुख में फल की बलि दें
उ.भा.	अन्नदान	१०	३	९	१५	अहिर्बुध्न्येति मन्त्र	गाय को चावल खिलावें
रेवती	फल दा.कन्यापूजन	१८	१०	९	२०	पूषन्नयेति मन्त्र	हाथी के मुख में पूरी-पूओं की बलि दें

जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है उसे यहां कष्टावली में रोग नक्षत्र का नाम दिया गया है।

रोग नक्षत्र को जानकर इन कोष्ठों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्यर्थ बलिदान'-वाले कालम में घोड़ी हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलीद्रव्य देकर धूप-दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें- ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	६	९	१०
नक्षत्र	मूल	भर.	कृत्ति.	रोहि.	आश्लेषा

जम्मे सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गये गए ना बुहरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना - (१) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब संतान उत्पन्न होती हैं।

(२) चं. ल. गु. इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवमस्थानेश की दशान्तर्दशा में संतानोत्पत्ति होती है।

विवाह (स्त्रीसुख)होने का समय जानना-(१)जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है॥

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े, उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर में गुरु चन्द्र होते हैं, तब विवाह होता है।

(४) शुक्र-चन्द्र व सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना-(१) गुलिक स्पष्ट से सूर्य-स्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट -

इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मंत्र पृथक् पृथक् लिखा है वह न कर सके तो महामृत्युञ्जय ही करे। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है उस चरणानुसार कष्ट व दिन जाने, शून्य से विशेष भय जाने, दान, जप करे।

रोगोत्पत्ती कुयोगाः

(१)रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र या यमघंट कुयोग हो।

(२)सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३)सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११)हो।

(५)बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा(२।७।१२) आश्लेषा हो।

(६)गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३)व मघा, हस्त हो।

(७)शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता(४।९।१४) आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पू. षा. या हस्त व पू. भा. या पूर्णा(५।१०।१५)व भरणी हो।

(९)सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि, भरणी, कृत्ति, आर्द्रा, आश्लेषा, पूर्वा ३, विशा, ज्ये, धनि, शत, नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना। क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं। हाँ, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है।

अथ रोगत्रिनाड़ी चक्रम्

आर्द्रा	पू.फा	उ.फा.	उ.फा.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल	श्रवण	पू. भा.	अश्वि	रो.	मध्या
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.	उ. भा.	रेव.	मृ.	अन्त्या

सूर्य नक्षत्र, दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र रोगत्रिनाडीचक्र में एक ही नाडी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है। मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोगत्रिनाडीचक्र यात्रा तथा रण के समय वर्जित करना।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०। १८ वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़) होती है। काल के मुख में दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरूष की मृत्युपर्यन्त हालत होती है। रोग पर सर्पादि दर्शन पर,विग्रह - युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है

कालांग चक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अंङ्ग विशेष में पीड़ा, कष्ट, घाव, फोड़ा आदि चर्म विकार किंवा वायु-विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगा कर निम्नलिखित कालांग चक्र में दिए भावों के अनुसार उस पीड़ित भाव को देखें। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की संभावना है। शांति के लिए उस ग्रह की शांति करावें। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित-भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभ ग्रह दृष्ट हो तो रोग (कष्ट)शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कालांग चक्र

भाव	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अंङ्ग	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	बस्ति (मूत्राशय)	लिङ्ग गुदा	जंघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद-युगल

तिथि कष्टावली यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदिन	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि	धृतदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रद.न
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्र दान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्टान्न बलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेत वस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षौद्रशाक भो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रौप्यदान
३०	पितर	१८	अपूपकान्न बलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली यंत्रम्

वा.	वारेश	क.दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि, सूर्यदान
च.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि, चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि, भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि, बुधदान
वृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि,गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधुबलि, शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि, शनिदान

बाल-रक्षार्थ धूप

राई, लाख,नीम के पत्ते, बांस का छिलका, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल, अगर, गाय का घी, इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय ''खुं खुर्दनं हुं फट् स्वाहा-'' इस मंत्र का उच्चारण करें।

ग्रहगोचराद्यैर्दशा क्रमाद्यैर्ग्रह कृतानिष्ट-फल-शमनार्थ प्रत्येक-ग्रहाणां-दान-पदार्थाः												जप संख्या	जपनीय-मंत्राः	दान समय	हवन-समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग, रक्तगाय	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कपूर. श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरी, रक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २ शेष दिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कपूर, शस्त्र	फल	१९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५ शेष दिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक, घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि, श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सूर्य उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तेल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग, भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्ने	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल, घोड़ा	शूर्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्री	दूर्वा
केतु	लहसुनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल, बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कपूर	मसरी, श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	ॐ मुन्थेशमन्त्रः	मुन्थेशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति का कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार के उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि-सूर्य का व्रत रविवार को करें। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करें। उस रोज़ केवल गेहूं की रोटी घी लाल खण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिल्कुल न खायें। भोजन से पूर्व हो सके तो लाल वस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोकत बीज-मन्त्र की माला जप करें। तदनन्तर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्पदूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण को भोजन करावें। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परणित हो जायेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एव अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार :- लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि-चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्रलिखित बीज-मन्त्र को ११ माला या ३ माला जप करें। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करें। मध्यान्ह के समय नमक के बिना दही - चावल, घी, खण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावें। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार:-सफेद जुराब, रुमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि-यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिएं। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करें। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करें। और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति-सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करें। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावें।

मंगल शान्ति का सरल उपचार:- लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहनें, तांबे के बर्तन, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डूओं का दान करे। फिर तीन तुलसीपत्र, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावें। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या, धन-लाभ, व्यापार में तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्य नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शान्ति का सरल उपचार:- हरा रंग, हरे वस्त्र तथा श्रृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठ) गुरुवार से आरम्भ करें, तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरुवार व्रत करें, उस दिन पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करें। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की बनी घी-खण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खावें और यही दान करें। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन करावे। स्वर्ण, पीत-वस्त्र चने की दाल आदि का दान करें। यह व्रत-विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि करता है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार- पीले वस्त्र, रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

शुक्र के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठ) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। ३१ या २१ व्रत करें। श्वेत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ३ या २१ माला जपें। भोजन में चावल, खण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करें। यही पदार्थ यथा-शक्ति सम्भव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहुति के बाद खीर-खण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलावें। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करें। इस व्रत से स्त्री सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्र शान्ति का सरल उपचार:- सफेद वस्त्र, सफेद रूमाल , सफेद फूल धारण करना आदि गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिव पूजन।

शनि के व्रत की विधि- यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठ) शनिवार से आरम्भ करे, व्रत ५१ या ३१ करने चाहिएं। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १९ या तीन माला का जप करें। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग), गङ्गाजल तथा शक्कर, थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुंह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दें। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पंजीरी, कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दें तथा तेलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करें। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करें। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक परेशानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनि शान्ति का सरल उपचार:- घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रूमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहू केतु के व्रत की विधि- शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठ) शनिवार से यह व्रत शुरू करना चाहिए। यह व्रत १८ करें। काला वस्त्र धारण करके १८ या ३ बीज-मन्त्र की माला जपें। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डालें। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करें और यही दान में भी दें। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दें। इस व्रत से शत्रुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहू, केतु शान्ति का सरल उपचार:- नीला रूमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पैन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्त्यर्थ स्नान-विधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्॥
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी-कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारू, मुलेठी, लाल फूल, केसर, पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत, चन्दन, लाल फूल, केसर, पानी में उबाल कर स्नान करें। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल सिप्पी, पञ्चगव्य उबाल कर स्नान करें। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर, बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, विधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलेठी, श्वेत सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची, मजीठ तथा शनि के दिन काले तिल, सौंफ, सुरमा, अपलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करें। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारू, सरसों तथा लोहबान उबाल कर स्नान करें, तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट- स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिले उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रह किंवा सर्वविध शान्ति के लिए सामान्य औषध स्नान

लाजवन्ती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौं, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि लोध इन औषधियों के जल एवं से मत्तीर्थादक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। गुरू, वचन, देवता ब्राह्मणों की वेदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः)॥

शनि विचार- अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्-कल्याणी प्रददाति वा रविसुते राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः बन्धु विरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्नेर्भयं लोह शस्त्रभयं सदैव-असुखं कुर्यादसौ सर्वदा॥ १॥ बृहत्कल्याणी फलम् . . . . राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत्॥ हानिः स्थानमरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम्, रामार्कद्विविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा॥ २॥

सप्तधान्य- उड़द १. मूंगी २. गेहूं ३. चने ४. जौ ५. धान्य (तंदुल) ६. कंगनी ७.

अष्टगंध- अगर, कस्तूरी, कुंकुम कर्पूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन देवदारु।

अष्टगंध धूप- अगर, छरीला, जटामासी, कर्पूर-कचरी, गुग्गुल, देवदारु गोमूत सफेद चन्दन।

नक्षत्र-राशि ज्ञान चक्र

राशिज्ञाने विशेष :-

नक्षत्र वा राशि में श और स में, ब और व में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोगाक्षरं नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्षरम्)

राशयः	मेष			वृष			मिथुन			कर्क		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा
प्रथमचरण	चू	ला	अ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी
द्वितीय च.	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू
तृतीय च.	चो	ले	०	उ	वी	०	क	ङ	ह	०	हो	डे
चतुर्थ च.	ला	लो	०	ए	वु	०	की	छ	०	हि	डा	डो

राशयः	सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक		
नक्षत्राणि	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा
प्रथमचरण	मा	मो	टे	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	नो
द्वितीय च.	मी	टा	०	टो	ष	पो	०	रे	तू	०	नी	या
तृतीय च.	मू	टी	०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी
चतुर्थ च.	मे	टू	०	पी	ठ	०	री	ता	०	तो	ने	यू

राशयः	धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीय च.	यो	धा	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च.	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च.	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	चि

ध्यान दें— नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण इन अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा हो तो ङ की जगह घ, ञ की जगह दु तथा ण की जगह पू से प्रारम्भ करें। ऐसा करने से भेद नहीं होता।

॥ १ ॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्च। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥ २ ॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णो या मात्रा स स्वर एव हि ॥ ३ ॥ अथ जन्मराशि नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते - विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे ॥ जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥ ४ ॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥ ५ ॥ काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते स्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता ॥ ६ ॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥ ७ ॥ विवाह घटनं चैवं लग्नजं ग्रहजं बलम्। काममाकृचिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥ ८ ॥

अभिजित्-निर्णय-वैश्यप्रान्त्याघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥

उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो। उसको अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण के १-१ चरण मानो। इस प्रकार को प्रायः सामान्य गणक नहीं जानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है।

राशि ज्ञानम्- चू. ला. अ मेषः, इ वो वृषः, क घ ङ छ ह मिथुनम् ॥
हीडो कर्कः, माटे सिंहः, टो प ष ण ठ पो कन्या ॥
राते तुला तो ना यू वृश्चिक ये भफढभे धनुः ॥
भोजा खीगी मकरः गुसादः कुम्भः दीथझञचा मीनः ॥

उपरोक्त राशि- ज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह भी ले लिया गया है। जैसे-मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रहण होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा चरण) अश्विनी का और चतुर्थ चरण भरणी का ग्रहण हुआ और उसे कृत्तिका के प्रथम चरण इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

विशेष- जहां 'ज्ञ' का उच्चारण 'ग्य' होता है वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र उ. षा. और जहां इसका उच्चारण 'ग्य' होता है, वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र धनिष्ठा माना जाएगा क्योंकि 'ज' और 'ग' वर्ण क्रमशः उ. षा. और धनिष्ठा नक्षत्र में पड़ते हैं।

नोट- चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलितज्ञ को काफी सुभीता रहता है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनस्पति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वार-भाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर-जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की परिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन- फलितवेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेज़ी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है। चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्म राशि के नाम से कहा है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी का महत्त्व है।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2062 वि.)

राशि	वैशाख (13 अप्रै. से 13 मई तक, सन् '05 ई.)	राशि	ज्येष्ठ (14 मई से 13 जून तक सन् '05 ई.)	राशि	आषाढ़ (14 जून से 15 जुला. तक, सन् '05 ई.)
मेष	सेहत ठीक, अर्थलाभ, पराक्रम बढ़े, निजीजनों से मेल, मन अशान्त, कारोबार उत्तम। अप्रै. 17, 18, 19, 26, 27; मई 4, 5, 6 अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, अर्थहानि, बन्धुसुख, नई योजना, स्त्रीकष्ट, कारोबार में गड़बड़, व्यय विशेष। मई 14, 15, 16, 23, 24, 25, 31; जून 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, धनहानि होकर लाभ, सम्पत्तिविवाद, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ, मासान्त में विशेष व्यय। जून 19, 20, 21, 28, 29; जुला. 7, 8, 9 अशुभ।
वृष	सेहत ठीक, अर्थहानि, निजी लोगों से कुछ मनमुटाव, मित्रों से लाभ, शत्रु बढ़ें। अप्रै. 20, 21, 28, 29; मई 6, 7, 8 अशुभ।	वृष	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, निजीजन विरोध, अच्छे लोगों से मेल, अपमानभय, कार्यान्तर का विचार। मई 16, 17, 18, 25, 26, 27; जून 3, 4, 12, 13 अशुभ।	वृष	हानिभय, धननाश, रोगकष्ट, गुप्त चिन्ता, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। जून 14, 22, 23, 30; जुला. 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।
मिथुन	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ होकर हानि हो, बन्धुसुख, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कारोबार में गड़बड़। अप्रै. 22, 23, 30; मई 1, 9, 10, 11 अशुभ।	मिथुन	सेहत ठीक, धनलाभ, बन्धुसुख, सम्पति विवाद, शत्रु बढ़ें, स्त्रीकष्ट, चोटभय, मासान्त कष्टप्रद। मई 11, 19, 20, 27, 28, 29; जून 5, 6, 7 अशुभ।	मिथुन	सेहत ठीक, धनलाभ, यात्रा में कष्ट, सन्तान हेतु खर्च विशेष, स्त्रीकष्ट, आय से व्यय अधिक। जून 15, 16, 17, 24, 25; जुला. 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।
कर्क	पित्तविकार, धनलाभ, भ्रातृसुख, अच्छे लोगों से मेल, सन्तानहेतु खर्च, कार्यान्तर का विचार। अप्रै. 15, 16, 17, 23, 24, 25; मई 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।	कर्क	सेहत गड़बड़, क्रोध बढ़े, धनलाभ होकर हानि, गुप्त चिन्ता, गुप्त शत्रु से भय, कारोबार कुछ ठीक। मई 21, 22, 29, 30; जून 7, 8, 9 अशुभ।	कर्क	विशेष कष्टभय, सन्तानपक्ष शुभ, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक, मासान्त में धनहानि। जून 16, 17, 18, 25, 26, 27; जुला. 5, 6, 7, 15 अशुभ।
सिंह	सेहत ठीक, धनलाभ, बन्धुसुख, सन्तानकष्ट, अपमानभय, कारोबार में लाभ, शत्रु कमज़ोर। अप्रै. 17, 18, 19, 26, 27; मई 4, 5, 6 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, अर्थहानि, भ्रातृ सुख, यात्रा में कष्ट, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार में परेशानी। मई 14, 15, 16, 23, 24, 25, 31; जून 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, अर्थलाभ, सम्पति विवाद, मित्रों से मदद, शत्रु कमजोर, काराबार में हानिभय। जून 19, 20, 21, 28, 29; जुला. 7, 8, 9 अशुभ।
कन्या	उदर विकार, धनलाभ, भ्रातृकष्ट, सन्तानहेतु खर्च, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर का विचार। अप्रै. 20, 21, 28, 29; मई 6, 7, 8 अशुभ।	कन्या	वायुविकार, आर्थिक परेशानी, उलझने बढ़ें, पुराने झगड़े–झंझट बढ़ें, कारोबार कुछ ठीक। मई 16, 17, 18, 25, 26, 27; जून 3, 4, 12, 13 अशुभ।	कन्या	पित्तविकार, धनलाभ, बन्धुसुख, सन्ततिकष्ट, गुप्त चिन्ता, कारोबार में रद्दोबदल। जून 14, 22, 23, 30; जुला. 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।
तुला	कफ विकार, अर्थहानि, निजीजनकष्ट, मित्रों से मदद, मानसिक चिन्ता, स्त्रीसुख। अप्रै. 22, 23, 30; मई 1, 9, 10, 11 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, अर्थहानिभय, बन्धुकष्ट, सम्पति विवाद, असफल योजना, सत्री सुख, कारोबार कुछ ठीक। मई 11, 19, 20, 27, 28, 29; जून 5, 6, 7 अशुभ।	तुला	कष्टभय, धनहानि, यात्रा में कष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, सम्पति लाभ का योग। जून 15, 16, 17, 24, 25; जुला. 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।
वृश्चिक	मन चिन्तत, उत्साह वृद्धि, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार कुछ ठीक, मासान्त में विशेष खर्च। अप्रै. 15, 16, 17, 23, 24, 25; मई 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, धनलाभ होकर हानि, यात्रा में परेशानी, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक। मई 21, 22, 29, 30; जून 7, 8, 9 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, धनलाभ, सुखलाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक, मासान्त में लाभ। जून 16, 17, 18, 25, 26, 27; जुला. 5, 6, 7, 15 अशुभ।
धनु	वायुविकार, धनलाभ, मित्रों से अनबन, नई योजना, शत्रु प्रबल, कारोबार गड़बड़। अप्रै. 17, 18, 19, 26, 27; मई 4, 5, 6 अशुभ।	धनु	सेहत गड़बड़, कारोबार कमजोर, निजी लोगों से अनबन, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ। मई 14, 15, 16, 23, 24, 25, 31; जून 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	धनु	पित्तविकार, नेत्रकष्ट, धनहानिभय, शत्रु बढ़ें, स्त्रीसुख, साझेदारी में नुकसान। जून 19, 20, 21, 28, 29; जुला. 7, 8, 9 अशुभ।
मकर	कफ–पित्त विकार, धनलाभ होकर हानि, सम्पदा लाभ, स्त्रीसुख, कारोबार गड़बड़। अप्रै. 20, 21, 28, 29; मई 6, 7, 8 अशुभ।	मकर	पित्तविकार, अर्थहानि, बन्धुसुख, असफल योजना, कष्टभय, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। । मई 16, 17, 18, 25, 26, 27; जून 3, 4, 12, 13 अशुभ।	मकर	हानिकष्ट भय, अच्छे लोगों से मेल, जायदाद लाभ, नई योजना असफल, कार्यान्तर से लाभ। जून 14, 22, 23, 30; जुला. 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।
कुम्भ	सेहत गड़बड़, धनलाभ, विशेष व्यय, बन्धुसुख, सन्तानपक्ष से चिन्ता, मासान्त में विशेष खर्च से परेशानी। अप्रै. 22, 23, 30; मई 1, 9, 10, 11 अशुभ।	कुम्भ	उदरविकार, बन्धुसुख, मित्रकष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार गड़बड़, मासान्त में विशेष खर्च। मई 11, 19, 20, 27, 28, 29; जून 5, 6, 7 अशुभ।	कुम्भ	मस्तक व नेत्रपीड़ा, निजीजन सहयोग, गुप्त शत्रु से भय, स्त्रीसुख, आय से व्यय अधिक। जून 15, 16, 17, 24, 25; जुला. 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।
मीन	उदरविकार, धनलाभ होकर हानि, निजीजन सहयोग, सम्पत्ति विवाद, स्त्रीसुख, मासान्त शुभ। अप्रै. 15, 16, 17, 23, 24, 25; मई 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।	मीन	बन्धनभय, अर्थहानि, किसी की मदद से लाभ हो, रोगभय, शत्रु प्रबल, मन अशान्त। मई 21, 22, 29, 30; जून 7, 8, 9 अशुभ।	मीन	नेत्र कष्ट, वृथा व्यय, सन्ततिसुख, स्त्रीष्ट, आय से व्यय अधिक, यात्रा में हानि। जून 16, 17, 18, 25, 26, 27; जुला. 5, 6, 7, 15 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2062 वि.)

राशि	श्रावण (16 जुला. से 15 अग. तक, सन् '05 ई.)	राशि	भाद्रपद (16 अग. से 15 सितं. तक, सन् '05 ई.)	राशि	आश्विन (16 सितं. से 16 अक्तू. तक, सन् '05 ई.)
मेष	विवाद में न फंसें, बन्धनभय, शत्रु प्रबल, निजी लोगों से अनबन, गुप्त चिन्ता। जुला. 17, 18, 25, 26, 27; अग. 3, 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, धनलाभ, नई योजना, शत्रु कमजोर, कारोबार ठीक, नेत्रकष्ट योग। अग. 21, 22, 23, 31; सितं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	मेष	स्थानहानि भय, रोगभय, धनलाभ, शत्रु प्रबल, स्त्रीकष्ट, क्रोध बढ़े, साझेदारी में हानि। सितं. 18, 19, 27, 28, 29; अक्तू. 7, 8, 15, 16 अशुभ।
वृष	धनहानि, सम्पत्तिविवाद, निजीलोगों से अनबन, मित्रों की मदद से लाभ, मासान्त में कष्टभय। जुला. 19, 20, 27, 28, 29; अग. 6, 7, 8 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, अचानक कष्ट भय, बन्धु कष्ट, वृथा कलह, बुरे कार्यों में मन लगे। अग. 16, 17, 24, 25; सितं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, बने हुए काम में रुकावट, शत्रु कमजोर, स्त्रीसुख, मासान्त ठीक। सितं. 20, 21, 22, 29, 30; अक्तू. 1, 9, 10, 11 अशुभ।
मिथुन	उदरविकार, अचानक कष्ट, अर्थ चिन्ता, सन्तानपक्ष शुभ, अपमानभय। जुला. 21, 22, 30, 31; अग. 9, 10 अशुभ।	मिथुन	कारोबार ठीक, क्रोध बढ़े, सुखलाभ, द्रव्यलाभ, शत्रु कमजोर, गुप्तशत्रु से भय। अग. 18, 19, 26, 27, 28; सितं. 5, 6, 7, 14, 15 अशुभ।	मिथुन	सेहत ठीक, धनलाभ, भ्रातृसुख, सम्पत्तिविवाद, यात्रा में कष्ट, असफल योजना। सितं. 22, 23, 24; अक्तू. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।
कर्क	मन अशान्त, निजीलोगों से अनबन, असफल योजना, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ। जुला. 16, 23, 24; अग. 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, धनहानि होकर लाभ, असफल योजना, शत्रु बढ़ें, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। अग. 19, 20, 21, 28, 29, 30; सितं. 7, 8, 9 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, धनलाभ, सम्पत्तिविवाद, सन्तानपक्ष शुभ, कारोबार में लाभ। सितं. 16, 17, 25, 26; अक्तू. 4, 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।
सिंह	रक्त–पित्त विकार, असफल योजना, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार कुछ ठीक। जुला. 17, 18, 25, 26, 27; अग. 3, 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ।	सिंह	गुप्त चिन्ता, यात्रा में कष्ट, कारोबार में हानि, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। अग. 21, 22, 23, 31; सितं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	सिंह	रक्त–पित्त विकार, धनलाभ होकर हानि, उत्साह बना रहे, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक। सितं. 18, 19, 27, 28, 29; अक्तू. 7, 8, 15, 16 अशुभ।
कन्या	उदर विकार, सम्पदाविवाद, स्त्रीकष्ट, कारोबार में रद्दोबदल, मासान्त में खर्च ज्यादा। जुला. 19, 20, 27, 28, 29; अग. 6, 7, 8 अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, धनलाभ, भूमिलाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार में लाभ, मासान्त में वृथा व्यय। अग. 16, 17, 24, 25; सितं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	कन्या	सेहत गड़बड़, अर्थहानि भय, बन्धुसुख, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। सितं. 20, 21, 22, 29, 30; अक्तू. 1, 9, 10, 11 अशुभ।
तुला	सेहत ठीक, निजीलोगों से मदद, शत्रु कमजोर, स्त्रीसुख, कारोबार कुछ ठीक। जुला. 21, 22, 30, 31; अग. 9, 10 अशुभ।	तुला	सेहत गड़बड़, धनहानि भय, कार्यान्तर से लाभ, स्त्रीसुख, मासान्त में विशेषलाभ का योग है। अग. 18, 19, 26, 27, 28; सितं. 5, 6, 7, 14, 15 अशुभ।	तुला	उदरविकार, धनलाभ, असफल योजना, स्त्रीपक्ष से लाभ, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। सितं. 22, 23, 24; अक्तू. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।
वृश्चिक	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ होकर हानि, स्त्रीकष्ट, वृथाविवाद, कारोबार असन्तोषजनक। जुला. 16, 23, 24; अग. 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।	वृश्चिक	हानिभय, उदर विकार,, नेत्र व सिरपीड़ा, सन्तानपक्ष से कष्ट, स्त्रीपक्ष से लाभ, मासान्त शुभ। अग. 19, 20, 21, 28, 29, 30; सितं. 7, 8, 9 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, धनलाभ, सम्पत्तिविवाद, सफल योजना, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, मासान्त में विशेष खर्च। सितं. 16, 17, 25, 26; अक्तू. 4, 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।
धनु	सेहत गड़बड़, अर्थहानि, नई योजना से लाभ, स्त्रीसुख, मन अशान्त, कारोबार की चिन्ता। जुला. 17, 18, 25, 26, 27; अग. 3, 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, मित्रों से अनबन, सन्तानपक्ष ठीक, रोग व शोकभय, शत्रु बढ़ें, राजभय। अग. 21, 22, 23, 31; सितं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, अर्थलाभ, निजीजन से अनबन, नई योजना, स्त्रीसुख, कारोबार कमजोर। सितं. 18, 19, 27, 28, 29; अक्तू. 7, 8, 15, 16 अशुभ।
मकर	गुप्त चिन्ता, निजीलोगों से अनबन, नई योजना से लाभ, स्त्रीसुख, मासान्त में हानिभय। जुला. 19, 20, 27, 28, 29; अग. 6, 7, 8 अशुभ।	मकर	वायुविकार, सम्पति सुख, निजीलोगों से अनबन, सफल योजना, स्त्रीसुख, मासान्त में अचानक कष्ट। अग. 16, 17, 24, 25; सितं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	मकर	सेहत गड़बड़, धनहानि, शत्रु से भय, अपमानभय, निजीजन सहयोग, गुप्त चिन्ता, कार्यान्तर से लाभ। सितं. 20, 21, 22, 29, 30; अक्तू. 1, 9, 10, 11 अशुभ।
कुम्भ	अर्थलाभ होकर हानि, बन्धु से मदद, शत्रु प्रबल, मासान्त में विशेष व्यय एवं लाभ का योग बने। जुला. 21, 22, 30, 31; अग. 9, 10 अशुभ।	कुम्भ	वायुविकार, धनहानि भय, बन्धुसुख, मित्रों से मदद, सफल योजना, स्त्रीकष्ट, कारोबार कमजोर। अग. 18, 19, 26, 27, 28; सितं. 5, 6, 7, 14, 15 अशुभ।	कुम्भ	सेहत गड़बड़, धनलाभ, रोगभय, मन में उत्साह,कारोबार में लाभ, वृथा विवाद से दूर रहें। सितं. 22, 23, 24; अक्तू. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।
मीन	अर्थहानि, नई योजना से लाभ, यात्रा में सुख, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल व स्थानान्तर का विचार। जुला. 16, 23, 24; अग. 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।	मीन	धनहानि भय, घरेलू झंझट, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में लाभ, सम्पत्तिविवाद। अग. 19, 20, 21, 28, 29, 30; सितं. 7, 8, 9 अशुभ।	मीन	राजभय, अर्थलाभ होकर हानि, बन्धुसुख, सम्पतिलाभ, मासमध्य में लाभ, कारोबार ठीक। सितं. 16, 17, 25, 26; अक्तू. 4, 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2062 वि.)

राशि	कार्तिक (17 अक्तू. से 15 नवं. तक, सन् '05 ई.)	राशि	मार्गशीर्ष (16 नवं. से 14 दिसं. तक, सन् '05 ई.)	राशि	पौष (15 दिसं., सन् '05 ई. से 13 जन. सन् '06 ई. तक)
मेष	क्रोध बढ़े, धनलाभ, शत्रु हतप्रभ, अचानक लाभ, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व स्थानान्तर से लाभ। अक्तू. 17, 24 25, 26; नवं. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।	मेष	राजभय, मन चिन्तित, अर्थलाभ, स्थानान्तर का विचार, स्त्रीपक्ष से मदद, कारोबार में रुकावट। नवं. 21, 22, 29, 30; दिसं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	मेष	स्थानान्तर का विचार, सुख-धनलाभ, दुश्मन बढ़ें, सन्तानपक्ष शुभ, गुप्त चिन्ता। दिसं. 18, 19, 20, 28, 29; जन. 5, 6, 7 अशुभ।
वृष	कफ-वायु विकार, धनलाभ, निजीजन सहयोग, गुप्त चिन्ता, शत्रु प्रबल, बन्धुसुख। अक्तू. 17, 18, 19, 27, 28, 29; नवं. 5, 6, 7, 14, 15 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, धनलाभ, स्थिरसम्पत्ति विवाद, नई योजना, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ। नवं. 23, 24, 25; दिसं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, निजीजन विरोध, मित्रों से मेल, शत्रु बढ़ें, नीच से अपमानभय, कारोबार ठीक। दिसं. 21, 22, 30, 31; जन. 7, 8, 9 अशुभ।
मिथुन	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, सम्पत्तिविवाद, नई योजना, कार्यान्तर व स्थानान्तर से लाभ। अक्तू. 20, 21, 29, 30, 31; नवं. 7, 8, 9; अशुभ।	मिथुन	कफ-पित्त विकार, उत्साह बढ़े, निजीजन सहयोग, स्त्रीसुख, आमदन से खर्च अधिक। नवं. 16, 17, 18, 26, 27; दिसं. 5, 6, 13, 14 अशुभ।	मिथुन	सेहत गड़बड़, नेत्र व सिर पीड़ा, सुखलाभ, बनते काम में रुकावट, अचानक लाभ का योग। दिसं. 15, 23, 24, 25; जन. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।
कर्क	सेहत ठीक, अर्थ हानिभय, निजीलोगों से अनबन, जमीन-जायदाद से लाभ, कारोबार ठीक। अक्तू. 22, 23, 24; नवं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	कर्क	सेहत गड़बड़, नेत्रकष्ट, बन्धुसुख, अच्छे लोगों से मेल, शत्रु प्रबल, धर्म-कर्म में मन लगे। नवं. 18, 19, 20, 28, 29; दिसं. 7, 8 अशुभ।	कर्क	उदरविकार, धनलाभ होकर हानिभय, रोग विशेष से कष्ट, कारोबार यथावत। दिसं. 15, 16, 17, 25, 26, 27; जन. 3, 4, 12, 13 अशुभ।
सिंह	रक्त-पित्त विकार, नेत्रकष्ट, निजीजन सहयोग, सम्पत्ति-सुख, नई योजना से हानि। अक्तू. 17, 24 25, 26; नवं. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।	सिंह	उदरविकार, धनलाभ, निजीजन से मदद, गुप्त चिन्ता, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। नवं. 21, 22, 29, 30; दिसं. 1, 2, 9, 10,11 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, क्रोध बढ़े, अर्थलाभ, शत्रु बढ़ें, शुभ समाचार, कारोबार ठीक। दिसं. 18, 19, 20, 28, 29; जन. 5, 6, 7 अशुभ।
कन्या	उदर व नेत्रकष्ट, धनलाभ, गुप्त चिन्ता, कारोबार कुछ ठीक, गुप्तशत्रु से सावधान। अक्तू. 17, 18, 19, 27, 28, 29; नवं. 5, 6, 7, 14, 15 अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, अर्थलाभ, बन्धुसुख, सम्पति विवाद, वृथा कलह, अच्छे लोगों से मेल। नवं. 23, 24, 25; दिसं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, धनहानिभय, शत्रु हतप्रभ, यात्रा में कष्ट, असफल योजना, सम्मान मिले। दिसं. 21, 22, 30, 31; जन. 7, 8, 9 अशुभ।
तुला	सेहत ठीक, सम्पत्तिविवाद, शत्रु प्रबल, स्त्रीपक्ष से लाभ, मासान्त में हानि, कारोबार यथावत। अक्तू. 20, 21, 29, 30, 31; नवं. 7, 8, 9; अशुभ।	तुला	मन शान्त, धनलाभ, निजीलोगों से अनबन, अच्छे लोगों से मेल, आय से व्यय अधिक। नवं. 16, 17, 18, 26, 27; दिसं. 5, 6, 13, 14 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, अर्थहानि, शत्रु कमजोर, वृथा विवाद, सफल योजना, स्त्रीपक्ष से अनबन। दिसं. 15, 23, 24, 25; जन. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।
वृश्चिक	सेहत ठीक, धनलाभ होकर हानिभय, सुखलाभ, सन्तानपक्ष से चिन्ता, नीच से अपमानभय। अक्तू. 22, 23, 24; नवं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत गड़बड़, अर्थहानिभय, नई योजना से लाभ, मन शान्त, कार्यान्तर व स्थानान्तर से लाभ। नवं. 18, 19, 20, 28, 29; दिसं. 7, 8 अशुभ।	वृश्चिक	विशेषकष्ट भय, गुप्त शत्रु से सावधान, वृथा विवाद, निजीजन सहयोग, स्त्रीपक्ष से लाभ। दिसं. 15, 16, 17, 25, 26, 27; जन. 3, 4, 12, 13 अशुभ।
धनु	सेहत गड़बड़, धनहानि, निजीलोगों से अनबन, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर से लाभ। अक्तू. 17, 24 25, 26; नवं. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।	धनु	सेहत गड़बड़, अर्थहानि, भ्रातृकष्ट, सम्पत्तिलाभ का योग, मासान्त में अच्छा लाभ। नवं. 21, 22, 29, 30; दिसं. 1, 2, 9, 10,11 अशुभ।	धनु	पित-कफ विकार, अकस्मात् हानिभय, बन्धुकष्ट, कार्यान्तर से लाभ। दिसं. 18, 19, 20, 28, 29; जन. 5, 6, 7 अशुभ।
मकर	पीड़ाभय, शत्रु कमजोर, बन्धुसुख, योजना सफल, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। अक्तू. 17, 18, 19, 27, 28, 29; नवं. 5, 6, 7, 14, 15 अशुभ।	मकर	सेहत ठीक, अचानक कष्ट की सम्भावना, सम्पत्तिलाभ, कारोबार में रद्दोबदल, मासान्त शुभ। नवं. 23, 24, 25; दिसं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	मकर	उदरविकार, अर्थलाभ, सुखलाभ, बन्धुसुख, गुप्त चिन्ता से मन अशान्त, कारोबार गड़बड़। दिसं. 21, 22, 30, 31; जन. 7, 8, 9 अशुभ।
कुम्भ	सेहत गड़बड़, अर्थहानि, निजीलोगों से अनबन, गुप्त चिन्ता, स्थानान्तर का विचार। अक्तू. 20, 21, 29, 30, 31; नवं. 7, 8, 9; अशुभ।	कुम्भ	उदरविकार, धनलाभ, बन्धुसुख, गुप्तशत्रु से भय, क्रोध बढ़े, कारोबार ठीक। नवं. 16, 17, 18, 26, 27; दिसं. 5, 6, 13, 14 अशुभ।	कुम्भ	सेहत ठीक, धनलाभ, निजीजन सुख, सम्पत्ति विवाद सुलझे, स्त्रीपक्ष शुभ, कारोबार गड़बड़। दिसं. 15, 23, 24, 25; जन. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।
मीन	रोगभय, धनहानि होकर लाभ, नीच से अपमानभय, वृथा विवाद से दूर रहें। अक्तू. 22, 23, 24; नवं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	मीन	कष्टभय, अचानक धनहानि, चिन्ता, किसी की मदद से काम बने, कारोबार कमजोर। नवं. 18, 19, 20, 28, 29; दिसं. 7, 8 अशुभ।	मीन	बन्धनभय, अर्थलाभ होकर हानि, नए कारोबार में असफलता, गुप्त चिन्ता। दिसं. 15, 16, 17, 25, 26, 27; जन. 3, 4, 12, 13 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2062 वि.)

राशि	माघ (14 जन. से 11 फर. तक, सन् 2006 ई.)	राशि	फाल्गुन (12 फर. से 13 मार्च तक, सन् 2006 ई.)	राशि	चैत्र (14 मार्च से 13 अप्रै. तक, सन् 2006 ई.)
मेष	स्थानान्तर का विचार, पराक्रम बढ़े, सम्पत्तिलाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। जन. 14, 15, 16, 24, 25, 26; फर. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।	मेष	बन्धनभय, स्थानहानिभय, आर्थिक तंगी, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष से मदद, कारोबार मासान्त में ठीक। फर. 12, 20, 21, 22; मार्च 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	मेष	अचानक कष्ट योग, शत्रु हतप्रभ, घरेलू झंझटबढ़ें, योजनाऐं असफल, यात्रा में कष्ट। मार्च 20, 21, 28, 29, 30; अप्रै. 6, 7, 8 अशुभ।
वृष	सेहत गड़बड़, नेत्र व सिरपीड़ा, बन्धुसुख, बनते काम में रुकावट, अचानक धनलाभ। जन. 17, 18, 19, 26, 27, 28; फर. 4, 5 अशुभ।	वृष	हानिभय, अचानक धनलाभ, मासमध्य में विशेष कष्टभय, कारोबार कुछ ठीक। फर. 13, 14, 15, 23, 24; मार्च 3, 4, 12, 13 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, नेत्र व सिरपीड़ा, शत्रु बढ़ें, बनते काम में रुकावट, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक। मार्च 14, 22, 23, 24, 30, 31; अप्रै. 1, 9, 10, 11 अशुभ।
मिथुन	हानिभय, धननाश व नेत्र रोग, सन्तानपक्ष से चिन्ता, गुप्त रोग, कारोबार कमजोर। जन. 19, 20, 21, 29, 30; फर. 6, 7 अशुभ।	मिथुन	नेत्र व सिरपीड़ा, मानसिक अशान्ति का कारण बने, घरेलू झंझट बढ़ें, कारोबार कमजोर। फर. 16, 17, 18, 25, 26; मार्च 5, 6, 7 अशुभ।	मिथुन	क्रोध बढ़े, शत्रु कमजोर, सुखलाभ, अचानक रोगभय, स्त्रीसुख, कारोबार कुछ ठीक। मार्च 15, 16, 17, 24, 25, 26; अप्रै. 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।
कर्क	सेहत ठीक, धनलाभ, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक। जन. 14, 22, 23, 30, 31; फर. 8, 9, 10 अशुभ।	कर्क	क्रोध बढ़े, निजीलोगों से अनबन, बन्धुओं (मित्रों) से मदद, अर्थहानि, अशुभ समाचार। फर. 18, 19, 27, 28; मार्च 7, 8, 9 अशुभ।	कर्क	अकस्मात् धनहानि भय, नई योजना से लाभ, कारोबार कुछ ठीक, मासान्त में विशेष खर्च। मार्च 17, 18, 19, 26, 27; अप्रै. 4, 5, 13 अशुभ।
सिंह	कफ–पित्त विकार, धनहानि भय, अचानक अर्थलाभ, यात्रा में कष्ट, कारोबार गड़बड़। जन. 14, 15, 16, 24, 25, 26; फर. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।	सिंह	सेहत गड़बड़, विशेष धनहानि भय, अपने भी पराए बनें, स्त्रीपक्ष से मदद, कारोबार में रद्दोबदल। फर. 12, 20, 21, 22; मार्च 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	सिंह	कष्टभय, धनहानि होकर लाभ, निजीजन से अनबन, अच्छे लोगों से मेल, स्त्रीपक्ष से मदद। मार्च 20, 21, 28, 29, 30; अप्रै. 6, 7, 8 अशुभ।
कन्या	लाभ होकर हानिभय, शत्रु बढ़ें, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व स्थानान्तर से लाभ। जन. 17, 18, 19, 26, 27, 28; फर. 4, 5 अशुभ।	कन्या	मन अशान्त, धनलाभ होकर हानि हो, निजीलोगों से अनबन, स्त्रीकष्ट, कारोबार कुछ ठीक हो। फर. 13, 14, 15, 23, 24; मार्च 3, 4, 12, 13 अशुभ।	कन्या	धनहानि, रोगभय, शत्रु बढ़ें, लड़ाई–झगड़े से बचें, वृथाव्यय, कारोबार में लाभ हो। मार्च 14, 22, 23, 24, 30, 31; अप्रै. 1, 9, 10, 11 अशुभ।
तुला	झगड़े–झंझट बढ़ें, निजीजन विरोध, स्त्रीकष्ट, कारोबार में रुकावट। जन. 19, 20, 21, 29, 30; फर. 6, 7 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, घरेलू झंझट बढ़ें, स्थानलाभ, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक। फर. 16, 17, 18, 25, 26; मार्च 5, 6, 7 अशुभ।	तुला	मानसिक परेशानी बढ़े, धनलाभ हो, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार में हानि। मार्च 15, 16, 17, 24, 25, 26; अप्रै. 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।
वृश्चिक	सेहत गड़बड़, हानिभय, अचानक रोग से कष्ट, सन्तानसुख, गुप्त शत्रु से सावधान। जन. 14, 22, 23, 30, 31; फर. 8, 9, 10 अशुभ।	वृश्चिक	उदर विकार, धनलाभ, शत्रु कमजोर, कलह–क्लेश बढ़ें, रोगभय, कारोबार में हानि,। फर. 18, 19, 27, 28; मार्च 7, 8, 9 अशुभ।	वृश्चिक	अचानक कष्ट भय, धनलाभ, वृथाव्यय, कारोबार में नुकसान, गुप्तशत्रु से सावधान। मार्च 17, 18, 19, 26, 27; अप्रै. 4, 5, 13 अशुभ।
धनु	उदर विकार, धनलाभ, सन्तानपक्ष से चिन्ता, वृथा विवाद में न उलझें, कारोबार कमजोर। जन. 14, 15, 16, 24, 25, 26; फर. 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, सुख–धनलाभ, दुष्टसंग से बचें, अशान्ति का कारण बने, कारोबार कमजोर। फर. 12, 20, 21, 22; मार्च 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, सुख–अर्थलाभ, अचानक रोग भय, स्त्रीकष्ट, मासान्त में विशेषहानि। मार्च 20, 21, 28, 29, 30; अप्रै. 6, 7, 8 अशुभ।
मकर	अचानक कष्ट भय, अर्थलाभ होकर हानि, शत्रु हतप्रभ, स्त्रीसुख, कारोबार में हानि से चिन्ता। जन. 17, 18, 19, 26, 27, 28; फर. 4, 5 अशुभ।	मकर	शत्रु से हानि, धनलाभ, वृथाविवाद से दूर रहें, मासान्त में अचानक कष्टभय। फर. 13, 14, 15, 23, 24; मार्च 3, 4, 12, 13 अशुभ।	मकर	सुख–धनप्राप्ति, गुप्तशत्रु से सावधान, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। मार्च 14, 22, 23, 24, 30, 31; अप्रै. 1, 9, 10, 11 अशुभ।
कुम्भ	कफ–पित्त विकार, सुख और धनलाभ, बन्धुओं से मेल, अशुभ समाचार, दुश्मन बढ़ें। जन. 19, 20, 21, 29, 30; फर. 6, 7 अशुभ।	कुम्भ	सेहत गड़बड़, अर्थहानि भय, निजीजन असहयोग, सन्तान हेतु विशेष खर्च, स्त्रीसुख। फर. 16, 17, 18, 25, 26; मार्च 5, 6, 7 अशुभ।	कुम्भ	शत्रु से हानि, धनलाभ, शारीरिक कष्ट, दुर्घटना से बचें, कारोबार ठीक। मार्च 15, 16, 17, 24, 25, 26; अप्रै. 1, 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।
मीन	राजभय, विरोधी पक्ष से हानि, आर्थिक स्थिति कमजोर, घरेलू झंझट, मित्रवर्ग से मदद। जन. 14, 22, 23, 30, 31; फर. 8, 9, 10 अशुभ।	मीन	सेहत गड़बड़, नेत्र व सिरपीड़ा, शत्रु बढ़ें, रोगभय, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक। फर. 18, 19, 27, 28; मार्च 7, 8, 9 अशुभ।	मीन	बन्धनभय, अचानक हानि के कारण बनें, गुप्त शत्रु से सावधान, मासान्त में अचानक सुखलाभ। मार्च 17, 18, 19, 26, 27; अप्रै. 4, 5, 13 अशुभ।

अथ वर्षराजादि फल विचार (संवत् २०६२ वि.)

(सन् २००५-०६ की ग्रहपरिषद् का विवरण)

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९१०६, सृष्टि संवत् १९५५८८५१०६, श्रीविक्रम संवत् २०६२, शक संवत् १९२७, श्रीकृष्णजन्म संवत् ५२४१, कलि-संवत् ५१०६, सप्तर्षि-संवत् ५०८१, श्री जैन महावीर निर्वाण संवत् २५३०-३१, श्रीबुद्ध संवत् २६२८-२९, हिजरी सन् १४२६-२७, फसली सन् १४१२-१३, ईस्वी सन् २००५-०६।

वर्षारम्भ में गुरुमान से विष्णुविंशति का 'विलम्ब' नामक संवत्सर है। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है;-

विलम्बि वत्सरे भूपाः परस्परं विरोधिनः।
प्रजापीड़ा त्वनर्थत्त्वं तथापि सुखिनो जनाः।।

अर्थात्- विलम्बि संवत्सर में राजा किंवा शासकवर्ग में परस्पर विरोध (विचार-वैमत्य) रहे। प्रजा में रोग व शासनकृत कुनीतियों से परेशानी रहे। ठगी-चोरी आदि अनैतिक कार्यों से अनर्थकारक घटनाएं घटित हों। पुनरपि सभी जन सुखी रहें।

किञ्च-"विलम्बे वत्सरे रविः स्वामी, चैत्र-वैशाखयोर्धान्यमहर्घता, आषाढ़े-श्रावणे धान्य-कलशिका प्रतिटका ५, फदिया २५ लभ्यन्ते, आषाढ़े मेघोऽल्पः। श्रावणे महामेघः सुभिक्षम्। भाद्रपदे दिन ११ वर्षा बहुला; परं गोधूमाश्चणकाश्च महर्घाः, पश्चिमायां सुभिक्षम्, राजविग्रहः, पूर्वदेशेऽन्नं दुष्प्राप्यम्। दक्षिणदेशे राज्ञामन्योन्यं विरोधः। आश्विनेऽन्न-महर्घता, रोगपीड़ा। सर्वक्रयाणक-वस्तु-महर्घता, कार्त्तिकादि मास-पंचके धान्यकलशिका प्रतिफदिया १० लभ्यन्ते।"

इस संवत् का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) **शनि, मन्त्री बुध, सस्येश** (चौमासी फसलों के स्वामी) **शनि, धान्येश** (शीतकालीन फसलों के स्वामी) **गुरु, मेघेश** (मौसम, वर्षा-पानी के स्वामी) **मंगल, रसेश** (गुड़-खाण्ड, रसकस आदि के स्वामी) **चन्द्र, नीरसेश** (सर्वविध धातु आदि व्यापार के स्वामी) **शनि, फलेश** (फल-फूल आदि के स्वामी) **मंगल, धनेश** (धन-दौलत एवं खजाना के स्वामी) **शुक्र, एवं दुर्गेश** (सुरक्षा एवं प्रतिरक्षा के स्वामी) **मंगल हैं।**

संवत् के उल्लिखित पदाधिकारियों के फल निम्नलिखित हैं;-

(१) राजा शनि का फल-

" शनैश्चरे भूमिपतौ सकृज्जलं प्रभूतरोगैः परिपीड्यते जनः।
युद्धं नृपाणां गद-तस्कराद्यैर्भ्रमन्तिलोकाः क्षुधिताश्च देशान्।।"

अर्थात्- वर्षा कम हो, नानाविध रोगों से जनता परेशान रहे, शासकों में परस्पर युद्ध व विचार-वैमत्य, रोग, चौर-डकैत आदि की घटनाओं से जनता परेशान रहे। कहीं भूभाग पर किंवा देश विशेष में (कहीं अकाल की स्थिति से) जनता भूख से परेशान होकर स्थानान्तरण करने को विवश हो।

(२) मन्त्री बुध का फल-

"शशिसुते शुभ मन्त्रिपदं गते स्वपतिना रमते मदनक्रियाम्।
बहुधनं बहुवादि-समन्वितं यव-मसूर-चणान्न-महर्घता ।।"

अर्थात्- बुध के मन्त्री होने पर स्त्रियां अपने पतियों के साथ रमण करें, लोग धनाढ्य हों एवं जनता परस्पर वाद-विवाद में अधिक उलझे। जौ, चना, मसूर आदि अनाज मंहगे हों।

(३) सस्येश शनि का फल-

"रविसुते यदि धान्यपतौ जनाः नृपतिभिः परिपीड़ित-विग्रहाः।
गदभयं तुषधान्यहरं सदा दुरित वाद-विवादयुताः नराः।।"

अर्थात्- शनि सस्येश हो तो लोग राजभय से पीड़ित रहें, जनता रोगत्रस्त रहे। जौ, गेहूं आदि की खेतियां खराब हों। अधिकतर लोग वाद-विवाद (कानूनी उलझनों) में उलझे रहें।

(४) धान्येश गुरु का फल-

"गुरौ धान्यपतौ याते यव-गोधूम-शालयः।
पच्यन्ते सर्वदेशेषु यज्वानो ब्राह्मणादयः।।"

अर्थात्- यदि बृहस्पति धान्येश हो तो सर्वत्र गेहूं-जौ-चावलों की फसल अच्छी हो। उत्तम विचारों वाले (ब्राह्मणादि) लोग यजन-याजन आदि शुभकार्यों में प्रवृत्ति रखें।

(५) मेघेश मंगल का फल-

"अवनिजे जलदस्य पतौ भुविश्रुति -विचार-विहीन-धरामराः।
क्वचिदपि प्रचुरं जलमल्पकं क्वचिदपि प्रशमं बहुतापदम्।।

अर्थात्- मंगल मेघेश हो तो ब्राह्मण लोग वैदिक परम्परा का उल्लंघन करें एवं वेदविचार से हीन हों। कहीं वर्षा की भारी कमी अनुभव होगी एवं कहीं बाढ़ आदि से हानि भी हो। कहीं वर्षा न होने से तापमान ऊंचा रहे।

(६) रसेश चन्द्र का फल-

"यदि विधौ रसपे भुवि मानवो नवनवां युवतीं बुभुजे प्रियाम्।
जलधरा बहुवारि-विधायका रसवती धनधान्यवती मही।।"

अर्थात्-चन्द्रमा रसेश हो तो मनुष्य नवीन-नवीन युवतियों से सम्पर्क रखें। बादल अत्यधिक जलवृष्टिकारक हों। पृथ्वी पर आनन्द-मंगल एवं धन-धान्य समृद्धि रहे।

(७) नीरसेश-शनि का फल-

"अयः पिण्डादि लौहानां कृष्णवस्त्रादि वस्तुनाम्।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत मन्दे नीरसनायके।।"

अर्थात्- शनि के नीरसेश होने पर लौहपिण्डों (लोहे से निर्मित वस्तुओं) एवम् समग्र कृष्णवर्ण की वस्तुओं किंवा कृष्ण वस्त्रादि में मंहगाई हो।

(८) फलेश मंगल का फल-

"फलपतिर्यदि भूतनयो भवेन्न बहुपुष्प फलान्वित-पादपाः।
गद-भयान्वित-देश-जनास्तदा नृपतयो बहुविग्रह-कारकाः।।"

अर्थात्- मंगल फलेश हो तो वृक्षों में फल-फूल कम लगें। मनुष्यों में रोगभय हो और राजाओं में परस्पर संघर्ष की स्थिति बने।

(६) धनेश शुक्र का फल-

"द्रविणपो भृगुजो द्रविणैर्युताः समधनाः सकलाः ननु मानवाः।
समसुखाः क्रयविक्रयजीविनो नृपतयो जनपालन-तत्पराः।।"

अर्थात्- शुक्र के धनेश होने पर जनता का जीवनस्तर ऊंचा उठे, जनता धनवान् हो, समान धन-धान्य सुविधाएं उपलब्ध हों। व्यापारी वर्ग क्रय-विक्रय में बराबर सुख के भागी रहे। राजा किंवा शासकवर्ग जनता के पालन-पोषण में तत्पर रहे।

(१०) दुर्गेश मंगल का फल-

"अवनिजो गढ़नायकतां गतो विविध-दुःख -वियोग-समन्वितः।
जनपदेषु जनाः क्रय-विक्रये भय विशेषतया न फलं क्वचित्।।"

अर्थात्- मंगल दुर्गेश (रक्षा-प्रतिरक्षा का स्वामी) हो तो जनता को अनेकविध

परेशानियों व दुःखों का सामना करना पड़े। वियोग किंवा विछोह की घटनाएं घटित हों। व्यापारिक स्थलों पर क्रय-विक्रय में शासनतन्त्र किंवा अन्य प्रकार के भय से विशेष परिणाम की उपलब्धि न हो।

सूचना- यद्यपि वर्ष के इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र होता है। किन्तु विशेषतः **राजा** का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में; **मन्त्री** का फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवम् मालवा में; **सस्येश** का पौण्ड्र, विदर्भ में; **धान्येश** का गुजरात, नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में; **मेघेश** का मगध एवं बंगाल में; **रसेश** का कोंकण एवं गोवा में; **नीरसेश** का मालवा व बिहार में; **धनेश** का राजस्थान एवं बाड़मेर में; **फलेश-दुर्गेश** एवं **राजा** का फल सब जगह विशेष होता है।

वर्षा आदि के विश्वामान

वर्षाविश्वा १७, धान्य १३, तृण ६, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ५, तृषा ५, निद्रा ६, आलस्य ५, उद्यम ५, शांति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ६, फल १३, उत्साह ११, उग्रता १७, पाप १५, पुण्य १, व्याधि १५, व्याधिनाश ११, आचार ६, अनाचार १३, मृत्यु ६, जन्म १७, देशोपद्रव ५, देशस्वास्थ्य ६, चौर १५, चौरनाश ७, अग्नि ३, अग्निशांति ५, उद्भिज्ज ६, जरायुज ३, अण्डज ११, स्वेदज ५, टिड्डी १७, तोता ५, मूषक ५, सोना १५, तांबा१३, स्वचक्र ११, परचक्र १३, वृष्टि १५, वृष्टिनाश ५ एवं संवत् विश्वा ५ हैं।

आवर्तकादि चतुर्मेघ- चतुर्मेघों में **'संवर्त्तक'** संज्ञक मेघ है।

फल- इस वर्ष संवर्त्तक नामका मेघ अच्छी वर्षा का संकेत देता है;- **"संवर्त्तो जलपूरितः"**। धर्म-कर्म में जनता की रुचि कम हो। समयानुसार वर्षा-जल पर्याप्त मात्रा में होने से किसानवर्ग में प्रसन्नता रहे। दालवाना, धान, तिलहन की फसल पर्याप्तमात्रा में हो। कहीं वायुवेग से हानि भी हो।

नवमेघ विचार- नवमेघों में **'वायु'** नामक मेघ है।

फल- वर्षा की भारी कमी अनुभव हो। कृषकवर्ग परेशान रहे। मेघ आकर भी वायुवेग से छंटते रहेंगे। धान की फसल को विशेष नुक्सान रहे। कहीं अकाल आदि कारणों से जनता को अपना घर छोड़कर स्थानान्तरण के लिए विवश होना पड़ेगा। **'वायुनामक'** मेघ का फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है-

"नैवाम्बु-वृष्टिं कुरुते सुरेशः समस्त धान्याबर कण्यनाशः।
धराधरः स्याद्यदि वायु नामा जनव्रजस्तर्हि विहीन-धामा।।"

अनन्तादि अष्टनाग- इस वर्ष अनन्तादि अष्टनागों में **'शंख'** नामक नाग है।

फल- समयानुसार वर्षा हो एवं जलीय-पदार्थ सहज उपलब्ध हों।

सुबुम्नादि द्वादशनाग- इसव र्ष बारह नागों में **'हेममाली'** नामक नाग है।

फल- कुछ प्रान्तों में महावृष्टि का योग है; कहीं बाढ़ से हानि के भी समाचार मिलेंगे। पृथ्वी पर समस्त धान्य अधिक होंगे- **'हेममालिनि महावृष्टिः।'**

किञ्च- **"हेममालिनि नागेन्द्रे जायते त्वखिला मही।
समस्त धान्य-सम्पूर्णा प्रभूत जलवृष्टितः।।"**

आवह आदि सप्तवायु विचार - इस वर्ष आवह आदि 'वायु सप्तक' में **'संवह'** नामक वायु है।

फल- जल-वर्षा उपयुक्त हो। वायुवेग व आंधी-तूफ़ान से कहीं खड़ी फसलों को हानि पहुंचे। उत्तर-पश्चिम एवं दक्षिण में विशेष हानि के योग हैं।

संवत् २०६२ वि. का वाहन- इस संवत् का राजा शनि होने से संवत् का वाहन महिष **(भैंसा)** है।

फल- कुछ वरिष्ठ व्यक्तियों व राजनीतिज्ञों की विस्फोट व दुर्घटना में मृत्यु हो। राजनीतिज्ञों के लिए यह वर्ष विशेष कष्टप्रद एवं राजनैतिक अस्थिरता वाला है। पूर्वी एवं दक्षिणी भूभाग पर प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग हैं।

इस वर्ष के चार स्तम्भ

(१) **जलस्तम्भ**-(चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र) ३७ प्रतिशत है।
(२) **वायुस्तम्भ**-(ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र)६२ प्रतिशत है।
(३) **तृणस्तम्भ**-(वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र) २१ प्रतिशत है।
(४) **अन्नस्तम्भ**-(आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र)६७ प्रतिशत है।

ये उल्लिखित चार स्तम्भ देश के कुशल-क्षेम ज्ञानार्थ विशेष महत्त्व रखते हैं। क्योंकि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सत्ता जल, वायु, अन्न एवं तृण (जड़ी-बूटियों) आदि पर ही निर्भर है। संवत् के शुभारम्भ पर देश की प्राकृतिक व्यवस्था के नियामक चार स्तम्भों का आकलन आवश्यक समझा गया है। जनमानस एवं देश-विशेष की खुशहाली के मूलभूत इन चार स्तम्भों का प्रतिशतता के आधार पर सामूहिक फल इस वर्ष निम्नांकित है;-

फल- चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र ३७ प्रतिशत होने से 'जलस्तम्भ' इस वर्ष क्षीण है। साथ ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को शनिवार होने से ("शनौ धान्यतृण-जलशोषः प्रजार्तयः"- प्रमाणानुसार) अनाज, पशुचारा एवं वर्षा-पानी की कमी अनुभव होगी एवं प्रजा रोगादि से परेशान रहे। वर्षा की कमी से किसानवर्ग चिन्तित रहेगा। सरकार को न्यूनतम वर्षाक्षेत्रों को संरक्षण देना होगा।

वायुस्तम्भ ६२ प्रतिशत है। ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मंगलवार भी है, अतः कुछ क्षेत्र भारी तूफान व बवण्डर से प्रभावित होंगे। कहीं झंझावात (वर्षासहित आंधी) से भारी हानि होने का भी योग है।

तृणस्तम्भ (वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र) २१ प्रतिशत है। तृणस्तम्भ कमजोर होने से राजस्थान, उड़ीसा, बिहार में पशुचारे की कमी अनुभव होगी। इस वर्ष जलस्तम्भ भी कमजोर है, अतः जंगली जड़ी-बूटियों एवं वन्य औषधियों की कमी से देसी दवाओं में मंहगाई होगी।

अन्नस्तम्भ (आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र) ६७ प्रतिशत है। इस दिन गुरुवार होने से भी अन्नस्तम्भ और प्रबल हो जाता है। अनाज पर्याप्त मात्रा में होगा। अन्नभण्डारण के लिए सरकार को विशेष प्रबन्ध करने होंगे। इस वर्ष जल एवं तृणस्तम्भ के कमजोर होने से किसानवर्ग को पानी प्राप्त करने के लिए डीजल पर विशेष खर्च करना होगा एवं पशुचारा मंहगा होने से दूध -रसादि पदार्थ मंहगे होंगे।

आर्षमान विचार (वर्षरक्षा के लिए चार दुर्ग)

(१) **प्रथम आर्ष**-(अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र) २६ प्रतिशत है।
(२) **द्वितीय आर्ष**-(सं. २०६१ वि. में पौष अमा को मूल नक्षत्र) का अभाव है।
(३) **तृतीय आर्ष**-(श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र) २६ प्रतिशत है।
(४) **चतुर्थ आर्ष** -(कार्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र) २५ प्रतिशत है।

फल- संवत् २०६२ वि. में चार दुर्गों का विचार चिन्ताजनक स्थिति का संकेत देता है। क्योंकि राष्ट्र की सामाजिक, आर्थिक स्थिति, राजनैतिक स्थिति एवं वर्षा-पानी की दृष्टि से यह वर्ष शासनतन्त्र के सामने अनेकविध समस्याओं को लेकर उपस्थित होगा। प्रथम एवं तृतीय आर्ष २६ प्रतिशत, चतुर्थ आर्ष २५ प्रतिशत एवं द्वितीय आर्ष शून्य है।

देश में जल-थल-वायु सेनाओं में विशेष संशोधन की आवश्यक्ता है। विशेष आधुनिकतम प्रक्षेपणास्त्रों की कमी अनुभव होगी। प्राकृतिक आपदाओं से भी देश की आर्थिक-सामाजिक स्थिति चिन्तनीय हो सकती है। आर्षमान विचार से इस वर्ष मंहगाई जोर पकड़ेगी। वर्षा-पानी की कमी एवं कहीं अकाल की स्थिति रहेगी। जनता परेशान रहेगी।

दोहा : " अखैतीज रोहिणी न होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणो हीन विचारो, कार्तिक पुण्यो कृत्तिका टारो।
महीमाह खलबली प्रकाशै, कहै भड्डली साख विनाशै।।"

रोहिणी का वास- इस वर्ष रोहिणी का वास 'सन्धि' में है।

फल- "खण्डवृष्टिश्च सन्धिषु"- सन्धि में रोहिणी का वास होने से कहीं वर्षा रुक-रुक कर एवं कहीं सूखा तो कहीं छिटपुट वर्षा हो। लेकिन अकाल की स्थिति नहीं बने-

"सन्धिसंस्थं यदा ब्राह्मं जायते। खण्डवृष्टिस्तदा सर्व-धान्याप्तयः।।"

समय का वास- इस वर्ष समय का वास **'वैश्य'** के घर में है।

फल- अनाज एवं अन्य खाद्य वस्तुओं के स्टॉक (भण्डारण) की प्रवृत्ति से जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में मंहगाई रहे। कृषक एवं सामान्यजन शासनतन्त्र को दोषी ठहराकर शासन का ध्यान मंहगाई रोकने के लिए आकर्षित करे।

शनि की दृष्टि- वर्षारम्भ से २५ मई सन् २००५ ई. तक शनि मिथुन राशि में रहेगा। तत्पश्चात् संवत् के अन्त तक शनि कर्कराशि में ही विराजमान रहेगा। अतः २५ मई तक शनि की दृष्टि पूर्व की ओर एवं बाद में संवत् के अन्त तक शनि की नजर दक्षिण दिशा की तरफ रहेगी।

फल - "शनैश्चरः क्रमात्पश्यन् तत्तद्देशान् प्रपीड़येत्।
दुर्भिक्ष -देशभङ्गाद्यैर्विग्रहो राजविड्वरैः।।"

संवत् २०६२ वि. के प्रारम्भ से २५ मई सन् २००५ ई. तक शनि की दृष्टि पूर्वी प्रान्तों एवं पूर्वी गोलार्ध पर रहेगी। तत्पश्चात् संवत् २०६२ वि. के अन्त तक शनि दक्षिणी प्रान्तों एवं दक्षिणी गोलार्ध के देशों पर क्रूरदृष्टि रखेगा। फलस्वरूप उपरोक्त समयावधियों में कहीं राजनैतिक अस्थिरता, समुद्री तूफान, सत्ता-परिवर्तन हो। कहीं दो देशों में युद्ध-ज्वाला से बड़े देश चिन्तित हों। आन्दोलन, हत्याकाण्ड, भंयकर रोग से मृत्युदर बढ़े। कहीं भूकम्प, तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी जन-धनहानि हो। पूर्व में शनिदृष्टि होने से मेष, मिथुन, वृष, मकर, कन्या,

तुला नामराशि वाले देशों में विशेषतः मुस्लिम देशों में अघटित घटनाचक्र चलेगा। दक्षिण में कहीं अवर्षण व कहीं अकाल से कृषकों के लिए चिन्ताजनक स्थिति बने।

शरत्सस्य जातक

संवत् २०६२ वि. में वैशाख शुक्ल ६ शनिवार तदनुसार १४ मई, सन् २००५ ई. को भा. स्टैं. टा. के अनुसार २१ घं. ०३ मि. पर सूर्यदेव वृषराशि में प्रवेश करेंगे।

शरत् सस्य जातक कुण्डली

९ | ८ | ७ | गु. ६ के. | ५ | ४ चं. | ३ श. | २ सू. शु. | १ बु. | १२ रा. | ११ मं. | १०

फल- शरत्सस्य जातक शास्त्रानुसार यदि वृषराशिस्थ सूर्य, शुक्र के साथ हो एवं सूर्य-शुक्र पर गुरु की दृष्टि भी हो तो खरीफ (मक्का, जीरी, गन्ना, चावल, मूंग, ज्वार, बाजरा, अरहर, कपास एवं तिल आदि) की फसलें सहज उपलब्ध होती हैं, विशेष तेजी का संचार नहीं होता। यह योग इस वर्ष शरत् जातक कुण्डली में बन रहा है। इसका फल बृहत्संहिता में इस प्रकार है-

"त्रिषु मेषादिषु सूर्यः सौम्ययुतो वीक्षितोऽपि वा विचरन्।
ग्रैष्मिकं-धान्यं कुरुते समर्घमुभयोपयोग्यं च ।।"

ग्रीष्म सस्य जातक

संवत् २०६२ विक्रमी में मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष १ बुधवार तदनुसार १६ नवम्बर, सन् २००५ ई. को भा. स्टैं. टा. के अनुसार १० घं. ३१ मि.पर सूर्यदेव वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे।

फल- ग्रीष्मसस्य जातक कुण्डली में सूर्य से छठे भाव में मंगल है। लेकिन सप्तम-भावस्थ उच्च चन्द्र है। कहने का तात्पर्य यह है, कि छठे भाव में मंगल क्रूर अवश्य है, लेकिन स्वराशिस्थ है एवं गुरु दृष्ट है, अतः खड़ी फसलों को हानि होने का योग है। सिद्धान्तानुसार छठे एवं सातवें भाव में क्रूर ग्रह फसलों को हानि नहीं पहुंचाते-

"वृश्चिक-संस्यादर्कात् सप्तम-षष्ठोपगौ यदा क्रूरौ।
भवति तदा निष्पत्तिः सस्यानामर्घ-परिहानिः ।। "

योगायोग से स्पष्ट है, कि-गेहूं, जौ, चना, मसरी, दालवाना, सरसों आदि की फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से हानि पहुंचे एवं मंहगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी।

ध्यान दें- वृश्चिकस्थ सूर्य के साथ बुध और धनुराशि में शुक्र है। सूर्य से सप्तम उच्च चन्द्र है । सूर्य पर मित्र ग्रह मंगल की और मंगल पर गुरु दृष्टि है, अतः ग्रीष्मधान्य भारी मात्रा में होंगे-

"शुभमध्येऽलिनि सूर्यात् गुरु-शशिनोः सप्तमे परा सम्पत्।
अल्पादिस्थे सवितरि गुरौ द्वितीयेऽर्घनिष्पत्तिः।।"

उक्त ग्रहगति के अनुसार 'अर्घनिष्पत्ति' (आधी फसल घर आए,) ऐसा योग भी है। कहने का तात्पर्य यह है, कि- फसल अच्छी नजर आने पर भी मंहगाई खूब बनी रहेगी।

संवत् २०६२ वि. का शुभारम्भ

नववर्ष प्रवेश कुण्डली

११ ९
रा. बु. सू.चं.शु. १२
१० मं.
८
१ ७
२ ४
६ के. गु.
३ श. ५

सं. २०६१ वि. में चैत्र अमावस शुक्रवार तदनुसार ८/९ अप्रैल, सन् २००५ ई. को मध्यरात्रि के बाद २६ घं. ३ मि. भा.स्टें.टा. पर रेवती नक्षत्र, वैधृति योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय वि. संवत् २०६२ का शुभारम्भ होगा।

फल- नववर्ष (संवत् २०६२) का प्रारम्भ मकर लग्न में हो रहा है। लग्न में उच्च मंगल है। लग्नस्थ उच्च मंगल पर बृहस्पति की विशेष दृष्टि है। उत्तरदिशा-स्थित -शासकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़े। कहीं प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प एवं सूखा आदि से जनधनहानि के योग हैं। कहीं विशिष्ट व्यक्ति के निधन से सत्ता परिवर्तन के योग या शोक प्रस्ताव पारित हों। कृषि पैदावार अच्छी हो, पश्चिम में सुख-समृद्धि रहे। मध्यप्रदेश में फसल को कुछ हानि हो। अनाज मंहगे, असामयिक वर्षा-पानी से किसानों को परेशानी हो। व्यापारी धान्यविक्रय से लाभान्वित हों;-

"मकरे च महोत्पातः उत्तरस्यां नृपक्षयः। वर्षमेकं सुनिष्पत्तिः पश्चिमायां महासुखम्।।"

"मध्यदेशेऽर्धनिष्पत्तिः किञ्चिद्धान्य-महर्घता । अकाले मेघवृष्टिः स्याल्लाभो धान्यस्य विक्रयात्।।"

नववर्ष-प्रवेशकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार लग्नेश शनि छठे भाव में एवं लग्नस्थ उच्च मंगल गुरुदृष्ट होने से राजनैतिक दृष्टि से विरोधी पक्ष को हतप्रभ करता है एवं शत्रुकृत कुचालों को निष्क्रिय करता है। नववर्षाङ्ग में सप्तमेश- अष्टमेश- नवमेश-दशमेश (चं., सू., बु. एवं शु.)- ये चारों ग्रह राहुयुत होकर तृतीयस्थान में हैं और इन पर गुरु की पूर्ण दृष्टि है। देश में आर्थिक उदारीकरण जोर पकड़ेगा। देश विशेष प्रगतिप्रद योजनाओं को कार्यान्वित करके विश्व में विकसित देश के तौर पर नई दिशा प्राप्त करेगा। वैशाख, आषाढ़, आश्विन एवं पौष मास विशेष घटनाप्रद होंगे।

वर्षेश (जगत्) लग्न

संवत् २०६२ वि. में चैत्र शुक्ल पंचमी बुधवार, तदनुसार १३-१४ अप्रैल, २००५ ई. की मध्यरात्रि के बाद २४ घं. ९ मि. पर मृगशिर नक्षत्र, शोभन योग एवं वृषस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव मेषराशि में प्रवेश करेंगे।

(३) अभीष्ट नगर का स्टैण्डर्ड अन्तर(+या-)

ये तीनों उपकरण 'अक्षांशादि सारणी'से उठाइये।

विशेष- यदि ''अक्षांशादि सारणी'' में अभीष्ट नगर न मिले तो उसके निकटतम किसी अन्य नगर के अक्षांशादि प्रयोग में लाए जा सकते है ।

ध्यान रहे- भारत के सभी नगरों के अक्षांश उत्तर और रेखांश पूर्व ही है ।

(४) अभीष्ट नगर का स्थानीयमध्यमकाल- जिस समय लग्न स्पष्ट करना हो उस समय के स्वदेशीय स्टैण्डर्ड - टाईम में अभीष्ट नगर (जहां का लग्न स्पष्ट करना हो, वहां) के स्टैण्डर्ड - अन्तर के मिनटादि(या घण्टादि) को चिन्हानुसार जोड़ने या घटाने से अभीष्ट नगर का ''**स्थानीयमध्यमकाल**'' बन जाता है + यह चिह्न जोड़ने की एवं- यह चिह्न घटाने की प्रक्रिया को बतलाता है ।

जैसे- चण्डीगढ में दोपहर के १२घं. ५७ मि. (भा. स्टैं टा.) पर स्थानीयमध्यकाल जानने के लिए इस (भा. स्टैं टा.)में से चण्डीगढ का स्टैण्डर्ड अन्तर -२२ मिनट ३२ सेकण्ड चिन्हानुसार घटाया, तो १२ घं. ३४ मि. २८ सें. स्थानीयमध्यमकाल बना।

१सितं.१९४२ ई. से १५ अक्तू १९४५ ई. तक भारत में युद्ध के कारण घड़ियां एक घण्टा आगे की गई थी । अतः इन दिनों में घड़ियों द्वारा जाने गए टाईम में से १ घण्टा घटा कर उसे भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम समझना चाहिए।

जैसे- सन्१९४४ की २० अग. को काई बच्चा भारत में युद्ध के समयानुसार दिन में १२ बज कर ४५ मि. पर पैदा हुआ । इसका जन्मपत्र बनाने के लिए हमें इस बच्चे का जन्म काल भा. स्टै.टा. के अनुसार ११ घं ४५ मि. मानना होगा ।

(५) अभीष्ट तारीख का अयनांश - आगे दो [नं.(१) और नं.(२)]अयनांशसारणियां दी गई है । अयनांशसारणी नं.(१) में से अभीष्ट सन् के आगे लिखा अंशादि अयनांश लें, और अयनांशसारणी नं. (२) में से अभीष्ट मास की अभीष्ट तारीख का विकलादि फल लेकर उसमें जोड़ दें; - यह अभीष्ट तारीख का अयनांश होगा ।

जैसे - १५ जुलाई १९६९ ई. को अयनांश जानने के लिए अयनांशसारणी नं.(१) में से सन् १९६९ ई. के आगे लिखा अयनांश २३अं.२५ क २६ वि. प्राप्त किया । इसमें अयनांशसारणी नं.(२)से प्राप्त की गई १५ जुलाई की २७ वि. जोडने पर २३ अं.२५क. ५६ वि. हमारा अभीष्ट अयनांश हुआ ।

(६) इष्टकालिक साम्पातिककाल - आगे साम्पातिककाल के चार कोष्ठक दिए गये है । इनके आधार पर इष्टकालिक साम्पातिककाल इस प्रकार सरलता से बनाया जा सकता है-

सां. का. कोष्ठक नं. (१) में से अभीष्ट सन् का सां. का. उठाएं। उसमें साम्पातिक काल कोष्ठक नं.(२)से अभीष्टमास की अभीष्ट तारीख का (लीप ईयर हो तो केवल फरवरी के बाद के महीनों में अभीष्ट तारीख की जगह उससे एक आगे की तारीख का) सां. का. लेकर जोड़ें । इसमें सां. का. कोष्ठक नं.(३)से अभीष्ट नगर के रेखांशों द्वारा सैकण्डात्मक संस्कार उठा कर चिन्हानुसार जोडें या घटाएं । इस प्रकार मिले सां. का के घं. मि. में अभीष्ट स्थानीयमध्यमकाल(जिसका साधन पहले बताया जा चुका है) के घण्टा- मिनटादि जोडें और फिर इस योगफल में स्थानीयमध्यमकाल के घण्टा- मिनटों द्वारा सां. का. कोष्ठक नं.(४)से प्राप्त किए गए मिनटादि जोड़ देने से इष्टसमय का घण्टादि सां. का बन जाएगा । इस प्रकार बना सां. का. यदि २४ घं. से अधिक हो तो उसमें से २४ घटा कर शेष ही ग्रहण करना चाहिए ।

साम्पातिककाल साधन का उदाहरण - यहां हम १५ जुलाई १९६९ को भा. स्टै.टा. के अनुसार प्रातः १०घं.४५मि. पर चम्बा (हि. प्र.)में सां. का. स्पष्ट करें । अक्षांशादि सारणी में चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. (उत्तर), रेखांश ७६ अं. १०क.(पूर्व)एंव स्टैं. अन्तर - २५ मि. २० से. है । स्टैण्डर्ड अन्तर ऋण चिह्न वाला है, अतः इसे १० घण्टे४५ मि. में से घटाने पर १० घं. १९ मि. ४० से. चम्बा का स्थानीयमध्यमकाल हुआ । सां. का . कोष्ठक नं. (१)से सन् १९६९ ई. का सां. का. (६घं.४१ मि. २ से.) लिया । इसमें कोष्ठक नं.(२)सें लिया गया १५ जुला. का सां का. (१२घं. ४८ मि. ४९ से.)जोड़ा तो १९ घं.२९ मि. ५१ सै. हुआ । चम्बा के रेखांश ७६अं.१० क. के लिए कोष्ठक नं.(३)वाला संस्कार तो० है। अब १९घं. २९ मि. ५१सैं. चम्बा का स्थानीयमध्यमकाल १०घं.१९मि ४० सै. जोडा तो २९घं. ४९मि. ३१ सै. हुए। इसमें कोष्ठक न. (४)से स्थानीयमध्यमकाल के १०घं. २० मि. उठाए गए १ मि. ४२सै. जोड़ने पर २९ घं. ५१ मि. १३ से. हुए । क्योकि यहां घण्टे२४से अधिक हैं अतः२४ घं. घटाए तो ५घं. ५१मि. १३से. अभीष्ट साम्पातिककाल हुआ ।

साम्पातिककाल बनाते समय नीचे लिखी इन बातों को भी ध्यान में रखें:-

(१)यदि धन (+)चिह्न वाले स्टैण्डर्डअन्तर (स्टैं. अं.)के मिनटों को स्टैण्डर्ड टाईम में जोड़ने पर स्थानीयमध्यमकाल २४ घं. या इससे ज्यादा हो जाए तब उसमें से २४ घण्टा घटा दें और ऊपर बतलाई विधि से प्राप्त साम्पातिककाल में ४ मि. जोड कर उसे शुद्ध साम्पातिककाल समझें । जैसे - कलकता में २जन. १९७४ ई. को २३ घंटा ५५ मि. (रात के ११ बज कर ५५ मि.)भा. स्टै. टा. पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है । कलकता का रेखांश ८८अं. २४ क, (पूर्व)और स्टैं. अन्तर +२३ मि. ३६ से. है। स्थानीयमध्यमकाल बनाने के लिए२३ घं. ५५ मि. में २३ मि. ३६ सै. जोड़े तो २४ घं. १८ मि. ३६से. हुए यह २४ घं. से ज्यादा हो गया है , अतः इसमें से २४ घं. घटाने पर ० घं. १८ मि. ३६ से.

स्थानीयमध्यमकाल हुआ । अब सां. का. बनाने के लिए कोष्टक नं.(१) से १९७४ केआगे लिखे ६ घं. ४० मि. १२ से. में कोष्ठक नं.(२) से लिए गए २ जन. के ० घं. ३ मि. ५७ से. जोडने पर ६ घं. ४४ मि. ९ से. हुए। इसमें कोष्ठक नं. (३) से कलकता के रेखांश ८८ से प्राप्त −८ से. चिह्न के अनुसार घटाए, तो ६ घं. ४४ मि. १ से. हुए । इसमें स्थानीयमध्यमकाल जोड़ने पर ७ घं., २ मि. ३७ से. हुए । इसमें कोष्ठक नं.(४)से स्थानीयमध्यमकाल के ० घं. १९ मि. द्वारा प्राप्त ३ से. जोडने पर ७घं. २ मि. ४० से. हुए । क्योंकि स्टैं .टा. में स्टैं. अन्तर के मिनट जोडने पर स्थानीयमध्यमकाल २४ घं. से ज्यादा हो गया था । अतः उपरोक्त नियमानुसार इसमें ४ मि. और जोड़ने पर ७ घं. ६ मि. ४० से. हमारा अभीष्ट साम्पातिककाल बना । लग्न और दशम को स्पष्ट करने के लिए इसी सां. का. को प्रयोग में लाइए ।

(२)सां. का. बनाते समय दूसरी बात यह भी ध्यान में रखें कि यदि स्टैं. टा. से ऋण चिह्न वाले स्टैं. अन्तर के मिनटादि अधिक हों तो स्थानीयमध्यमकाल बनाने के लिए स्टैं. टा. में २४ घंटे जोड कर स्टैं. अन्तर घटाना चाहिए और ऐसी स्थिति में सा.का. कोष्ठक नं. (४)का प्रयोग नहीं करना चाहिए । जैसे- जयपुर में १५ मार्च १९७० को ०घं. १५ मि.(भा. स्टै. टा.) पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है । जयपुर के रेखांश ७५ अं. ५२ क. (पूर्व)और स्टैं अं.- २६ मि. ३२ से. है । यहां स्टैं टा. के घं. मि. में से स्टैं. अं. ज्यादा है , अतः स्टै. टा. में २४ घं. जोड़ कर स्टैं अं. घटाने पर २३ घं. ४८ मि. २८ से. स्थानीयमध्यमकाल बना । सां. का. के कोष्ठक नं.(१)से प्राप्त १९७० ई. के ६ घं. ४० मि. ५ से. में कोष्ठक नं. (२) से प्राप्त १५ मार्च के ४ घं. ४७ मि. ४९ से जोड़ने पर ११ घं. २७ मि. ५४से. हुए । जयपुर के रेखांश ७६ (पूर्व) का कोष्ठक नं. ३ वाला संस्कार लगभग ० है । अब ११ घं. २७ मि.५४ से. में स्थानीयमध्यमकाल जोड़ा तो ३५ घं. १६ मि. २२ से. हुए । क्योंकि हमारा स्टैं. टा. हमारे नगर के ऋण स्टैं . अं. से कम था अतः यहां साम्पातिककाल कोष्ठक नं.(४)का प्रयोग हम नहीं करेगें । इसलिए हमारा अभीष्ट साम्पातिककाल ११घं. १६ मि. २२ से. ही हुआ । यहां घंटे २४ से अधिक होने से उसमें से २४ घंटे घटा दिए गए हैं।

(३)जैसाकि हम पहिले भी लिख चुके हैं - लीप इयर (२९ फरवरी वाले साल)में फरवरी के बाद के महीनों की किसी तारीख का सां. का. बनाना हो तो उस तारीख में एक जोड़ कर साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२) को प्रयोग में लाना चाहिए। जैसे -मान लीजिए , १५ मार्च सन् १९४४ को किसी नगर में सां. का. स्पष्ट करना है। साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (१) में सन् १९४४ के आगे लिखे ६ घं. ३७ मि. १७ से. मिलें । क्योंकि हमारा सन् लीप इयर है और हमारी तारीख (१५ मार्च)फरवरी के बाद की भी है , इसलिए ''साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२)'' में से हम १५ मार्च की जगह १६ मार्च के घं. मि. सै. (४ घं.५१ मि. ४५ से.)ही लेगें और इन्हें ही ६ घं. ३७मि. १७ से. में जोड़ेंगे । ध्यान रहे- यदि सन् १९४४ की १० फर को हमें सां. का. स्पष्ट करना हो तो ''साम्पातिककाल कोष्ठक नं.(२)''से १० फर.के ही घं. मि. से. उठाने होगें ।

साम्पातिककाल से लग्नसाधन की विधिः-

उपर दी गई विधि से जाने गए अभीष्ट सां. का. (साम्पातिककाल) के घं. मि. को आगे दी गई लग्नसारणी के बाई और वाले पहिले कालम में देखें । इसके आगे अभीष्ट नगर के अक्षांश के नीचे जो लग्न की अंश कला लिखी हैं, उन्हें अलग नोट कर लें। क्योंकि सारणी में सां. का. ३०-३० मिनटों के अन्तर पर और लग्नसारणी ३-३ अक्षांशों के अन्तर पर दी हुई है । अतः अधिकतर यहां सम्भव है कि आपको लग्न सारणी में अभीष्ट सां. का. के घं. मिं. न मिले और यह भी अधिकतर सभव है कि आपको लग्नसारणी में अभीष्ट सां का. के घं. मि. न मिलें और यह भी सम्भव है कि अभीष्ट अक्षांश वाली लग्नसारणी भी न मिले । ऐसी स्थिति में सारणी में अभीष्ट सां. का. के समीपतम (अभीष्ट सां. का. से कम)सां. का. के आगे और अपने अभीष्ट अक्षांश के समीपतम(अभीष्ट अक्षांश से कम) अक्षांश वाली लग्नसारणी में लिखीं लग्न की अंश - कलाएं नोट करें - यह ''स्थूलतम लग्न''है । अब ३० मि. में लग्न की गति सारणी से ही ज्ञात कीजिए, (अर्थात् यह ज्ञात कीजिए कि ३०मि. में लग्न कितना आगे बढ़ता है) ३० मि. की लग्नगति की कलाओं को सां. का. के शेष मिनटों से गुणा करके ३० से भाग देने पर कलाएं मिलेंगी । इन्हें ''स्थूलतम लग्न'' में जोड़ देने से ''स्थूललग्न'' बन जाएगा। अब सारणी से ही ३ अक्षांशों की लग्न की गति मालूम करें । ३ अक्षांशों में लग्न घटता है तो यह ''३ अक्षाशों की लग्नगति'' ऋण, अन्यथा धन होगी । अपने अक्षांश की शेष अंश−कलाओं की कलाएं बना कर उन्हें ''३ अक्षाशों की लग्नगति '' की कलाओं से गुणा करके १८० से भाग देने पर कलाएं मिलेंगी । इन्हें ''३ अक्षांशों की लग्नगति'' के धन,ऋण चिह्न के अनुसार स्थूललग्न में जोड़ने या घटाने से सायनलग्न स्पष्ट होगा । इसमें से उस दिन के अयनांश घटा देने पर फलितोपयोगी निरयण लग्न स्पष्ट हो जाएगा।

दशमलग्न स्पष्ट करने की विधि :- लग्नसारणी के दूसरे कालम में दशम (दशमलग्न)दिया गया है । इससे सभी नगरों में दशमलग्न स्पष्ट किया जा सकता है (अर्थात् -दशम स्पष्ट करने के लिए अंक्षाशों की जरूरत नहीं होती।) अभीष्ट सां. का. के घं. मि. के आगे सारणी में दशम (दशमलग्न)की अंश-कलाएं उठा लें। यह ''स्थूलदशमलग्न'' है। सां.का. के शेष मिनटों से दशमलग्न की ३० मि. की गति की कलाओं को गुणा करके ३०से भाग देने पर कलाएं मिलेगी। इन्हें ''स्थूलदशमलग्न'' में जोड़ने पर इष्टकालिक सायनदशम होगा । इसमें से उसदिन का अयनांश घटा देने पर निरयण दशमलग्न स्पष्ट हो जाएगा।

लग्नसाधन का उदाहरणः-चम्बा (हि.प्र.) में १५ जुलाई सन् १९६९ को प्रातः १० घं. ४५ मि. (भा. स्टै. टा.)पर लग्न स्पष्ट करना है ।

ऊपर हमने चम्बा में १५ जुलाई १९६९ को प्रातः १० घंटे ४५मि. (भा. स्टै. टा.)पर सां.का. ५ घं. ५१ मि. १३ सै. स्पष्ट किया है । चम्बा के अक्षांश ३२ अं.२९ क. है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घं. ३० मि. के आगे लग्न १७३ अं. ३४ क. लिखा है । यह ''स्थूलतम लग्न''है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घ. ३० मि. के आगे १७३ अं. ३४ क. और सां. का.६घं. ० मि. के आगे १८० अं.० क. लिखा है । इन दोनों का अन्तर ६अं. २६ क. (=३८६क.) लग्न की ३० मि. की गति है । हमारे अभीष्ट सां. का. ५ घ. ५१ मि. और ५ घं. ३० मि. का अन्तर २१ मि. है । इन २१ मि. (सा.का.के शेष मिनटों) से लग्न की ३० मिनट की गति कलाओं (३८६) को गुणा करके ३० का भाग देने पर २७० क. (= ४ अं. ३० क.) मिलीं। इन्हें '' स्थूलतम लग्न '' में जोड़ने पर १७८ अं. ४ क. ''स्थूल लग्न '' हुआ ।

लग्न सारणी (पूरे भारत के लिए) [भाग १ म]

सम्पातिक काल		सभी स्थलों के लिए		अक्षांश ८°(उ.)		अक्षांश ११°(उ.)		अक्षांश १४°(उ.)		अक्षांश १७°(उ.)		अक्षांश २०°(उ.)	
		दशम		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न	
घं.	मि.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.
०	०	०	०	९३	१२	९४	२५	९५	४०	९६	५६	९८	१४
०	३०	८	१०	१००	३	१०१	१५	१०२	२७	१०३	४१	१०४	५७
१	०	१६	१७	१०६	५४	१०८	३	१०९	१३	११०	२४	१११	३६
१	३०	२४	१८	११३	४७	११४	५३	११५	५९	११७	६	११८	१४
२	०	३२	११	१२०	४३	१२१	४५	१२२	४७	१२३	५०	१२४	५२
२	३०	३९	५५	१२७	४५	१२८	४३	१२९	४०	१३०	३६	१३१	३३
३	०	४७	२८	१३४	५४	१३५	४५	१३६	३६	१३७	२७	१३८	१८
३	३०	५४	५१	१४२	१०	१४२	५५	१४३	३९	१४४	२२	१४५	६
४	०	६२	५	१४९	३३	१५०	१०	१५०	४६	१५१	२३	१५१	५८
४	३०	६९	१२	१५७	३	१५७	३१	१५८	०	१५८	२७	१५८	५५
५	०	७६	११	१६४	३८	१६४	५८	१६५	१७	१६५	३६	१६५	५४
५	३०	८३	७	१७२	१८	१७२	२८	१७२	३८	१७२	४७	१७२	५७
६	०	९०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०
६	३०	९६	५३	१८७	४२	१८७	३२	१८७	२२	१८७	१३	१८७	३
७	०	१०३	४९	१९५	२२	१९५	२	१९४	४३	१९४	२४	१९४	६
७	३०	११०	४८	२०२	५७	२०२	२९	२०२	०	२०१	३३	२०१	५
८	०	११७	५५	२१०	२७	२०९	५०	२०९	१४	२०८	३७	२०८	२
८	३०	१२५	९	२१७	५०	२१७	५	२१६	२१	२१५	३८	२१४	५४
९	०	१३२	३२	२२५	६	२२४	१५	२२३	२४	२२२	३३	२२१	४२
९	३०	१४०	५	२३२	१५	२३१	१७	२३०	२०	२२९	२४	२२८	२७
१०	०	१४७	४९	२३९	१७	२३८	१५	२३७	१३	२३६	१०	२३५	८
१०	३०	१५५	४२	२४६	१३	२४५	७	२४४	१	२४२	५४	२४१	४६
११	०	१६३	४३	२५३	६	२५१	५७	२५०	४७	२४९	३६	२४८	२४
११	३०	१७१	५०	२५९	५७	२५८	४५	२५७	३३	२५६	१९	२५५	३
१२	०	१८०	०	२६६	४८	२६५	३५	२६४	२०	२६३	४	२६१	४६

सम्पातिक काल		सभी स्थलों के लिए		अक्षांश ८°(उ.)		अक्षांश ११°(उ.)		अक्षांश १४°(उ.)		अक्षांश १७°(उ.)		अक्षांश २०°(उ.)	
		दशम		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न	
घं.	मि.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.
१२	०	१८०	०	२६६	४८	२६५	३५	२६४	२०	२६३	४	२६१	४६
१२	३०	१८८	१०	२७३	४१	२७२	२७	२७१	११	२६९	५३	२६८	३३
१३	०	१९६	१७	२८०	३९	२७९	२५	२७८	९	२७६	५०	२७५	२९
१३	३०	२०४	१८	२८७	४३	२८६	३०	२८५	१५	२८३	५७	२८२	३५
१४	०	२१२	११	२९४	५७	२९३	४६	२९२	३३	२९१	१६	२८९	५५
१४	३०	२१९	५५	३०२	२१	३०१	१४	३००	४	२९८	५०	२९७	३२
१५	०	२२७	२८	३०९	५८	३०८	५६	३०७	५१	३०६	४२	३०५	२८
१५	३०	२३४	५१	३१७	४९	३१६	५४	३१५	५५	३१४	५३	३१३	४५
१६	०	२४२	५	३२५	५४	३२५	७	३२४	१७	३२३	२३	३२२	२५
१६	३०	२४९	१२	३३४	१२	३३३	३५	३३२	५५	३३२	१२	३३१	२६
१७	०	२५६	११	३४२	४१	३४२	१५	३४१	४८	३४१	१८	३४०	४५
१७	३०	२६३	७	३५१	१८	३५१	५	३५०	५१	३५०	३६	३५०	१९
१८	०	२७०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
१८	३०	२७६	५३	८	४१	८	५५	९	९	९	२४	९	४१
१९	०	२८३	४९	१७	१९	१७	४५	१८	१२	१८	४२	१९	१५
१९	३०	२९०	४८	२५	४८	२६	२५	२७	५	२७	४८	२८	३४
२०	०	२९७	५५	३४	६	३४	५३	३५	४३	३६	३७	३७	३५
२०	३०	३०५	९	४२	११	४३	६	४४	५	४५	७	४६	१४
२१	०	३१२	३२	५०	२	५१	४	५२	९	५३	१८	५४	३२
२१	३०	३२०	५	५७	३९	५८	४६	५९	५६	६१	१०	६२	२८
२२	०	३२७	४९	६५	३	६६	१४	६७	२७	६८	४४	७०	५
२२	३०	३३५	४२	७२	१७	७३	३०	७४	४५	७६	३	७७	२५
२३	०	३४३	४३	७९	२१	८०	३५	८१	५१	८३	१०	८४	३१
२३	३०	३५१	५०	८६	१९	८७	३३	८८	४९	९०	७	९१	२७
२४	०	०	०	९३	१२	९४	२५	९५	४०	९६	५६	९८	१४

अब लग्न सारणी में ३२ अक्षांश और ३५ अक्षांश वाले कालमों में सां.का. ५घं. ३० मि. के आगे क्रमशः १७३ अं. ३४ क. और १७३ अं. ४४ क. लिखा है। इन दोनों का अन्तर १० क. हुआ। यह लग्न की "३ अक्षांश की गति" है। क्योंकि लग्न ३५ अक्षांश में बढ़ रहा है। अतः यह गति धन है। ३२ अक्षांश और चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. का अन्तर २९ क. है। इससे ३ अक्षांश की लग्न की गति कलाओं (१०) को गुणा करके १८० से भाग देने पर लब्धि १ क. मिली। क्योंकि ३ अक्षांशों की लग्न गति धन है अतः इसे "स्थूल लग्न" में जोड़ने पर १७८ अं. ५ क. सायन लग्न हुआ। इसमें से इस दिन का अयनांश २३अं. २६कं. घटा देने पर १५४ अं. ३९ क. (= ५ रा ४ अं. ३९ क.) नियरणलग्न बन गया।

दशमलग्न साधन का उदाहरण- १५ जुला. १९६९ ई. को प्रातः १० घं. ४५ मि. (भा.स्टै.टा.) पर ही चम्बा, हि.प्र. में दशमलग्न स्पष्ट करना है। इस समय चम्बा में सां का ५ घं. ५१ मि. है। लग्नसारणी के दूसरे कालम में सां.का. ५ घं. ३० मिनट के आगे दशमलग्न८३ अं.७क. है, यह "स्थूल दशमलग्न" है। सारणी में सां.का. ५ घं.३०मि. और ६ घं. ० मि. के आगे क्रमशः ८३ अं. ७ क. एवं ९० अं. ० क. है इन दोनों का अन्तर ६ अं. ५३ क. (= ४१३ क.) है, यह ३० मि. की दशमलग्न की गति है। इन कलाओं को सां. का. के शेष मि. (५ घं. ५१ मि.- ५घं. ३० मि.=२१ मि.) से गुणा करके ३० का भाग देने पर २८९ क. (=४अं.४९क.) मिली। इन्हें "स्थूलदशमलग्न" में जोड़ने पर ८७ अं. ५६ क. सायन दशमलग्न स्पष्ट हुआ। इसमें से इस दिन का अयनांश २३ अं. २६ क. घटा देने पर ६४ अं.३० क. (=२ रा.४अं. ३०क.)इष्टकालिक निरयण दशम लग्न हुआ।

ध्यान दें-यहां हमने सां.का. के सेकण्ड और अयनांश की विकलाओं को अनावश्यक समझकर छोड़ दिया है। क्योंकि लग्न और दशम में विकलाओं तक की सूक्ष्मता लाने का प्रयास वस्तुतः अर्थहीन है। कला तक की सूक्ष्मता भी लग्न में संभव नहीं है; इस तथ्य का विस्तार पूर्वक स्पष्टीकरण गणित द्वारा "गणकमार्तण्ड" में हमने किया है वहाँ पढ़ें।

लग्न सारणी (पूरे भारत के लिए) [भाग २ य]

साम्पातिक काल घं. मि.	सभी स्थलों के लिए दशम अं. क.	अंक्षाश २३° (उ.) लग्न अं. क.	अंक्षाश २६° (उ.) लग्न अं. कं.	अंक्षाश २९° (उ.) लग्न अं. क.	अंक्षाश ३२° (उ.) लग्न अं. क.	अंक्षाश ३५° (उ.) लग्न अं. क.
० ०	० ०	९९ ३५	१०० ५९	१०२ २६	१०३ ५७	१०५ ३४
० ३०	८ १०	१०६ १४	१०७ ३४	१०८ ५७	११० २४	१११ ५३
१ ०	१६ १७	११२ ४९	११४ ४	११५ २२	११६ ४३	११८ ७
१ ३०	२४ १८	११९ २२	१२० ३३	१२१ ४५	१२३ ०	१२४ १७
२ ०	३२ ११	१२५ ५६	१२७ ०	१२८ ७	१२९ १७	१३० २५
२ ३०	३९ ५५	१३२ ३१	१३३ २९	१३४ २९	१३५ ३०	१३६ ३२
३ ०	४७ २८	१३९ ३	१४० ००	१४० ५२	१४१ ४५	१४२ ४०
३ ३०	५४ ५१	१४५ ५०	१४६ ३४	१४७ १८	१४८ ४	१४८ ५०
४ ०	६२ ५	१५२ ३४	१५३ १०	१५३ ४७	१५४ २४	१५५ १
४ ३०	६९ १२	१५९ २२	१५९ ५०	१६० १७	१६० ४६	१६१ १४
५ ०	७६ ११	१६६ १३	१६६ ३२	१६६ ५०	१६७ ९	१६७ २८
५ ३०	८३ ७	१७३ ६	१७३ १५	१७३ २५	१७३ ३४	१७३ ४४
६ ०	९० ०	१८० ००	१८० ००	१८० ०	१८० ०	१८० ०
६ ३०	९६ ५३	१८६ ५४	१८६ ४५	१८६ ३५	१८६ २६	१८६ १६
७ ०	१०३ ४९	१९३ ४७	१९३ २८	१९३ १०	१९२ ५१	१९२ ३२
७ ३०	११० ४८	२०० ३८	२०० १०	१९९ ४३	१९९ १४	१९८ ४६
८ ०	११७ ५५	२०७ २६	२०६ ५०	२०६ १३	२०५ ३६	२०४ ५९
८ ३०	१२५ ५९	२१४ १०	२१३ २६	२१२ ४२	२११ ५६	२११ १०
९ ०	१३२ ३२	२२० ५१	२२० ००	२१९ ८	२१८ १५	२१७ २०
९ ३०	१४० ५	२२७ २९	२२६ ३१	२२५ ३१	२२४ ३०	२२३ २८
१० ००	१४७ ४९	२३४ ४	२३३ ०	२३१ ५३	२३० ४५	२२९ ३५
१० ३०	१५५ ४२	२४० ३८	२३९ २७	२३८ १५	२३७ ०	२३५ ४३
११ ०	१६३ ४३	२४७ ११	२४५ ५६	२४४ ३८	२४३ १७	२४१ ५३
११ ३०	१७१ ५०	२५३ ४६	२५२ २६	२५१ ३	२४९ ३६	२४८ ७
१२ ०	१८० ००	२६० २५	२५९ ३	२५७ ३४	२५६ ३	२५४ २६

साम्पातिक काल घं. मि.	सभीस्थलों के लिए दशम अं. क.	अंक्षाश २३° (उ.) लग्न अं. क.	अंक्षाश २६° (उ.) लग्न अं. कं.	अंक्षाश २९° (उ.) लग्न अं. क.	अंक्षाश ३२° (उ.) लग्न अं. क.	अंक्षाश ३५° (उ.) लग्न अं. क.
१२ ०	१८० ००	२६० २५	२५९ १	२५७ ३४	२५६ ३	२५४ २६
१२ ३०	१८८ १०	२६७ १०	२६५ ४३	२६४ १२	२६२ ३६	२६० ५४
१३ ०	१९६ १७	२७४ ३	२७२ ३४	२७१ ०	२६९ २१	२६७ ३३
१३ ३०	२०४ १८	२८१ ९	२७९ ३९	२७८ २	२७६ १९	२७४ २९
१४ ०	२१२ ११	२८८ ३०	२८६ ५९	२८५ २२	२८३ ३६	२८१ ४५
१४ ३०	२१९ ५५	२९६ ९	२९४ ४०	२९३ ४	२९१ २०	२८९ २६
१५ ००	२२७ २८	३०४ १०	३०२ ४४	३०१ १२	२९९ २८	२९७ ३८
१५ ३०	२३४ ५१	३१२ ३३	३११ १५	३०९ ४८	३०८ १३	३०६ २५
१६ ०	२४२ ५	३२१ २२	३२० १३	३१८ ५६	३१७ ३०	३१५ ५४
१६ ३०	२४९ १२	३३० ३५	३२९ ३९	३२८ ३६	३२७ २५	३२६ ४
१७ ०	२५६ ११	३४० ९	३३९ ३०	३३८ ४५	३३७ ५४	३३६ ५५
१७ ३०	२६३ ७	३५० ००	३४९ ४०	३४९ १६	३४८ ४९	३४८ १९
१८ ०	२७० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०
१८ ३०	२७६ ५३	१० ०	१४ २०	१० ४४	११ ११	११ ४१
१९ ०	२८३ ४९	१९ ५१	२० ३०	२१ १५	२२ ६	२३ ४
१९ ३०	२९० ४८	२९ २५	३० २१	३१ २४	३२ ३५	३३ ५६
२० ०	२९७ ५५	३८ ३८	३९ ४७	४१ ४	४२ ३०	४४ ६
२० ३०	३०५ ९	४७ २७	४८ ४५	५० १२	५१ ४७	५३ ३५
२१ ०	३१२ ३२	५५ ५०	५७ १६	५८ ४८	६० ३२	६२ २२
२१ ३०	३२० ५	६३ ५१	६५ २०	६६ ५६	६८ ४०	७० ३४
२२ ०	३२७ ४९	७१ ३०	७३ १	७४ ३८	७६ २४	७८ १५
२२ ३०	३३५ ४२	७८ ५१	८० २१	८१ ५८	८३ ४१	८५ ३१
२३ ०	३४३ ४३	८५ ५६	८७ २६	८९ ०	९० ३९	९२ २६
२३ ३०	३५१ ५०	९२ ४०	९४ १७	९५ ४८	९७ २४	९९ ६
२४ ०	००० ०	९९ ३५	१०० ५९	१०२ २६	१०३ ५७	१०५ ३४

साम्पातिककाल कोष्ठक नं. १

सन्	घं. मि.से.	सन	घं. मि.से.	सन्	घं. मि.से.	सन्	घं.मि.से.	सन्	घं.मि.से.	सन्	घं. मि.से.	सन्	घं. मि. से.	सन्	घं. मि. से.
१९५०	६ ३९ २७	१९५७	६ ४० ४०	१९६४	६ ३७ ५६	१९७१	६ ३९ ७	१९७८	६ ४० १९	१९८५	६ ४१ ३२	१९९२	६ ३८ ४७	१९९९	६।३९।५९
१९५१	६ ३८ ३०	१९५८	६ ३९ ४३	१९६५	६ ४० ५५	१९७२	६ ३८ १०	१९७९	६ ३९ २२	१९८६	६ ४० ३५	१९९३	६ ४१ ४६	२०००	६।३९।०२
१९५२	६ ३७ ३३	१९५९	६ ३८ ४५	१९६६	६ ३९ ५७	१९७३	६ ४१ १०	१९८०	६ ३८ २४	१९८७	६ ३९ ३८	१९९४	६ ४० ४९	२००१	६।४२।०१
१९५३	६ ४० ३३	१९६०	६ ३७ ४७	१९६७	६ ३९ ००	१९७४	६ ४० १२	१९८१	६ ४१ २३	१९८८	६ ३८ ४०	१९९५	६ ३९ ५२	२००२	६।४१।०४
१९५४	६ ३९ ३५	१९६१	६ ४० ४७	१९६८	६ ३८ ३	१९७५	६ ३९ १५	१९८२	६ ४० २६	१९८९	६ ४१ ३९	१९९६	६ ३८ ५४	२००३	६।४०।०७
१९५५	६ ३८ ३८	१९६२	६ ३९ ५०	१९६९	६ ४१ २	१९७६	६ ३८ १७	१९८३	६ ३९ २९	१९९०	६ ४० ४१	१९९७	६ ४१ ५३	२००४	६।३९।१०
१९५६	६ ३७ ४१	१९६३	६ ३८ ५३	१९७०	६ ४० ५	१९७७	६ ४१ १६	१९८४	६ ३८ ३२	१९९१	६ ३९ ४४	१९९८	६ ४० ५६	२००५	६।४२।०९

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० २

ता.	जनवरी			फरवरी			मार्च			अप्रैल			मई			जून			जुलाई			अगस्त			सितम्बर			अक्तूबर			नवम्बर			दिसम्बर			ता.
↓	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	↓
१	०	०	०	२	२	१३	३	५२	३७	५	५४	५१	७	५३	७	९	५५	२१	११	५३	३८	१३	५५	५०	१५	५८	४	१७	५६	२१	१९	५८	३४	२१	५६	५०	१
२	०	३	५७	२	६	९	३	५६	३३	५	५८	४७	७	५७	४	९	५९	१७	११	५७	३४	१३	५९	४७	१६	२	०	१८	०	१७	२०	२	३१	२२	०	४७	२
३	०	७	५३	२	१०	६	४	०	३०	६	२	४३	८	१	०	१०	३	१४	१२	१	३१	१४	३	४४	१६	५	५७	१८	४	१४	२०	६	२७	२२	४	४३	३
४	०	११	५०	२	१४	२	४	४	२६	६	६	४०	८	४	५७	१०	७	१०	१२	५	२७	१४	७	४०	१६	९	५३	१८	८	१०	२०	१०	२४	२२	८	४०	४
५	०	१५	४६	२	१७	५९	४	८	२३	६	१०	३६	८	८	५३	१०	११	७	१२	९	२४	१४	११	३६	१६	१३	५०	१८	१२	७	२०	१४	२०	२२	१२	३६	५
६	०	१९	४३	२	२१	५५	४	१२	१९	६	१४	३३	८	१२	५०	१०	१५	३	१२	१३	२१	१४	१५	३३	१६	१७	४६	१८	१६	३	२०	१८	१७	२२	१६	३३	६
७	०	२३	३९	२	२५	५२	४	१६	१६	६	१८	२९	८	१६	४६	१०	१९	०	१२	१७	१७	१४	१९	२९	१६	२१	४३	१८	२०	०	२०	२२	१३	२२	२०	३०	७
८	०	२७	३६	२	२९	४८	४	२०	१२	६	२२	२६	८	२०	४३	१०	२२	५६	१२	२१	१४	१४	२३	२६	१६	२५	४०	१८	२३	५७	२०	२६	१०	२२	२४	२७	८
९	०	३१	३२	२	३३	४५	४	२४	९	६	२६	२२	८	२४	३९	१०	२६	५३	१२	२५	१०	१४	२७	२३	१६	२९	३७	१८	२७	५४	२०	३०	६	२२	२८	२३	९
१०	०	३५	२९	२	३७	४२	४	२८	५	६	३०	१९	८	२८	३६	१०	३०	४९	१२	२९	६	१४	३१	२०	१६	३३	३३	१८	३१	५०	२०	३४	३	२२	३२	२०	१०
११	०	३९	२५	२	४१	३९	४	३२	२	६	३४	१६	८	३२	३२	१०	३४	४६	१२	३३	३	१४	३५	१६	१६	३७	३०	१८	३५	४७	२०	३८	०	२२	३६	१६	११
१२	०	४३	२२	२	४५	३५	४	३५	५९	६	३८	१३	८	३६	२९	१०	३८	४२	१२	३६	५९	१४	३९	१३	१६	४१	२६	१८	३९	४३	२०	४१	५६	२२	४०	१३	१२
१३	०	४७	१८	२	४९	३२	४	३९	५६	६	४२	९	८	४०	२५	१०	४२	३९	१२	४०	५६	१४	४३	९	१६	४५	२३	१८	४३	४०	२०	४५	५२	२२	४४	९	१३
१४	०	५१	१५	२	५३	२८	४	४३	५२	६	४६	६	८	४४	२२	१०	४६	३५	१२	४४	५२	१४	४७	६	१६	४९	१९	१८	४७	३७	२०	४९	४९	२२	४८	६	१४
१५	०	५५	१२	२	५७	२५	४	४७	४९	६	५०	२	८	४८	१८	१०	५०	३२	१२	४८	४९	१४	५१	२	१६	५३	१६	१८	५१	३३	२०	५३	४५	२२	५२	२	१५
१६	०	५९	८	३	१	२१	४	५१	४५	६	५३	५९	८	५२	१५	१०	५४	२८	१२	५२	४५	१४	५४	५९	१६	५७	१२	१८	५५	३०	२०	५७	४२	२२	५५	५९	१६
१७	१	३	४	३	५	१८	४	५५	४२	६	५७	५५	८	५६	११	१०	५८	२५	१२	५६	४२	१४	५८	५५	१७	१	९	१८	५९	२६	२१	१	३९	२२	५९	५६	१७
१८	१	७	१	३	९	१४	४	५९	३८	७	१	५२	९	०	८	११	२	२१	१३	०	३८	१५	२	५२	१७	५	५	१९	३	२२	२१	५	३६	२३	३	५३	१८
१९	१	१०	५७	३	१३	११	५	३	३५	७	५	४८	९	४	४	११	६	१८	१३	४	३५	१५	६	४८	१७	९	२	१९	७	१९	२१	९	३२	२३	७	४९	१९
२०	१	१४	५४	३	१७	८	५	७	३१	७	९	४५	९	८	१	११	१०	१५	१३	८	३२	१५	१०	४५	१७	१२	५८	१९	११	१५	२१	१३	२९	२३	११	४६	२०
२१	१	१८	५१	३	२१	५	५	११	२८	७	१३	४१	९	११	५८	११	१४	११	१३	१२	२९	१५	१४	४१	१७	१६	५५	१९	१५	१२	२१	१७	२५	२३	१५	४२	२१
२२	१	२२	४८	३	२५	१	५	१५	२५	७	१७	३८	९	१५	५५	११	१८	८	१३	१६	२५	१५	१८	३८	१७	२०	५१	१९	१९	८	२१	२१	२२	२३	१९	३९	२२
२३	१	२६	४४	३	२८	५८	५	१९	२२	७	२१	३४	९	१९	५१	११	२२	५	१३	२०	२२	१५	२२	३४	१७	२४	४८	१९	२३	५	२१	२५	१८	२३	२३	३५	२३
२४	१	३०	४१	३	३२	५४	५	२३	१८	७	२५	३१	९	२३	४८	११	२६	१	१३	२४	१८	१५	२६	३१	१७	२८	४४	१९	२७	१	२१	२९	१५	२३	२७	३२	२४
२५	१	३४	३७	३	३६	५१	५	२७	१५	७	२९	२८	९	२७	४४	११	२९	५८	१३	२८	१५	१५	३०	२७	१७	३२	४१	१९	३०	५८	२१	३३	११	२३	३१	२८	२५
२६	१	३८	३४	३	४०	४७	५	३१	११	७	३३	२४	९	३१	४१	११	३३	५४	१३	३२	११	१५	३४	२४	१७	३६	३७	१९	३४	५४	२१	३७	८	२३	३५	२५	२६
२७	१	४२	३०	३	४४	४४	५	३५	८	७	३७	२०	९	३५	३७	११	३७	५१	१३	३६	८	१५	३८	२०	१७	४०	३४	१९	३८	५१	२१	४१	४	२३	३९	२१	२७
२८	१	४६	२७	३	४८	४०	५	३९	५	७	४१	१७	९	३९	३४	११	४१	४७	१३	४०	४	१५	४२	१७	१७	४४	३१	१९	४२	४८	२१	४५	१	२३	४३	१८	२८
२९	१	५०	२३	३	५२	३७	५	४३	१	७	४५	१३	९	४३	३०	११	४५	४४	१३	४४	१	१५	४६	१४	१७	४८	२८	१९	४६	४५	२१	४८	५७	२३	४७	१४	२९
३०	१	५४	२०				५	४६	५८	७	४९	१०	९	४७	२७	११	४९	४१	१३	४७	५७	१५	५०	११	१७	५२	२४	१९	५०	४१	२१	५२	५४	२३	५१	११	३०
३१	१	५८	१६				५	५०	५४				९	५१	२४				१३	५१	५४	१५	५४	७				१९	५४	३८				२३	५५	७	३१
																																		२३	५९	३	३२

लीप इयर हो तो केवल फरवरी के बाद के महीनों में अभीष्ट तारीख में एक जोड़ कर कोष्ठक नं० २ को प्रयोग में लाइए ।

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० ३

रेखांश	०°	पू.२०°	पू.४०°	पू.६०°	पू.८०°	पू.१००°	पू.१२०°	पू.१४०°	पू.१६०°
संस्कार सेकण्ड	+५०	+३७	+२४	+११	-२	-१५	-२८	-४१	-५४
रेखांश	१८०°	प.१६०°	प.१४०°	प.१२०°	प.१००°	प.८०°	प.६०°	प.४०°	प.२०°
संस्कार सेकण्ड	-६७/+१६९	+१५६	+१४३	+१२९	+११६	+१०३	+८९	+७७	+६३

साम्पातिक काल कोष्ठक नं. ४

मि.	०	५	१०	१५	२०	२५	३०	३५	४०	४५	५०	५५
घं.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.
०	० ००	० १	० २	० २	० ३	० ४	० ५	० ६	० ७	० ७	० ८	० ९
१	० १०	० ११	० ११	० १२	० १३	० १४	० १५	० १६	० १६	० १७	० १८	० १९
२	० २०	० २१	० २१	० २२	० २३	० २४	० २५	० २५	० २६	० २७	० २८	० २९
३	० ३०	० ३०	० ३१	० ३२	० ३३	० ३४	० ३४	० ३५	० ३६	० ३७	० ३८	० ३९
४	० ३९	० ४०	० ४१	० ४२	० ४३	० ४४	० ४४	० ४५	० ४६	० ४७	० ४८	० ४८
५	- ४९	० ५०	० ५१	० ५२	० ५३	० ५३	० ५४	० ५५	० ५६	० ५७	० ५७	० ५८
६	० ५९	१ ००	१ १	१ २	१ २	१ ३	१ ४	१ ५	१ ६	१ ७	१ ७	१ ८
७	१ ९	१ १०	१ ११	१ ११	१ १२	१ १३	१ १४	१ १५	१ १६	१ १६	१ १७	१ १८
८	१ १९	१ २०	१ २०	१ २१	१ २२	१ २३	१ २४	१ २५	१ २५	१ २६	१ २७	१ २८
९	१ २९	१ ३०	१ ३०	१ ३१	१ ३२	१ ३३	१ ३४	१ ३४	१ ३५	१ ३६	१ ३७	१ ३८
१०	१ ३९	१ ३९	१ ४०	१ ४१	१ ४२	१ ४३	१ ४३	१ ४४	१ ४५	१ ४६	१ ४७	१ ४८
११	१ ४८	१ ४९	१ ५०	१ ५१	१ ५२	१ ५३	१ ५३	१ ५४	१ ५५	१ ५६	१ ५७	१ ५७
१२	१ ५८	१ ५९	२ ०	२ १	२ २	२ २	२ ३	२ ४	२ ५	२ ६	२ ६	२ ७
१३	२ ८	२ ९	२ १०	२ ११	२ ११	२ १२	२ १३	२ १४	२ १५	२ १६	२ १६	२ १७
१४	२ १८	२ १९	२ २०	२ २०	२ २१	२ २२	२ २३	२ २४	२ २५	२ २५	२ २६	२ २७
१५	२ २८	२ २९	२ २९	२ ३०	२ ३१	२ ३२	२ ३३	२ ३४	२ ३४	२ ३५	२ ३६	२ ३७
१६	२ ३८	२ ३९	२ ३९	२ ४०	२ ४१	२ ४२	२ ४३	२ ४३	२ ४४	२ ४५	२ ४६	२ ४७
१७	२ ४८	२ ४८	२ ४९	२ ५०	२ ५१	२ ५२	२ ५२	२ ५३	२ ५४	२ ५५	२ ५६	२ ५७
१८	२ ५७	२ ५८	२ ५९	३ ०	३ १	३ २	३ २	३ ३	३ ४	३ ५	३ ६	३ ६
१९	३ ७	३ ८	३ ९	३ १०	३ ११	३ ११	३ १२	३ १३	३ १४	३ १५	३ १५	३ १६
२०	३ १७	३ १८	३ १९	३ २०	३ २०	३ २१	३ २२	३ २३	३ २४	३ २५	३ २५	३ २६
२१	३ २७	३ २८	३ २९	३ २९	३ ३०	३ ३१	३ ३२	३ ३३	३ ३४	३ ३४	३ ३५	३ ३६
२२	३ ३७	३ ३८	३ ३८	३ ३९	३ ४०	३ ४१	३ ४२	३ ४३	३ ४३	३ ४४	३ ४५	३ ४६
२३	३ ४७	३ ४८	३ ४८	३ ४९	३ ५०	३ ५१	३ ५२	३ ५२	३ ५३	३ ५४	३ ५५	३ ५६

अयनांश सारणी नं. १

ई. सन्	अयनांश	ई. सन्	अयनांश	ई. सन्	अयनांश
	अं. क. वि.		अं. क. वि.		अं. क. वि.
१९५१	२३ १० २१	१९७५	२३ ३० २८	१९९९	२३ ५० ३४
१९५२	२३ ११ १२	१९७६	२३ ३१ १७	२०००	२३ ५१ २४
१९५३	२३ १२ ०२	१९७७	२३ ३२ ०८	२००१	२३ ५२ १५
१९५४	२३ १२ ५२	१९७८	२३ ३२ ५६	२००२	२३ ५३ ०५
१९५५	२३ १३ ४२	१९७९	२३ ३३ ४६	२००३	२३ ५३ ५५
१९५६	२३ १४ ३३	१९८०	२३ ३४ ३६	२००४	२३ ५४ ४६
१९५७	२३ १५ २३	१९८१	२३ ३५ २६	२००५	२३ ५५ ३६
१९५८	२३ १६ १३	१९८२	२३ ३६ २०	२००६	२३ ५६ २६
१९५९	२३ १७ ०३	१९८३	२३ ३७ १०	२००७	२३ ५७ १७
१९६०	२३ १७ ५४	१९८४	२३ ३८ ००	२००८	२३ ५८ ०७
१९६१	२३ १८ ४४	१९८५	२३ ३८ ५१	२००९	२३ ५८ ५७
१९६२	२३ १९ ३५	१९८६	२३ ३९ ४१	२०१०	२३ ५९ ४८
१९६३	२३ २० २५	१९८७	२३ ४० ३१	२०११	२४ ०० ३८
१९६४	२३ २१ १५	१९८८	२३ ४१ २१	२०१२	२४ ०१ २८
१९६५	२३ २२ ०५	१९८९	२३ ४२ १२	२०१३	२४ ०२ १८
१९६६	२३ २२ ५५	१९९०	२३ ४३ ०२	२०१४	२४ ०३ ०६
१९६७	२३ २३ ४६	१९९१	२३ ४३ ५२	२०१५	२४ ०३ ५६
१९६८	२३ २४ ३६	१९९२	२३ ४४ ४२	२०१६	२४ ०४ ४६
१९६९	२३ २५ २६	१९९३	२३ ४५ ३३	२०१७	२४ ०५ ४०
१९७०	२३ २६ १६	१९९४	२३ ४६ २३	२०१८	२४ ०६ ३०
१९७१	२३ २७ ०७	१९९५	२३ ४७ १३	२०१९	२४ ०७ २०
१९७२	२३ २७ ५७	१९९६	२३ ४८ ०३	२०२०	२४ ०८ १०
१९७३	२३ २८ ४७	१९९७	२३ ४८ ५४	२०२१	२४ ०९ ०१
१९७४	२३ २९ ३७	१९९८	२३ ४९ ४४	२०२२	२४ ०९ ५१

अयनांश सारणी नं. २

तारीख	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८	तारीख	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८
	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.		वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.
जनवरी	०	१	१	१	२	२	३	३	३	४	जुलाई	२५	२५	२६	२६	२७	२७	२८	२८	२८	२९
फरवरी	४	५	५	६	६	६	७	७	८	८	अगस्त	२९	३०	३०	३१	३१	३१	३२	३२	३३	३३
मार्च	८	९	९	१०	१०	१०	११	११	१२	१२	सितम्बर	३४	३४	३४	३५	३५	३६	३६	३६	३७	३७
अप्रैल	१३	१३	१३	१४	१४	१५	१५	१५	१६	१६	अक्तूबर	३८	३८	३९	३९	३९	४०	४०	४१	४१	४१
मई	१७	१७	१७	१८	१८	१९	१९	२०	२०	२०	नवम्बर	४२	४२	४३	४३	४४	४४	४४	४५	४५	४६
जून	२१	२१	२२	२२	२३	२३	२३	२४	२४	२५	दिसम्बर	४६	४७	४७	४७	४८	४८	४९	४९	४९	५०

महर्षि-पराशरोक्त विंशोत्तरी महादशान्तर्दशा ज्ञान-चक्र

सूर्यदशा वर्ष ६ एक घड़ी में ३६ दिन	चंद्र दशा वर्ष १० एक घड़ी में ६० दिन	भौमदशा वर्ष ७ एक घड़ी में ४२ दिन	राहुदशा वर्ष १८ एक घड़ी में १०८ दिन	गुरु दशा वर्ष १६ एक घड़ी में ९६ दिन	शनि दशा वर्ष १९ एक घड़ी में ११४ दिन	बुध दशा वर्ष १७ एक घड़ी में १०२ दिन	केतुदशा वर्ष ७ एक घड़ी में ४२ दिन	शुक्रदशा वर्ष २० एक घड़ी में १२० दिन
कृ. उ. फा. उ. षा.	रो. ह. श्रवण	मृ. चि. ध.	आर्द्रा स्वा. श.	पुन. वि. पू. भा.	पुष्य अनु. उ. भा	आश्ले. ज्ये. रे.	म. मू. अश्वि.	पू. फा. पूषा. भ.
तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्
ग्रह व. मा. दि.	ग्रह व. मा. दि.	ग्रह व. मा. दि.	ग्रह व. मा. दि.	ग्रह व. मा. दि.	ग्रह व. मा. दि.	ग्रह च. मा. दि.	ग्रह व. मा. दि.	ग्रह व. मा. दि.
र ० ३ १८	चं. ० १० ०	मं. ० ४ २७	रा. २ ८ १२	बृ. २ १ १८	श. ३ ० ३	बु. २ ४ २७	के. ० ४ २७	शु. ३ ४ ०
चं. ० ६ ०	मं. ० ७ ०	रा. १ ० १८	बृ. २ ४ २४	श. २ ६ १२	बु. २ ८ ९	के ० ११ २७	शु. १ २ ०	र. १ ० ०
मं. ० ४ ६	रा. १ ६ ०	बृ. ० ११ ६	श. २ १० ६	बु. २ ३ ६	के. १ १ ९	शु. २ १० ०	र. ० ४ ६	च. १ ८ ०
रा. ० १० २४	बृ. १ ४ ०	श. १ १ ९	बु. २ ६ १८	के. ० ११ ६	शु. ३ २ ०	र. ० १० ६	चं. ० ७ ०	म. १ २ ०
बृ. ० ९ १८	श. १ ७ ०	बु. ० ११ २७	के. १ ० १८	शु. २ ८ ०	र. ० ११ १२	चं. १ ५ ०	मं. ० ४ २७	रा. ३ ० ०
श. ० ११ १२	बु. १ ५ ०	के. ० ४ २७	शु. ३ ० ०	र. ० ९ १८	चं. १ ७ ०	मं. ० ११ २७	रा. १ ० १८	बृ. २ ८ ०
बु. ० १० ६	के. ० ७ ०	शु. १ २ ०	र. ० १० २४	चं. १ ४ ०	मं. १ १ ९	रा. २ ६ १८	बृ. ० ११ ६	श. ३ २ ०
के. ० ४ ६	शु. १ ८ ०	र. ० ४ ६	चं. १ ६ ०	मं. ० ११ ६	रा. २ १० ६	बृ. २ ३ ६	श. १ १ ९	बु. २ १० ०
शु. १ ० ०	र. ० ६ ०	चं. ० ७ ०	मं. १ ० १८	रा. २ ४ २४	बृ. २ ६ १२	श. २ ८ ९	बु. ० ११ २७	के. १ २ ०

शिवोक्त योगिनी-दशाऽन्तर्दशा ज्ञानार्थ चक्र

मंगला व. १	पिंगला व. २	धान्या व. ३	भ्रामरी व. ४	भद्रा व. ५	उल्का व. ६	सिद्धा व. ७	संकटा व. ८	दशा तथा वर्ष
चन्द्र	सूर्य	गुरु	मंगल	बुध	शनि	शुक्र	केतु	दशेश ग्रहा
आर्द्रा चि. श्र.	पुन. स्वा. ध.	पुष्य. वि.श.	अश्वि.आश्ले.अनु.पू.भा.	भ.म.ज्ये.उ.भा	कृ. पू. फा. मू.रे.	रो.ऊ.फा.पू.षा.	मृ. ह. उ.षा	जन्म नक्षत्र
मं. ० १०	पिं. १ १०	धा. ३ ०	भ्रा. ५ १०	भ. ८ १०	उ. १२ ०	सि. १६ १०	सं. २१ १०	अन्तर्दशा के मास, दिन।
पिं. ० २०	धा. २ ०	भ्रा. ४ ०	भ. ६ २०	उ. १० ०	सि. १४ ०	सं. १८ २०	म. २ २०	
धा. १ ०	भ्रा. २ २०	भ. ५ ०	उ ८ ०	सि. ११ २०	सं. १६ ०	मं. २ १०	पि ५ १०	
भ्रा. १ १०	भ ३ १०	उ ६ ०	सि. ९ १०	सं १३ १०	मं. २	पिं. ४ २०	धा. ८ ०	
भ. १ २०	उ. ४ ०	सि. ७ ०	स. १० २०	मं. १ २०	पिं. ४ ०	धा. ७ ०	भ्रा. १० २०	
उ. २ ०	सि. ४ २०	सं. ८ ०	मं. १ १०	पिं. ३ १०	धा. ६ ०	भ्रा. ९ १०	भ. १३ १०	
सि. २ १०	सं ५ १०	मं. १ ०	पिं. २ २०	धा. ५ ०	भ्रा. ८ ०	भ. ११ २०	उ. १६ ०	
सं. २ २०	मं. ० २०	पिं. २ ०	धा. ४ ०	भ्रा ६ २०	भ. १० ०	उ. १४ ०	सि. १८ २०	

दशा का भुक्तभोग्य

गत नक्षत्र की घट्यादि को ६० में से घटाकर इष्ट घटी पल जोड़ने से भयात होता है । ६०में से घटाए हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र के घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को ६० से गुणा कर पल बना लें। भयात के पलों को दशा के वर्षों से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध अंक वर्ष, फिर शेषांक को १२ से गुणा करें, भभोग के पलों से भाग दें,लब्ध मास, फिर शेषांक को ३० से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध दिन, फिर शेषांक को ६० से गुणाकर भभोग के पलों का भाग दें. लब्धांक घटी, फिर शेषांक को ६० से गुणाकर भभोग के पलों का भाग दें, लब्ध पल होंगे । यह वर्षादि दशा का भुक्त होता है। इसको दशा के वर्षों में से घटाने पर भोग्य दशा होगी ।

वर्षकुंडली में तनु आदि भावों में स्थित ग्रहों का फल

ग्रह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य	चिन्ता	नृप भीः	धनलाभः	हानिः	कष्टम्	शत्रुनाश	पीड़ा	कष्टम्	धर्म नाश	सुखम्	धनला.	पीड़ा
चन्द्र	पीड़ा	धनलाभः	हर्ष	शत्रुनाश	सुखम्	पीड़ा	कष्टम्	दुःखम्	भाग्योदयः	विजय	धनला.	व्यय
भौम	व्रजः	धननाशः	जयः	व्यसन	दुर्गतिः	शत्रुनाश	स्त्रीकष्टम्	पीड़ा	पुण्योदयः	राज्यला.	धनला.	विरोध
बुध	सौख्यम्	धनलाभः	सुखम्	द्रव्यलाभ	पुत्रलाभ	कलह	धनलाभ	व्यग्रता	सुखम्	मानला.	सुखला.	विग्रह
गुरु	सुखम्	धनलाभः	जयः	वाहन ला.	पुत्रलाभ	कष्टम्	सुखम्	रोग	धर्मलाभ	राज्यला.	धनला.	शोक
शुक्र	मानत्रा.	धनप्राप्ति	कीर्तिला	सुखलाभ	धनलाभः	शत्रुभीति	स्त्रीसुखम्	कष्टम्	धर्मोदय	मानला.	धनला.	व्यय
शनि	वातार्ति	पीड़ा	धनलाभः	दुःखम्	पुत्रप्रा.	जयः	स्त्रीकष्टम्	रोग	भाग्यहा.	धनहा.	धनला.	चिंता
राहु	शिरोर्ति	राजभी	सुखम्	दुःखम्	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगभीः	कष्टम्	हानि	विजय.	सुलाभ.	व्याधि
केतु	चिन्ता	क्लेश	आरोग्य	राजभीः	दुर्बुद्धि	सुखम्	क्लेशः	पीड़ा	भाग्यना.	धनला.	लाभ	शोक
प्रश्न	सुखम्	यश,अर्थ	पुष्टि	दुःखम्	सुखाप्तिः	कष्टम्	व्यसनम्	दुःखम्	भाग्योदय	राज्यप्रा.	लाभ	कष्टम्

सूर्यसिद्धान्तीय वर्षप्रवेश-सारणी

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	६	२१	३७	५२	८	२३	३९	५४	१०
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
वार	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१
घटी	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५	१	१६	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१
पल	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
वार	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५
घटी	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५	४०	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	४७	२	१८	३३	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२
पल	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

सूचना- वेधसिद्धि वर्षमान सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान से ८.५ पल कम है। अत: सूक्ष्म-वर्ष प्रवेश-कालिक इष्ट निकालने के लिए गताब्दों को ८.५ से गुणा करके पलात्मक फल को सारणी से साधित इष्ट में से घटा देना चाहिए। यही सूक्ष्म-वर्ष मानानुसारी इष्ट होगा, चाहो तो इस इष्ट पर भी फल अनुभव करें।

वर्षफल साधन प्रकार:- (१.)अभीष्ट संवत् (जिस संवत् का वर्ष निकालना हो) में से जन्म समय का संवत् हीन करने से जो शेष बचे वह गतवर्ष, (गताब्द) जाने। स्मरण रहे, कि-मेषार्क प्रवेश के प्रथम और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनन्तर का यदि वर्ष करना हो तो पिछले संवत् से करना (**वर्षायनर्तुयुगपूर्वकमत्र सौरात्**)। इस प्रकार गताब्द निकालकर उसी गताब्द अंक के नीचे सारणी में जो वारादि अंक हैं उनमें जन्म का वार, इष्ट घड़ी पल जोड़ने से वर्ष प्रवेश कालिक वारादि इष्ट ज्ञात हो जाता है। यदि नीचे घटयादि अंक साठ से अधिक हों तो ६० का भाग/देने से लब्धांक को ऊपर युक्त करते जाना। ऊपर से वारांक में सात से अधिक आजाय तो सात का भाग देकर लब्ध त्याग देने से वर्षप्रवेश समय का स्पष्ट वारादि इष्ट होगा। (२.) जिस दिन जन्म समय के स्पष्ट सूर्य तुल्य वर्ष में सूर्य मिले उसी दिन वर्ष प्रवेश जानना। प्रविष्टों के अनुसार कभी-कभी बार नहीं मिलता। वहाँ पर बार को ठीक जाने। इस इष्ट के अनुसार स्वदेशीय लग्न सारणी से लग्न साधन करके वर्ष कुण्डली लगाना। **मुन्थानयनप्रकार-** गताब्द संख्या में जन्म लग्न जोड़कर उसमें १२ का भाग देना जो शेष बचे वह मुन्था जानना। यह मुन्था प्रतिदिन पांच कला चलती है।

मुद्दा दशा- गत वर्ष में जन्म नक्षत्र जोड़कर उसमें दो घटायें, ९ का भाग देने से जो शेष बचे सो दशा जाननी १ बचे तो सूर्य, २ से चन्द्रमा, ३ से मंगल, ४ से राहु, ५ से गुरु, ६ से शनि, ७ से बुध, ८से केतु, ९ से शुक्र की दशा जानें।

दशा दिनादि- सूर्य के १८ दिन, चन्द्रमा के ३०, मंगल २१,राहु ५४, गुरु ४८, शनि ५७, बुध ५१, केतु २१, शुक्र ६०,यह दशा के दिन हैं।

हर्ष स्थान बल- सूर्य वर्ष लग्नन से ९ चन्द्रमा ३, मंगल ६, बुध १, गुरु ११वें, शुक्र ५वें, शनि. १२वें स्थान में हो तो ५ हर्ष बल देते हैं।

स्वोच्च बल- सू. १।५ च. २।४, मं. १।८।१०, बु. ३।६, गुरु. ९।१२।४, शु. २।७।१२, श. १०।११।७, इन राशियों में ५ बल देते हैं। **पुरुषस्त्री- ग्रह- बल-**स्त्रीग्रह (चं.बु.शु.श.) १।२।३।७।८।९ और पुरुष ग्रह (सू. मं. बृ.) ४।५।६।१०।११।१२वें स्थानों में ५ बल देते हैं। **दिनरात्रि बल-** दिन के वर्षेष्ट में पुरुषग्रह ५ बल देते हैं और रात्रि के इष्ट में स्त्रीग्रह ५ बल देते हैं।

त्रिराशिपति चक्र

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशि
सू.	शु.	श.	शु.	गु.	चं.	बु.	मं.	श.	मं.	वृ.	चं.	दिनलग्नपति
बृ.	चं.	बु.	मं.	सू.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	गु.	चं.	रात्रिलग्नपति

वर्ष में दृष्टि ज्ञान और फल

वर्ष में जो ग्रह जिस भाव में पडा हो उस भाव से पांचवे ९वें भाग को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि से देखता है। **फल** - कार्य में शीघ्र सफलता, सुख, प्रेम, लाभ ओर जिन मनुष्यों के साथ पहले शत्रुता होती है, उनसे प्रेम होता है। तीसरे, ग्यारहवें गुप्त मित्र दृष्टि से देखता है। कार्य कठिनता से एंव गुप्त भाव से सफल हो, पहले सातवें प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि होती है। फल- शत्रुता उत्पन्न करे, मित्र से बैर, धन हानि, बनते काम को बिगाडना आदि फल होते है।४-१० गुप्तशत्रु दृष्टि से देखते है। फल - कार्य बडी कठिनता से सफल हो, गुप्तरूप से शत्रु भी उत्पन्न होते हैं।

अथ वर्षेश निर्णय :- जन्म लग्नेश १, वर्ष लग्नेश २, मुन्थेश ३ त्रैराशींश ४ समयेश ५ (दिन में वर्ष प्रवेश हो तो सूर्य जिसे राशि पर हो उस राशि का स्वामी और रात्रि में हो तो चन्द्रराशि का स्वामी) इन पांचों अधिकारियों में से जो सबसे बलवान हो और लग्न को देखेंवह वर्षेश होगा,। यदि पाँचों में से कोई भी लग्न को न देखता हो तो उन में से अधिक बलवान हो वही वर्षवेश्वर होगा। कई ग्रहों का बल समान हो तो जिसकी लग्न पर अधिक दृष्टि हो वह बल. दृष्टि. अधिकार यह तीनों समान हो तो मुन्थेश ही वर्षेश हो। यदि चन्द्रमा वर्षेश प्राप्त हो तो जिससे वह इत्थशाल करे या जिसकी राशि में बैठा हो वही वर्षेश हो॥ फल - वर्षेश ६।८।१२ व अस्तंगत हीन बली हो तो वर्ष में दु:ख शोक, चिन्ता, भय विशेष होगा। यदि बलिष्ठ होकर शुभ स्थान में सुयोग के साथ बैठा हो तो वर्ष में सुखैश्वर्य की वृद्धि हो।

वर्ष में तबदीली का योग- वर्ष कुण्डली में लग्नेश - तृतीयेश वा चतर्थेश-नवमेश एक घर में हो या एक दुसरे को मित्र दृष्टि से देखें तो उस वर्ष तबदीली होगी। अगर वर्ष- लग्नेश वक्री हो और वह मित्रग्रह से दृष्ट हो तो भी तबदीली होगी।

सूक्ष्म, शुद्ध वर्षमान के अनुसार वर्षप्रवेश काल

वेध द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि सूर्यसिद्धान्तीय वर्षमान वास्तविक (शुद्ध) वर्षमान से ३$\frac{१}{२}$ मिनट अधिक है। शुद्ध वर्षफल बनाने के लिए सूक्ष्म वर्षप्रवेशकाल का होना आवश्यक है। हम यहां "सूक्ष्म वर्ष-प्रवेश-सारणी" दे रहे हैं। जो दैवज्ञ वर्षफल के लिए सूक्ष्म वर्षप्रवेशकाल जानना चाहते हैं, उन्हें इसी सारणी का प्रयोग करना चाहिए।

इस सारणी में घं.मि. का प्रयोग है, अतः इससे वर्षप्रवेशकाल जानने के लिए जातक के जन्म का स्टैं.टा. ही यहां प्रयोग में लाना होगा। जैसे- मान लीजिए किसी व्यक्ति के दसवें वर्ष का प्रवेशकाल जानना है। उस व्यक्ति के जन्म का वार चन्द्र और जन्मकाल (भा.स्टैं. टा.) ८ घं. २० मि. (प्रातः) है। उसके वारादि जन्मकाल (२ वा.८घं.२० मि.)में सारणी से गताब्द ९ द्वारा प्राप्त वारादि काल ४ वा. ७घं. २२ मि. जोड़ने पर ६ वा. १५ घं. ४२ मि. मिले। इसका अर्थ हुआ कि इस व्यक्ति के दसवें वर्ष का प्रवेश शुक्रवार को १५ घं. ४२ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर होगा।

ध्यान रहे- इस सारणी के प्रयोग से प्राप्त वार रात्रि के १२ बजे बदलने वाला होगा। अतः यहां प्रयोग में लाया जाने वाला जन्मकालिक वार भी इसी प्रकार का होना चाहिए।

सूक्ष्म वर्ष प्रवेश सारणी

गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.
१	१/६/९	१३	२/७/५९	२५	३/९/४९	३७	४/११/३९	४९	५/१३/२९	६१	६/१५/१९	७३	०/१७/९	८५	१/१८/५९	९७	२/२०/४९	१०९	३/२२/३९
२	२/१२/१८	१४	३/१४/८	२६	४/१५/५८	३८	५/१७/४८	५०	६/१९/३८	६२	०/२१/२८	७४	१/२३/१८	८६	३/१/८	९८	४/२/५८	११०	५/४/४८
३	३/१८/२७	१५	४/२०/१७	२७	५/२२/७	३९	६/२३/५७	५१	१/१/४७	६३	२/३/३७	७५	३/५/२७	८७	४/७/१७	९९	५/९/७	१११	६/१०/५७
४	५/०/३७	१६	६/२/२७	२८	०/४/१६	४०	१/६/६	५२	२/७/५६	६४	३/९/४६	७६	४/११/३६	८८	५/१३/२६	१००	६/१५/१६	११२	०/१७/६
५	६/६/४६	१७	०/८/३६	२९	१/१०/२६	४१	२/१२/१६	५३	३/१४/६	६५	४/१५/५६	७७	५/१७/४५	८९	६/१९/३५	१०१	०/२१/२५	११३	१/२३/१५
६	०/१२/५५	१८	१/१४/४५	३०	२/१६/३५	४२	३/१८/२५	५४	४/२०/१५	६६	५/२२/५	७८	६/२३/५५	९०	१/१/४५	१०२	२/३/३४	११४	३/५/२४
७	१/१९/४	१९	२/२०/५४	३१	३/२२/४४	४३	५/०/३४	५५	६/२/२४	६७	०/४/१४	७९	१/६/४	९१	२/७/५४	१०३	३/९/४४	११५	४/११/३४
८	३/१/१३	२०	४/३/३	३२	५/४/५३	४४	६/६/४३	५६	०/८/३३	६८	१/१०/२३	८०	२/१२/१३	९२	३/१४/३	१०४	४/१५/५३	११६	५/१७/४३
९	४/७/२२	२१	५/९/१२	३३	६/११/२	४५	०/१२/५२	५७	१/१४/४२	६९	२/१६/३२	८१	३/१८/२२	९३	४/२०/१२	१०५	५/२२/२	११७	६/२३/५२
१०	५/१३/३२	२२	६/१५/२२	३४	०/१७/११	४६	१/१९/१	५८	२/२०/५१	७०	३/२२/४१	८२	५/०/३१	९४	६/२/२१	१०६	०/४/११	११८	१/६/१
११	६/१९/४१	२३	०/२१/३१	३५	१/२३/२१	४७	३/१/११	५९	४/३/०१	७१	५/४/५०	८३	६/६/४०	९५	०/८/३०	१०७	१/१०/२०	११९	२/१२/१०
१२	१/१/५०	२४	२/३/४०	३६	३/५/३०	४८	४/७/२०	६०	५/९/१०	७२	६/११/०	८४	०/१२/५०	९६	१/१४/४०	१०८	२/१६/२९	१२०	३/१८/१९

-वर्षप्रवेश का लग्न किस स्थान का होना चाहिए।

जिस प्रकार जातक का जन्म जिस स्थान पर होता है उसी स्थान के अक्षांश-रेखांशानुसार ही लग्न का निर्णय किया जाता है, ठीक उसी प्रकार वर्षप्रवेश के समय जातक जिस स्थान पर हो उसी स्थान के अक्षांश -रेखांशानुसार ही वर्षप्रवेश का लग्न होना चाहिए, क्योंकि वर्ष प्रवेश भी जातक का एक 'उपजन्म' ही है। इस प्रकार न्यूयार्क (अमेरिका) में जन्म लेने वाला जातक यदि अपने किसी वर्ष के प्रवेश के समय दिल्ली (भारत) में मौजूद है तो उसके उस वर्ष का प्रवेशकालीन लग्न दिल्ली के अक्षांश-रेखांशानुसार ही लगाना चाहिए। इसी तरह यदि दिल्ली में जन्म लेने वाला जातक वर्षप्रवेश के समय न्यूयार्क में हो तो उसके उस वर्ष का प्रवेशकालीन लग्न न्यूयार्क के अक्षांश-रेखांशानुसार ही होना चाहिए। क्योंकि प्राचीन काल में अधिकतर लोग अपने जन्मस्थान को छोड़कर बहुत कम दूसरे स्थान पर जाते थे, अतः ज्योतिषी लोगों में वर्षप्रवेश के लग्न को जन्मस्थान से ही जोड़ने की परम्परा बन गई, जो तर्कसंगत नहीं है।

इस विषय को स्पष्टता से समझने के लिए 'सं २०५२ वि. के ' "श्री मार्त्तण्ड पंचांग" में पृ. ४१ -४२ पर छपा मेरा लेख **"वर्षप्रवेश का लग्न किस स्थान का होना चाहिए?"** पढ़ें।

मास प्रवेशकाल

भिन्न भिन्न राशियों में संचार करता हुआ सूर्य जब-जब जातक के जन्म-कालिक स्पष्ट सूर्य की अंश, कला, विकलाओं के तुल्य अंश,कला, विकलाओं पर आता है तब-तब जातक के मासों का प्रारम्भ (मास प्रवेश)होता है। उदाहरणार्थ- यदि जातक का जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य २ रा. १० अं. २५ क. ४० वि. है, तो जब जब वह (सूर्य) जातक की आयु के विभिन्न वर्षों मे मेष आदि राशियों के १० अं. २५ क. ४० वि. पर पहुँचेगा, तब -तब जातक के तत्तद् वर्षों के मासों का प्रारम्भ माना जाएगा। सूर्य अमुक राशि के अमुक अं.क. वि. पर कब पहुँचेगा-इसका निर्णय सूर्य की मास-प्रवेश वाले दिन की गति और उस दिन के पंचांगस्थ दैनिक सूर्य तथा मास-प्रवेशकालिक सूर्य के अन्तर से त्रैराशिक द्वारा किया जा सकता है। (इसके लिए सं. २०५० वि. के "मार्त्तण्ड पंचांग" में पृष्ठ ४१ पर दिया गया मेरा लेख **"स्पष्टमान से मास प्रवेश काल"** पढ़ें।)

— प्रियव्रत शर्मा

ग्रहशील-चक्र

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	
३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	०	३।१०	३।१०	ग्रहाणां एकपाददृष्टिः
५।९	५।९	५।९	५।९	०	५।९	५।९	५।९	५।९	द्विपाददृष्टि
४।८	४।८	०	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	त्रिपाददृष्टि
७	७	४।७।८	७	५।७।९	७	३।७।१०	७	७	सम्पूर्ण दृष्टि
चं मं गु	र. बु.	र. बृ. चं.	र. रा. शु.	र. चं. मं.	बु. रा. श.	बु. रा. शु.	बु. श. शु.	बु.	मित्र-ग्रहाः
बु.	मं. श. गु. शु.	शु. श.	मं. गु. श.	रा. श.	मं. गु.	गु.	गु.	०	समग्रहाः
श. रा. शु.	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र. चं. मं.	र. चं. मं.	०	शत्रुग्रहाः
मेष	वृष	मकर	कन्या	कर्क	मीन	तुला	मिथुन	धनु	उच्चराशयः
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५	परमोच्चांशा:
तुला	वृश्चिक	कर्क	मीन	मकर	कन्या	मेष	धनु.	मिथुन	नीचराशयः
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५	नीचांशा:
सिंह	कर्क	मे. वृश्चि.	मि. कं.	ध. मी.	वृष, तुला	म. कुं.	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूलत्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्ण
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष	पु.स्त्री.नपुंसक
मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैर्ऋत्य	नैर्ऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लोह	लोह	लोह	धातु
चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजंगपद	अपद	अपद	पाद
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्व	सत्व	तम	रज	सत्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षी, स्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्व रस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभु.	दुग्ध	श्मशान	वाणी	जल	उत्कट	ऊपर	ऊपर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	धूम्र	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरश्वेत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर	स्थान

वर्ष में योगिनी के लिए जन्म नक्षत्र संख्या में गताब्द जोड़ें ३ और जोड़ें ८ से शेष करें तो मंगलादि योगिनी दशा होती है

वर्षयोगिनीमतेन मुद्दादशा (मास-दिन)

मं.	पिं.	धा.	भ्रा.	भ.	उ.	सि.	सं.
०	०	१	१	१	२	२	२
१०	२०	०	१०	२०	०	१०	२०

गर्भ योग - वर्ष कुण्डली में लग्रेश पांचवे या सातवें पड़ा हो वा पंचमेश और सप्तमेश लग्न में पड़े हों तो उस वर्ष गर्भयोग होता है । मुंथेश और चन्द्रमा बली होकर पांचवे हो और पंचमेश भी बली हो तो गर्भ होता है ।

जन्मपत्री न हो तो वर्ष बनाने की रीति

स्पष्ट प्रश्न लग्न की राशि को छोड़कर अंशादिक की कला करना, फिर उसमें १५० (डेढ़ सौ)का भाग देना । लब्ध जो राश्यादि चार फल आवे उसकी राशि के अंक में प्रश्न लग्न की राशि अंक मिलाना, यह मुंथा का स्पष्ट लग्न जानना। और प्रश्न लग्न से चतुर्थ राशि का स्वामी जन्म लग्रेश जानना अर्थात् पंचाधिकारियों में जन्म लग्न पति के स्थान में प्रश्नलग्न से चतुर्थ राशि का स्वामी जो हो वह लिखना। प्रश्न पत्र पर वर्ष बनाने में इतना ही विशेष जानना। अन्य सर्व रीति में कुछ न्यूनाधिक नहीं है ।

अरिष्ट योग :

यदि जन्म लग्न ही वर्ष लग्न होऔर जन्म नक्षत्र भी वर्ष में वहीं आ जाये तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ है । वर्ष में गुरु चन्द्र शुभ न हो तो अशुभ कष्ट भय होता है। वर्ष में गुरु चन्द्र शुभ हो तो अशुभ फल नहीं होगा ।

आवश्यक मुहूर्त

कोई भी कार्य यह शास्त्र- सम्मत शुभ-मुहूर्त में करें तो अवश्य सफल होकर सुखप्रद होता है। गुरु शुक्रास्त में गया-गोदावरी यात्रा में नवरात्र कृत्य में एवं चातुर्मास्य व्रत में गुरु - शुक्रास्त का दोष नहीं होता।

गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त

शुभ तिथियां- १,२,३,५,७,१०,११,१२,१३। शुभ नक्षत्र- तीनों उत्तरा मृ.ह.अनु.रो.स्वा.श्र.ध.श.। शुभ लग्न-जब लग्न और ४,५,७,९,१० स्थानों में शुभग्रह हों,३,६,११ स्थानों में पापग्रह हों सूर्य मंगल या गुरु लग्न हो देखते हों,विषम राशि के नवांशक में चन्द्रमा हो, रजोदर्शनकाल से पहली चार रात्रि छोड़ कर १६ रात्रि तक समरात्रि में गर्भ हो तो पुत्र, विषम में कन्या होती है।

चित्रा, पुन., पुष्य, अश्विनी गर्भाधान के लिए मध्यम है।

गर्भाधान के लिए अशुभ-काल

भद्रा ४,६,८,९,१४,१५, ३० तिथियां, संक्रान्ति का दिन। सन्ध्याकाल, मंगल, रवि, शनिवार, रजोदर्शनकाल की पहली चार रात्रियां, ज्येष्ठा, रेवती और आश्लेषा नक्षत्रों के अन्त की दो घड़ी, मूल अश्विनी और मघा के आदि की २ घड़ी ४,८,१२, लग्नों के अन्त की आधी घड़ी ५,९,१ लग्नों की आधी घड़ी ५,१,१५ तिथियों के अन्त की एक घड़ी,६,११,१ तिथियों के आदि की एक घड़ी, निर्बल तारा, जन्म नक्षत्र मूल, भरणी, अश्विनी,रेवती, मघा-नक्षत्र, ग्रहण के दिन व्यत्तिपात वैधृतियोग माता-पिता के श्राद्ध का दिन, दिन का समय, परिघ योग का आधा भाग, उत्पात से हत नक्षत्र, जन्मराशि से अष्टमलग्न, पापयुक्त लग्न तथा नक्षत्र गर्भाधान के लिए वर्जित है।

गर्भ मासों के स्वामी

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भाधान समय का लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

स्त्री पुरुष के चन्द्रबल की विशेषता

गर्भाधान संस्कार में स्त्री का चन्द्रबल देखना चाहिए, और अन्य कर्मो में पति का चन्द्रबल देखना चाहिए, यह सदा स्मरण रखें।

पुंसवन का मुहूर्त - यह गर्भाधान के तीसरे मास में गुरु. रवि. मंगलवार को मृ, पुन, पु, ह, मूल और श्रवण नक्षत्रों में १,२,३,५,७,१०,११,१३,१५,तिथियों में जब लग्न से १,४,५,७,९, और १० स्थानों में शुभग्रह और ३,६,११ स्थान में पापग्रह हों तो तब शुभ होता है। तीनों उत्तरा, रोहिणी और रेवती नक्षत्र तथा सोम, बुध, और शुक्रवार भी शुभ है।

सीमान्त संस्कार का मुहूर्त - गर्भाधान के छठे या आठवें मास में, जब मास का स्वामी बली हो तब पुंसवन के मुहूर्त में निर्दिष्ट तिथियों, वारों, नक्षत्रों और लग्नों में सीमान्त शुभ होता है।

सीमन्त जातकदीनि प्राशनान्तानि यानि वै। न दोषो मलमासस्य मौढ्यस्य गुरुशुक्रयोः॥

गर्भ-रक्षा के लिए विष्णुपूजा - गर्भाधान के आठवें मास में श्रवण, रोहिणी और पुष्य नक्षत्र में शुभ लग्न, वार और तिथियों में जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध हो तब विष्णु की पूजा करनी चाहिए।

मेधा-जनन संस्कार - बालक उत्पन्न होने के अनन्तर नाल काटने से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगली के अग्रभाग में सुवर्ण लगाकर सुवर्ण सहित अंगुली से शहद और गौ के घी को मिलाकर "ॐ भूस्त्वयि दधामि, ॐ भुवस्त्वयि दधामि, ॐ स्वस्त्वयि दधामि, ॐ भूर्भुव स्वः सर्वं त्वयि दधामि" इन चारों मन्त्रों से बालक को थोड़ा-थोड़ा चार बार मधु चटावें, ऐसा करने से बालक बुद्धिमान और यशस्वी होता है।

स्तनपान कराने व सुतिका पथ्य का मुहूर्त - रिक्तामा.. भद्रा, व्यातिपात एवं वैधृति को छोडकर शुभ तिथियां हों. वार चं. बु. गु. श. हों. नक्षत्र मृग. पुन. पु. श्र. रे. म. हो. तब स्तनपान कराना शुभ है। आगे अन्नप्राशन में कही गई तिथि नक्षत्रों में सूतिकापथ्य शुभ है।

प्रसूता स्त्री के स्नान का मुहूर्त - रेवती तीनों उत्तरा. रो. मृ. ह. स्वा. अश्विनी और अनुराधा नक्षत्रों में रवि गुरु और भौम वारों में. १.२.३.५.७.१०.११.१३.१५. तिथियां शुभ है। आर्द्रा पुन. पु. श्र. म. भ. कृ. वि. मू. और चित्रा नक्षत्र तथा शनि और बुधवार त्याज्य है। अन्य नक्षत्र और वार मध्यम है।

प्रसूता स्त्री के जलपूजन का मुहूर्त - मास समाप्त हाने पर बुध. गुरु या चन्द्रवार की ४.९.१४. तिथियों को छोडकर अन्य तिथियों में श्र. पुन. पु. मृ. ह. मू. अनु. नक्षत्रों में जलपूजन उत्तम है। परन्तु गुरु और शुक्र के अस्त में चैत्र. पौष या अधिक मास में (मास पूरा होने पर भी) जलपूजन नहीं करना चाहिए।

जातकर्म और नामकरण का मुहूर्त - संक्रान्ति का दिन. भद्रा और व्यतिपात को छोडकर १.२.३.५.७.१०.११.१२.१३ तिथयों में जन्मकाल से ११ वें या १२ वें दिन सोम. बुध और शुक्रवार को मृ. रे. चि. अनु. तीनों उत्तरा. रो. ह. अश्विनी पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. नक्षत्रों में जब लग्न से १,४,५,७,१० स्थनों में शुभग्रह तथा ३.६.११ स्थानों में पापग्रह हो तब शुभ होता है।

अथ दोला (झूला) आरोहण मुहूर्त

जन्म दिन से १०।१२।१६।१८।३२ दिन शुक्रवार में मृ. रे. चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. तीनों उत्तरा. रो. नक्षत्रों में ४।९।१४।३० इनसे रहित तिथियों में १।४।७।१० इन लग्नों में शुभग्रह से युक्त हाने पर १।४।५।६।७।९।१०।११ वें शुभग्रह हों ३।६।११वें पापग्रह हो तो उत्तम होता है।

सूर्य नक्षत्र से चन्द्रनक्षत्र तक गिनें				
५	५	५	५	७
नैरुज्य	मरण	कृशता	व्याधि	सौख्य

निष्क्रमण मुहूर्त - स्वा. अश्वि. पुन. ह.मू. पु. अनु. श्र. रो. ध. नक्षत्रों में भौम. शनि को छोडकर अन्य वारों में, रिक्ता अमा. भद्रादि से रहित शुभ दिन मे, तीसरे चौथे मास में शुभ है। शीघ्रता होवे तो १२ वें दिन बालक का निष्क्रमण करें। इसी दिन सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य नक्षत्रों का दर्शन करावें।

भूम्युपवेशन मुहूर्त-पांचवे महीने में पृथ्वी वाराह का पूजन करके भौम के पूर्ण बल में तीनों उत्तरा.रो.मृ.ज्ये.अनु.अश्वि.ह.पुष्य.अभि.इन नक्षत्रों में ४।९।१४।३० इन तिथियों को छोड़कर स्थिर लग्न मे शुभ दिन में बालक के करधनी का त्रिसूत्र- बांध कर पृथ्वी पर बिठावें।

भूम्युपवेशन के लिए मंत्र-''रक्षैनं वसुधे देवि सदा सर्वगतं शुभे। आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये!'' इति॥ इसी समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, वस्त्र, शस्त्र, स्वर्ण, चांदी, तुला आदि वस्तु रखें, जिसको बालक ग्रहण करे उससे उसकी जीविका होती है।

अन्नप्राशन का मुहूर्त-जन्ममास से ६,८,१० या १२ वें मास में पुत्र का और ५,७,९ या ११वें मास में कन्या का भद्रादि- दोष रहित १,३,५,७,१०,१३,१५ तिथियों में सोम,बुध,गुरु ,और शुक्रवार को म.रे.चि.अनु.ह.अश्वि.पु.अभि.स्वा.पुन.श्र.ध.श.तीनों उत्तरा, रोहिणी नक्षत्रों में जन्मराशि या जन्मलग्न से आठवें लग्न या नवांशक तथा मेष,वृश्चिक और मीन लग्न को छोड़कर ऐसे लग्न में १,३,४,५,७,९,१० स्थानों में शुभ ग्रह हो या शुभ ग्रह की दृष्टि हो,३,६,११ स्थानों में पापग्रह हों दशम स्थान पापग्रह रहित हो ,१,६,८ स्थान में चन्द्रमा न हो तो शुभ होता है किसी-किसी के मत से जन्मनक्षत्र अनु,शत-तारिका और स्वाती अशुभ है।

कर्णवेध का मुहूर्त-चैत्र पौष देवशयन (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक)जन्ममास, जन्मनक्षत्र ४,९,१४ तिथियां, जन्मतारा क्षय तिथि और सम वर्षो को छोड़कर जन्म के १२वें दिन या १६वें दिन,६वें, ७वें, ८वें मास या विषम वर्षों में सोम,बुध,गुरु ,शुक्रवार को श्र.ध.पुन.मृ.रे.चि.अनु.ह.अश्वि.पुष्य.अभि. नक्षत्रों में जब लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो,१,४,५,७,९,१०,स्थानों में शुभ ग्रह हों,३,६,११,स्थानों में पाप ग्रह हों तुला,वृष,धनु,या मीन लग्न में वृहस्पतिवार हो तो कर्णछेदन श्रेष्ठ है। इस संस्कार के समय पर करने से मनुष्य के हर्निया (अंत्रवृद्धि) जैसे भयानक रोग की जड़ ही कट जाती है।

कन्या की नासिका छेदन का मुहूर्त-कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा ३, शत.स्वा. में शुभ तिथ्यादिक शुक्लपक्ष में दिन के प्रथम प्रहर के समय नासिका वेध शुभ है।

मुण्डन मुहूर्त-गर्भाधानकाल से या जन्मकाल से विषम अर्थात् ३रे,५ वे,७ वे वर्ष में (मनु जी के मत से प्रथम वर्ष में भी)चैत्र को छोड़कर उत्तरायण सूर्य में चन्द्र,बुध,गुरु,और शुक्रवार, लग्न तथा नवांशक में, जन्मराशि या जन्मलग्न से अष्टम लग्न को छोड़ २,३,५,७,१०,११,१३ तिथियों में संक्रान्ति के दिन को छोड़कर जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध (ग्रहरहित)हो, ३,६,११,स्थानों में पापग्रह हो ज्ये.मृ.रे.चि.स्वा.पुन.श्र.ध.शत.ह.अश्वि.पुष्य और अभिजित नक्षत्रों में शुभ है। **लड़के की माता को पांच मास का गर्भ हो तो मुण्डन निषिद्ध है, परन्तु पांच वर्ष से अधिक अवस्था के बालक के लिए निषेध नहीं है। जेठे लड़के का मुण्डन ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिए।**

मुण्डन कर्म में विशेष-स्व-कुल शिष्टाचारानुसार पूर्वोक्त नक्षत्र तिथ्यादि शुभ समय में अपने-अपने इष्टदेव के स्थानों में मुण्डन तथा कर्णवेध का होना देखा जाता है। सो ''यथाकुलधर्म वः'' इस स्मृति के स्मरण से ठीक ही है॥

